सूर्योदय 7:10 सूर्यास्त 5:59

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 3.6 न्यू | 14.8 अधि |
| धर्मशाला | 4.6 न्यू | 20.0 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 83,818 |
| निफ्टी | 25,776 |
| सोना | 1,65,000 |
| चांदी | 2,98,300 |

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान

आरएनआई नं. HPHIN/25/A0284 | कांगड़ा | वीरवार, 5 फरवरी 2026 | 23 माघ, विक्रमी संवत 2082 | वर्ष 3, अंक 39, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: | 8894521702

## न्यूज शॉर्ट्स

### ऊधमपुर में जैश के दो आतंकवादी ढेर

**एजेंसी, ऊधमपुर।** जम्मू-कश्मीर के उधमपुर में बुधवार को सुरक्षाबलों ने जैश-ए-मोहम्मद के दो पाकिस्तानी आतंकवादियों को मार गिराया। दोनों आतंकवादी गुफा में छिपे हुए थे। सेना ने गुफा को ग्रेनेड से विस्फोट कर उड़ा दिया। एनकाउंटर का वीडियो भी सामने आया है। इसके बाद एक आतंकवादी का शव गुफा के बाहर था, जबकि दूसरे आतंकी का शव गुफा के अंदर काफी गहराई में मिला। इस ऑपरेशन में जैश का टॉप कमांडर रुबानी उर्फ अबू माविया भी मारा गया। आतंकवादियों के पास से एमवाई कार्बाइन, एके-47 असॉल्ट राइफल और भारी मात्रा में गोला-बारूद बरामद किया है। (अनंत ज्ञान)

### 'व्हाट्सएप आयोग जैसा है चुनाव आयोग: ममता

**एजेंसी, नई दिल्ली।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने सुप्रीम कोर्ट में चुनाव आयोग की कड़ी आलोचना की। वोटर लिस्ट के स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (एसआईआर) के खिलाफ सुनवाई में उन्होंने आयोग को 'व्हाट्सऐप कमीशन' करार दिया। ममता ने आरोप लगाया कि बंगाल के लोगों के नाम बड़ी संख्या में हटाए जा रहे हैं और राज्य को गलत तरीके से निशाना बनाया जा रहा है। सुप्रीम कोर्ट ने आयोग से जवाब मांगा। मामले की अगली सुनवाई सोमवार को होगी। (अनंत ज्ञान)

### गाजियाबाद में 3 बहनें 9वीं मंजिल से कूदीं

**एजेंसी, गाजियाबाद।** गाजियाबाद में तीन सगी बहनों ने नौवीं मंजिल की बालकनी से कूदकर आत्महत्या कर ली। पुलिस के मुताबिक, मंगलवार रात तीनों ने कमरे को अंदर से बंद किया, फिर स्टूल रखकर एक-एक करके बालकनी से छलांग लगा दी। उनकी उम्र करीब 12, 14 और 16 साल है। पिता के मुताबिक, तीनों बेटियों को टास्क-बेस्ड कोरियन लव गेम की लत थी। वे हर वक्त एक साथ रहती थीं। एक साथ नहाती थीं और टॉयलेट जाती थीं। इस कदर गेम की लत थी कि स्कूल भी छोड़ दिया था। (अनंत ज्ञान)

### जनशताब्दी एक्सप्रेस पर पथराव, शीशे टूटे

**अनंत ज्ञान, ऊना।** हिमाचल प्रदेश के ऊना में जनशताब्दी एक्सप्रेस ट्रेन पर मंगलवार रात पथराव की घटना सामने आई है। यह वारदात आनंदपुर साहिब से नंगल डैम रेलवे सेक्शन के बीच हुई, जहां कुछ शरारती तत्वों ने ट्रेन के कोचों पर पत्थर फेंक दिए। पथराव में कोच के शीशे टूट गए। गनीमत रही कि इस घटना में कोई भी यात्री घायल नहीं हुआ। जानकारी के अनुसार, जनशताब्दी एक्सप्रेस नई दिल्ली से ऊना की ओर जा रही थी। इसी दौरान जिंदबड़ी क्षेत्र के पास कुछ अज्ञात शरारती तत्वों ने ट्रेन को निशाना बनाया।

## अंदर के पन्नों पर पढ़ें

- 3 साल में पांचवीं बार फर्नीचर खरीद के लिए टेंडर -पेज 2
- रक्कड़ में बाइक की चेन में दुपट्टा फंसने से वृद्ध महिला की मौत -पेज 5
- खाई में गिरी पिकअप, चालक की मौत -पेज 9
- सीएम ने अंब में 16.26 करोड़ के प्रोजेक्टों के किए लोकार्पण -पेज 10

# बिजली परियोजनाओं से टैक्स वसूलेगी हिमाचल सरकार

## राजस्व घाटा अनुदान बंद होने पर सीएम ने किया ऐलान, बोले-हिमाचली हकों के लिए होगी आर-पार की 'जंग'

अनंत ज्ञान

- हिमाचल की पांच नदियों और पहाड़ों की संपदा पर प्रदेश का पहला हक
- विधायक दल की बैठक में भाजपा विधायकों को बुलाकर दिखाएंगे संकट का आईना

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** हिमाचल प्रदेश की आर्थिकी पर मंडरा रहे राजस्व घाटा अनुदान (आरजीडी) के संकट के बीच मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने केंद्र सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। कैथू में हिमाचल को-ऑपरेटिव बैंक की नई शाखा के उद्घाटन के दौरान मुख्यमंत्री ने एक ऐसा धाकड़' ऐलान किया, जिसने प्रदेश की सियासत और औद्योगिक गलियारों में हलचल मचा दी है। मुख्यमंत्री ने दो टूक शब्दों में कहा है कि हिमाचल अब अपनी भूमि पर चल रही विद्युत परियोजनाओं से कर वसूलेगी, ताकि केंद्र द्वारा रोकी गई वित्तीय सहायता की भरपाई की जा सके।



मुख्यमंत्री सुक्खू ने केंद्र के फैसले को हिमाचल के अस्तित्व पर चोट करार देते हुए कहा कि 1952 से जिस प्रदेश को संवैधानिक रूप से आरडीजी मिलता आ रहा हो, उसे अचानक बंद कर देना कल्पना से परे है। 2019 से 2025 के बीच प्रदेश को 48 हजार करोड़ रुपए मिले, लेकिन अब इस ग्रांट के बंद होने से प्रदेश गंभीर आर्थिक संकट की दहलीज पर खड़ा है। हिमाचल को मैदानी राज्यों की श्रेणी में रखना सरासर गलत है। हम 68 प्रतिशत वन क्षेत्र और पांच नदियों के साथ देश का पर्यावरण बचा रहे हैं। यदि हमारी आर्थिक जीवनरेखा काटी गई, तो हम अपने संसाधनों पर हक जताने से पीछे नहीं हटेंगे।

आगामी रणनीति का खुलासा करते हुए मुख्यमंत्री ने बताया कि 8 फरवरी को विशेष कैबिनेट बैठक बुलाई गई है। मुख्यमंत्री ने साफ किया कि यह केवल सत्ता पक्ष की लड़ाई नहीं है, बल्कि पूरे हिमाचल का मुद्दा है। उन्होंने कहा कि हम विधायक दल की बैठक में भाजपा विधायकों को भी आमंत्रित करेंगे और प्रेजेंटेशन के माध्यम से दिखाएंगे कि इस एक फैसले से प्रदेश का कितना नुकसान होगा। अब वक्त आ गया है कि सांसद अनुराग ठाकुर और भाजपा के अन्य नेता स्पष्ट करें कि वे हिमाचल की जनता के साथ हैं या इस आर्थिक कुठाराघात के पक्ष में।

### आरडीजी संकट पर विशेष विधानसभा सत्र की तैयारी

**हिमाचल** प्रदेश में राजस्व घाटा अनुदान यानी आरडीजी बंद होने से उपजे गहरे वित्तीय संकट पर अब राजनीतिक और प्रशासनिक हलचल तेज हो गई है। राज्य सरकार इस असाधारण परिस्थिति पर व्यापक चर्चा के लिए विधानसभा का विशेष सत्र बुलाने की तैयारी में जुट गई है। विधानसभा सत्र आयोजित करने के लिए आवश्यक फाइल मंजूरी हेतु राजभवन भेज दी गई है। संकेत हैं कि यह सत्र 17 फरवरी को एक दिन के लिए बुलाया जा सकता है, जिसमें राज्य की बिगड़ती आर्थिक सेहत पर खुलकर मंथन होगा। सूत्रों के अनुसार सरकार का मानना है कि आरडीजी बंद होने से राज्य के सामने जो अभूतपूर्व चुनौती खड़ी हुई है, उस पर विधानसभा के मंच से सामूहिक और पारदर्शी चर्चा जरूरी है। विशेष सत्र के दौरान सरकार अपनी स्थिति स्पष्ट करेगी। वहीं, विपक्ष को भी सवाल उठाने और सुझाव देने का अवसर मिलेगा। इस सत्र में पारित होने वाला प्रस्ताव केंद्र सरकार को भेजे जाने की भी संभावना है, ताकि हिमाचल की वित्तीय परेशानियों को राष्ट्रीय स्तर पर मजबूती से रखा जा सके। सरकारी गलियारों में यह भी चर्चा है कि विशेष सत्र से पहले वित्त विभाग ने आय के नए स्रोत तलाशने और खर्च में कटौती के विकल्पों पर मंथन तेज कर दिया है।

## हिमाचल में वित्तीय संकट पर बढ़ी सरकार की धुकधुकी

अनंत ज्ञान

- आनन-फानन में निष्क्रिय खातों से पैसा वसूलने के निर्देश
- बजट के आकार पर भारी कटौती का खतरा

**ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश सरकार अब पाई-पाई का हिसाब चुस्त करने की तैयारी में है। एक तरफ जहां बैंकों में पड़े लावारिस सरकारी पैसे को वापस खींचने की सख्त तैयारी है, वहीं दूसरी तरफ अगले वित्त वर्ष के बजट के आकार में बड़ी गिरावट आने के संकेत मिल रहे हैं।

जानकारी के अनुसार राज्य वित्त विभाग ने राज्य में सभी बैंकों के स्टेट हेड को निर्देश दिए हैं कि वे सरकार के इनऑपरेटिव (निष्क्रिय) सरकारी खातों और आरबीआई के डिपॉजिटर एजुकेशन एंड अवेयरनेस फंड (डीईएफ) में पड़ी बगैर दावे की सरकारी शेष राशि तुरंत राज्य के ट्रेजरी हेड में हस्तांतरित कर दें। यह निर्देश वित्त विभाग की ओर से जारी एक आधिकारिक पत्र में दिए गए हैं। यह पत्र सचिव वित्त अभिषेक जैन के जारी किया है और इसकी एक प्रति यूको बैंक के डीजीएम व एसएलबीसी (एचपी) समन्वयक और संबंधित टास्क फोर्स सदस्यों को भी भेजी गई है।

वित्त विभाग ने बैंकों से कहा है कि आवश्यक कार्रवाई शीघ्र की जाए और ट्रांसफर की पुष्टि तुरंत विभाग को भेजी जाए, जिससे राज्य सरकार के खातों का समुचित लेखा-जोखा बनाए रखा जा सके।

वित्त विभाग के पत्र में बताया गया है कि यह फंड बजटिंग, लेखांकन और ऑडिटिंग के उद्देश्य से ट्रेजरी प्रमुख के अंतर्गत आना चाहिए। साथ ही राज्य सरकार ने आरबीआई और बैंकों को आश्वासन दिया है कि यदि बाद में कोई राशि गलत तरीके से ट्रांसफर हुई पाई जाती है तो उसे उचित रूप से वापस किया जाएगा।

### अगले वित्त वर्ष में विकास योजनाओं पर पड़ेगा असर

**राजस्व** घाटा अनुदान (आरडीजी) को बंद करने से हिमाचल प्रदेश में वार्षिक परिव्यय का आकार चालू वित्त वर्ष से कम हो सकता है। इस पर स्थिति छह और सात फरवरी से शुरू होने जा रही विधायक प्राथमिकता बैठकों में तय होगी। इस कटौती का असर बजट के आकार पर भी पड़ सकता है। यानी एक अप्रैल से शुरू होने जा रहे अगले वित्त वर्ष 2026-27 के वार्षिक बजट का आकार घट सकता है।

केवल तभी राजस्व घाटा नियंत्रण में होगा। इसका असर राज्य सरकार की कई विकास योजनाओं पर दिखेगा। हिमाचल प्रदेश के बजट का एक बड़ा हिस्सा यानी 60 फीसदी तक कर्मचारियों, पेंशनरों के वेतन-पेंशन, ऋण, ब्याज आदि की अदायगी पर खर्च होता है। कुल राजस्व प्राप्तियों के अनुपात में यह व्यय बढ़ सकता है। ऐसे में विकास के लिए बजट का हिस्सा और भी घट सकता है।

# हिमाचल पंचायत चुनाव: सरकार ने हाईकोर्ट के आदेश को सुप्रीम कोर्ट में दी चुनौती

अनंत ज्ञान

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** हिमाचल प्रदेश में सियासी व कानूनी हलचल अपने चरम पर है। पंचायतीराज संस्थाओं के भविष्य को लेकर उपजा विवाद अब शिमला की दहलीज से निकलकर देश की सर्वोच्च अदालत की चौखट तक जा पहुंचा है।

सुक्खू सरकार ने उच्च न्यायालय के उस फैसले को चुनौती दी है, जिसमें आगामी 30 अप्रैल तक हर हाल में पंचायत चुनाव संपन्न कराने का फरमान सुनाया गया था। अब यह मामला आपदा प्रबंधन की मजबूरियों व लोकतांत्रिक अनिवार्यताओं के बीच उपजे एक गहरे अंतर्विरोध बनकर उभरा है। सरकार का सुप्रीम कोर्ट जाना इस बात का संकेत है कि वह चुनावों की तैयारियों और रोस्टर के निर्धारण के लिए उपलब्ध कराए गए समय को नाकाफी मानती है और संवैधानिक



प्रावधानों की नई व्याख्या चाहती है।

जानकारी के अनुसार राज्य सरकार ने अपनी विशेष अनुमति याचिका में मुख्य रूप से समय की कमी और आपदा प्रबंधन अधिनियम की शक्तियों को आधार बनाया है। महाधिवक्ता अनूप रत्न के माध्यम से उठाई गई इस कानूनी लड़ाई में यह तर्क दिया गया है कि हाईकोर्ट ने आरक्षण रोस्टर तैयार करने के लिए मात्र चार दिन का समय दिया है, जो तार्किक और व्यावहारिक धरातल पर खरा नहीं उतरता। सरकार का पक्ष है कि पूर्व में ऐसे ही मामलों में आपत्तियों को सुनने के लिए तीन माह तक का समय दिया गया है, ऐसे में इतनी जल्दबाजी प्रक्रिया की पारदर्शिता को प्रभावित कर सकती है। इसके अलावा, एक बड़ा संवैधानिक प्रश्न यह भी खड़ा किया गया है कि क्या आपदा प्रबंधन अधिनियम के लागू होने पर पंचायती राज चुनावों को कुछ समय के लिए स्थगित किया जा सकता है, विशेषकर तब जब राज्य का बुनियादी ढांचा अभी भी प्राकृतिक आपदा की मार से उबरने की कोशिश कर रहा हो।

# भारत 10वीं बार अंडर-19 वर्ल्ड कप फाइनल में

### सेमीफाइनल में अफगानिस्तान को हराया, इंग्लैंड से फाइनल कल

**एजेंसी, हरारे**



आरोन जॉर्ज की शतकीय पारी की मदद से भारत ने अफगानिस्तान को सात विकेट से हराकर 10वीं बार अंडर-19 विश्व कप के फाइनल में प्रवेश कर लिया है। अफगानिस्तान ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 50 ओवर में चार विकेट पर 310 रन बनाए। जवाब में भारत के लिए आरोन ने शतक लगाया, जबकि वैभव सूर्यवंशी और कप्तान आयुष म्हात्रे ने अर्द्धशतक लगाए जिससे टीम ने 41.1 ओवर में तीन विकेट पर 311 रन बनाकर मैच अपने नाम किया। भारत का फाइनल में सामना इंग्लैंड से शुक्रवार को होगा। इंग्लैंड ने एक अन्य सेमीफाइनल में ऑस्ट्रेलिया को हराया था।

लक्ष्य का पीछा करते हुए वैभव और आरोन ने भारत को मजबूत शुरुआत दिलाई। इस दौरान वैभव अपनी पुरानी फॉर्म में नजर आए। वैभव के आउट होने के बाद आरोन और कप्तान म्हात्रे ने पारी आगे बढ़ाई। दोनों बल्लेबाजों के बीच दूसरे विकेट के लिए 114 रनों की साझेदारी हुई। म्हात्रे भले ही आउट हो गए, लेकिन आरोन ने बल्लेबाजी जारी रखी और शतक लगाया। वह हालांकि, टीम को जीत दिलाने से पहले ही आउट हो गए। इसके बाद विहान मल्होत्रा और वेदांत त्रिवेदी ने जीत की औपचारिकता को पूरा किया।

भारत के लिए आरोन जॉर्ज ने 104 गेंदों पर 15 चौकों और दो छक्कों की मदद से 115 रन बनाए। वहीं, वैभव ने 33 गेंदों पर नौ चौकों और चार छक्कों की मदद से 68 रन, जबकि म्हात्रे ने 59 गेंदों पर पांच चौकों और चार छक्कों के सहारे 62 रन की पारी खेली। विहान मल्होत्रा 47 गेंदों पर तीन चौकों की मदद से नाबाद 38 और वेदांत छह गेंदों पर पांच रन बनाकर नाबाद रहे। अफगानिस्तान के लिए नूरिस्तानी ओमरजई ने दो विकेट झटके, जबकि वाहिदुल्लाह जादरान को एक विकेट मिला। (अनंत ज्ञान)

## खेमचंद ने मणिपुर में सरकार बनाने का दावा किया पेश

**एजेंसी, नई दिल्ली**



राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) विधायक दल के नेता वाई खेमचंद सिंह ने बुधवार को मणिपुर में सरकार बनाने का दावा पेश किया। भाजपा की मणिपुर इकाई की अध्यक्ष ए. शरद देवी ने यह जानकारी दी।

अशांत मणिपुर में पिछले साल फरवरी से राष्ट्रपति शासन लागू है। देवी ने बताया कि सिंह के नेतृत्व में एनडीए की एक टीम ने लोक भवन में राज्यपाल अजय कुमार भल्ला से मुलाकात की और सरकार बनाने का दावा पेश किया। राज्यपाल भल्ला से मुलाकात करने वाले प्रतिनिधिमंडल में चुराचंदपुर और फेरजॉल के कुकी-जो बहुल जिलों के दो विधायक शामिल थे।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने पत्रकारों से कहा, हमने अपने नवनिर्वाचित विधायक दल के नेता और भाजपा पर्यवेक्षक तरुण चुघ की मौजूदगी में राज्यपाल से मुलाकात की। राजग ने राज्य में सरकार बनाने का दावा पेश किया। (अनंत ज्ञान)

## सुप्रीम कोर्ट केंद्र से बोला-सोनम वांगचुक की जमानत पर करें विचार

**एजेंसी, नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को केंद्र से पूछा कि क्या सरकार क्लाइमेट एक्टिविस्ट और साइंटिस्ट सोनम वांगचुक की तबीयत को देखते हुए उनकी हिरासत पर फिर से विचार कर सकती है?



जस्टिस अरविंद कुमार और पीबी वराले की बेंच ने कहा कि वांगचुक की हेल्थ रिपोर्ट अच्छी नहीं है। कोर्ट ने केंद्र की ओर से पेश हुए एडिशनल सॉलिसिटर जनरल के एम नटराज से इस मामले में निर्देश लेने को कहा। कोर्ट ने कहा कि दलीलों और कानून के बिंदुओं के अलावा, कोर्ट के अधिकारी के तौर पर इस पर थोड़ा सोचिए। हिरासत का आदेश 26 सितंबर, 2025 को पारित किया गया था, लगभग पांच महीने हो गए हैं। इस पर नटराज ने कहा कि वह यह सुझाव संबंधित अधिकारियों के सामने रखेंगे। दरअसल, 24 सितंबर 2025 को लेह में हुई हिंसा भड़काने के आरोप में 26 सितंबर को राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम के तहत 26 वांगचुक को पुलिस ने हिरासत में लिया गया था। (अनंत ज्ञान)

## डीजीसीए की निगरानी में एयर इंडिया के ड्रीमलाइनर्स विमानों की जांच पूरी

**एजेंसी, नई दिल्ली**



एयर इंडिया ने बुधवार को बताया कि उसने अपने सभी चालू बोइंग 787 (ड्रीमलाइनर) विमानों में फ्यूल कंट्रोल स्विच की एहतियाती जांच पूरी कर ली है। यह जांच लंदन से बेंगलुरु आई एक फ्लाइट में स्विच से जुड़ी शिकायत के बाद की गई थी। जांच में किसी भी विमान में कोई तकनीकी खराबी नहीं पाई गई।

एयर इंडिया के बेड़े में फिलहाल 33 बोइंग 787 विमान हैं, जिनमें से 28 इस समय उड़ान भर रहे हैं। एयरलाइन ने बताया कि सभी चालू विमानों में फ्यूल कंट्रोल स्विच की दोबारा जांच की गई। एयर इंडिया के अनुसार, यह कदम सिर्फ एहतियात के तौर पर उठाया गया था। एक पायलट ने उड़ान के बाद स्विच के काम करने को लेकर एक बात नोटिस की थी, जिसके बाद यह फैसला लिया गया। जांच के दौरान किसी भी विमान में कोई समस्या सामने नहीं आई।

यह मामला उस समय सामने आया जब रविवार को लंदन हीथ्रो से बेंगलुरु आई एअर इंडिया की एक फ्लाइट के पायलट ने फ्यूल कंट्रोल स्विच में दिक्कत की सूचना दी। (अनंत ज्ञान)

## मुंबई में लिफ्ट में गैस से भरे गुब्बारों में ब्लास्ट, 2 घायल

**एजेंसी, नई दिल्ली।** मुंबई में एक बिल्डिंग की लिफ्ट में गुब्बारों की लड़ी में अचानक विस्फोट हो गया। लिफ्ट की सीसीटीवी में यह भयानक नजारा कैद हो गया, जो अब सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वीडियो में देखा जा सकता है सफेद शर्ट पहने एक महिला सबसे पहले लिफ्ट के अंदर घुसती है, जिसके पास एक छोटा ट्रॉली बैग था। उसे जिस फ्लोर पर जाना था, उसने उसका बटन दबाया। उसके पीछे, एक आदमी बड़े पॉलिथीन बैग में एक दर्जन से ज्यादा गुब्बारे लिए अंदर आने की कोशिश कर रहा था। महिला ने उसे देखा और लिफ्ट के अंदर जगह बनाई। गुब्बारे वाला आदमी अंदर घुस और एक कोने में खड़ा होने ही वाला था, तभी लिफ्ट के अंदर गुब्बारे में ब्लास्ट हो गया। आग की तेज लपट पूरे लिफ्ट में फैल गई।

### मस्क बने 850 बिलियन डॉलर संपत्ति वाले दुनिया के पहले इंसान

**एजेंसी, नई दिल्ली।** दुनिया के सबसे अमीर शख्स इलॉन मस्क की कुल संपत्ति 850 बिलियन डॉलर (करीब 77 लाख करोड़ रुपए) का आंकड़ा पार कर गई है। एक दिन में उनकी नेटवर्थ में 84 बिलियन डॉलर (7 लाख करोड़ रुपए) का इजाफा हुआ है। फोर्ब्स के मुताबिक मस्क अब इतिहास के सबसे अमीर व्यक्ति बन गए हैं। मस्क की संपत्ति में यह बढ़ोतरी उनकी रॉकेट बनाने वाली कंपनी स्पेसएक्स और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस स्टार्टअप XAI के मर्जर की वजह से हुई है। सिर्फ 4 महीने में मस्क की नेटवर्थ 70 प्रतिशत बढ़ गई है। अक्तूबर 2025 में यह 500 बिलियन डॉलर पर पहुंची थी। अब उनकी नेटवर्थ पाकिस्तान, श्रीलंका, बांग्लादेश और नेपाल की जीडीपी से ज्यादा है। ये भारत के टॉप 40 सबसे अमीरों की कुल वेल्थ से भी ज्यादा है। (अनंत ज्ञान)

## तकरार | संसद में किताबों को लेकर कांग्रेस और भाजपा में जोरदार संग्राम

### राहुल ने संसद में दिखाई नरवणे की किताब, बोले-प्रधानमंत्री को दूंगा

**एजेंसी, नई दिल्ली**



आर्मी चीफ एमएम नरवणे की जिस किताब को लेकर संसद में दो दिन से हंगामा हो रहा है। राहुल गांधी बुधवार को वही किताब लेकर संसद पहुंचे। उन्होंने कहा कि अगर आज पीएम आए तो उन्हें यह किताब दूंगा। राहुल ने किताब का वह पेज खोलकर दिखाया, जिसमें लिखा है कि प्रधानमंत्री ने आर्मी चीफ से कहा था कि जो उचित समझो वह करो। राहुल ने कहा कि सरकार और रक्षा मंत्री कह रहे है कि किताब का अस्तित्व नहीं है, देखिए यह रही किताब।

उन्होंने कहा कि मुझे नहीं लगता कि प्रधानमंत्री आज लोकसभा में आने की हिम्मत करेंगे। अगर प्रधानमंत्री आते हैं तो मैं खुद जाकर उन्हें यह किताब सौंपूंगा, ताकि वे इसे पढ़ सकें और देश को इसके बारे में पता चल सके। लोकसभा में दो दिन से पूर्व आर्मी चीफ एमएम नरवणे की अनपब्लिश्ड बुक पर हंगामा हो रहा है। इसके चलते कई बार सदन स्थगित हो चुका है। राहुल इस किताब के अंश लोकसभा में पढ़ना चाहते हैं। स्पीकर ओम बिरला ने इसकी इजाजत नहीं दी है।

इधर, कांग्रेस के कुछ सांसदों ने बजट सत्र के छठे दिन संसद के मकर द्वार के पास प्रदर्शन कर रहे थे। इसी दौरान राहुल गांधी ने रवनीत सिंह बिट्टू को पास से गुजरते देखकर कहा कि देखो एक गद्दार आ रहा है, देखिए इसका चेहरा। राहुल गांधी ने हाथ मिलाने की पेशकश करते हुए कहा कि हैलो भाई, मेरे गद्दार दोस्त। चिंता मत करो, आप वापस (कांग्रेस में) आ जाओगे। (अनंत ज्ञान)

### भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने संसद में किया नेहरू-एडविना किताब का जिक्र

**एजेंसी, नई दिल्ली**



- स्पीकर के चैंबर में हंगामा

संसद के बजट सत्र में विपक्षी सांसदों के जवाब में बुधवार को भाजपा सांसद निशिकांत दुबे भी कुछ किताब लेकर आए, लेकिन दुबे ने जिन किताबों का जिक्र किया, उनमें नेहरू से लेकर गांधी परिवार के अन्य सदस्यों पर आपत्तिजनक टिप्पणी भी शामिल थीं। दुबे के बयान सदन में जमकर हंगामा और कार्यवाही स्थगित कर दी गई।

मामला यहीं नहीं थमा और स्पीकर के चैंबर में भी पक्ष और विपक्ष के सांसदों में इस पर जमकर बहस हुई। दुबे ने सोनिया-इंदिरा गांधी से संबंधित 3-4 किताबों का जिक्र किया। इन किताबों में जवाहरलाल नेहरू से लेकर इंदिरा गांधी और सोनिया गांधी को लेकर आपत्तिजनक बातें कही गई हैं। निशिकांत दुबे ने कहा, आजकल एक ऐसी किताब का जिक्र किया जा रहा है जो पब्लिश ही नहीं हुई है, लेकिन मैं उन किताबों के बारे में बताना चाहता हूं जो नेहरू परिवार की गद्दारी, मक्कारी, भ्रष्टाचार और अय्याशी से भरी हैं। दुबे ने एडविना एंड नेहरू के अलावा कई अन्य किताबों का जिक्र किया। स्पीकर बार-बार निशिकांत दुबे को टोकते रहे, लेकिन वह बयान देते रहे। दूसरी तरफ विपक्षी हंगामा करते रहे लेकिन दुबे नहीं रुके। (अनंत ज्ञान)

## अमेरिका के साथ भारत अपने संवेदनशील क्षेत्रों की रक्षा करने में रहा सफल: पीयूष

**एजेंसी, नई दिल्ली**



वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने संसद में बताया कि भारत ने अमेरिका के साथ व्यापार समझौते में अपने संवेदनशील क्षेत्रों, विशेष रूप से कृषि और दुग्ध क्षेत्रों के हितों की रक्षा सुनिश्चित की है।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की फरवरी 2025 की अमेरिका यात्रा के बाद दोनों देशों के बीच लगभग एक साल तक व्यापक बातचीत हुई। इन वार्ताओं के परिणामस्वरूप अमेरिकी टैरिफ को घटाकर 18 प्रतिशत किया गया, जिससे भारतीय निर्यात की प्रतिस्पर्धात्मक क्षमता में महत्वपूर्ण सुधार होगा। गोयल ने बताया कि यह समझौता एमएसएमई, उद्यमियों, कुशल श्रमिकों और उद्योगों के लिए नए अवसर खोलने के साथ-साथ एडवांस टेक्नोलॉजी तक पहुंच को भी सुनिश्चित करेगा।

उन्होंने कहा कि यह ऐतिहासिक समझौता भारत-अमेरिका संबंधों को और मजबूत करेगा और विकसित भारत 2047 के दृष्टिकोण को साकार करने में अहम भूमिका निभाएगा। इसके साथ ही यह 'भारत में बनाओ, डिजाइन करो और इनोवेट करो' के दृष्टिकोण को भी बढ़ावा देगा। (अनंत ज्ञान)

## हमीरपुर मेडिकल कॉलेज के नए परिसर में फर्नीचर की खरीद पर सवाल, भवन निर्माण तो पूरा, भीतरी सजावट में देरी जारी

# 3 साल में पांचवीं बार फर्नीचर खरीद के लिए टेंडर

अनंत ज्ञान

**विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर।** जोलसप्पड़ में स्थित हमीरपुर मेडिकल कॉलेज के निर्माणाधीन नए परिसर की भीतरी व्यवस्था को सजाने के लिए फर्नीचर की खरीद की प्रक्रिया पिछले 3 सालों से सवालों के घेरे में है। तकरीबन पांच मर्तबा इसका टेंडर कॉल किया गया है, लेकिन यह प्रक्रिया मुकम्मल क्यों नहीं हो रही, इस पर अब खूब चर्चा हो रही है। गौरतलब है कि इस परिसर में प्रशासनिक और अस्पताल दोनों भवन बनकर पिछले 2 साल से तैयार हैं। जिस सीपीडब्ल्यूडी ने किसका निर्माण किया, उसके अधिकारी भी इस मेडिकल कॉलेज को हैंडओवर करने के लिए शुरुआती दौर में तो मशक्कत कर रहे थे, लेकिन अब लगता यह है कि वे भी चैन की नींद सो गए हैं।

बड़ी बात यह है कि भवनों की भीतरी व्यवस्था में सिविल वर्क मुकम्मल हो चुका है, पेंट भी हो गया था, मगर अब जब इसे इतने लंबे समय के बाद जब कभी भी मेडिकल कॉलेज प्रशासन को हैंडोवर किया जाना होगा, तो नए सिरे से सफेदी भी करनी होगी। यह सारी व्यवस्था अजीबोगरीब मरहले में दिख रही है।



प्रशासनिक भवन के बाहर टूटा हुआ हिस्सा। अनंत ज्ञान

### एमआरआई मशीन की इंस्टॉलेशन का चल रहा काम

**करीब** 30 करोड़ की लागत वाली नई टेक्नोलॉजी की एमआरआई मशीन की इंस्टॉलेशन को लेकर इन दिनों काम चल रहा है और इस महीने के अंत तक मकम्मल भी हो जाएगा, लेकिन मालूम नहीं, इससे कितना फायदा फिलहाल हो पाएगा। क्योंकि जब तक वहां की व्यवस्था जमेगी नहीं, हमीरपुर से शिफ्टिंग होगी नहीं, तो फिर इस मशीन से मरीजों को सुविधा कैसे मिलेगी? इस पर भी सवाल हैं।

### विधायक का मार्च तक शिफ्टिंग के काम का दावा

**विधायक** सुरेश कुमार भी यह दावा कर चुके हैं कि मार्च महीने तक नए परिसर में शिफ्टिंग का काम शुरू हो जाएगा। उम्मीद यही की जानी चाहिए कि फर्नीचर की खरीद का प्रोसेस मुकम्मल हो जाएगा और मरीजों को अब नए परिसर में सुविधा मिलनी शुरू हो जाएंगी।

### बरसात में नुकसान, व्यवस्था में नहीं सुधार

अनंत ज्ञान एक्सक्लूसिव

**पिछली** बरसात में इस परिसर के भीतर कई जगह नुकसान हुआ है। जिसके कारण प्लास्टर भी टूट गया है। सड़क के जिस हिस्से पर यह नुकसान हुआ, वह अब भी ज्यों का त्यों दिखाई दे रहा है। अब उसकी मरम्मत भी क्यों होगी। क्योंकि इस परिसर में जल्दी कोई चहल पहल शुरू होगी, इसकी कतई भर उम्मीद दिख नहीं रही। इसलिए मरम्मत के काम में भी देरी हो रही है।

### बिजली बिल से हो रहा लाखों का नुकसान

**कैंपस** में जी बड़ी बाट के ट्रांसफार्मर लगाए गए हैं, उनके लोड के मुताबिक बिजली का बिल भी हर महीने लाखों में आ रहा है। अब उसकी भरपाई बेवजह बिजली विभाग को करनी पड़ रही है। यदि हैंडओवर यह कैंपस हो जाता है, तो फिर मेडिकल कॉलेज प्रशासन को बिजली का बिल चुकाना पड़ेगा। इसलिए हैंडओवर के मामले में लेटलतीफी हो रही है।

### शिमला स्तर पर हो रही खरीद: प्रिंसिपल

**मेडिकल** कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ. रमेश भारती पहले ही कह चुके हैं कि फर्नीचर की खरीद का प्रोसेस शिमला स्तर पर हो रहा है। इसमें स्थानीय प्रशासन यह मेडिकल कॉलेज की भूमिका नहीं है, लेकिन उम्मीद यही है कि अब अंतिम चरण में यह प्रक्रिया चल रही है।

## यूपीए की तुलना में मोदी सरकार ने हिमाचल को 27 गुना ज्यादा दिया रेल बजट: अनुराग

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** पूर्व केंद्रीय मंत्री व हमीरपुर लोकसभा क्षेत्र से सांसद अनुराग सिंह ठाकुर ने कहा कि केंद्र सरकार ने हिमाचल प्रदेश को रेलवे विस्तार के लिए 2,911 करोड़ रुपये का प्रावधान किया है। उन्होंने इस बजट के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण और रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव का आभार जताया। उन्होंने कहा कि केंद्रीय बजट 2026-27 में हिमाचल के रेल नेटवर्क के विस्तार, आधुनिकीकरण, सुरक्षा परियोजनाओं और विद्युतीकरण को प्राथमिकता दी गई है।



अनुराग ठाकुर ने कहा कि मोदी सरकार के नेतृत्व में हिमाचल प्रदेश में रेल विकास को लगातार आगे बढ़ाया गया है और मौजूदा स्वीकृत राशि कांग्रेस शासन के दौरान दी गई राशि से 27 गुना अधिक है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार देवभूमि हिमाचल में बुनियादी ढांचे के विकास और रोजगार के अवसर बढ़ाने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है और यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखकर योजनाएं लागू की जा रही हैं।

### रेल परियोजनाओं से बदलेगा राज्य का नक्शा

**पूर्व** केंद्रीय मंत्री व हमीरपुर लोकसभा क्षेत्र से सांसद अनुराग सिंह ठाकुर ने बताया कि वर्तमान में हिमाचल प्रदेश में 17,711 करोड़ रुपये की रेल परियोजनाएं चल रही हैं, जिनसे राज्य का रेल नेटवर्क मजबूत होगा। बजट में 46 करोड़ रुपये की लागत से चार रेलवे स्टेशनों को अमृत स्टेशन योजना के तहत विकसित करने का प्रावधान भी किया गया है। वर्ष 2014 से अब तक करीब 16 किलोमीटर नई रेल लाइन का निर्माण किया गया है और 26 फ्लाईओवर व अंडरपास बनाए गए हैं। इसके साथ ही हिमाचल प्रदेश में रेलवे का शत प्रतिशत विद्युतीकरण का लक्ष्य भी पूरा कर लिया गया है।

## सांसद सुरेश कश्यप की पहल लाई रंग नालागढ़ को मिलेगी कैंटीन की सुविधा

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** नालागढ़ क्षेत्र के पूर्व सैनिकों और उनके परिजनों के लिए राहत भरी खबर है। भाजपा सांसद सुरेश कश्यप के प्रयासों से नालागढ़ में जल्द ही सीएसडी (कैंटीन स्टोर्स डिपार्टमेंट) एक्सटेंशन काउंटर खोले जाने का रास्ता साफ हो गया है। इस संबंध में रक्षा मंत्रालय को भेजे गए प्रस्ताव पर सकारात्मक रुख अपनाते हुए सेना मुख्यालय ने इसे जनहित में आवश्यक बताया है।



सांसद सुरेश कश्यप ने कहा कि नालागढ़ और इसके आसपास के औद्योगिक क्षेत्र में बड़ी संख्या में सैनिक, पूर्व सैनिक और उनके परिवार निवास करते हैं। वर्तमान में उन्हें सीएसडी से आवश्यक वस्तुएं प्राप्त करने के लिए लंबी दूरी तय करनी पड़ती है, जिससे विशेषकर बुजुर्ग पूर्व सैनिकों और वीर नारियों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ता है। उन्होंने रक्षा मंत्रालय से आग्रह किया था कि इस समस्या की गंभीरता को समझते हुए नालागढ़ में एक्सटेंशन काउंटर की शीघ्र स्थापना की जाए। सांसद ने जानकारी दी कि इस प्रस्ताव को आर्मी ट्रेनिंग कमांड शिमला मुख्यालय ने भी वास्तविक और आवश्यक मानते हुए अपनी सहमति प्रदान कर दी है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में पूर्व सैनिकों की संख्या लगातार बढ़ रही है, ऐसे में इस सुविधा में और देरी करना उचित नहीं होगा। सुरेश कश्यप ने विश्वास जताया कि सीएसडी एक्सटेंशन काउंटर खुलने से नालागढ़ क्षेत्र के हजारों पूर्व सैनिकों और उनके परिवारों को सीधा लाभ मिलेगा और उन्हें अपने घर के समीप ही आवश्यक वस्तुएं उपलब्ध हो सकेंगी। यह कदम पूर्व सैनिकों के सम्मान और कल्याण की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल साबित होगा।

## हिमाचल कांग्रेस में नेशनल टैलेंट हंट के जरिए हुई प्रवक्ताओं की नियुक्ति: विनय

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष विनय कुमार ने घोषणा की है कि प्रदेश में जल्द ही पीसीसी, जिला और ब्लॉक स्तर पर पार्टी प्रवक्ताओं, मीडिया पैनलिस्ट, कोऑर्डिनेटर और मीडिया अनुसंधान पदों पर नियुक्तियां की जाएंगी। इसके लिए अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी द्वारा आयोजित नेशनल टैलेंट हंट की प्रक्रिया शिमला में पूरी कर ली गई है।

विनय कुमार ने बताया कि इस पहल का मुख्य उद्देश्य पार्टी के साथ नए और ऊर्जावान युवाओं को जोड़ना है, ताकि वे मीडिया संवाद के माध्यम से पार्टी की विचारधारा को मजबूती से जनता के बीच रख सकें। अब चयन प्रक्रिया के अंतिम चरण में उम्मीदवारों की योग्यता और अनुभव के आधार पर नामों की छंटनी कर नियुक्तियां प्रदान की जाएंगी। इस टैलेंट हंट को लेकर प्रदेश भर के युवाओं में भारी उत्साह देखा गया। चयन प्रक्रिया के लिए एआईसीसी द्वारा एक विशेष टीम गठित की गई थी, जिसमें राष्ट्रीय प्रवक्ता चरणजीत सिंह सपरा, चित्रा बाथम, अर्चित सिंह और मुख्यमंत्री के मीडिया सलाहकार नरेश चौहान शामिल रहे। इसके अलावा विधायक भवानी सिंह पठानिया, विनोद सुलतानपुरी और स्वयं प्रदेश अध्यक्ष विनय कुमार ने भी इस प्रक्रिया की निगरानी की। विनय कुमार ने इसे ऐतिहासिक कदम बताते हुए कहा कि देश में पहली बार कांग्रेस इस तरह की पारदर्शी प्रक्रिया के जरिए मीडिया क्षेत्र में युवाओं को महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां सौंप रही है।



शिमला में नेशनल टैलेंट हंट के दौरान उम्मीदवारों का साक्षात्कार लेते प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष विनय कुमार। अनंत ज्ञान

- कहा-प्रतिभाशाली युवाओं को मिलेगा मीडिया विंग में मौका

## पंचायत चुनाव को टालकर प्रदेश की जनता को गुमराह कर रही सरकार: जयराम ठाकुर

अनंत ज्ञान

- चुनाव न होने से विकास व केंद्रीय सहायता पर संकट
- न्यायालय के आदेशों की अनदेखी, लोकतंत्र को हो रहा नुकसान
- मुख्यमंत्री के वादों पर सवाल, चुनाव की तैयारी का स्वांग क्यों?

**ब्यूरो, शिमला।** पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने पंचायत चुनावों को लेकर प्रदेश सरकार पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा कि सरकार ने चुनाव समय पर न करवाने का मन पहले ही बना लिया था, फिर भी प्रदेश को बार-बार गुमराह किया गया। अगर सरकार को उच्च न्यायालय के आदेशों को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती ही देनी थी, तो चुनाव की तैयारी का दिखावा क्यों किया गया। सदन से लेकर सड़क तक मुख्यमंत्री और मंत्री समय पर चुनाव करवाने की बात करते रहे, जबकि वास्तविकता में सरकार लगातार देरी की रणनीति पर काम करती रही। यह प्रदेश की जनता के भरोसे के साथ सीधा खिलवाड़ है।



जयराम ठाकुर ने कहा कि पंचायत और शहरी निकायों के चुनाव न होने से प्रदेश के विकास को भारी नुकसान हो रहा है। निर्वाचित स्थानीय निकायों के बिना केंद्र सरकार की सैकड़ों योजनाओं का क्रियान्वयन संभव नहीं है। 16वें वित्त आयोग के तहत ग्रामीण और शहरी निकायों के लिए प्रस्तावित भारी धनराशि का लाभ भी चुनाव न होने की स्थिति में प्रदेश को नहीं मिल पाएगा या इसमें लंबी देरी होगी। उन्होंने कहा कि सरकार ,एक तरफ केंद्र से सहयोग न मिलने का रोना रोती है, दूसरी तरफ खुद ही केंद्रीय सहायता के रास्ते बंद कर रही है।

नेता प्रतिपक्ष ने याद दिलाया कि 9 जनवरी को उच्च न्यायालय ने 30 अप्रैल तक पंचायत चुनाव संपन्न करवाने के आदेश दिए थे, लेकिन सरकार ने आदेशों के पालन के बजाय उन्हें टालने की कोशिश की। निर्वाचन सूचियों के प्रकाशन में बार-बार देरी की गई और जनता को भ्रमित किया गया। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार चुनाव पर खर्च का बहाना बनाती है, लेकिन चुनाव न करवाने के लिए कानूनी लड़ाइयों पर करोड़ों रुपये खर्च कर रही है। आपदा प्रबंधन कानून का हवाला देकर चुनाव रोके जा रहे हैं, जबकि आपदा प्रभावित क्षेत्रों में न तो पर्याप्त समीक्षा हो रही है और न ही क्षतिग्रस्त सुविधाओं की बहाली के ठोस कदम उठाए जा रहे हैं।

## केंद्र के हर बजट की रही कोई न कोई विशेषता : संजय शर्मा

### एकीकृत कस्टम्स सिस्टम और एआई आधारित स्कैनिंग से पारदर्शिता होगी सुनिश्चित

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** प्रदेश भाजपा प्रवक्ता संजय शर्मा ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा हाल ही में प्रस्तुत बजट विकसित भारत 2047 का रोडमैप है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत विश्व की चौथी बढ़ती अर्थव्यवस्था बना है, जो कि एक से दूसरे के बीच आने की ओर अग्रसर है। बुधवार को धर्मशाला में प्रेसवार्ता में संजय शर्मा ने कहा कि केंद्र सरकार की ओर से लगातार 13वां बजट पेश किया गया है।

वर्ष 2014 से लेकर अब तक भाजपा सरकार द्वारा प्रस्तुत बजट की हर बार कोई न कोई विशेषता रही है। एकीकृत कस्टम्स सिस्टम और एआई आधारित स्कैनिंग से पारदर्शिता और गति दोनों सुनिश्चित होंगी। ऊर्जा सुरक्षा के तहत लिथियम-आयन सेल, सोलर ग्लास और न्यूक्लियर पावर परियोजनाओं से जुड़ी सामग्रियों पर सीमा शुल्क छूट भारत को हरित और आत्मनिर्भर ऊर्जा की दिशा में आगे बढ़ाएगी। स्वास्थ्य क्षेत्र में 17 आवश्यक दवाओं पर सीमा शुल्क छूट, रोकथाम और प्रारंभिक उपचार पर जोर आम नागरिक को सीधी राहत देगा। एमएसएमई सेक्टर के लिए टीआरईडीएस के माध्यम से 7 लाख करोड़ से अधिक की फंडिंग, ऋण गारंटी और त्द्गरू लिंक से छोटे उद्यमों को नया संबल मिलेगा। उन्होंने कहा कि केंद्रीय बजट 2026 समावेशी विकास, विश्वास आधारित शासन, टिकाऊ अर्थव्यवस्था, किसानों की आय में वृद्धि, रोजगार सृजन और भारत को वैश्विक नेतृत्व की ओर ले जाने की स्पष्ट नीति का सशक्त प्रतिबिंब है।





धर्मशाला में प्रेसवार्ता करते संजय शर्मा। अनंत ज्ञान

यह बजट हिमाचल प्रदेश को पर्यटन, कृषि और रोजगार के क्षेत्र में नई ऊंचाइयों तक ले जाएगा और भारत को 2047 तक आत्मनिर्भर, समृद्ध और विश्वगुरु बनाने की दिशा में एक मील का पत्थर सिद्ध होगा।

## कुलदीप सिंह पठानिया ने संभाला पदभार आज लौटेंगे गृह जिला

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** हिमाचल प्रदेश राज्य कृषि विपणन बोर्ड के नवनियुक्त अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने बुधवार को शिमला स्थित बोर्ड के मुख्यालय में अपना कार्यभार संभाल लिया। पूर्व विधायक कुलदीप सिंह पठानिया की इस पद पर नियुक्ति की अधिसूचना बीते दिन जारी की गई थी। बुधवार को मुख्यालय में पहुंचने पर हिमाचल प्रदेश राज्य कृषि विपणन बोर्ड के अधिकारियों ने कुलदीप सिंह पठानिया का स्वागत किया तथा उन्हें बोर्ड की विभिन्न गतिविधियों एवं भावी योजनाओं से अवगत करवाया। केसीसीबी के पूर्व चेयरमैन कुलदीप पठानिया केसीसीबी बोर्ड के भंग होने के चलते उनके पास कोई भी पदभार नहीं था।



कुलदीप पठानिया की नियुक्ति से कांग्रेस कार्यकर्ताओं और उनके सर्मथकों में खासा उत्साह है। पदभार संभालने के बाद वीरवार को कुलदीप सिंह पठानिया गृह जिला में वापस लौटेंगे। उनकी इस नियुक्ति को लेकर उखली में स्वागत किया जाएगा। जबकि बोहणी में कार्यकर्ताओं और सर्मथकों के लिए धाम का आयोजन किया जाएगा।

## अब कॉर्पोरेट दिग्गजों के साथ मिलकर जनजातीय छात्रों का भविष्य संवारेगा केंद्र

अनंत ज्ञान

- राज्यसभा में डॉ. सिकंदर कुमार के सवाल पर बोले राज्य मंत्री दुर्गादास उइके

**ब्यूरो, शिमला।** भाजपा के प्रदेश महामंत्री व राज्यसभा सांसद डॉ. सिकंदर कुमार द्वारा उच्च सदन में उठाए गए एक महत्वपूर्ण प्रश्न के उत्तर में जनजातीय कार्य राज्यमंत्री दुर्गादास उइके ने एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों के भविष्य को लेकर सरकार की बड़ी कार्ययोजना साझा की।

डॉ. सिकंदर ने 11 राज्यों के 144 विद्यालयों में ओनजीसी के साथ हुए समझौते की तर्ज पर शेष 499 कार्यशील स्कूलों को भी सीएसआर मॉडल से जोड़ने और जनजातीय छात्रों की उच्च शिक्षा व रोजगार में हिस्सेदारी बढ़ाने पर सवाल पूछा था। इसके जवाब में मंत्रालय ने स्पष्ट किया कि राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति वित्त एवं विकास निगम के माध्यम से कोल इंडिया, तेल एवं प्राकृतिक गैस निगम और भारत पेट्रोलियम जैसी दिग्गज कंपनियों के साथ साझेदारी का विस्तार किया जा रहा है, ताकि वर्ष 2026 तक सभी विद्यालयों में आधुनिक बुनियादी ढांचा और डिजिटल शिक्षा सुनिश्चित की जा सके।



मंत्रालय की यह पहल केवल बुनियादी ढांचे तक सीमित नहीं है, बल्कि इसका सीधा उद्देश्य जनजातीय छात्रों को देश के प्रमुख उच्च शिक्षण संस्थानों और व्यावसायिक क्षेत्रों के लिए तैयार करना है। मंत्री ने सदन को बताया कि इन सीएसआर समझौतों के तहत स्कूलों में अंतरिक्ष प्रयोगशालाओं की स्थापना, डिजिटल लर्निंग टूल्स और शिक्षकों के कौशल विकास पर विशेष जोर दिया जा रहा है। एनईएसटीएस इन सभी प्रयासों की बारीकी से निगरानी कर रहा है ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि इन पहलों से छात्रों की नियोजन दर में वास्तविक वृद्धि हो। फिलहाल, मंत्रालय ने स्पष्ट किया कि अलग से सीएसआर प्रकोष्ठ बनाने का प्रस्ताव नहीं है।

## प्रदेश सरकार की पेंशनरों के लिए अंतिम चेतावनी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश के सामाजिक सुरक्षा पेंशन लाभार्थियों के लिए ई-केवाईसी सत्यापन की अंतिम तिथि अब 15 फरवरी निर्धारित की गई है। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग ने स्पष्ट किया है कि जिन पेंशनरों ने 31 जनवरी तक यह प्रक्रिया पूरी नहीं की थी, उनकी पेंशन अस्थाई रूप से रोक दी गई है। सुचारू भुगतान के लिए निर्धारित समय के भीतर सत्यापन करवाना अनिवार्य है। लाभार्थी अपने नजदीकी आंगनबाड़ी केंद्र या तहसील कल्याण अधिकारी के कार्यालय में जाकर आवश्यक दस्तावेजों के साथ अपना ई-केवाईसी करवा सकते हैं। यदि किसी असहाय पेंशनभोगी का आधार कार्ड नहीं बना है या उसे अपडेट करने की आवश्यकता है, तो वे सहायता के लिए सीधे तहसील कल्याण अधिकारी से संपर्क कर सकते हैं। विभाग ने पारदर्शिता के लिए इसके लिए विशेष मोबाइल ऐप का भी उपयोग किया है।

- 15 फरवरी तक करवाएं केवाईसी

प्रवक्ता ने सचेत किया है कि 15 फरवरी के बाद कोई अन्य अवसर नहीं दिया जाएगा। यदि इस अवधि तक ई-केवाईसी नहीं होता है, तो लाभार्थी को 'अनुपलब्ध' या 'अपात्र' मान लिया जाएगा और उनकी पेंशन स्थाई रूप से बंद कर दी जाएगी। किसी भी प्रकार की सहायता या समस्या निवारण के लिए जिला कल्याण अधिकारी या बाल विकास परियोजना अधिकारी से तुरंत संपर्क करने की सलाह दी गई है।

## अमेरिका-यूरोप ट्रेड डील से खतरे में हिमाचल के सेब उत्पादक: 'आप'

अनंत ज्ञान

**चंबा।** अमेरिका के साथ प्रस्तावित ट्रेड डील और यूरोपीय देशों को दी जा रही व्यापारिक रियायतों को लेकर हिमाचल प्रदेश के बागवानी क्षेत्र में गहरी चिंता पैदा हो गई है। आम आदमी पार्टी ने आशंका जताई है कि यदि इन समझौतों के तहत सेब और अन्य कृषि उत्पादों पर आयात शुल्क में भारी कटौती या शून्य टैरिफ लागू किया गया, तो इसका सीधा नुकसान हिमाचल के सेब उत्पादकों को उठाना पड़ेगा।



आम आदमी पार्टी हिमाचल प्रदेश के प्रदेश प्रवक्ता सोनू ठाकुर ने कहा कि मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार अमेरिका के साथ ऐसी ट्रेड डील पर बातचीत चल रही है, जिसमें भारतीय कृषि बाजार को विदेशी उत्पादों के लिए खोलने की तैयारी है। अमेरिका और यूरोप जैसे देश बड़े पैमाने पर सेब उत्पादन करते हैं और उनके किसानों को भारी सरकारी सब्सिडी मिलती है। ऐसे में सस्ते विदेशी सेब भारतीय बाजार में आने से हिमाचल के किसान कीमत की प्रतिस्पर्धा में टिक नहीं पाएंगे। उन्होंने बताया कि हिमाचल प्रदेश की बागवानी अर्थव्यवस्था लगभग ₹6,000 करोड़ की है, जिसमें सेब का सबसे बड़ा योगदान है। इस क्षेत्र से करीब 10 लाख लोग प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से जुड़े हुए हैं, जिनमें किसान, पैकिंग हाउस मजदूर, ट्रांसपोर्टर, आढ़ती और छोटे व्यापारी शामिल हैं। ऐसे में किसी भी तरह की गलत व्यापार नीति प्रदेश की पूरी ग्रामीण अर्थव्यवस्था को प्रभावित कर सकती है।

सोनू ठाकुर ने सवाल उठाते हुए कहा कि मोदी सरकार की ऐसी कौन-सी मजबूरी है कि वह बार-बार विदेशी सरकारों और बहुराष्ट्रीय कंपनियों के हितों को प्राथमिकता देते हुए देश के किसानों के हितों की अनदेखी कर रही है? उन्होंने कहा कि एक ओर सरकार किसानों की आय दोगुनी करने के दावे करती है और दूसरी ओर ऐसे फैसले ले रही है, जो किसानों की कमर तोड़ने वाले साबित होंगे। यह नीति पूरी तरह से किसान विरोधी है।

## मांग: हिमाचल प्रदेश शिक्षक संघ ने सरकार के सामने रखी आठ सूत्री मांगें

# अनुभवी शिक्षकों की परीक्षा नहीं, प्रदर्शन से हो आकलन

अनंत ज्ञान

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** हिमाचल प्रदेश में सरकारी स्कूलों को सीबीएसई बोर्ड से जोड़ने की सरकारी पहल पर अब शिक्षक वर्ग ने खुलकर अपना विरोध दर्ज किया है। हजारों शिक्षकों के भविष्य, सेवा सुरक्षा और शैक्षणिक ढांचे से जुड़े इस अहम मुद्दे पर हिमाचल राजकीय शिक्षक संघ ने मुख्यमंत्री को एक औपचारिक सुझाव पत्र सौंपा है। संघ ने स्पष्ट किया है कि शिक्षा सुधार के नाम पर न तो अनुभवी शिक्षकों की गरिमा से समझौता स्वीकार होगा और न ही सरकारी शिक्षा व्यवस्था को कमजोर करने वाला कोई फैसला मंजूर किया जाएगा।

सरकारी स्कूलों में प्रस्तावित 130 सीबीएसई संस्थानों के लिए शिक्षकों की दक्षता जांचने हेतु किसी भी प्रकार की परीक्षा या टेस्ट लगाने का शिक्षक संघ ने विरोध किया है। संघ का कहना है कि लंबे समय से सेवा दे रहे योग्य शिक्षकों की क्षमता को परखने का आधार बोर्ड परीक्षाओं के परिणाम, विद्यालयों का शैक्षणिक स्तर और रिक्त पदों की शत-प्रतिशत पूर्ति होना चाहिए। साथ ही सीबीएसई स्कूलों में पहले से कार्यरत शिक्षकों को कम से कम एक वर्ष का समय दिए जाने की मांग भी रखी गई है।

शिक्षक संघ ने अंतर-बोर्ड स्थानांतरण की सुविधा शिक्षकों की पसंद के अनुसार जारी रखने पर जोर दिया है। संघ ने साफ किया है कि प्रधानाचार्य और शिक्षकों की पदोन्नति चैनल किसी भी सूरत में प्रभावित नहीं होनी चाहिए। जरूरत पड़ने पर सीबीएसई मानकों के अनुरूप उप-प्रधानाचार्य जैसे पद सृजित किए जा सकते हैं, लेकिन मौजूदा सेवा संरचना से कोई समझौता स्वीकार नहीं किया जाएगा।

संघ ने लड़कों और लड़कियों के स्कूलों को एक संस्था में मिलाने के प्रस्ताव का विरोध किया है। शिक्षक संघ का मानना है कि विद्यालयों का विलय करने के बजाय उन्हें संसाधन, स्टाफ और आधारभूत ढांचे के स्तर पर और मजबूत किया जाना चाहिए। संघ ने कहा है कि सीबीएसई और हिमाचल हिमाचल प्रदेश दोनों व्यवस्थाओं को समान रूप से सशक्त किया जाना जरूरी है।

- सीबीएसई लागू करने से पहले शिक्षकों की मांगों पर दिखाएं गंभीरता
- स्थानांतरण और पदोन्नति व्यवस्था से न हो छेड़छाड़

### सरकारी शिक्षा का मकसद मुनाफा नहीं, समान व गुणवत्तापूर्ण शिक्षा

**शिक्षक** संघ ने सीबीएसई और प्रदेश बोर्ड की फीस संरचना में किसी भी प्रकार की बढ़ोतरी का विरोध करते हुए शिक्षा विभाग में निजीकरण की किसी भी पहल को अस्वीकार्य बताया है। संघ का कहना है कि सरकारी शिक्षा का मकसद लाभ नहीं, बल्कि आम विद्यार्थियों को समान और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराना होना चाहिए।

### सरकार से संवाद बढ़ाने की उम्मीद, शिक्षा व्यवस्था में भरोसा जरूरी

**शिक्षक** संघ ने उम्मीद जताई है कि सरकार इन सुझावों पर गंभीरता से विचार करेगी, ताकि सरकार और शिक्षकों के बीच विश्वास बना रहे और शिक्षा व्यवस्था को बिना तनाव के आगे बढ़ाया जा सके। संघ ने यह भी साफ किया है कि शिक्षकों की अनदेखी से लिया गया कोई भी फैसला लंबे समय तक टिकाऊ नहीं होगा।

## आरडीजी पर बयानबाजी जनता को गुमराह करने की कोशिश: संदीपनी

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता संदीपनी भारद्वाज ने मुख्यमंत्री सुक्खू पर तीखा हमला करते हुए कहा कि आरडीजी को लेकर दिए जा रहे बयान केवल जनता को गुमराह करने की कोशिश हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश की आर्थिक बदहाली के लिए केंद्र सरकार नहीं, बल्कि कांग्रेस सरकार की नीतियां जिम्मेदार हैं। मुख्यमंत्री आरडीजी बंद होने का रोना रोकर सहानुभूति बटोरना चाहते हैं, जबकि सच्चाई यह है कि केंद्र से मिले हजारों करोड़ रुपये का उपयोग विकास कार्यों में नहीं किया गया।

भाजपा प्रवक्ता ने आरोप लगाया कि कांग्रेस सरकार ने केंद्र से प्राप्त फंड का बड़े पैमाने पर दुरुपयोग किया। योजनाओं पर खर्च करने के बजाय अफसरशाही पर दबाव डालकर झूठे यूटिलाइजेशन सर्टिफिकेट बनवाए गए और राशि को सीधे ट्रेजरी में डालकर कर्मचारियों के वेतन, सरकार के ऐशो-आराम और राजनीतिक खर्चों में झोंक दिया गया। रेलवे, स्वास्थ्य, शिक्षा और इंफ्रास्ट्रक्चर जैसे अहम क्षेत्रों के लिए मिले फंड भी जमीनी कामों तक नहीं पहुंचे, जिससे प्रदेश का विकास ठप हो गया।



- कहा- प्रदेश की आर्थिक बदहाली के लिए कांग्रेस सरकार जिम्मेदार, केंद्र नहीं

संदीपनी ने कहा कि कांग्रेस शासन में भ्रष्टाचार इस स्तर तक पहुंच गया है कि जिन कार्यों के टेंडर पहले कम लागत में हो जाते थे, वे अब कई गुना महंगे हो रहे हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री को चुनौती दी कि यदि सरकार ईमानदार है तो एक श्वेत पत्र जारी कर बताए कि केंद्र से मिला पैसा कहां और कैसे खर्च हुआ। भाजपा ने साफ किया कि प्रदेश की जनता अब बहानों में नहीं आएगी और कांग्रेस सरकार की लूट व वित्तीय अनियमितताओं के खिलाफ सड़क से लेकर सदन तक संघर्ष जारी रहेगा।

# दो माह में होगी 800 पुलिस जवानों की भर्ती : सीएम

## पीटीसी डरोह में मुख्यमंत्री सुखविंद्र सुक्खू ने 1253 कांस्टेबलों को सौंपे नियुक्ति पत्र

अनंत ज्ञान



सीएम सुक्खू को सम्मानित करते हुए पुलिस अधिकारी। अनंत ज्ञान

**राकेश डोगरा, डरोह।** मुख्यमंत्री सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने कांगड़ा जिला के पुलिस कॉलेज डरोह में 'रोजगार संकल्प मेले' के दौरान नवनियुक्त 1253 कांस्टेबलों को नियुक्ति पत्र प्रदान किए। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने सभी को बधाई देते हुए कहा कि इस बार पुलिस भर्ती पूरी पारदर्शिता के साथ की गई है, जबकि पिछली भाजपा सरकार के कार्यकाल में पुलिस भर्ती के पेपर लीक हुए और पिछली सरकार को युवाओं के दबाव में भर्ती प्रक्रिया को रद्द करना पड़ा। उन्होंने कहा वर्तमान सरकार ने पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए इस बार पुलिस की भर्ती के पेपर पुलिस विभाग से नहीं, बल्कि हिमाचल प्रदेश लोक सेवा आयोग के माध्यम से करवाना सुनिश्चित किया।

मुख्यमंत्री ने घोषणा की कि राज्य सरकार आगामी दो महीनों के भीतर 800 और पुलिस कांस्टेबलों की भर्ती करेगी। उन्होंने कहा कि यह कदम हिमाचल प्रदेश पुलिस को और मजबूत करेगा तथा इससे कानून व्यवस्था को बेहतर तरीके से लागू करने में सहायता मिलेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज आप केवल नौकरी नहीं ले रहे हैं बल्कि आज आप एक जिम्मेदारी, एक पहचान और एक मिशन को स्वीकार कर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश शांति, संस्कृति और देवभूमि के लिए जाना जाता है। आज सरकार ने नशे के विरुद्ध लड़ाई को एक जन आंदोलन बनाया है जिसकी सबसे सबसे मजबूत ताकत हिमाचल प्रदेश पुलिस है। उन्होंने कहा कि हिमाचल पुलिस देश की सबसे आधुनिक, सबसे तेज और सबसे भरोसेमंद पुलिस फोर्स में शामिल है। उन्होंने कहा कि आपातकालीन सेवा (ईआरएसएस-112) में औसत प्रतिक्रिया समय के मामले में हिमाचल पुलिस पूरे देश में पहले स्थान पर है जबकि सीसीटीएनएस (क्राइम एंड क्रिमिनल ट्रैकिंग नेटवर्क एंड सिस्टमस) में पहाड़ी राज्यों में हिमाचल प्रदेश लगातार प्रथम स्थान पर बना हुआ है। आईटीएसएसओ (इनवेस्टिगेशन ट्रैकिंग सिस्टम फॉर सैक्सुअल ओफेंसिसद्ध में हिमाचल पुलिस लगातार देश-भर में पांचवां स्थान प्राप्त कर रही है। पुलिस विभाग ने विभिन्न बचाव तकनीकों का प्रदर्शन भी किया। पुलिस महानिदेशक अशोक तिवारी ने मुख्यमंत्री का स्वागत करते हुए विभाग की गतिविधियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

### सरकार पुलिस वर्दी गुणवत्ता सुधारने को प्रतिबद्ध

**सुक्खू** ने कहा कि हमारी सरकार पुलिस वर्दी की गुणवत्ता बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि पुलिस महानिदेशक को निर्देश दिए गए हैं कि देश की प्रतिष्ठित कंपनियों से उत्तम गुणवत्ता का कपड़ा लिया जाए। साथ ही, पुलिस कांस्टेबलों की यूनिफॉर्म ग्रांट बढ़ाने पर भी गंभीरता से विचार किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इस वर्ष से सभी भूतपूर्व सैनिक 10 वर्ष की सेवा के बाद हॉनरेरी हैड कांस्टेबल और 15 वर्ष की सेवा के बाद हॉनरेरी सहायक सब इंस्पेक्टर बनाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि कांस्टेबल से हेड-कांस्टेबल बनने के लिए बी-1 परीक्षा का निर्णय लिया गया था। उच्च न्यायालय में इस विषय में अंतरिम स्थगन है, लेकिन सरकार पूरी मजबूती से अपना पक्ष रखेगी।

### चिट्टा माफिया के विरुद्ध छेड़ी है एक लड़ाई

**मुख्यमंत्री** ने कहा कि राज्य सरकार ने चिट्टा माफिया के विरुद्ध एक लड़ाई छेड़ी है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2025 में एनडीपीएस एक्ट के तहत 2149 मामले दर्ज किए गए, जो पिछले वर्ष की तुलना में लगभग 25 प्रतिशत अधिक हैं। प्रदेश सरकार ने युवाओं को चिट्टे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करने के लिए राज्य में जन-आंदोलन आरम्भ किया है तथा एंटी-चिट्टा अवेयरनेस वॉकथॉन इस जन-आंदोलन का एक प्रमुख स्तंभ हैं। इन वॉकथॉनों को हिमाचल प्रदेश पुलिस द्वारा बेहद सफलता के साथ आयोजित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने चिट्टे में संलिप्त 12 पुलिस कर्मियों को बर्खास्त किया है और चिट्टे में संलिप्त अन्य विभागों के कर्मचारियों को भी बर्खास्त किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर नशे के विरुद्ध शपथ भी दिलाई।

# कैंथू को एचपीएससीबी की नई शाखा की सौगात

## मुख्यमंत्री सुक्खू ने किया राज्य सहकारी बैंक की नई शाखा का उद्घाटन

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** मुख्यमंत्री सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने बुधवार को राजधानी के कैंथू क्षेत्र में राज्य सहकारी बैंक की नई शाखा का विधिवत उद्घाटन किया। इस अवसर पर जनसभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि प्रदेश सरकार बैंकिंग सेवाओं को आम आदमी की दहलीज तक पहुंचाने के लिए पूरी तरह वचनबद्ध है। उन्होंने सहकारिता के ढांचे को सुदृढ़ करने पर जोर देते हुए कहा कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़ कहे जाने वाले किसानों, बागवानों और छोटे व्यापारियों के लिए यह बैंक एक मजबूत संबल बनकर उभर रहा है।

मुख्यमंत्री ने बैंकिंग प्रणाली को और अधिक मजबूती प्रदान करने के लिए एक बड़ा नीतिगत आह्वान भी किया। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की विभिन्न जमा राशियों को प्राथमिकता के आधार पर हिमाचल प्रदेश राज्य सहकारी बैंक में ही रखा जाना चाहिए। मुख्यमंत्री का मानना है कि सरकारी निवेश से न केवल सहकारी बैंकिंग प्रणाली में स्थिरता आएगी, बल्कि इससे होने वाला लाभ सीधे तौर पर प्रदेश के विकास कार्यों में पुनर्चक्रित होगा। उन्होंने बैंक प्रबंधन की पीठ थपथपाते हुए कहा कि आधुनिक तकनीक और डिजिटल समाधानों को अपनाकर बैंक आज राष्ट्रीय स्तर के बैंकों को कड़ी टक्कर दे रहा है।

सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं का जिक्र करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि ई-टैक्सी जैसी पर्यावरण मित्र पहलों को धरातल पर उतारने में एचपीएससीबी की भूमिका सराहनीय रही है। बैंक न केवल व्यवसाय कर रहा है, बल्कि सामाजिक सरोकारों में भी अग्रणी है। इसी प्रतिबद्धता की मिसाल पेश करते हुए बैंक प्रबंधन द्वारा मुख्यमंत्री राहत कोष के लिए दो करोड़ रुपये का अंशदान दिया गया। मुख्यमंत्री ने इस सहयोग के लिए बैंक का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह राशि आपदा प्रभावितों की मदद और आपातकालीन सेवाओं को सुदृढ़ करने में महत्वपूर्ण सिद्ध होगी।

### श्रवण मांटा ने वित्तीय प्रगति का ब्यौरा किया साझा



**बैंक** के प्रबंध निदेशक श्रवण मांटा ने इस दौरान संस्थान की वित्तीय प्रगति का ब्यौरा साझा किया और ग्राहकों को बेहतरीन डिजिटल सुविधाएं देने का भरोसा दिलाया। उद्घाटन समारोह के दौरान स्थानीय विधायक हरीश जनारथा, नगर निगम शिमला के महापौर सुरेन्द्र चौहान, सहकारी समितियों के रजिस्ट्रार डी.सी. नेगी और बैंक के अध्यक्ष देवेंद्र श्याम सहित कई प्रशासनिक अधिकारी एवं गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

## हिमाचल में दवाओं की गुणवत्ता पर सुक्खू सरकार का बड़ा एक्शन

# अब नई आवश्यक औषधि सूची के जरिए सीधे दवा निर्माता कंपनियों से होगी खरीद

अनंत ज्ञान

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** प्रदेश की सुक्खू सरकार ने स्वास्थ्य ढांचे में एक बड़े सुधार की नींव रख दी है। सरकार ने स्पष्ट कर दिया है कि मरीजों की सेहत के साथ खिलवाड़ करने वाली घटिया दवाओं और आपूर्ति में देरी करने वाले सिंडिकेट के दिन अब लद गए हैं। सरकार अब नई आवश्यक औषधि सूची के जरिए सीधे दवा निर्माता कंपनियों से खरीद करेगी, जिससे न केवल पारदर्शिता आएगी बल्कि दवाओं की गुणवत्ता भी उच्चतम स्तर की होगी।

सूत्रों के अनुसार, मुख्यमंत्री के इन कड़े निर्देशों के पीछे का मुख्य उद्देश्य दवा आपूर्ति श्रृंखला से बिचौलियों को पूरी तरह बाहर करना है। लिहाजा स्वास्थ्य विभाग अब एक ऐसी व्यवस्था पर काम कर रहा है जहां दवाओं की सैंपलिंग और जांच के लिए बाहरी लैब पर निर्भरता कम की जाएगी। इसके लिए प्रदेश के मेडिकल कॉलेजों में डेडिकेटेड क्वालिटी सेल स्थापित किए जा रहे हैं।

पहले चरण में आईजीएमसी शिमला और टांडा मेडिकल कॉलेज में ये सेल अत्याधुनिक उपकरणों और विशेषज्ञों के साथ काम करना शुरू करेंगे, ताकि हर बैच की दवा अस्पताल पहुंचने से पहले कसौटी पर खरी उतरे। राज्य सरकार के विश्वसनीय सूत्रों का यह भी कहना है कि राज्य में स्थित दवा इकाइयों को अब कड़े मानकों से गुजरना होगा।

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को स्पष्ट हिदायत दी है कि औषधि एवं प्रसाधन सामग्री नियम, 1945 की अनुसूची एम का पालन अनिवार्य रूप से सुनिश्चित किया जाए। यदि कोई कंपनी मानकों में ढिलाई बरतती है, तो उसके खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई में कोई कोताही नहीं बरती जाएगी।

### उच्च स्तरीय समिति करेगी सूची की समीक्षा : सुक्खू

**मुख्यमंत्री** सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने स्वास्थ्य विभाग के इस पूरे रोडमैप को अंतिम रूप दिया। उन्होंने कहा मरीजों को गुणवत्तापूर्ण दवाएं उपलब्ध करवाना हमारी प्राथमिकता है। नई आवश्यक औषधि सूची की समीक्षा एक उच्च स्तरीय समिति करेगी। मुख्यमंत्री ने जोर देकर कहा कि दवाओं की सीधी खरीद से बिचौलियों की वजह से होने वाली अनावश्यक देरी समाप्त होगी।

# जीरो टैक्स पर किसानों का भविष्य दांव पर : विक्रमादित्य सिंह

## केंद्र सरकार खामोश, आयात नीति से जुड़े हर फैसले पर पड़ेगा असर, किसानों में बढ़ने लगी चिंता

अनंत ज्ञान

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** भारत-अमेरिका संभावित व्यापार समझौते में कृषि क्षेत्र पर शून्य आयात शुल्क की चर्चाओं ने देश की कृषि अर्थव्यवस्था को गंभीर असमंजस में डाल दिया है। राज्य के लोक निर्माण एवं शहरी विकास मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने इसे करोड़ों किसानों के हितों के साथ सीधा समझौता बताते हुए केंद्र सरकार की चुप्पी पर सवाल उठाए हैं। उनका कहना है कि कृषि जैसे संवेदनशील क्षेत्र को लेकर किसी भी अंतरराष्ट्रीय समझौते से पहले व्यापक जन-विमर्श और संसद में खुली बहस लोकतांत्रिक ज़िम्मेदारी है, जिसे नज़रअंदाज़ किया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि संभावित समझौते को लेकर दावा किया जा रहा है कि भारत अमेरिकी कृषि, ऊर्जा और तकनीकी उत्पादों की बड़े पैमाने पर खरीद करेगा और आयात शुल्क को शून्य की ओर ले जाएगा।

विक्रमादित्य सिंह के अनुसार, यदि ऐसा बिना स्पष्ट नीति और सार्वजनिक चर्चा के किया गया तो इसका सीधा नुकसान देश के छोटे और सीमांत किसानों को होगा। भारत की कृषि संरचना आज भी उन्हीं किसानों पर टिकी है, जिनके पास सीमित संसाधन हैं और जो विकसित देशों की सब्सिडी आधारित कॉरपोरेट खेती से प्रतिस्पर्धा करने की स्थिति में नहीं हैं। उन्होंने कहा कि यदि अनाज, दालें, तिलहन, फल-सब्ज़ी और डेयरी उत्पाद जैसे क्षेत्रों में अमेरिकी आयात को शून्य या बहुत कम शुल्क पर अनुमति दी गई, तो घरेलू बाज़ार में कीमतें गिरेंगी। इससे किसानों की आय पर दबाव बढ़ेगा और ग्रामीण रोज़गार का संकट और गहरा होगा। विशेष चिंता डेयरी जैसे क्षेत्रों को लेकर है, जहां भारत अब तक सावधान रुख अपनाता रहा है, लेकिन अब बाहरी दबावों के आगे झुकने की आशंका दिख रही है।

मंत्री ने यह भी सवाल उठाया कि केंद्र सरकार ने अब तक यह स्पष्ट नहीं किया है कि किन-किन कृषि उत्पादों पर शून्य शुल्क की बात हो रही है और उसका आकलन क्या है। एक ओर अमेरिका अपने किसानों को इस सौदे से लाभ का भरोसा दिला रहा है, दूसरी ओर भारत के किसान न्यूनतम समर्थन मूल्य, प्राकृतिक आपदाओं और बढ़ती लागत के बीच असुरक्षित महसूस कर रहे हैं। यह खामोशी किसानों में अनिश्चितता और अविश्वास को बढ़ा रही है।

### व्यापार समझौते से पहले सभी वर्गों की राय लेना आवश्यक



**विक्रमादित्य** सिंह ने कहा कि ऐसे किसी भी व्यापार समझौते से पहले संसद में विस्तृत चर्चा, राज्यों से परामर्श और किसान संगठनों व कृषि विशेषज्ञों की भागीदारी अनिवार्य है। यदि तुरंत पारदर्शिता और संवाद की प्रक्रिया शुरू नहीं की गई, तो इसके दूरगामी नकारात्मक प्रभाव न केवल किसानों की आय, बल्कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था, खाद्य सुरक्षा और सामाजिक स्थिरता पर भी पड़ेंगे।

### जीरो टैक्स से क्यों बढ़ी किसानों की बेचैनी

**भारत-अमेरिका** संभावित व्यापार समझौते में कृषि उत्पादों पर शून्य आयात शुल्क की चर्चा ने किसानों के बीच गहरी चिंता पैदा कर दी है। विशेषज्ञों के अनुसार यदि अमेरिकी कृषि उत्पाद बिना या बेहद कम शुल्क पर भारतीय बाजार में प्रवेश करते हैं, तो इसका सीधा असर घरेलू फसलों की कीमतों पर पड़ेगा। अमेरिका में कृषि बड़े पैमाने पर सब्सिडी, आधुनिक तकनीक और कॉरपोरेट ढांचे पर आधारित है, जबकि भारत की खेती आज भी छोटे और सीमांत किसानों के भरोसे चल रही है। ऐसे में अनाज, दालें, तिलहन, फल-सब्ज़ी और डेयरी उत्पादों के सस्ते आयात से भारतीय किसानों को अपनी उपज का वाजिब दाम मिलना और कठिन हो जाएगा। पहले से ही किसान बढ़ती लागत, जलवायु परिवर्तन, प्राकृतिक आपदाओं और न्यूनतम समर्थन मूल्य की अनिश्चितता से जूझ रहे हैं। यदि आयात नीति में बिना सुरक्षा उपायों के बदलाव किया गया, तो ग्रामीण अर्थव्यवस्था पर इसका गंभीर प्रभाव पड़ सकता है।

## तबीयत बिगड़ने से मुंबई की महिला पर्यटक की मौत

**अनंत ज्ञान, मनाली।** मनाली घूमने आई मुंबई की महिला पर्यटक की मौत हो गई है। मृतक महिला पर्यटक की पहचान प्रियंका विष्णु दुखंडे (38) पुत्री विष्णु दुखंडे निवासी काला चौकी मुंबई के रूप में हुई है। महिला अपनी मौसी प्रणिता के साथ मनाली घूमने आई थी और मंगलवार को मनाली के पर्यटन स्थल सोलंगनाला घूमने गई थी। वहां से लौटने के बाद शाम को होटल में उसकी तबीयत खराब हुई। अस्पताल पहुंचने से पहले ही महिला की मौत हो गई। मिशन अस्पताल के प्रभारी डॉक्टर ए फिलिप ने बताया कि महिला की मौत अचानक तबियत बिगड़ने से हुई है। डीएसपी मनाली केडी शर्मा ने बताया कि पोस्टमार्टम कर शव परिजनों को सौंप दिया है। उन्होंने बताया कि मौत के सही कारण का पता पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही चलेगा।

◆ पर्यटन स्थल सोलंगनाल गई थी घूमने

## चिंतपूर्णी में आपदा मित्र व टैक्सी चालक ने समय पर अस्पताल पहुंचाकर बचाई श्रद्धालु की जान

अनंत ज्ञान



गंभीर हालत में अस्पताल पहुंचाए रोगी के साथ टीम। अनंत ज्ञान

**चिंतपूर्णी।** प्रसिद्ध शक्तिपीठ माता श्री चिंतपूर्णी के दरबार में हाजिरी भरने आए दिल्ली निवासी एक श्रद्धालु के साथ सड़क पर हादसा हो गया। अचानक चक्कर आने से गिरे श्रद्धालु के सिर पर गंभीर चोट आई, जिन्हें स्थानीय टैक्सी चालक और आपदा मित्र संदीप कुमार ने समय पर अस्पताल पहुंचाकर प्राथमिक उपचार दिलवाया।

मिली जानकारी के अनुसार पीड़ित परिवार मूल रूप से पंजाब का रहने वाला है, लेकिन वर्तमान में दिल्ली के रोहिणी क्षेत्र में निवास करता है। श्रद्धालु अपने परिवार के साथ माता के दर्शन के लिए जा रहे थे। फिरोजपुर धर्मशाला के समीप अचानक एक युवक को जोरदार चक्कर आया और वह सड़क पर गिर पड़ा, जिससे उसके सिर से खून बहने लगा। घटना के समय वहां से गुजर रहे स्थानीय टैक्सी चालक और आपदा मित्र संदीप कुमार ने परिवार की बदहवास हालत को देखते हुए तुरंत अपनी गाड़ी रोकी। उन्होंने बिना समय गंवाए घायल श्रद्धालु को अपनी टैक्सी के माध्यम से सिविल हॉस्पिटल चिंतपूर्णी पहुंचाया।

पीड़ित के जीजा विशाल ने बताया कि युवक को अचानक चक्कर आया और सिर के बल गिरने से वह लहूलुहान हो गया। उन्होंने संदीप कुमार का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनकी त्वरित मदद से समय पर चिकित्सा सुविधा मिल सकी।

सिविल हॉस्पिटल चिंतपूर्णी में तैनात डॉ. गुलशेर ने बताया कि 'श्रद्धालु को सिर पर चोट लगने के कारण अस्पताल लाया गया था। उन्हें तुरंत प्राथमिक उपचार दिया गया। मरीज की हालत स्थिर होने के बाद उन्हें अस्पताल से छुट्टी दे दी गई है।

## डीएलएड की खाली सीटों के लिए काउंसिलिंग शुरू

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड में प्रदेश के निजी शिक्षण संस्थानों में डीएलएड सत्र 2025-2027 की रिक्त सीटों को भरने के लिए दूसरे चरण की काउंसिलिंग बुधवार से शुरू हुई। प्रथम चरण के बाद अभी भी कुल 697 सीटें खाली हैं। इनमें 321 अनुदानित (सब्सिडाइज्ड) और 376 गैर-अनुदानित (नॉन-सब्सिडाइज्ड) सीटें शामिल हैं, जिन्हें योग्यता सूची के आधार पर भरा जाना है। काउंसिलिंग का प्रथम राउंड 4 से 7 फरवरी तक चलेगा, जिसमें पहले दिन 44 या उससे अधिक अंक वाले अभ्यर्थियों को बुलाया गया है। इसके बाद क्रमश: 41-43, 38-40 और 35-37 अंक प्राप्त करने वाले अभ्यर्थी भाग लेंगे। इसके बाद भी सीटें शेष बचती हैं, तो 10 से 12 फरवरी तक द्वितीय राउंड आयोजित होगा, जिसमें न्यूनतम 27 अंक प्राप्त करने वाले अभ्यर्थियों तक को अपनी दावेदारी पेश करने का अवसर मिलेगा। सीटों का आवंटन योग्यता के आधार पर केवल एक बार ही किया जाएगा, इसलिए अभ्यर्थियों को सलाह दी गई है कि वे संस्थान का चयन सोच-समझकर करें। बोर्ड ने साफ किया है कि यदि सीटें पहले भर जाती हैं, तो काउंसिलिंग प्रक्रिया उसी दिन समाप्त कर दी जाएगी। हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड के सचिव डॉ. मेजर विशाल शर्मा ने बताया कि प्रदेश में निजी संस्थानों की ओर से प्रदेश सरकार के समक्ष आग्रह किया गया था कि काफी सीटें खाली हैं, जिन्हें भरा जाए, जिस पर प्रदेश सरकार के आदेशानुसार, काउंसिलिंग शुरू की गई है।

◆ निजी संस्थानों में 697 सीटों के लिए 12 तक चलेगी काउंसलिंग

## मैक्लोडगंज में बिना वीजा पकड़ा चीनी नागरिक आज कोर्ट में किया जाएगा पेश

अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान फॉलोअप

**मैक्लोडगंज।** पर्यटन नगरी मैक्लोडगंज में बिना वैध भारतीय वीजा के रह रहे एक चीनी नागरिक को वीरवार को अदालत में पेश किया जाएगा। पुलिस इस मामले में गंभीरता से जांच कर रही है और बरामद इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों के माध्यम से कई अहम पहलुओं को खंगाला जा रहा है। जानकारी के अनुसार बीते सोमवार को चीनी नागरिक लू वेननियन धर्मशाला स्थित पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचा था। वह केवल चीनी भाषा में बात कर रहा था और हिंदी या अंग्रेज़ी समझने में असमर्थ था। इस कारण मामले की सूचना तुरंत मैक्लोडगंज थाना पुलिस को दी गई। प्रारंभिक पूछताछ के दौरान वह कोई वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सका, जिससे पुलिस को संदेह हुआ।

बाद में पूछताछ के दौरान उक्त व्यक्ति ने अपना पासपोर्ट प्रस्तुत किया, जिसके आधार पर यह खुलासा हुआ कि वह पिछले करीब 130 दिनों से बिना वैध भारतीय वीजा के भारत में रह रहा था। पुलिस ने इसे विदेशी अधिनियम, 1946 की धारा 14 के तहत दंडनीय अपराध मानते हुए मामला दर्ज किया।

पुलिस ने आरोपी के कब्जे से एक लैपटॉप, दो मोबाइल फोन और एक टैबलेट बरामद किए हैं। इन उपकरणों की तकनीकी व फोरेंसिक जांच कराई जा रही है, ताकि यह पता लगाया जा सके कि वह इतने लंबे समय तक भारत में किस उद्देश्य से ठहरा हुआ था और उसके संपर्क किन-किन लोगों से थे। मंगलवार को चीनी नागरिक को धर्मशाला अदालत में पेश किया गया, जहां से अदालत ने उसे तीन दिन का पुलिस रिमांड दिया। रिमांड अवधि के दौरान पुलिस ने उससे गहन पूछताछ की। अब रिमांड अवधि पूरी होने के बाद बुधवार को उसे पुनः अदालत में पेश किया जाएगा। उधर, एएसपी कांगड़ा बीर बहादुर सिंह ने बताया कि पुलिस मामले के हर पहलू की बारीकी से जांच कर रही है। जांच पूरी होने के बाद तथ्यों के आधार पर आगामी कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

# अब जून माह के बाद जारी होगी दसवीं की मेरिट लिस्ट

◆ मार्च के बाद जून में भी परीक्षा का मौका अंकों में भी सुधार कर पाएंगे परीक्षार्थी

अनंत ज्ञान

**राजेश कुमार, धर्मशाला।** हिमाचल स्कूल शिक्षा बोर्ड द्वारा इस वर्ष दसवीं की मेरिट लिस्ट जून माह के बाद जारी की जाएगी। मार्च की दसवीं के स्टूडेंटस की यदि मार्च की परीक्षा में परफार्मेंस अच्छी नहीं रहती है तो ऐसे स्टूडेंटस के लिए जून में भी परीक्षा का मौका दिया जाएगा। जून की परीक्षा में अच्छे अंक प्राप्त करने वाले परीक्षार्थियों के अंकों को, मार्च में आयोजित परीक्षा में प्राप्त अंकों में जोड़ा जाएगा, ऐसे में स्पष्ट है कि मेधावी स्टूडेंटस मेरिट में स्थान पाने से वंचित न रहें, इसी के चलते बोर्ड ने दसवीं की मेरिट लिस्ट जून के बाद जारी करने का निर्णय लिया है।

गौरतलब है कि इससे पहले दसवीं का परिणाम घोषित होने के साथ ही मेरिट जारी कर दी जाती थी, लेकिन अब दसवीं के परीक्षार्थियों को जून में भी परीक्षा का मौका दिया जा रहा है, उसके चलते जून की परीक्षा उपरांत ही दसवीं की मेरिट जारी की जाएगी। बोर्ड की इस पहल से जून की परीक्षा में अच्छा परफार्म करने वाले परीक्षार्थी भी मेरिट में जगह बना पाएंगे। गौरतलब है कि बोर्ड की इस पहल से वार्षिक परीक्षाओं के समय प्रदेश व राष्ट्रीय स्तर पर खेलने वाले खिलाड़ी, बीमार या अन्य कारणों से मार्च में परीक्षा से वंचित रहने वाले स्टूडेंटस को जून में परीक्षा का मौका मिलेगा। अभी यह पहल दसवीं की परीक्षा में शुरू की गई है।

### क्या कहते हैं बोर्ड सचिव



**बोर्ड** सचिव डॉ. मेजर विशाल शर्मा का कहना है कि मार्च की परीक्षा में दसवीं के परीक्षार्थी को 5 में से 3 विषयों में पास होना होगा, यदि परीक्षार्थी 2 विषयों को पास नहीं कर पाता है तो उसे कम्प्लसरी रिपीट की श्रेणी में डाला जाएगा और ऐसे परीक्षार्थी जून-जुलाई में पुनः परीक्षा दे पाएंगे। यदि दो में से परीक्षार्थी 1 विषय में पास होकर दूसरे में पास नहीं हो पाता है तो उसे कम्पार्टमेंट श्रेणी में डाला जाएगा और उसे कम्पार्टमेंट परीक्षा देने का मौका मिलेगा। पहले 2 विषय पास न करने वाले स्टूडेंट को फेल कर दिया जाता था, लेकिन अब ऐसे स्टूडेंटस को कम्प्लसरी रिपीट की श्रेणी में डालकर जून-जुलाई में पुनः परीक्षा पास करने का मौका मिलेगा। यही नहीं मेधावी स्टूडेंटस जो मार्च की परीक्षा में किन्हीं दो विषयों में प्राप्त अंकों से संतुष्ट नहीं हैं तो ऐसे स्टूडेंटस भी जून में पुनः परीक्षा देकर अंक सुधार कर पाएंगे। ऐसे में दसवीं की मेरिट लिस्ट जून की परीक्षा के बाद ही जारी की जाएगी।

**आस्था** हर घाटी की धुन अलग, वाद्य यंत्रों में झलकता लोक संगीत, बल्ह घाटी के देवताओं के ढोल-नगाड़ों में जोश

# मंडी के शिवरात्रि महोत्सव में वाद्य यंत्रों की गूंज

अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान स्पैशल

**अनिल शर्मा, मंडी।** मंडी शिवरात्रि के दौरान आने वाले जनपद के लोक देवताओं के रथों की बनावट अलग है तो उसी तरह ही देवताओं के साथ चलने वाले बजंतरियों के वाद्य यंत्रों से निकलने वाली ध्वनियां भी अलग-अलग हैं।

वाद्य यंत्रों की धुन से ही इस बात का पता चल जाता है कि देवता किस क्षेत्र से संबंधित है। जैसे सराज, उत्तर साल और चौहरघाटी के देवताओं के वाद्य यंत्रों की ध्वनियों में विविधता के बावजूद कुछ हद तक समानता भी है। इसमें लोक नृत्य के दौरान बजाई जाने वाली लोक धुनों का समावेश बजंतरियों द्वारा किया जाता है जबकि इसके विपरीत बल्ह घाटी के देवी-देवताओं के साथ बजाए जाने वाले वाद्य यंत्रों की लय में जोश और एकरूपता झलकती है। इसमें बजंतरी एक ही लय पर देर तक बजाते हैं। वहीं पर जनपद के बड़ादेव कमरुनाग जी के वाद्ययंत्रों की धुन सबसे अलग है, जिनके आने पर कोई दूर से ही सुनकर बता सकता है कि बड़ादेव कमरुनाग जी का आगमन हो रहा है। वाद्य यंत्रों के बजने का भी एक खास क्रम होता है। वहीं पर क्षेत्र विशेष में अलग-अलग धुनें बजाई जाती है। मंडी जिला की बल्ह घाटी के देवी-देवताओं के वाद्य यंत्रों की धुन में जोश भरा नाद होता है। तो सराज, सनोर-बदार चौहार घाटी के देव वाद्यों की धुनों में संगीत की लय और नृत्य की थिरकन सी होती है... जिसकी धुन पर देवलु और देवता झूमते नाचते हैं। बल्हघाटी के देवी देवताओं को छोड़ कर अन्य घाटियों के देवी-देवता ढोल-नगाड़ों को धुन पर झूमते हैं।

देव वाद्यों में देवध्वनि के रूप में सबसे पहले बाम जो एक विशाल ड्रम की तरह होता है, बजाई जाती है। इसके बाद शहनाई करनाल और रणसिंगा के साथ-साथ ढोल-नगाड़ों के समवेत स्वर उभरते हैं...तब जाकर यह एक देव ध्वनि के रूप में उभरते हैं। हर क्षेत्र के देव वाद्यों की धुन, लय व ताल अलग-अलग होते हैं। जो समय एवं काल अनुसार अलग-अलग ताल में बजाई जाती है। इससे यह भी पता चलता है कि कौन से क्षेत्र में देवता की धुन बज रही तो देवता के मंदिर या भंडार में इस समय कौन सा देवकारज संपन्न हो रहा है।



### महोत्सव के दौरान पड्डल मैदान में वाद्य यंत्र स्पर्धा

**शिवरात्रि** महोत्सव में आने वाले समस्त देवी देवताओं के बजंतरीगण उत्सव के दौरान वाद्ययंत्र वादन की कला का प्रदर्शन करते हैं। जिला भाषा अधिकारी कार्यालय द्वारा प्रधान सर्व देवता कमेटी व अन्य सदस्यों के सहयोग से वाद्य यंत्र प्रतियोगिता का आयोजन किया जाता है। यह प्रतियोगिता प्रातः 11 बजे से सायं 5 बजे तक पड्डल मैदान में आयोजित की जाती है। इस प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान हासिल करने वाले बजंतरियों को मेले के अंतिम दिन समापन समारोह में राज्यपाल द्वारा पुरस्कार राशि व प्रमाण पत्र प्रदान किए जाते हैं।

### बजंतरियों के बिना नहीं चलते देवी-देवता

**देव** परंपरा में बजंतरियों का महत्वपूर्ण स्थान है। देवता बजतंरियों के बिना एक कदम भी नहीं चलते हैं। वाद्य यंत्रों की लोकधुनों पर जहां देवलू नाचते हैं तो देवता भी झूमने लगते हैं। देवताओं के रुठने मानने देव खेल, यात्रा पर निकलने, पड़ाव पर पहुंचने और भंडारने आदि के अलग-अलग संकेत देव ध्वनियों के माध्यम से ही किये जाते हैं। देवता और बजंतरी का रिश्ता अटूट है। दोनों ही एक-दूसरे के पूरक हैं। देवता है तो बजंतरी भी हैं। देव परंपरा के अनुसार देवता का कोई भी कारज वाद्य यंत्रों की धुन के बिना पूरा नहीं होता है।

### चांदी, तांबा और पीतल से बनते हैं वाद्ययंत्र

**देवी-देवताओं** के साथ बजाए जाने वाले वाद्य यंत्रों को देव वाद्य कहा जाता हे। जिनमें ढोल, नगाड़े के अलावा करनाल, रणसिंगा, काहल, फड़ी और षहनाई प्रमुख हैं। इनमें ढोल-नगाड़े के खोल पितल से बनते हैं। जिनमें नगाड़े पर भैंस का मोटा चमड़ा, तो ढोल पर बकरे की खाल लगाई जाती है, जबकि करनाल चांदी, पितल तथा रणसिंगा चांदी और तांबे से बनाए जाते हैं। वहीं षहनाई अक्सर लकड़ी की बनी होती है, मगर उस पर चांदी की परत भी चढ़ाई जाती है।

## न्यूज ब्रीफ

### रवि के प्रदेश किसान कांग्रेस अध्यक्ष बनने पर दी बधाई



**अनंत ज्ञान, भरमौर।** जिला किसान कांग्रेस चंबा की कार्यकारिणी ने रवि शर्मा को प्रदेश किसान कांग्रेस का अध्यक्ष नियुक्त किए जाने पर शुभकामनाएं दी हैं। जिला किसान कांग्रेस का कहना है कि रवि शर्मा के नेतृत्व में प्रदेश के किसानों और बागवानों के हक व अधिकारों की लड़ाई को नई दिशा और मजबूती मिलेगी। कार्यकारिणी ने विश्वास जताया कि अपने लंबे संगठनात्मक अनुभव, मजबूत जमीनी पकड़ और किसान हितैषी सोच के बल पर रवि शर्मा किसान कांग्रेस को एक सशक्त जनआंदोलन के रूप में स्थापित करेंगे। जिला किसान कांग्रेस के महासचिव सुरेश शर्मा ने बताया कि रवि शर्मा सोलन जिले के नालागढ़ क्षेत्र से संबंध रखते हैं और पूर्व में प्रदेश किसान कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष रह चुके हैं।

### कैंसर के लक्षणों और रोकथाम की दी जानकारी




**अनंत ज्ञान, चंबा।** जिला स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग चंबा ने विश्व कैंसर दिवस के अवसर पर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र चनेड में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम में आमजन को कैंसर के कारणों, लक्षणों, रोकथाम और उपचार प्रक्रिया के बारे में जानकारी दी गई। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. जालम भारद्वाज ने कहा कि कैंसर केवल एक बीमारी नहीं बल्कि पूरे परिवार और समाज पर गंभीर प्रभाव डालता है। उन्होंने लोगों से नियमित स्वास्थ्य जांच कराने, स्वस्थ जीवनशैली अपनाने और तंबाकू व अल्कोहल से दूर रहने का आह्वान किया। डॉ. करण हितेषी ने प्रशिक्षु डॉक्टरों को संबोधित करते हुए 30 वर्ष से अधिक आयु के लोगों को समय-समय पर स्वास्थ्य जांच कराने पर जोर दिया। मुख्यमंत्री निरोग योजना के तहत 18 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के लोगों की स्क्रीनिंग की जा रही है। डॉ. शोहेल और दीपक जोशी भी कार्यक्रम में उपस्थित

### लेक फेस्टिवल तलेरू 20 से, निविदाएं आमंत्रित

**अनंत ज्ञान, चंबा।** उप मंडलाधिकारी (ना0), सलूणी की ओर से तलेरू बोटिंग प्वॉइंट में 20 से 22 फरवरी तक विंटर लेक फेस्टिवल का आयोजन किया जाएगा, जिसका उद्देश्य सलूणी क्षेत्र को पर्यटन के रूप में प्रोत्साहित करना है। इस संदर्भ में मंच/पंडाल, ऑर्केस्ट्रा, साउंड सिस्टम एवं एलइडी स्क्रीन आदि व्यवस्थाओं के लिए निविदाएं आमंत्रित की जा रहीं हैं। इच्छुक निविदा आवेदन प्रपत्र उप-मंडलाधिकारी कार्यालय, सलूणी से कार्यालय समय में प्राप्त कर सकते हैं और 13 फरवरी तक सुबह 10:30 बजे तक आवेदन कर सकते हैं।

### गरीब लड़की की शादी को दी सहायता

**अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां।** राष्ट्रीय हिंदू शक्ति संगठन नगरोटा बगवां जिला कांगड़ा हिमाचल प्रदेश के अध्यक्ष गुरवंश सपहिया और उनके पदाधिकारियों के सहयोग से कालीजन निवासी गरीब लड़की की शादी में 11000 रुपए का चैक और चावल साथ में कपड़े भी दिए। इसमें शामिल ओम प्रकाश, अरिन चौधरी, राकेश शर्मा, पवन कुमार, हरनाम सिंह, शारदा देवी, रत्न धनोटिया, सुनील कुमार, जितेंद्र धीमान, सपना शर्मा, मनोज सेठी, मोहित धीमान, मदन कटोच, सुरेंद्र वालिया इत्यादि शामिल थे।

### तंबाकू नियंत्रण पर प्रशिक्षण शिविर आयोजित

**अनंत ज्ञान, चंबा।** स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग द्वारा राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत चिकित्सा अधिकारियों के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. जालम भारद्वाज ने की। शिविर में चिकित्सा अधिकारियों को कोटपा एक्ट और तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के महत्व, उद्देश्यों और प्रभावी क्रियान्वयन के तरीकों की जानकारी दी गई। तंबाकू सेवन के दुष्प्रभाव, स्वास्थ्य पर इसके असर और इसे छोड़ने के उपायों पर चर्चा की गई। जिला कार्यक्रम अधिकारी डॉ. करण हितेषी ने तंबाकू मुक्त स्कूल, तंबाकू मुक्त गांव और सेल ऑफ लूज सिगरेट एक्ट, 2016 पर भी विस्तार से जानकारी दी। इस अवसर पर डॉ. कविता महाजन, डॉ. सोहेल अहमद चौधरी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# लंबित कार्यों में लाएं तेजी और निर्धारित समयसीमा के भीतर करें पूरा : डीसी

## विधायक प्राथमिकताओं से संबंधित कार्यों की प्रगति पर समीक्षा बैठक में दिए निर्देश

अनंत ज्ञान

**चंबा।** डीसी मुकेश रेपसवाल की अध्यक्षता में जिले से संबंधित विधायक प्राथमिकताओं के संबंध में पूर्व में आयोजित बैठक की कार्रवाई पर की गई कार्रवाई रिपोर्ट की समीक्षा को लेकर बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक में विधायक प्राथमिकताओं के अंतर्गत विभिन्न विभागों द्वारा अब तक किए गए कार्यों की विस्तृत समीक्षा की गई। विशेष रूप से चंबा शहर में यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ करने, पार्किंग सुविधाओं के निर्माण, पंडित जवाहरलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज चंबा में फर्नीचर एवं स्वास्थ्य उपकरणों की स्थापना, रेडियोलॉजिस्ट के पदों को भरने,



समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते डीसी। अनंत ज्ञान

जिले को धार्मिक पर्यटन क्षेत्र के रूप में विकसित करने, चुवाड़ी से चंबा के मध्य प्रस्तावित टनल परियोजना, खजियार में साहसिक खेल गतिविधियों को बढ़ावा देने, चंबा में इंडोर खेल स्टेडियम एवं लघु सचिवालय के निर्माण कार्यों की प्रगति तथा ग्रामीण क्षेत्रों में सड़कों के सुधार कार्यों आदि की उपायुक्त द्वारा समीक्षा की गई। उपायुक्त ने संबंधित विभागों को लंबित कार्यों में तेजी लाने तथा निर्धारित समयसीमा के भीतर कार्यों को पूर्ण करने के निर्देश दिए। बैठक में अतिरिक्त उपायुक्त अमित मैहरा, वन मंडल अधिकारी कृतज्ञ कुमार, जिला योजना अधिकारी जीवन कुमार, लोक निर्माण विभाग के सहायक अभियंता दिनेश सहित अन्य विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

### पंचायत निर्वाचन क्षेत्रों की मतदाता सूचियों का अंतिम प्रकाशन

**अनंत ज्ञान, चंबा।** उपायुक्त मुकेश रेपसवाल ने बताया कि राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिले की समस्त पंचायतों के निर्वाचन क्षेत्रों की मतदाता सूचियों का अंतिम प्रकाशन कर दिया गया है। प्रारूप मतदाता सूचियां 6 अक्तूबर 2025 को प्रकाशित की गई थीं, जिन पर प्राप्त दावों व आपत्तियों के निपटारे के बाद पंचायतीराज (निर्वाचन) नियम, 1994 के तहत अंतिम प्रकाशन किया गया। मतदाता सूचियां संबंधित कार्यालयों में निःशुल्क निरीक्षण हेतु उपलब्ध हैं। जिन मतदाताओं के नाम सूची में नहीं हैं, वे 2 रुपए शुल्क के साथ आवेदन कर सकते हैं।

### किलोड पंचायत के गांव रोड सुविधा से वंचित, लोगों ने डीसी को सौंपा मांग पत्र

अनंत ज्ञान

**धरवाला।** विकास खंड मैहला के तहत किलोड पंचायत के एक दर्जन गांव रोड सुविधा से वंचित हैं। लोगों राकेश, योगराज, राजेंद्र, अमित, मुकेश, महेंद्र, सुमित, सुशील इत्यादि लोगों ने अपनी समस्या से अवगत करवाते हुए एक मांग पत्र उपायुक्त चंबा सौंपा है। लोगों का कहना है कि प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के तहत हाल ही में हुए पंचायत किलोड बतोटू से वाया सेरी सर्वे में गांव कोकडा,किलोड भामल, फाट, लुहारका, चडोग, अमलूथा, बनाडी, लिंगरू, फैइला , मऊआ, डिब्बर नागवन, बासुकी नाग मंदिर कंडा इत्यादि एक दर्जन से ज्यादा गांव रोड सुविधा से मेहरूम हैं। लोगों का कहना है कि तकरीबन यहां 1500 के आसपास की आबादी रहती है और अपनी निजी भूमि सड़क के लिए दान की है परंतु उस सड़क का सर्वे महज एक ही गांव सेरी के लिए किया गया।

लोगों ने मांग की है कि उपरोक्त गांव का दोबारा सर्वे करवा कर गांव कोकड़ा से सेरी वाया भामल वासुकी नाग मंदिर तक सड़क पहुंचाई जाए, ताकि छूटे हुए गांव को भी सड़क सुविधा का लाभ मिल सके।

### डीसी ने की ग्रामीण विकास योजनाओं की समीक्षा

**अनंत ज्ञान, चंबा।** उपायुक्त मुकेश रेपसवाल ने ग्रामीण विकास विभाग की विभिन्न योजनाओं की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए 15वें वित्त आयोग के तहत स्वीकृत अनुपयोगी बजट और अब तक शुरू नहीं होने वाले कार्यों की सूची जल्द उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने खंड विकास अधिकारियों को नए मस्टररोल कार्य जारी न करने, कार्यों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने और उपयोगिता प्रमाण पत्र प्रेषित करने का भी निर्देश दिया। प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण 2025-26 के अस्वीकृत मामलों का पुनः सत्यापन तथा 2024-25 के पूर्ण आवास मामलों की जियो टैगिंग शीघ्र पूर्ण करने को कहा। 105 स्कूलों में बाला फीचर निर्माण की समीक्षा कर संबंधित अधिकारियों को 9 फरवरी तक प्रेजेंटेशन देने और आवश्यक मरम्मत सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए।

# अंतरराज्यीय हॉकी गोल्ड कप गुरदासपुर के लिए चंबा के 18 खिलाड़ी चयनित

## जिला हॉकी संघ और हॉकी खिलाड़ियों की संयुक्त बैठक में किए सिलेक्ट



सेवानिवृत्ति के बाद हॉकी के प्रति समर्पित मुकेश बेदी बने युवाओं की प्रेरणा। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**राहुल सहगल, चंबा।** जिला हॉकी संघ चंबा के समस्त सदस्यों एवं हॉकी खिलाड़ियों की संयुक्त बैठक का आयोजन सर्किट हाउस चंबा में किया गया। बैठक की अध्यक्षता जिला हॉकी संघ के महासचिव मुकेश बेदी ने की। बैठक में 5 फरवरी से गुरदासपुर (पंजाब) में आयोजित होने वाली अंतरराज्यीय हॉकी गोल्ड कप गुरदासपुर-2026 प्रतियोगिता को लेकर चर्चा की गई। विचार-विमर्श के उपरांत प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए 18 प्रतिभाशाली खिलाड़ियों का चयन किया गया। चयनित खिलाड़ी 5 फरवरी को गुरदासपुर के लिए प्रस्थान करेंगे। महासचिव मुकेश बेदी ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि उन्होंने अपनी सरकारी सेवा से सेवानिवृत्त होने के पश्चात भी एक ही जुनून के साथ स्वयं को हॉकी के विकास के लिए समर्पित कर दिया है। उन्होंने कहा कि हॉकी ने मुझे जीवन में बहुत कुछ दिया है, अब मेरा समय है कि मैं हॉकी को कुछ दे सकूं। उनके इस समर्पण और सोच ने उपस्थित खिलाड़ियों में नया उत्साह और आत्मविश्वास भर दिया। उन्होंने कहा कि उन्हें न केवल आशा है, बल्कि पूर्ण विश्वास है कि चंबा जिले के होनहार खिलाड़ी इस अंतरराज्यीय प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन कर जिला चंबा का नाम राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर रोशन करेंगे। बैठक में जयराज, विकास जमदगनी, अनिल मिन्हास, राकेश कुमार, अक्षय कुमार, पंकज पुरी सहित जिला हॉकी संघ के अन्य सदस्य एवं खिलाड़ी उपस्थित रहे।

### सामाजिक सुरक्षा पेंशन के लिए ई-केवाईसी अनिवार्य 15 फरवरी अंतिम तिथि

**अनंत ज्ञान, फतेहपुर।** सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग ने स्पष्ट किया कि सामाजिक सुरक्षा पेंशन का लाभ केवल पात्र लाभार्थियों को ही मिलेगा और इसके लिए ई-केवाईसी प्रक्रिया अनिवार्य है। विभाग के अनुसार 31 जनवरी तक ई-केवाईसी न कराने वाले लाभार्थियों की पेंशन अस्थायी रूप से रोक दी गई थी, जबकि 15 फरवरी अंतिम तिथि निर्धारित की गई है। इस तिथि के बाद सत्यापन न होने पर पेंशन स्थायी रूप से बंद कर दी जाएगी। विभाग ने बताया कि पेंशन राशि का भुगतान सीधे बैंक या डाकघर खातों में पारदर्शी तरीके से किया जा रहा है, और इसके लिए मोबाइल ऐप के माध्यम से ऑनलाइन सत्यापन कराया जा रहा है। यह अभियान जुलाई 2025 से जिला एवं तहसील कल्याण अधिकारियों के साथ आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के सहयोग से चल रहा है, ताकि कोई भी पात्र व्यक्ति लाभ से वंचित न रहे। तहसील कल्याण अधिकारी फतेहपुर अनुप सिंह ने सभी पेंशनधारकों से अपील की है कि वे आवश्यक दस्तावेजों के साथ 15 फरवरी 2026 से पहले ई-केवाईसी करवा लें, अन्यथा उनकी पेंशन स्थायी रूप से बंद कर दी जाएगी।

### चंबा राड़ी बस रूट बहाल, जगह जगह से हटाया जा रहा मलबा



चूड़ी-राड़ी मार्ग पर मलबे को हटाती जेसीबी मशीन। अनंत ज्ञान

अनत ज्ञान

**देशराज कश्यप, धरवाला।** चूड़ी राड़ी सड़क पर पिछले कई महीनों से जगह-जगह मलबे के ढेर को हटा दिया गया है, जिससे वाहन चालकों ने राहत की सांस ली है। पिछले कई महीनों से वाहन चालकों व राहगीरों को भारी दिक्कतें पेश आ रही थीं।

संकरे मोड ऐसे थे, जहां गाड़ी बार-बार रिवर्स करनी पड़ती थी, जिससे वाहन चालकों के पसीने छूट जाते थे। लोगों का कहना है कि चूड़ी राडी सड़क पर जगह-जगह लगे मलबे के ढेर हटाए जाने से वाहन चालकों व राहगीरों का सफर सुगम हो पाएगा। वहीं, लगभग बीते दो बरसों से बंद पड़े हिमाचल पथ परिवहन निगम का चंबा राड़ी रूट पर फिर से बस चलने से लोगों को काफी राहत मिलेगी। स्थानीय लोगों को भारी भरकम किराया खर्च कर चंबा पहुंचना पड़ता था। वहीं, स्कूल कॉलेज आईटीआई व अन्य संसाधनों में पढ़ने वाले बच्चों को भी काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता था। चूड़ी राडी सड़क पर की जा रही साफ-सफाई वह बंद पड़े बस रूट को सुचारु रूप से चलाने के लिए स्थानीय लोगों ने एपीएमसी अध्यक्ष ललित ठाकुर का आभार व्यक्त किया है।

# जाति आधार पर दिया आरक्षण भारत की सबसे बड़ी समस्या : शांता

अनंत ज्ञान

◆ बोले- कुछ नेताओ के अहम के कारण भारत का समाज टूटा था

**ब्यूरो, धर्मशाला।** पूर्व मुख्यमंत्री शांता कुमार ने कहा कि यूजीसी की ओर से नया नियम बनाने पर माननीय सर्वोच्च न्यायालय ने बड़ी महत्वपूर्ण टिप्पणी की है और उस नियम पर अभी रोक लगा दी है।

उन्होंने कहा कि सर्वोच्च न्यायालय ने कहा कि यह नियम पीछे की तरफ जाने वाला है, भारत तो जाति विहीन समाज की रचना करना चाहता है।

शांता कुमार ने कहा कि यह इतिहास का कड़वा सच है कि जिस समाज ने वेद और उपनिषदों की रचनाकर के विश्व को सबसे बड़ा आध्यात्मिक ज्ञान दिया, वही समाज बाद में सदियों तक विदेशियों की गुलामी करता रहा। इतिहास की कड़वी सच्चाई यह है कि समाज जातियों में बंटा, अपने ही समाज ने लोगों को अछूत कहकर दुत्कारा जिनको बाहर से आए विदेशियों ने गले लगाया। केवल और केवल जातिवाद और कुछ नेताओं के अहम के कारण भारत का समाज टूटा था और सदियों तक गुलामी में रहना पड़ा था। शांता कुमार ने कहा कि भारत की सबसे बड़ी समस्या यह है कि जाति आधार पर आरक्षण दिया गया, जिससे जातिवाद और अधिक मजबूत हुआ। सर्वोच्च न्यायालय तीन बार आरक्षित जातियों में क्रीमी लेयर को निकालने की बात कर चुका है। आरक्षण का लाभ प्रभावशाली लोग उठा रहे हैं।

# सीबीएसई शिक्षा अपनाने के लिए भेजे 30 सुझाव

अनंत ज्ञान

◆ मुख्य सचिव ने शिक्षा सचिव को भेजा सीबीएसई मामला

**ब्यूरो, धर्मशाला।** सीबीएसई शिक्षा सरकारी स्कूलों में शुरू करने बारे भेजे 30 सूत्री ज्ञापन पर मुख्य सचिव ने कार्रवाई की है। 2 फरवरी, 2026 को राजकीय टीजीटी कला संघ के इस ज्ञापन को मुख्य सचिव को भेजा था, जिसे मुख्य सचिव ने उसी दिन शिक्षा सचिव को भेज दिया था। संघ के प्रदेश महासचिव विजय हीर ने कहा कि संघ ने इस मामले में नवंबर और दिसंबर माह में भी सुझाव सरकार की दिए थे।

इस 30 सूत्री ज्ञापन में सीबीएसई स्कूलों में योग्य एवं अनुभवी अध्यापकों को पारदर्शी प्रक्रिया के तहत अवसर देने के लिए कैबिनेट, शिक्षा प्रशासन, शिक्षक संगठनों के सुझाव लेने, डे-बोर्डिंग स्कूलों को भी सीबीएसई से जोड़ने, मानक पूरे न होने की स्थिति में एक सत्र तक प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड के तहत पढ़ाई जारी रखने, गणित और अंग्रेजी विषयों में अनुभव आधारित सेवारत शिक्षकों से भर्ती व्यवस्था पर विचार करने, चयन आयोग की ओर से जारी भर्ती विज्ञापन में टीईटी या सीटीईटी को अनिवार्य योग्यता बनाने पर भी जोर दिया गया है। आंध्र के फेल साबित हुए सीबीएसई मॉडल की गलतियां प्रदेश में नहीं दोहराने, सीबीएसई में परिवर्तित होने वाले स्कूलों के आसपास अन्य सरकारी स्कूल बंद न किए जाने, कार्यरत अध्यापकों की वरिष्ठता, पदोन्नति और सेवा शर्तों की सुरक्षा सुनिश्चित करने, उपप्रधानाचार्य के पद सृजित करने, मेधावी शिक्षकों को प्रोत्साहन देने तथा सीबीएसई उप-संवर्ग के लिए स्पष्ट दिशा-निर्देश तय करने, आरटीई अधिनियम के तहत प्राथमिक स्तर तक निःशुल्क शिक्षा, कमजोर वर्गों के लिए 25 प्रतिशत सीट आरक्षण इन स्कूलों में लागू करने, न्यूनतम शुल्क संरचना, समय पर पाठ्य-पुस्तकों, ड्रेस और प्रोस्पेक्टस की उपलब्धता, प्रवेश मानदंडों की पूर्व घोषणा तथा कक्षा 6 से जीवन कौशल, व्यावसायिक शिक्षा, भर्ती पदोन्नति प्रक्रियाएं आदि सभी स्कूलों में 15 अप्रैल से पहले पूर्ण करने जैसे बिंदु भी शामिल हैं।

### धर्मगुरु दलाई लामा को ग्रैमी अवॉर्ड मिलने पर तिब्बती समुदाय खुश

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** तिब्बत धर्मगुरु 14वें दलाई लामा को प्रतिष्ठित ग्रैमी अवॉर्ड मिलने पर तिब्बती समुदाय में खुशी और गर्व का माहौल है। दुनिया में बढ़ते तनाव और अशांति के बीच करुणा, अहिंसा और भाईचारे का संदेश देने वाले दलाई लामा को मिला यह सम्मान इंसानियत की जीत के रूप में देखा जा रहा है। निर्वासित तिब्बत सरकार की डिप्टी स्पीकर डोल्मा शरिंग तेखंग ने कहा कि दलाई लामा का अहिंसा का मार्ग चीन को स्वीकार नहीं है, क्योंकि इससे चीन द्वारा तिब्बत में किए जा रहे मानवाधिकार उल्लंघन उजागर हो रहे हैं। निर्वासित तिब्बत सरकार के सांसद शरिंग यांगचन ने इसे पूरे तिब्बती समुदाय के लिए गर्व का क्षण बताया और कहा कि दलाई लामा की बढ़ती लोकप्रियता चीन की चिंता का कारण बन रही है।

**ओएसए ने दी बधाई:** ओल्ड स्टूडेंट्स एसोसिएशन धर्मशाला कालेज के अध्यक्ष संजीव गांधी ने दलाई लामा को 90 वर्ष की आयु में स्पोकन-वर्ड एल्बम के लिए ग्रैमी पुरस्कार प्राप्त करने पर बधाई दी है। उन्होंने कहा इस उपलब्धि से धर्मशाला और हिमाचल को वैश्विक स्तर पर विशेष पहचान मिली है, जहां दलाईलामा कई दशकों से निवास कर रहे हैं। पुरस्कार प्राप्त एल्बम में दलाईलामा के रिकार्डेड आध्यात्मिक विचारों को समकालीन आर्केस्ट्रा संगीत के साथ प्रस्तुत किया गया है।

### आर्यभट्ट गणित प्रतियोगिता में तृप्ता स्कूल के छात्र समर्थ ने टॉप श्रेणी में बनाया स्थान



स्कूल के चेयरमैन वरिंद्र और प्रधानाचार्य राकेश राणा ने दी बधाई। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**जवाली।** तृप्ता पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल चलवाड़ा के कक्षा दसवीं के छात्र समर्थ डढवाल ने सीबीएससी की ओर से आयोजित आर्यभट्ट गणित चैलेंज में पंचकूला रीजन में टॉप श्रेणी में स्थान बनाया है। प्रतियोगिता में पंचकूला रीजन से पंजाब, हरियाणा, जम्मू-कश्मीर और हिमाचल प्रदेश के बच्चों ने भाग लिया।

इसमें दसवीं कक्षा के छात्र समर्थ ने टॉप श्रेणी में अपना स्थान बनाकर पूरे प्रदेश और जवाली क्षेत्र का नाम रोशन किया है। यह उपलब्धि तृप्ता पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल चलवाड़ा के अध्यापकों प्रधानाचार्य राकेश राणा और विद्यालय चेयरमैन वरिंद्र नरियाल और मैनेजमेंट कमेटी बधाई के पात्र हैं। इस उपलक्ष्य पर विद्यालय चेयरमैन वरिंद्र नरियाल और विद्यालय प्रधानाचार्य राकेश राणा ने समर्थ डडवाल और उसके माता पिता को इस उपलब्धि के लिए बहुत बहुत बधाई शुभकामनाएं दी है। विद्यालय चेयरमैन वरिंद्र नरियाल और विद्यालय प्रधानाचार्य राकेश राणा ने अपने संदेश में कहा है कि समर्थ डढवाल बहुत होनहार और मेहनती छात्र है और उन्हें उसे बधाई देते हुए उसके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

### राष्ट्रपति पुरस्कार विजेता नवनीत ने चंबा में कनेक्टिविटी सुधार पर जोर दिया

**अनंत ज्ञान, चंबा।** राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित नवनीत चौफला ने चंबा जिले की पुरानी और जटिल कनेक्टिविटी समस्या को लेकर केंद्र एवं प्रदेश सरकार का ध्यान आकर्षित किया। उन्होंने कहा कि 2026-27 के बजट में सी-प्लेन सेवाओं का उल्लेख किया गया है और इच्छाशक्ति दिखाने पर चंबा इसे सबसे अधिक लाभ उठाने वाला जिला बना सकता है। नवनीत चौफला ने बताया कि सुरंग परियोजनाओं में कम से कम 5-10 वर्ष लग सकते हैं, इसलिए तत्काल समाधान के रूप में सी-प्लेन और हेली टैक्सी सेवा जरूरी है। उन्होंने प्रस्ताव रखा कि चमेरा झील में सी-प्लेन लैंडिंग शुरू कर पूरे हिमाचल के प्रमुख जल क्षेत्रों को जोड़कर पर्यटन, व्यापार, आपदा प्रबंधन और आपातकालीन सेवाओं को मजबूत किया जाए। उन्होंने कहा कि यह केवल कनेक्टिविटी का मुद्दा नहीं, बल्कि चंबा के सम्मान और विकास का सवाल है। नवनीत ने सरकार से अपील की कि नीति निर्माण और क्रियान्वयन को तुरंत धरातल पर उतारा जाए।

# केंद्र ने 49 हजार करोड़ का हक छीनकर हिमाचल की पीठ में घोंपा छुरा : भंडारी

अनंत ज्ञान

◆ कहा- सुक्खू सरकार की प्रशासनिक लाचारी के बीच पिस रहा हिमाचल

**ब्यूरो, धर्मशाला।** आम आदमी पार्टी के राज्य समन्वयन समिति के सदस्य व कांगड़ा जिला के मीडिया प्रभारी कल्याण भंडारी ने कहा कि 'आप' भाजपा सरकार द्वारा हिमाचल प्रदेश की आर्थिक घेराबंदी किए जाने की कड़े शब्दों में निंदा करती है। केंद्र सरकार ने 16वें वित्त आयोग में अनुमानित 49,000 करोड़ रुपए की राज्य को उसके जायज हक की मिलने वाली राजस्व घाटा अनुदान राशि को पूरी तरह समाप्त कर हिमाचल की पीठ में छुरा घोंपा है। यह न केवल संघीय ढांचे का अपमान है, बल्कि पहाड़ की जनता के अस्तित्व पर सीधा प्रहार है।



मैदानी राज्यों के लिए केंद्र की तिजोरी हमेशा खुली रहती है, लेकिन हिमाचल की बिजली, पानी और संसाधनों के बदले हमें आज भी ठेंगा क्यों दिखाया जा रहा है, शानन विद्युत परियोजना और पंजाब पुनर्गठन के समय से चले आ रहे हमारे अधिकारों को भाजपा ने दिल्ली की सत्ता के अहंकार में रौंद दिया है। केंद्र सरकार ने हिमाचल की आर्थिक हजामत करने में कोई कसर नहीं छोड़ी है।

वर्ष 2023 की आपदा में प्रदेश में भयंकर तबाही की नाममात्र आर्थिक राहत को दो साल बाद जारी किया। हिमाचल सरकार एक तरफ खजाना खाली होने का रोना रोती है और दूसरी तरफ फिजूलखर्ची के कूड़ेदान भरने में लगी है। भंडारी ने जहां राज्य सरकार के केंद्र सरकार के आर्थिक प्रहार के संबंध में कैबिनेट बैठक और एक दिवसीय विधानसभा सत्र आयोजित करने के कदम का स्वागत किया है।

# गुरु परंपरा को एक सतत विचारधारा के रूप में समझने की आवश्यकता : प्रो. अग्निहोत्री

## सीयू धर्मशाला में गुरु तेग बहादुर जी पर दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी का समापन

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय धर्मशाला के पंजाबी एवं डोगरी विभाग द्वारा भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएसएसआर), नई दिल्ली के तत्वावधान एवं सौजन्य से श्री गुरु तेग बहादुर जी: जीवन, वाणी और शहादत विषय पर आयोजित दो-दिवसीय अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी संपन्न हो गई। संगोष्ठी का आयोजन सीयू के सभागार धौलाधार परिसर 1 में किया गया।

समापन पर मुख्य अतिथि के रूप में प्रो. कुलदीप चंद अग्निहोत्री (उपाध्यक्ष, हरियाणा साहित्य एवं संस्कृति अकादमी, पंचकूला) मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने धर्म, राजधर्म और गुरु परंपरा के ऐतिहासिक व समकालीन महत्व पर विस्तार से विचार रखे। उन्होंने कहा कि गुरु परंपरा को एक सतत विचारधारा के रूप में समझने की आवश्यकता है। ऑफलाइन सत्र के प्रथम सत्र की अध्यक्षता डॉ. मनमोहन (प्रोफेसर आफ प्रेक्टिसिस, गुरु नानक देव यूनिवर्सिटी, अमृतसर) ने की।



गुरु परंपरा के ऐतिहासिक महत्व पर रखे विचार। अनंत ज्ञान

उन्होंने रेखांकित किया गया कि गुरु तेग बहादुर जी का संपूर्ण चिंतन गुरु नानक देव जी द्वारा स्थापित मानवीय मूल्यों की परंपरा से जुड़ा हुआ था। द्वितीय सत्र की अध्यक्षता प्रो. सोहिंदरबीर (पूर्व-आचार्य, गुरु नानक देव यूनिवर्सिटी, अमृतसर) ने की। इन दो दिनों में प्रस्तुत शोध पत्रों के बारे में विचार-विमर्श किया। इन्होंने अपने वक्तव्य का समापन अपनी कविता के साथ किया। तृतीय सत्र की अध्यक्षता प्रो. जगबीर सिंह की। उन्होंने गुरु तेग बहादुर जी के जीवन-दर्शन, उनके नैतिक मूल्यों और मानवता के प्रति उनके दृष्टिकोण का विस्तृत विवेचन किया। उन्होंने कहा कि इतिहास को भूलना अपनी जड़ों से कटने जैसा है। हमारी जड़ें ही हमें भविष्य की दिशा दिखाती हैं। गुरु तेग बहादुर जी को समझने के लिए हमें उनसे पहले के ऐतिहासिक संदर्भों और विशेष रूप से गुरु नानक देव जी के युग को समझना अनिवार्य है।

### अब फतेहपुर के विधायक के निशाने पर अधिकारी

# जनता के काम रोकने वाले अधिकारी नहीं होंगे बर्दाश्त : भवानी पठानिया

**रविंद्र चौधरी, अनंत ज्ञान, फतेहपुर।** प्रदेश में विकास कार्यों में बाधा डालने वाले अधिकारियों के खिलाफ सरकार और जनप्रतिनिधियों का रुख लगातार सख्त होता जा रहा है। लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह और आयुष मंत्री योगिंद्र गोमां के बयानों के बाद अब फतेहपुर के विधायक एवं राज्य योजना बोर्ड के उपाध्यक्ष (कैबिनेट रैंक) भवानी सिंह पठानिया ने भी ऐसे अधिकारियों पर खुलकर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि जनता के हित के काम रोकने वाले अधिकारियों को किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। फतेहपुर में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान विधायक भवानी पठानिया ने बिना नाम लिए वर्ष 2023 में तैनात रहे एक अधिकारी को आड़े हाथों लिया। उन्होंने कहा कि प्रशासन में कुछ अधिकारी सरकार की नीतियों और जनभावनाओं के अनुरूप काम करते हैं, जबकि कुछ अधिकारी विकास कार्यों को रोकने में लगे रहते हैं। विधायक के अनुसार मुख्यमंत्री की घोषणा के बावजूद बस अड्डे की घोषणा से लेकर शिलान्यास तक उन्हें असाधारण परेशानियों का सामना करना पड़ा। भवानी ने कहा कि फतेहपुर बस अड्डे के निर्माण को रोकने के लिए संबंधित अधिकारी द्वारा हरसंभव प्रयास किए गए, लेकिन जनता के हित में होने वाले कार्यों को कोई नहीं रोक सकता। आज बस अड्डे का निर्माण शुरू होना इस बात का प्रमाण है कि अंततः जनहित की जीत होती है। उन्होंने संकेत दिए कि यदि जनप्रतिनिधियों की वैध भूमिका और जनता के फैसलों की अनदेखी की गई, तो ऐसे मामलों में सख्त कार्रवाई तय है।



# शिक्षा बोर्ड शुरू करेगा मिशन सुधार, पूर्व कर्मियों के सुझावों से व्यवस्था होगी पारदर्शी

अनंत ज्ञान

◆ धर्मशाला में 18 को आयोजित होगा विशेष संवाद सम्मेलन

**ब्यूरो, धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड की कार्यप्रणाली को अधिक प्रभावी और पारदर्शी बनाने के लिए बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा ने एक नई पहल की है।

बोर्ड अब अपनी व्यवस्थाओं को सुदृढ़ करने के लिए अपने पूर्व अधिकारियों और सेवानिवृत्त कर्मचारियों के दशकों पुराने अनुभवों का लाभ उठाएगा। इसी उद्देश्य से शिक्षा बोर्ड की ओर से सेवानिवृत्त अधिकारियों एवं पेंशनर्स के साथ एक विशेष संवाद एवं विचार-विमर्श कार्यक्रम 18 फरवरी 2026 को 11 बजे आयोजित किया जा रहा है। सेवानिवृत्ति के पश्चात भी अधिकारियों एवं कर्मचारियों के पास शिक्षा प्रणाली से जुड़े गहरे अनुभव और महत्वपूर्ण सुझाव होते हैं। इन सुझावों का उपयोग बोर्ड की कार्यप्रणाली को अधिक प्रभावी, पारदर्शी और जनहितकारी बनाने में किया जाएगा।

इस संवाद कार्यक्रम का एक अन्य मुख्य उद्देश्य सेवानिवृत्त अधिकारियों एवं पेंशनर्स की समस्याओं को समझना और प्रशासनिक स्तर पर उनके समाधान हेतु सकारात्मक पहल करना है। बोर्ड प्रशासन की मानें तो बोर्ड कर्मचारियों और पेंशनर्स से जुड़े मुद्दों को प्राथमिकता के आधार पर हल करने का प्रयास किया जाएगा। यदि आवश्यकता पड़ी, तो संबंधित विषयों को प्रदेश सरकार के समक्ष भी प्रभावी ढंग से रखा जाएगा।

> **शिक्षा** बोर्ड की 55 वर्षों की गौरवशाली यात्रा में सेवानिवृत्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों का अमूल्य योगदान रहा है। उनके अनुभव वर्तमान शिक्षा व्यवस्था को और अधिक मजबूत बनाने में मील का पत्थर साबित हो सकते हैं। इस प्रकार के संवाद कार्यक्रमों से शिक्षा क्षेत्र में सकारात्मक और दूरगामी सुधार लाने में बड़ी सहायता मिलेगी।
>
> **-डॉ. राजेश शर्मा, चेयरमैन, स्कूल शिक्षा बोर्ड**



## बोर्ड कर्मियों के लिए लगाया निशुल्क स्वास्थ्य शिविर

◆ कर्मचारी संघ के आग्रह पर बोर्ड चेयरमैन की पहल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड कर्मचारी संघ के आग्रह पर बुधवार को बोर्ड परिसर में चेयरमैन डॉ. राजेश शर्मा की ओर से निशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। बोर्ड कर्मचारी संघ के अध्यक्ष सुनील शर्मा ने बताया कि बोर्ड चेयरमैन के निर्देशों पर बालाजी अस्पताल कांगड़ा की टीम ने शिविर में बोर्ड स्टाफ की स्वास्थ्य जांच की। बोर्ड कर्मी समय-समय पर कर्मियों की मांगों को चेयरमैन के समक्ष उठाता है तथा उनके द्वारा मांगों का समाधान किया जाता है। सुनील शर्मा ने बताया कि शिविर कर्मचारियों के स्वास्थ्य के प्रति चेयरमैन की संवेदनशील सोच और कल्याणकारी दृष्टिकोण को दर्शाता है। इस प्रकार के आयोजन न केवल कर्मचारियों के स्वास्थ्य संरक्षण में सहायक होते हैं, बल्कि कार्यस्थल पर सकारात्मक वातावरण और आपसी विश्वास को भी मजबूत करते हैं।

# रक्कड़ में बाइक की चेन में दुपट्टा फंसने से वृद्ध महिला की मौत

अनंत ज्ञान

**गरली।** राष्ट्रीय राजमार्ग-503 पर रक्कड़ क्षेत्र में बुधवार देर सायं एक बेहद दर्दनाक सड़क हादसा सामने आया है। बुलेट बाइक की चेन में अचानक दुपट्टा फंस जाने से 63 वर्षीय बुजुर्ग महिला की मौके पर ही मौत हो गई। इस हृदयविदारक घटना से पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई है।

मृतका की पहचान रक्षा देवी पत्नी रूप सिंह चौहान, निवासी गांव गुरल, तहसील देहरा के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार, रक्षा देवी की पुत्रवधू रक्कड़ स्थित ट्रेजरी कार्यालय में कार्यरत हैं और वह वहीं, किराए के कमरे में रहती हैं। पुत्र वधू का एक मासूम बेटा भी है, जिसकी देखभाल के लिए रक्षा देवी अक्सर एक-दो दिन के लिए अपने गांव गुरल से रक्कड़ आया-जाया करती थीं। बुधवार देर सायं भी रक्षा देवी गांव गुरल से रक्कड़ की ओर आ रही थीं। जब वह रक्कड़ से करीब दो किलोमीटर पहले अपर रक्कड़ क्षेत्र में पहुंचीं, तो अचानक उनका दुपट्टा बुलेट बाइक की चेन में फंस गया। हादसा इतना अचानक और गंभीर था कि उन्हें संभलने का कोई मौका नहीं मिला और उन्होंने घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया। घटना की सूचना मिलते ही रक्कड़ पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने आवश्यक कानूनी औपचारिकताएं पूरी करते हुए मामले की गहन जांच शुरू कर दी है। हादसे के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। मामले की पुष्टि करते हुए एसपी देहरा मयंक चौधरी ने बताया कि दुर्घटना संबंधी मामला दर्ज कर लिया गया है और सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए जांच की जा रही है। पुलिस ने आम लोगों से भी दोपहिया वाहनों पर यात्रा करते समय सावधानी बरतने और ढीले कपड़े पहनने से बचने की अपील की है।

## हैप्पी बर्थडे



धनोटू की विदिशा शर्मा को जन्मदिवस पर 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।



जबोठ की पूनम शर्मा को जन्मदिवस पर 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।

**बर्थडे व सालगिरह के फोटो भेजें**

बर्थडे हो या शादी की सालगिरह। आपकी खुशियों में हम भी हैं शामिल। अपना फोटो अनंत ज्ञान में प्रकाशित करवाने के लिए नाम और पते सहित व्हाट्सऐप नंबर 88945-21702 पर भेजें।

## विधायक ने की जल शक्ति विभाग के विकास कार्यों की समीक्षा

# अधिकारी विकास कार्यों में लाएं तेजी, समय पर करें पूरा : मलेंद्र



विकास कार्यों की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते विधायक मलेंद्र। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**अशोक ठाकुर, इंदौरा।** इंदौरा विधानसभा क्षेत्र के विधायक मलेंद्र राजन ने जल शक्ति विभाग के अंतर्गत चल रहे विकास कार्यों को लेकर समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में जल शक्ति विभाग के अधिकारियों द्वारा क्षेत्र में संचालित विभिन्न योजनाओं एवं परियोजनाओं की प्रगति की विस्तृत जानकारी दी गई।

विधायक राजन ने बताया कि इंदौरा विधानसभा क्षेत्र में जल शक्ति विभाग के माध्यम से लगभग 60 करोड़ रुपए की लागत से विभिन्न विकास कार्य चल रहे हैं। उन्होंने अधिकारियों को सभी कार्यों में तेजी लाने तथा उन्हें तय समयसीमा के भीतर पूर्ण करने के निर्देश दिए। विधायक ने कहा कि विकास कार्यों में गुणवत्ता से किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जाना चाहिए। विधायक ने अधिकारियों को जन समस्याओं के समाधान को सर्वोच्च प्राथमिकता देने के निर्देश देते हुए कहा कि आम जनता को पेयजल से संबंधित किसी भी प्रकार की परेशानी नहीं होनी चाहिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि स्वच्छ एवं सुरक्षित पेयजल प्रत्येक नागरिक तक पहुंचाना सरकार की प्राथमिकता है और इसके लिए विभाग को पूरी संवेदनशीलता के साथ कार्य करना होगा। उन्होंने कहा कि पेयजल से संबंधित शिकायतों का समयबद्ध समाधान किया जाए। विधायक ने अधिकारियों से फील्ड में जाकर कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग करने और जनता के साथ समन्वय बनाए रखने पर भी जोर दिया। बैठक में जल शक्ति के अधीक्षण अभियंता संजय ठाकुर, अधिशाषी अभियंता आनंद बलौरिया, एसडीओ राजिंदर सनौरिया, अश्वनी कुमार व अनिल ठाकुर सहित विभाग के समस्त कनिष्ठ अभियंता उपस्थित रहे।

## जनसेवा के लिए नहीं, मित्र सेवा के लिए सुक्खू सरकार : परमार

**राकेश डोगरा, अनंत ज्ञान, डरोह।** वरिष्ठ भाजपा नेता एवं सुलह के विधायक विपिन सिंह परमार ने प्रेस बयान में कहा कि प्रदेश में सत्ता में आते ही कांग्रेस सरकार ने पहले ही दिन यह स्पष्ट कर दिया था कि यह सरकार जनसेवा के लिए नहीं, बल्कि मित्रसेवा के लिए बनी है। सत्ता मिलते ही कैबिनेट रैंक के पद रेवड़ियों की तरह बांटे गए। न योग्यता देखी गई, न प्रदेश की आर्थिक स्थिति और न ही प्रशासनिक आवश्यकता बस एक ही कसौटी रखी गई अपना आदमी, उतना बड़ा पद। पंचायत चुनावों से डर रही कांग्रेस का असली चेहरा पंचायत चुनावों के मुद्दे पर पूरी तरह सामने आ गया है। प्रदेश हाईकोर्ट की डिवीजन बेंच ने स्पष्ट आदेश दिए थे कि 30 अप्रैल तक पंचायत चुनाव संपन्न कराए जाएं, लेकिन कांग्रेस सरकार ने इस फैसले को स्वीकार करने के बजाय सुप्रीम कोर्ट में स्पेशल लीव पिटीशन (एसएलपी) दायर कर दी। परमार ने कहा कि कांग्रेस सरकार की कथनी और करनी में फर्क केवल शब्दों का नहीं, बल्कि नीयत का है। इसका सबसे बड़ा प्रमाण है आरडीजी (रेवेन्यू डेफिसिट ग्रांट)बंद होने के बाद मुख्यमंत्री द्वारा लिया गया फैसला, जिसमें हिमाचल में निर्मित सभी जल विद्युत परियोजनाओं पर भूमि कर लगाने का निर्णय लिया गया। यही कांग्रेस मंचों से हिमाचल के हितों की रक्षा का ढोल पीटती है और सत्ता में आते ही प्रदेश की जीवनरेखा कही जाने वाली जल विद्युत परियोजनाओं को करों के जाल में फंसा देती है। यह फैसला निवेश विरोधी है, रोजगार विरोधी है और भविष्य में रॉयल्टी व विकास की संभावनाओं पर सीधा हमला है। प्रदेश की जनता आज मुख्यमंत्री से सीधा सवाल पूछ रही है कि इन 3 सालों में प्रदेश हित में एक भी ऐसी उपलब्धि बताइए, जो घोषणा नहीं, बल्कि जमीन पर दिखती हो।

# गैलेक्सी पब्लिक स्कूल पेंटिंग प्रतियोगिता में प्रथम



स्कूल प्रबंध निदेशक डॉ. गुलशन कुमार ने बच्चों को दी बधाई। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**शिव गुलेरिया, देहरा।** गैलेक्सी पब्लिक स्कूल नगरोटा सूरियां ने इंटरप्रेटेशन सेंटर नगरोटा सूरियां में हिमाचल प्रदेश वन विभाग की ओर से आर्द्र भूमि दिवस पर पेंटिंग प्रतियोगिता में प्रथम स्थान हासिल किया। इस प्रतियोगिता में गैलेक्सी स्कूल से सनीक्षा वशिष्ठ, पावनी शर्मा, परिधि पठानिया कक्षा आठवीं तथा आविया शर्मा, सिया धीमान और अंशिका कक्षा छठी से प्रतिभागी थीं। इस प्रतियोगिता में लगभग आठ स्कूलों एवं डिग्री कॉलेज नगरोटा सूरियां के बच्चों ने भाग लिया। स्कूल प्रबंध निदेशक डॉक्टर गुलशन कुमार, निर्देशिका किरण लता वैद्य व प्रधानाचार्य अनुराग शर्मा ने सभी बच्चों, अध्यापकों व अभिभावकों को बधाई दी। प्रधानाचार्य अनुराग शर्मा ने आगे भी ऐसी प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए बच्चों को प्रेरित किया ।

## पोस्टल लाइफ इंश्योरेंस का उत्कृष्ट प्रदर्शन धर्मशाला के आदित्य सूद को मिला सम्मान

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** पोस्टल लाइफ इंश्योरेंस (पीएलआई) के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य और उल्लेखनीय उपलब्धियों के लिए आदित्य सूद, पुत्र अश्वनी सूद, निवासी धर्मशाला को अधीक्षक डाकघर मंडल, धर्मशाला की ओर से सम्मानित किया गया। अभी तक के वित्त वर्ष 2025-2026 के दौरान उनके श्रेष्ठ प्रदर्शन, लक्ष्य पूर्ति और जनसेवा के प्रति समर्पण को देखते हुए विभाग ने उन्हें यह सम्मान प्रदान किया। डाक विभाग के अधिकारियों ने बताया कि आदित्य सूद ने बीमा योजनाओं के प्रचार-प्रसार, नए ग्राहकों को जोड़ने और आम लोगों को डाक जीवन बीमा की सुविधाओं के प्रति जागरूक करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उनके प्रयासों से न केवल विभागीय कार्य में प्रगति हुई, बल्कि ग्रामीण क्षेत्रों में भी बीमा योजनाओं के प्रति विश्वास और सहभागिता बढ़ी है। सम्मान समारोह के दौरान अधिकारियों ने आदित्य सूद की कार्यशैली, अनुशासन और सेवाभाव की सराहना करते हुए कहा कि उनका प्रदर्शन अन्य कर्मचारियों के लिए प्रेरणास्रोत है। उन्होंने कठिन परिस्थितियों में भी निरंतर मेहनत कर विभागीय लक्ष्यों को हासिल किया, जो उनकी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। इस अवसर पर आदित्य सूद ने विभाग का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह सम्मान उन्हें भविष्य में और बेहतर कार्य करने के लिए प्रेरित करेगा। उन्होंने कहा कि डाक जीवन बीमा योजनाएं आम जनता के लिए सुरक्षित और भरोसेमंद विकल्प हैं, और वे आगे भी लोगों तक इन योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए पूरी निष्ठा से कार्य करते रहेंगे। स्थानीय लोगों और सहकर्मियों ने भी इस उपलब्धि पर खुशी जताई और उन्हें बधाई दी।

# आयुष मंत्री यादविंद्र ने दी नई अल्ट्रासाउंड मशीन की सौगात

## बोले- जयसिंहपुर अस्पताल में स्थापित होगी सीटी स्कैन मशीन, हलके का विकास सर्वोच्च प्राथमिकता

अनंत ज्ञान

**नरेंद्र डोगरा, जयसिंहपुर।** आयुष, युवा सेवाएं और खेल, कानून एवं विधि परामर्शी मंत्री, यादविंदर गोमा ने कहा कि जयसिंहपुर विधानसभा क्षेत्र का विकास उनकी प्राथमिकता है। आयुष मंत्री ने 40वें जन्मदिन पर जयसिंहपुर के ऐतिहासिक चौगान मैदान में आयोजित कार्यक्रम में लोगों को संबोधित किया। उन्होंने अपने जन्मदिन को यादगार बनाने तथा इस अवसर पर भव्य कार्यक्रम आयोजन करने और सम्मान देने के लिए लोगों तक आभार प्रकट किया। उन्होंने कहा कि जयसिंहपुर के लोगों का आशीर्वाद तथा स्नेह उन पर हमेशा बना रहता है।

उन्होंने कहा कि लोगों के आशाओं और आकांक्षाओं के अनुरूप जयसिंहपुर क्षेत्र का विकास सुनिश्चित किया जा रहा है। जयसिंहपुर विधानसभा क्षेत्र में सड़क शिक्षा, स्वास्थ्य, बिजली, पानी के क्षेत्र में अभूतपूर्व कार्य किया गया है। उन्होंने कहा कि जयसिंहपुर अस्पताल में बुधवार को 15 लाख रुपए की लागत से नई आधुनिक अल्ट्रासाउंड मशीन भी स्थापित कर दी गई है और जल्द ही यहां पर डायलिसिस की सुविधा भी उपलब्ध होगी, साथ ही यहां पर ब्लड स्टोरेज यूनिट भी स्थापित की जाएगी। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में यहां पर सीटी स्कैन की सुविधा भी उपलब्ध करवाई जाएगी। उन्होंने कहा कि काथला (हारसी) में 4.39 करोड़ की लागत से बस अड्डा और बस डिपो का निर्माण किया जा रहा है। वहीं, जयसिंहपुर में लोगों के लिए स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग तथा आयुष विभाग, राजकीय आयुर्वेदिक कॉलेज पपरोला द्वारा निशुल्क मल्टी स्पेशलिटी शिविर, विकलांगता प्रमाण पत्र शिविर का आयोजन किया गया। यहां लगाए गए रक्तदान शिविर में लोगों ने बढ़ चढ़कर रक्तदान किया। एक्ट ह्यूमन संस्था द्वारा विकलांग लोगों के लिए कृत्रिम अंगों का शिविर भी लगाया गया। इस दौरान आयुष और स्वास्थ्य विभाग द्वारा निशुल्क दवाइयां वितरण के साथ-साथ नेत्र जांच शिविर का भी आयोजन किया गया। इसकी अतिरिक्त विकलांग लोगों को कान में लगाने वाली मशीन व व्हीलचेयर भी प्रदान की गई है।

गोमा के जन्मदिन पर बधाई देने के लिए हजारों की संख्या में लोगों का दिनभर तांता लगा रहा। इस अवसर पर वॉलीबाल, कबड्डी महिलाओं के लिए रस्साकशी, रंगोली प्रतियोगिताओं के साथ-साथ सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

गोमा ने अधिकारियों, सेवानिवृत अधिकारी, जिला, राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर खेलों में प्रदर्शन करने वाले और मेधावी छात्रों को सम्मानित भी किया। इस दौरान स्वास्थ्य जांच शिविर में 390 लोगों ने स्वास्थ्य जांच करवाई और रक्तदान शिविर में 50 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। इसके अतिरिक्त उन्होंने आयुष मंत्री ने लोक निर्माण विभाग विश्राम गृह में चंदन का पौधा भी रोपित किया।



40वें जन्मदिन पर गोमा को बधाई देने वालों का लगा रहा तांता। अनंत ज्ञान

## अंतर-राज्य युवा आदान प्रदान कार्यक्रम में नशा मुक्ति एवं कौशल विकास पर फोकस

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय के अंतर्गत मेरा युवा भारत की ओर से आयोजित पांच दिवसीय अंतर-राज्य युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम के दौरान मंगलवार सायं राजस्थान से आए 35 युवाओं ने विभिन्न गतिविधियों में उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का आयोजन आरएचएफडब्ल्यूटीसी, छेब, कांगड़ा में किया जा रहा है। जोनल अस्पताल धर्मशाला की मनोवैज्ञानिक डॉ. ज्योति शर्मा ने मेंटल वेल बीइंग और साइकोलॉजिकल रेसिलिएंस पर विशेष सत्र लिया। नशा मुक्त भारत अभियान एवं टोबैको फ्री हिमाचल विजन 2047 विषय पर नोबल कम्युनिटी फाउंडेशन के अध्यक्ष मंगल सिंह ने युवाओं को नशे से दूर रहने का संदेश दिया। दोपहर सत्र में युवा आइकन एवं उद्यमी संदीप चौधरी ने कौशल विकास और उद्यमिता पर संवाद किया। आर्ट ऑफ लिविंग के आचार्य अनुराग अरोड़ा ने डीप ब्रीदिंग और मेडिटेशन सत्र के माध्यम से युवाओं को एकाग्रता व आत्मनियंत्रण के अभ्यास कराए।

# कुष्ठ रोग का एमडीटी की दवाई से उपचार पूरी तरह संभव : डॉ . कांबले

## कहा- प्रदेश में इस रोग के खात्मे को लेकर ट्रेनिंग लगातार जारी



धर्मशाला अस्पताल में पुनर्निर्माण सर्जरी शिविर का आयोजन किया। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** राष्ट्रीय कुष्ठ उनमूलन कार्यक्रम के तहत क्षेत्रीय कुष्ठ प्रशिक्षण एवं अनुसंधान संस्थान रायपुर की ओर से धर्मशाला आए वरिष्ठ अस्थि रोग विशेषज्ञ डॉ. कृष्ण कांबले ने बताया कि कुष्ठ रोग का एमडीटी (मल्टी ड्रग थेरेपी) की दवाई से ऊपचार पूरी तरह संभव है।

बुधवार को जोनल अस्पताल धर्मशाला में पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने बताया कि धर्मशाला अस्पताल में तीन दिवस तक कुष्ठ रोग से प्रभावित मरीजों के लिए पुनर्निर्माण सर्जरी शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें 4 मरीजों का उपचार किया गया। उन्होंने बताया कि सरकार के निमंत्रण पर पिछले साल से वे यहां काम कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि कुष्ठ रोग से विकृति कहीं भी हो सकती है। उन्होंने बताया कि स्वास्थ्य मंत्रालय के कुष्ठ प्रशिक्षण व अनुसंधान संस्थान के प्रिंसिपल एडवाइजर के तौर पर उनके ऊपर 10 राज्यों की जिम्मेवारी है, जिसमें हिमाचल प्रदेश भी शामिल है। उन्होंने बताया कि जिन राज्यों में कुष्ठ मरीजों की संख्या कम है, जिन्हें खोजकर उपचार कर जल्द स्वस्थ कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि प्रदेश में इस रोग के खात्मे को लेकर ट्रेनिंग लगातार जारी है, जिसमें हिमाचल में 6 फिजियोथेरेपी ट्रेंड हुए हैं, जबकि दो अन्य की 9 से 13 तक ट्रेंनिग प्रदान की जाएगी। इसके लिए मेडिकल कॉलेज के फिजियोथेरेपिस्ट की भी ट्रेंनिग को लेकर योजना बनाई जा रही है।

# अंदराणा टीम ने कंगैहन को हराकर जीता टूर्नामेंट

## समापन समारोह में पूर्व विधायक रविंद्र धीमान रहे मुख्यातिथि



पूर्व विधायक रविंद्र ने नशे से दूर रहने का दिया संदेश। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**जयसिंहपुर।** अंदराणा क्रिकेट टूर्नामेंट के समापन समारोह में बुधवार को पूर्व विधायक रविंद्र धीमान ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। उनके साथ भारतीय जनता युवा मोर्चा के प्रदेश आईटी सह संयोजक शिवा कटोच भी उपस्थित रहे। आयोजकों ने दोनों अतिथियों का स्वागत किया। इस अवसर पर पूर्व विधायक रविंद्र धीमान ने युवाओं को खेलों से जुड़ने और नशे से दूर रहने का संदेश दिया। फाइनल मुकाबला अंदराणा और कंगैहन टीम के बीच खेला गया, जिसमें अंदराणा टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 71 रन का लक्ष्य दिया। जवाब में कंगैहन टीम 62 रन पर ही बना सकी और अंदराणा ने टूर्नामेंट जीत लिया। टूर्नामेंट के आयोजन में रूपेश कुमार, अजय भंगालिया, प्रवीण कसाना, साहिल कटोच सहित अन्य सदस्यों का योगदान रहा।

## शादी में 12 लाख के गहने और नकदी से भरा पर्स चोरी

**अशोक ठाकुर, अनंत ज्ञान, पठानकोट।** पठानकोट शहर के एक नजदीकी मैरिज पैलेस में आयोजित शादी कार्यक्रम की खुशियां उस समय गम में बदल गईं, जब दूल्हे के पिता का नकदी और सोने के गहनों से भरा पर्स चोरी हो गया। यह घटना बीती शाम गोसाईपुर रोड स्थित एक मैरिज पैलेस में शगुन समारोह के दौरान सामने आई। जानकारी के अनुसार कुलदीप निवासी भदरोया ने बताया कि उनके बेटे का शगुन कार्यक्रम उप्पल पैलेस में चल रहा था। इसी दौरान चार से पांच बजे के बीच उनका पर्स कहीं गुम हो गया। काफी तलाश के बावजूद पर्स का कोई सुराग नहीं मिला, जिसके बाद तुरंत पुलिस को सूचना दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मैरिज पैलेस में लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच शुरू की। प्रारंभिक जांच में एक बच्चे पर शक जताया जा रहा है। पीड़ित के अनुसार पर्स में नकदी और सोने के गहने थे, जिनकी कुल कीमत करीब 12 लाख रुपए आंकी जा रही है। पुलिस मामले की गहन जांच कर रही है।

**कैंप** मैटी पंचायत के बंडी चौक में श्रमिक पंजीकरण एवं जागरुकता शिविर का आयोजन

# श्रमिक उठाएं योजनाओं का लाभ: पठानिया

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** शाहपुर विधानसभा क्षेत्र के तहत मैटी पंचायत के बंडी चौक में प्रदेश भवन एवं अन्य निर्माण कामगार कल्याण बोर्ड के तत्वावधान में पंजीकरण एवं जागरुकता शिविर का आयोजन किया गया। इसमें श्रमिकों को बोर्ड की ओर से संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में शाहपुर के विधायक एवं उपमुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया मुख्यातिथि तथा कामगार कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष नरदेव कंवर विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। पठानिया ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा कामगार कल्याण बोर्ड के माध्यम से 14 विभिन्न कल्याणकारी योजनाएं संचालित की जा रही हैं, जिनका लाभ श्रमिक पंजीकरण करवाकर प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि वर्ष में न्यूनतम 90 दिन कार्य करने वाला कोई भी श्रमिक पंजीकरण के लिए पात्र है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री की करुणामयी सोच के चलते श्रमिकों के सामाजिक एवं आर्थिक उत्थान के लिए योजनाओं में समय-समय पर सुधार किया जा रहा है। उन्होंने बोर्ड को सुझाव दिया कि प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में एक समन्वयक नियुक्त किया जाए, ताकि योजनाओं का ग्रामीण स्तर पर व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित हो सके। उपमुख्य सचेतक ने कहा कि भविष्य में धारकंडी एवं चंगर क्षेत्र में भी ऐसे शिविर आयोजित किए जाएं, जिससे अधिक से अधिक श्रमिकों को योजनाओं का लाभ मिल सके। उन्होंने अध्यक्ष नरदेव कंवर की कार्यप्रणाली की सराहना करते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में बोर्ड ने नई पहचान बनाई है। कामगार कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष नरदेव कंवर ने कहा कि प्रदेश की प्रत्येक विधानसभा में इस प्रकार के शिविर लगाए जा रहे हैं, जबकि जिला कांगड़ा में यह आठवां शिविर है। उन्होंने बताया कि उनके कार्यकाल में अब तक बोर्ड द्वारा लगभग 81 करोड़ रुपए की सहायता विभिन्न श्रमिकों को प्रदान की जा चुकी है।

उन्होंने कहा कि हाल ही में मुख्यमंत्री द्वारा निर्देश दिए गए हैं कि श्रमिकों के बच्चों की उच्च शिक्षा की संपूर्ण फीस बोर्ड द्वारा वहन की जाएगी। साथ ही हिमकेयर कार्ड बनवाने एवं पेंशन राशि बढ़ाने की दिशा में भी निरंतर कार्य किया जा रहा है। उन्होंने पंजीकरण प्रक्रिया एवं योजनाओं का लाभ लेने की विस्तृत जानकारी भी दी। शिविर में 51 श्रमिकों का पंजीकरण कर उन्हें कार्ड वितरित किए गए। साथ ही कामगार कल्याण बोर्ड द्वारा संचालित योजनाओं के कैलेंडर एवं प्रचार सामग्री भी वितरित की गई।



जागरुकता शिविर में केवल पठानिया रहे मुख्यातिथि। अनंत ज्ञान

## किसान सब्जियों की पनीरी उगाकर कमाएं अधिक लाभ : डॉ. कुलदीप

**अजय पाल, अनंत ज्ञान, पालमपुर।** कृषि में अनाज की फसलों की तुलना में सब्जियों की खेती अधिक लाभकारी सिद्ध हो रही है। वहीं सब्जियों की पनीरी उगाकर बेचने से किसानों की आय में और वृद्धि की जा सकती है। यह जानकारी उप कृषि निदेशक डॉ. कुलदीप धीमान ने दी। उन्होंने बताया कि फरवरी माह के दूसरे पखवाड़े में तापमान बढ़ने पर किसान मिर्च, शिमला मिर्च, बैंगन और टमाटर जैसी सब्जियों की पनीरी तैयार करने के लिए बीजाई कर सकते हैं। डॉ. धीमान ने बताया कि जिला कांगड़ा में लगभग एक लाख हेक्टेयर भूमि बुआई योग्य है, जिसमें से करीब 6 प्रतिशत क्षेत्रफल में ही सब्जियों की खेती हो रही है, जबकि लगभग 35 प्रतिशत क्षेत्र में सिंचाई सुविधा उपलब्ध है। ऐसे में सब्जी उत्पादन का रकबा बढ़ाकर किसानों की आय बढ़ाई जा सकती है। उन्होंने बताया कि गर्मी की सब्जियों की पनीरी क्यारियों में तथा कद्दू वर्गीय फसलों की पनीरी पोलीट्यूब में तैयार करनी चाहिए।

## न्यूज ब्रीफ

### हिम आंचल पेंशनर्स संघ इकाई की मासिक बैठक 7 को

**अनंत ज्ञान, नादौन।** हिम आंचल पेंशनर्स संघ नादौन खंड इकाई की मासिक बैठक 7 फरवरी को प्रातः 10.30 बजे प्रधान जगदीश चंद शर्मा (कारगू) की अध्यक्षता में कांगू , जिला हमीरपुर में होगी। बैठक में पेंशनरों की लंबित मांगों एवं समस्याओं पर विचार-विमर्श किया जाएगा। बैठक में संघ द्वारा चलाई जा रही अन्य गतिविधियों बारे विभिन्न जानकारियां भी उपलब्ध करवाई जाएंगी।

### जोलसप्पड़ पंचायत में छिंज बरड़ा 22 को

**अनंत ज्ञान, रंगस।** जोलसप्पड़ पंचायत में मेडिकल कॉलेज के पास छिंज बरड़ा का आयोजन 22 फरवरी को होगा। छिंज कमेटी के प्रधान प्रधान राज कुमार, कार्यकारिणी सदस्य सुखविंद्र सिंह, कुलदीप, दीपक, प्रवीण, सुनील, कमल, कै. रत्न चंद ने बताया कि बड़ी माली के विजेता पहलवाल को 8100 और उपविजेता पहलवान को 7100 रुपए तथा छोटी माली के विजेता को 3100 और उपविजेता को 2100 रुपए की राशि दी जाएगी। छोटी माली में अधिकांश जिला के पहलवालों को ही प्राथमिकता दी जाएगी। दंगल में समाज सेवी भगवानदास बतौर मुख्यातिथि शिरक्त करते हुए विजेता व उपविजेता पहलवानों को सम्मानित करेंगे। पहलवानों को बिना दंगल में एंट्री नहीं दी जाएगी।

### 4 नगर एवं शहरी निकायों की मतदाता सूचियां प्रकाशित

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** नगर निगम हमीरपुर के सभी 15 वार्डों, नगर परिषद सुजानपुर के सभी 9 वार्डों, नगर पंचायत भोटा और नगर पंचायत भोरंज के सभी 7-7 वार्डों की मतदाता सूचियां अंतिम रूप से प्रकाशित कर दी गई हैं। एसडीएम एवं इन निकायों के निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों ने मतदाता सूचियों के अंतिम प्रकाशन की सूचना फार्म-17 पर जारी कर दी है

### ट्रेनी के 100 पदों के लिए 9 को होगा साक्षात्कार

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** बद्दी की प्रसिद्ध कंपनी ईस्टमैन ऑटो एंड पावर लिमिटेड की प्रोडक्शन, मेंटेनेंस और क्वालिटी कंट्रोल विंग में ट्रेनी के 100 पदों को भरने के लिए 9 फरवरी को सुबह साढ़े दस बजे जिला रोजगार अधिकारी कार्यालय हमीरपुर में साक्षात्कार लिए जाएंगे। जिला रोजगार अधिकारी सुरेंद्र शर्मा ने बताया कि इन पदों के लिए दसवीं फेल, दसवीं पास, बारहवीं पास, स्नातक और इलेक्ट्रीशियन एवं फिटर ट्रेडों के आईटीआई डिप्लोमा धारक युवा पात्र होंगे। इनकी आयु 18 से 35 वर्ष के बीच होनी चाहिए। जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि अगर कोई युवा उपरोक्त योग्यता रखता है और उसका नाम किसी भी रोजगार कार्यालय में पंजीकृत है तो वह अपने मूल प्रमाण पत्रों तथा हिमाचली प्रमाण पत्र के साथ साक्षात्कार में भाग ले सकता है।

### 20 तक बंद रहेगी टौणी देवी-उहल सड़क

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** उपमंडल हमीरपुर के अंतर्गत टौणी देवी-उहल सड़क के मरम्मत कार्य के चलते इस सड़क पर यातायात 20 फरवरी तक बंद किया गया है। इस संबंध में आदेश जारी करते हुए जिलाधीश गंधर्वा राठौड़ ने बताया कि टौणी देवी-उहल सड़क के मरम्मत कार्य को सुचारू रूप से जारी रखने तथा इसे अतिशीघ्र पूरा करने के लिए इस सड़क पर वाहनों की आवाजाही 20 फरवरी तक बंद की गई है। इस दौरान क्षेत्र के वाहन चालक कसीरी महादेव-चौरी-उहल सड़क या कसीरी महादेव-पुंग-छतरुडू सड़क या बराड़ा से पटनौण, बाकर खड्ड, परनाली, उहल सड़क को वैकल्पिक रूट के रूप में इस्तेमाल कर सकते हैं।

### प्राथमिक शिक्षक संघ की मांग पर नव पदोन्नत केंद्र मुख्य शिक्षकों का अपने खंडों में समायोजन

**अनंत ज्ञान, भोरंज।** प्राथमिक शिक्षक संघ के निरंतर, संगठित एवं प्रभावी प्रयासों के सकारात्मक परिणाम सामने आए हैं। संघ की लंबे समय से चली आ रही मांग को स्वीकार करते हुए विभाग की ओर से नव पदोन्नत केंद्र मुख्य शिक्षकों का समायोजन उनके अपने-अपने खंडों में कर दिया गया है। राजकीय प्राथमिक पाठशाला भोरंज के प्रधान राजेंद्र कुमार एवं संघ के महासचिव अभिषेक ठाकुर ने बताया कि यह मांग संघ द्वारा विभिन्न स्तरों पर लगातार उठाई जा रही थी, जिसका सुखद परिणाम अब सामने आया है। आदेश जारी होने के बाद नव पदोन्नत केंद्र मुख्य शिक्षकों ने अपनी-अपनी पाठशालाओं में कार्यभार ग्रहण कर लिया है, जिससे शिक्षकों में संतोष और उत्साह का माहौल है। संघ ने कहा कि अपने खंड में समायोजन होने से कार्यक्षमता बढ़ेगी और शिक्षण कार्य पर सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। शिक्षकों ने इस निर्णय के लिए प्राथमिक शिक्षक संघ, शिक्षा उपनिदेशक एवं स्थानीय विधायक सुरेश कुमार का आभार जताया। संघ ने बताया कि विधायक के सहयोग से ही यह प्रक्रिया संभव हो पाई और खंड भोरंज में केंद्र मुख्य शिक्षक के सभी पद भर गए हैं।

# हमीरपुर–लंबलू सड़क पर 31 मई तक होगा पुलों का कार्य पूरा

## वैकल्पिक मार्ग भी किसी परेशानी से कम नहीं, जाम से वाहन चालक परेशान

अनंत ज्ञान

**अनिल कुमार, हमीरपुर।** जिलेभर में सड़कों को चौड़ीकरण का कार्य चला हुआ है, जिसके चलते कई जगहों पर यातायात भी प्रभावित हो रहा है। लोक निर्माण विभाग ने सड़कों को चौड़ा करने के लिए टेंडर आवंटित कर दिए हैं और ठेकेदार ने इनका कार्य भी शुरू कर दिया है। इसी क्रम में हमीरपुर से लंबलू सड़क पर लगभग 3.50 करोड़ रुपए की लागत से दो पुलों का निर्माण किया जा रहा है।

इन पुलों को बनाने के लिए 5 से 7 माह का समय लगेगा। इस सड़क पर यातायात प्रभावित न हो, उसके लिए वैकल्पिक मार्गों की व्यवस्था की गई है, लेकिन इन वैकल्पिक मार्गों पर जाम स्थिति बन जाती है। दोसड़का के पास पुल बनाने को लेकर जेसीबी मशीन से खुदाई भी शुरू कर दी है, लेकिन अभी इसका का काम पूरा होने में समय लगेगा। विभागीय अधिकारियों का कहना है कि इन दोनों पुलों का कार्य पूरा करने के लिए 31 मई तक का समय दिया गया है। गौर रहे कि विकास कार्यों का कोई भी विरोध नहीं कर रहा है, लेकिन इसके लिए लंबी समय अवधि सबसे बड़ी परेशानी का कारण है। इससे पहले भी उपमंडल भोरंज के तहत दो सड़कों को एफडीआर तकनीक से बनाने का कार्य शुरू किया गया था, लेकिन समय अवधि समाप्त होने के बाद भी इन सड़कों का कार्य पूरा नहीं हो पाया, जिसके चलते लोगों को विरोध स्वरूप सड़कों पर उतरना पड़ा था।



दोसड़का में जेसीबी मशीन से की जा रही खुदाई। अनंत ज्ञान

> हमीरपुर से लंबलू सड़क पर दो पुलों का निर्माण कार्य शुरू कर दिया है। यातायात प्रभावित न हो, उसके लिए पुलों के साथ ही वैकल्पिक मार्ग निकाले गए हैं। इन दोनों पुलों का कार्य 31 मई तक पूरा करने के निर्देश दिए गए हैं।
> **-दीपक कपिल, अधिशाषी अभियंता, लोक निर्माण विभाग।**

## तिजोरी जनता के लिए बंद मित्रों के लिए खुली : राजेंद्र

अनंत ज्ञान

**हमीरपुर।** भाजपा के प्रदेश प्रमुख प्रवक्ता एवं सुजानपुर के पूर्व विधायक राजेंद्र सिंह राणा ने प्रेस बयान में कांग्रेस सरकार और मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि राजस्व घाटा अनुदान को लेकर राज्य सरकार का लगातार शोर पूरी तरह भ्रामक, तथ्यहीन और राजनीतिक है, जबकि यह पहले से ही स्पष्ट रूप से अधिसूचित था कि 16वें वित्त आयोग के निर्णय के बाद यह अनुदान चरणबद्ध तरीके से समाप्त हो जाएगा। उन्होंने कहा कि यह जानकारी मुख्यमंत्री और उनके पूरे प्रशासनिक तंत्र को पहले से थी, फिर भी राज्य को वित्तीय अनुशासन में लाने के बजाय मनमाने खर्चों की नीति अपनाई गई। उन्होंने आरोप लगाया कि जब प्रदेश की महिलाएं आज भी 1500 रुपए मासिक सम्मान राशि का इंतजार कर रही हैं, उसी समय मुख्यमंत्री के करीबी लोगों के मानदेय को 3,000 रुपए से बढ़ाकर 2.5 लाख रुपए प्रति माह तक पहुंचा दिया गया, जो हिमाचल के इतिहास का सबसे बड़ा वित्तीय घोटाला जैसा निर्णय है और करदाताओं के साथ सीधा अन्याय है। मुख्यमंत्री सुक्खू ने अपने कार्यकाल में 40 हजार करोड़ रुपए से अधिक का कर्ज लेकर प्रदेश के हर नागरिक पर लगभग दो लाख रुपए का अतिरिक्त बोझ डाल दिया है। उन्होंने कहा कि राज्य की तिजोरी आम जनता और अधिकांश ठेकेदारों के लिए बंद हो गई है, जबकि मुख्यमंत्री के निकट ठेकेदारों के लिए भुगतान चंद पलों में हो जाता है।

राज्य पर 1000 करोड़ रुपए से अधिक की देनदारी खड़ी हो चुकी है। आरोप लगाया कि केंद्र सरकार द्वारा विकास कार्यों के लिए जारी धनराशि का उपयोग वेतन और पेंशन भुगतान में किया जा रहा है, जो पूरी तरह गलत है। उन्होंने कहा कि केंद्र पर आरोप लगाने से पहले मुख्यमंत्री को खर्च किए गए धन का उपयोगिता प्रमाण पत्र सार्वजनिक करना चाहिए।

### ऑल्टो कार को मोडिफाई करने पर 1 लाख रुपए का चालान

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** पुलिस ने शहर में घूम रही मोडिफाई ऑल्टो कार का एक लाख से अधिक का चालान किया है। जानकारी के अनुसार, कार मालिक ने वाहन में बड़े टायर लगाए थे जो मूल स्ट्रक्चर से बाहर निकल रहे थे। इसके अलावा कार में कई अन्य बदलाव किए गए थे, जिससे वाहन की सड़क पर सुरक्षा को खतरा हो सकता था।

पुलिस अधिक्षक बलवीर सिंह ने बताया कि किसी भी चालक द्वारा वाहन के मूल स्ट्रक्चर में छेड़छाड़ करना कानूनी अपराध है। उन्होंने कहा कि यदि कोई व्यक्ति वाहन में अनाधिकृत बदलाव करता है, तो उसके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे अपने वाहनों में नियमों के अनुसार ही बदलाव करें और सड़क सुरक्षा का पालन करें। यह कदम सड़क दुर्घटनाओं को रोकने और आम जनता की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक है।

## राष्ट्रीय योगासन स्पर्धा में यशोवर्धन अत्री ने चौथा स्थान हासिल कर बनाया कीर्तिमान



प्रधानाचार्य व स्कूल स्टाफ ने यशोवर्धन को बधाई दी। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**हमीरपुर।** हिम अकादमी पब्लिक स्कूल विकासनगर के होनहार योगासन खिलाड़ी यशोवर्धन अत्री ने 69वीं एसजीएफआई राष्ट्रीय योगासन प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन कर प्रदेश और विद्यालय का नाम राष्ट्रीय स्तर पर रोशन किया है।

यह प्रतिष्ठित प्रतियोगिता पश्चिम बंगाल के दीघा (पूर्वा) में आयोजित की गई, जिसमें देशभर से श्रेष्ठ योगासन खिलाड़ियों ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता में यशोवर्धन अत्री ने अंडर-19 बालक वर्ग में अपने पहले ही प्रयास में चौथा स्थान प्राप्त कर एक नया कीर्तिमान स्थापित किया। उल्लेखनीय है कि यशोवर्धन अत्री इससे पूर्व राज्य स्तर पर चार स्वर्ण पदक अपने नाम कर चुके हैं। अब तक तीन राष्ट्रीय स्तर की योगासन प्रतियोगिताओं में हिमाचल प्रदेश का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं। इस उपलब्धि पर हिम अकादमी पब्लिक स्कूल विकासनगर में एक विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। अकादमिक प्रधानाचार्य डॉ. हिमांशु शर्मा, उप प्रधानाचार्य अश्वनी कुमार, मुख्याध्यापिका कंचन लखन पाल एवं समन्वयक मनीषा मारवाह ने यशोवर्धन अत्री को सम्मानित किया तथा उज्ज्वल भविष्य की कामना की। विद्यालय प्रबंधन ने इस सफलता का श्रेय कोच जिम्मी ठाकुर को दिया।

## एसओएफ इंटरनेशनल सामान्य ज्ञान ओलंपियाड में हिम अकादमी के विद्यार्थियों का स्वर्णिम प्रदर्शन

अनंत ज्ञान

**हमीरपुर।** हिम अकादमी पब्लिक स्कूल विकासनगर में एसओएफ इंटरनेशनल सामान्य ज्ञान ओलंपियाड में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित करने के लिए विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया।

इसमें कक्षा तीसरी से गौरिक भाटिया, अरविन सिंह एवं वर्दान्या चौहान, कक्षा चौथी से वेदार्थ डाबरा, आरव भारद्वाज एवं अस्मी डोगरा व कक्षा पांचवीं से अव्यान शर्मा, अगस्त्य शर्मा एवं दिव्यांश धीमान, कक्षा छठी से आद्विक शर्मा, नमन जैन एवं अक्षज शर्मा; कक्षा सातवीं से अभिजय डोगरा, आरुष कुमार एवं अनायेशा सांख्यान, आठवीं कक्षा से अवनी शर्मा, विराट सिंह चौहान एवं निवेदिता शुक्ला तथा नौवीं कक्षा से अधृत सिंह चौहान, दिविशी शर्मा एवं यशवीर सिंह, दसवीं कक्षा से अभिजय शर्मा, आरव शर्मा एवं एंजल शर्मा ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए गोल्ड मेडल ऑफ एक्सीलेंस प्राप्त कर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया।

सम्मान समारोह के दौरान विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. हिमांशु शर्मा एवं मुख्याध्यापिका कंचन लखनपाल ने सभी विजेता विद्यार्थियों को मेडल प्रदान कर बधाई दी। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि इस प्रकार की उपलब्धियां विद्यार्थियों के निरंतर परिश्रम, अनुशासन, लगन तथा शिक्षकों के कुशल मार्गदर्शन का प्रतिफल हैं। उन्होंने यह भी कहा कि इस तरह की प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों में प्रतिस्पर्धात्मक भावना, आत्मविश्वास और वैश्विक दृष्टिकोण विकसित करने में सहायक होती हैं।



पुरस्कार के साथ हिम अकादमी स्कूल के विद्यार्थी। अनंत ज्ञान

### दाड़ी गांव में वित्तीय एवं डिजिटल साक्षरता कैंप लगाया

# डिजिटल फ्रॉड से बचने के बारे में किया जागरूक



अनजान कॉल या लिंक पर जानकारी साझा न करने की अपील की। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**भोरंज।** दाड़ी गांव में बुधवार को दी कांगड़ा केंद्रीय सहकारी बैंक लिमिटेड शाखा समीरपुर की ओर से नाबार्ड के सौजन्य से 'वित्तीय एवं डिजिटल साक्षरता कैंप' का आयोजन किया गया।

कैंप की अध्यक्षता शाखा प्रबंधक सुरेश कुमार ने की। सुरेश कुमार ने विभिन्न योजनाओं, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति योजना एवं अटल पेंशन योजना की जानकारी दी। वहीं, किसान क्रेडिट कार्ड के महत्व व लाभों पर प्रकाश डाला तथा बैंक द्वारा की जा रही री-केवाईसी प्रक्रिया की आवश्यकता के बारे में अवगत करवाया। उन्होंने डिजिटल फ्रॉड से बचाव के उपायों पर भी जागरूक किया और लोगों से अपील की कि वे किसी भी अनजान कॉल या लिंक पर अपनी व्यक्तिगत जानकारी साझा न करें। शिविर में बैंक अधिकारी प्रमोद शर्मा, सोनी कुमार, ग्राम पंचायत सचिव अमित कुमार, गीलाप चंद, कुलदीप सिंह, कविता कुमारी, सुनीता देवी, संतोष कुमारी सहित अन्य ग्रामीणों ने अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई।

## जाइका मिशन ने किया किसान संगठनों के संयुक्त मंच का शुभारंभ

अनंत ज्ञान

**हमीरपुर।** जाइका मध्यावधि समीक्षा मिशन ने बुधवार को दूसरे दिन कांगड़ा जिले के चैतड़ू में हिमाचल प्रदेश किसान उत्पादक संगठनों के महासंघ का शुभारंभ किया। इस अवसर पर हिमाचल प्रदेश सरकार के सचिव (कृषि) डॉ. सी. पॉलरासु, परियोजना निदेशक डॉ. सुनील चौहान, एचएफएन के सीईओ रुचित गर्ग और परियोजना के वरिष्ठ सलाहकार बीएस संधू उपस्थित थे।

इस पहाड़ी राज्य के किसान संगठनों का यह महासंघ, हार्वेस्टिंग फार्मर्स नेटवर्क (एचएफएन), मोहाली के सहयोग से आयोजित किया गया है। यह प्रोजेक्ट की एक एग्री-बिजनेस पहल है। जाइका समीक्षा मिशन का नेतृत्व जाइका-इंडिया के मुख्य प्रतिनिधि ताकेउची तकुरो कर रहे हैं, जबकि सदस्य के तौर पर जाइका-इंडिया की प्रतिनिधि इवामोटो तएको और जाइका-इंडिया की विकास विशेषज्ञ निष्ठा वेंगुरलेकर शामिल हैं। परियोजना निदेशक डॉ. सुनील चौहान, जाइका समीक्षा मिशन के साथ इस दौरे पर हैं। इससे पहले, अपनी यात्रा के दूसरे दिन जायका समीक्षा मिशन ने किसानों की आवश्यकता के अनुसार परियोजना के परिणामों को प्राप्त करने के लिए परियोजना मुख्यालय, हमीरपुर में पुनर्विनियोजन प्रस्तावों पर चर्चा की। जाइका समीक्षा मिशन ने 2026 - कैलेंडर भी जारी किया, जिसमें परियोजना के चरण-2 के जाइका मिशनों की सभी सात यात्राओं को दर्शाया गया है। वर्तमान मिशन परियोजना के इस चरण की शुरुआत जुलाई 2021 के बाद परियोजना क्षेत्र में आने वाला सातवां मिशन है। जाइका समीक्षा मिशन जिला परियोजना प्रबंधन इकाई, पालमपुर के लिए रवाना हुआ और वहां निर्मित सिंचाई स्कीम दवाड़ कुहल क्षेत्र में हुई प्रगति की समीक्षा की. सिंचाई स्कीम दवाड़ कूहल 126.73 लाख रूपए की लागत से बनी है, जो 71.78 हेक्टेयर के कृषि योग्य कमांड क्षेत्र को सिंचित कर रही है और 190 किसान परिवारों को लाभ पहुंच रहा है। समीक्षा दौरे के दौरान परियोजना के वित्तीय अधिकारी प्रदीप शर्मा, परियोजना उप निदेशक डॉ. राजेश कुमार, डॉ. करतार सिंह और डॉ. डीडी दूसरे दिन शर्मा के साथ-साथ पालमपुर के डिस्ट्रिक्ट प्रोजेक्ट मैनेजर डॉ. वाईपी कौशल भी मौजूद थे।




ताकेउची तकुरो कर रहे जाइका समीक्षा मिशन का नेतृत्व। अनंत ज्ञान

## सड़क सुरक्षा क्लब का साइन बोर्ड चोरी अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ शिकायत दर्ज

अनंत ज्ञान

**बड़सर।** बड़सर क्षेत्र में अब स्कूल के साइन बोर्ड भी सेफ नहीं रहे हैं। शिक्षा के मंदिरों की संपत्तियों को चुराना और नुकसान पहुंचाना अब आम बात हो गई है। ऐसा ही मामला सोहारी क्षेत्र में सड़क सुरक्षा क्लब का साइन बोर्ड चोरी होने का सामने आया है।

इस संबंध में स्कूल प्रबंधन समिति (एसएमसी) ने पुलिस से शिकायत कर मामले की जांच करने और साइन बोर्ड बरामद करने की मांग की है। वहीं, अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज। जानकारी के अनुसार, शहीद जितेंद्र मेमोरियल राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला सोहारी के सड़क सुरक्षा क्लब का साइन बोर्ड 29 जनवरी को सोहारी पंचायत के तहत पेट्रोल पंप मंगोटी के सामने सड़क किनारे स्थापित किया गया था, लेकिन 30 जनवरी की सुबह जब संबंधित स्थान का निरीक्षण किया गया तो साइन बोर्ड वहां से गायब पाया गया। स्कूल एसएमसी के सदस्यों ने बताया कि रोड सेफ्टी के मध्यजर संस्थान ने इस साइन बोर्ड को स्थापित किया था, लेकिन किसी ने इसे उखाड़ कर चोरी कर लिया है। इस मामले में उपमंडलाधिकारी (नागरिक) बडसर से भी मामले में हस्तक्षेप करने तथा पुलिस थाना बडसर को जांच के निर्देश देने का अनुरोध किया है। एसएमसी अध्यक्ष अनिल कुमार ने बताया कि किसी अज्ञात व्यक्ति की ओर से साइन बोर्ड को उखाड़कर चोरी कर लिया गया है। घटना को लेकर पुलिस चौकी बिझड़ी तथा प्रशासन को लिखित शिकायत भेजकर मामले की जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की गई है।




### 15 तक ई-केवाईसी नहीं करवाई तो बंद हो जाएगी समाजिक सुरक्षा पेंशन

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के माध्यम से सामाजिक सुरक्षा पेंशन ले रहे लोगों को अपनी ई-केवाईसी करवाने के लिए एक और अवसर प्रदान किया गया है। विभाग ने अब ई-केवाईसी की अंतिम तिथि बढ़ाकर 15 फरवरी कर दी है। जिला कल्याण अधिकारी चमन लाल शर्मा ने बताया कि सामाजिक सुरक्षा पेंशन के लाभार्थियों का सत्यापन (ई-केवाईसी) पिछले वर्ष जुलाई में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के सहयोग से आरंभ किया गया था और इसकी अंतिम तिथि 31 जनवरी निर्धारित की गई थी। इस दौरान ई-केवाईसी न करवाने वाले लाभार्थियों की पेंशन पर अस्थायी तौर पर रोक लगा दी गई है और उन्हें ई-केवाईसी करवाने के लिए 15 फरवरी तक का समय दिया गया है। जिला कल्याण अधिकारी ने ई-केवाईसी न करवाने वाले लाभार्थियों से 15 फरवरी तक नजदीकी आगंनबाड़ी केंद्र या संबंधित तहसील कल्याण अधिकारी के कार्यालय में सभी आवश्यक दस्तावेजों सहित अपनी ई-केवाईसी करवाने की अपील की है। उन्होंने बताया कि अगर 15 फरवरी तक भी कोई लाभार्थी अपनी ई-केवाईसी नहीं करवाता है तो उसे अपात्र माना जाएगा और उसकी पेंशन स्थायी रूप से बंद कर दी जाएगी। चमन लाल शर्मा ने बताया कि अगर किसी असहाय पेंशन भोगी का आधार कार्ड किन्हीं कारणों से नहीं बना है या उसे अपडेट करने की आवश्यकता है, तो वह इसे अपडेट करवाने के लिए संबंधित तहसील कल्याण अधिकारी से संपर्क कर सकता है।

**मीटिंग** जिले में हर पंचायत में एक दुग्ध सहकारी सभा गठित करने का लक्ष्य, 42 सोसायटियों का गठन

# हमीरपुर में हर पंचायत में बनेगी दुग्ध सहकारी सभा: डीसी

अनंत ज्ञान

**हमीरपुर।** दुग्ध उत्पादन को बढ़ावा देने और दूध की खरीद व एकत्रीकरण के लिए एक सुनियोजित चेन विकसित करने के उद्देश्य से प्रदेश सरकार ने हमीरपुर जिले में हर पंचायत में कम से कम एक दुग्ध सहकारी सभा गठित करने का लक्ष्य निर्धारित किया है। उपायुक्त गंधर्वा राठौड़ ने बुधवार को पशुपालन विभाग, सहकारिता विभाग, मिल्क फेडरेशन और अन्य संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक करके मिल्क सोसायटियों के गठन की प्रगति की समीक्षा की।

उपायुक्त ने बताया कि जिले में अब तक 42 मिल्क सोसायटियों का गठन किया जा चुका है और सहकारिता विभाग द्वारा इनमें से अधिकांश का ऑनलाइन पंजीकरण भी कर लिया गया है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सोसाइटियों के गठन के साथ-साथ संबंधित क्षेत्रों में दूध उत्पादन की क्षमता का आकलन भी किया जाए, ताकि अधिक उत्पादन की संभावनाओं वाले क्षेत्रों में दूध के एकत्रीकरण और परिवहन की प्रभावी व्यवस्था की जा सके। पशुपालकों से एकत्रित दूध को जलाड़ी के चिलिंग प्लांट अथवा कांगड़ा जिले के ढगवार स्थित प्लांट में भेजने के लिए यदि अतिरिक्त संसाधनों की आवश्यकता हो तो उसकी जानकारी तुरंत दी जाए। इसके साथ ही सोसायटियों को टेस्टिंग किट्स उपलब्ध कराने, चिलिंग प्लांट में अतिरिक्त मशीनरी और वाहनों की व्यवस्था के लिए उच्च अधिकारियों को अवगत करवाने के निर्देश दिए गए। स्थानीय स्तर पर संसाधन जुटाने के प्रयास भी किए जाएंगे। उपायुक्त ने दूध के तय दामों और एकत्रीकरण प्रक्रिया के बारे में पशुपालकों को जागरूक करने पर भी बल दिया। बैठक में पशुपालन विभाग के उपनिदेशक डॉ. सतीश कपूर ने दुग्ध सहकारी सभाओं की ताजा स्थिति की जानकारी दी।



अधिकारियों के साथ बैठक करतीं डीसी गंधर्वा राठौड़। अनंत ज्ञान

### नादौन के निर्माणाधीन प्रोजेक्टों का किया निरीक्षण, गुणवत्ता सुनिश्चित करने के दिए निर्देश

**अनंत ज्ञान, नादौन।** उपायुक्त गंधर्वा राठौड़ ने बुधवार को नादौन उपमंडल का दौरा करके कई महत्वपूर्ण निर्माणाधीन परियोजनाओं का निरीक्षण किया और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए। सबसे पहले उन्होंने जोल सप्पड़ में डॉ. राधाकृष्णन राजकीय मेडिकल कॉलेज हमीरपुर के नए परिसर का दौरा कर भवनों के निर्माण कार्यों का जायजा लिया। उपायुक्त ने अधिकारियों से कहा कि यह मेडिकल कालेज मुख्यमंत्री का ड्रीम प्रोजेक्ट है, इसलिए किसी भी कार्य में विलंब बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इसके बाद उन्होंने जलाड़ी में जल शक्ति विभाग के विश्राम गृह, नादौन में इंडोर स्टेडियम, पर्यटन विकास निगम के होटल और रिवर राफ्टिंग साइट का निरीक्षण किया। इसके साथ ही उन्होंने ग्राम पंचायत हड़ेटा में विकसित हो रहे ईको टूरिज्म पार्क के कार्यों का भी जायजा लिया। इस अवसर पर एसडीएम निशांत शर्मा, लोक निर्माण विभाग के अधिशाषी अभियंता राजेंद्र जुबलानी, बीडीओ वैशाली शर्मा, सहायक जिला पर्यटन विकास अधिकारी रवि धीमान सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे और उन्होंने परियोजनाओं की ताजा स्थिति से अवगत करवाया।

### बेसहारा पशुओं को गोसदनों तक पहुंचाने के लिए कदम उठाएं विभाग

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** डीसी गंधर्वा राठौड़ ने एक अन्य बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिले में बेसहारा पशुओं की समस्या के बारे में विभागीय अधिकारियों के साथ व्यापक चर्चा की। उन्होंने कहा कि नेशनल हाईवे पर भटक रहे बेसहारा पशुओं को तुरंत हटाने के लिए उच्चतम न्यायालय ने विशेष दिशा-निर्देश जारी किए हैं। जिले में भी इन दिशा-निर्देशों की अक्षरशः अनुपालना सुनिश्चित करने के लिए पशुपालन विभाग, लोक निर्माण विभाग, नेशनल हाईवे अथॉरिटी, परिवहन विभाग, शहरी निकाय और पंचायतीराज संस्थाएं अपने-अपने क्षेत्रों में आवश्यक कदम उठाएं। अगर कहीं पर बेसहारा पशु मिलता है, तो उसे तुरंत नजदीकी गो सदन या गो सेंक्चुरी में भेजने की व्यवस्था करें। उपायुक्त ने बताया कि इस समय जिला में कुल 28 गो सदन एवं गो सेंक्चुरी संचालित किए जा रहे हैं, जिनमें लगभग 2293 पशुओं को रखने की क्षमता है। अभी इनमें लगभग 2286 पशु हैं। इनमें और पशुओं को रखने के लिए अतिरिक्त प्रबंध किए जा सकते हैं। उन्होंने बताया कि बेसहारा पशुओं की समस्या के समाधान के लिए उपमंडल स्तर पर भी समितियों का गठन किया जाएगा। बैठक में पशुपालन विभाग के उपनिदेशक डॉ. सतीश कपूर ने बताया कि जिले में हाईवे पर बेसहारा पशुओं के संभावित स्थानों को चिन्हित किया गया है और इन स्थानों से पशुओं को हटाकर गो सदनों में पहुंचाया जा रहा है। इस अवसर पर नगर निगम हमीरपुर के आयुक्त राकेश शर्मा, जिला पंचायत अधिकारी बबीता गुलेरिया और अन्य अधिकारियों ने भी महत्वपूर्ण सुझाव रखें।

# सेब क्षेत्रों में स्प्रे ऑयल की मारामारी

## एचपीएमसी मुहैया नहीं करवा पा रही माकूल तेल और अन्य सामग्री

अनंत ज्ञान

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** हिमाचल प्रदेश के बागवानी अंचल में जैसे ही बर्फबारी की विदाई और कलियों के फूटने का समय समीप आता है, सेब के बगीचों को बीमारियों से सुरक्षित रखने की जद्दोजहद तेज हो जाती है।

वर्तमान में प्रदेश के विभिन्न एचपीएमसी केंद्रों पर मंडी मध्यस्थता योजना के अंतर्गत स्प्रे तेल के लिए बागवानों की भारी भीड़ और गहमागहमी का आलम बना हुआ है। चौपाल से लेकर रोहड़ू और जुब्बल से लेकर रामपुर बुशहर तक, जैसे ही तेल की गाड़ियां पहुंचती हैं, बागवानों के बीच उसे प्राप्त करने की होड़ सी मच जाती है। यद्यपि विभाग इसे व्यवस्था का हिस्सा मान रहा है, परंतु धरातल पर कतारों की लंबाई बागवानों के धैर्य की परीक्षा ले रही है। जानकारी के अनुसार अभी केंद्रों पर केवल स्प्रे तेल ही उपलब्ध हो पा रहा है, जबकि अन्य महत्वपूर्ण कृषि एवं बागवानी सामग्री जैसे केंचुआ खाद रासायनिक खादें, कीटनाशक व फफूंद नाशक दवाइयां, विभिन्न प्रकार की कृषि एवं बागवानी संबंधी मशीनें, चौपटिया पेस्ट सहित चूना, नीला थोथा और अन्य जरूरी सामग्री अभी भी पहुंच से बाहर हैं। बताया जा रहा है कि इन रसायनों के लिए टेंडर की प्रक्रिया जारी है।

विभागीय सूत्रों के अनुसार, 6 फरवरी से लेकर 16 फरवरी के मध्य इन आवश्यक सामग्रियों का आवंटन केंद्रों पर संभव हो पाएगा। वर्तमान में नकद भुगतान की व्यवस्था सुदृढ़ न होने के कारण पूर्व में कटी पर्चियों के आधार पर ही वितरण किया जा रहा है, जिससे उन बागवानों को राहत मिल रही है, जिन्होंने समय रहते औपचारिकताएं पूरी कर ली थीं।

सेब की फसल के लिए यह समय अत्यंत संवेदनशील होता है। स्प्रे तेल और डीजल का यह मिश्रण बगीचों में कीड़ों और रोगों के विरुद्ध एक सुरक्षा कवच का कार्य करता है। मार्च के प्रथम सप्ताह और हाफ-टेस्ट चरण तक इसका छिड़काव बागवानों के लिए अनिवार्य होता है। बागवानों को उम्मीद है कि 16 फरवरी तक अन्य दवाइयों की खेप भी पहुंच जाएगी, जिससे उन्हें अलग-अलग रसायनों के लिए बार-बार केंद्रों के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे। फिलहाल, अधिकारियों और प्रभारियों की मुस्तैदी के बीच वितरण का कार्य युद्धस्तर पर जारी है।

### हर बागवानों तक पहुंचेगा हक : भवानी सिंह

**गुम्मा,** जुब्बल व चौपाल क्षेत्र के एचपीएमसी केंद्रों के प्रभारी भवानी सिंह इस पूरी वितरण प्रणाली को स्वयं अपनी देखरेख में संचालित कर रहे हैं। भवानी सिंह का कहना है कि प्रशासन बागवानों की समस्याओं के प्रति पूरी तरह संवेदनशील है। उन्होंने स्पष्ट किया, 'हमारे पास जैसे ही स्प्रे तेल की खेप पहुंच रही है, हम बिना किसी देरी के उसे आवंटित कर रहे हैं ताकि बागवानों को अनावश्यक प्रतीक्षा न करनी पड़े। हमारा प्रयास है कि दूर-दराज से आए बागवानों को खाली हाथ न लौटना पड़े। वितरण कार्य में पारदर्शिता और तत्परता ही हमारी प्राथमिकता है।'

- कतारों में खड़े बागवानों के छूटे पसीने
- दवाइयों और रसायनों का बढ़ा इंतजार
- बागवानी सीजन के लिए संजीवनी है स्प्रे का छिड़काव

## विकासनगर के पास हुए हादसे में प्रशासनिक समन्वय से चला राहत व उपचार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो शिमला।** विकासनगर के समीप हरिपुर-कोटी-क्वानू-मीनस राजमार्ग पर एचआरटीसी बस दुर्घटना में घायल यात्रियों का हालचाल जानने जिला शिमला उपायुक्त अनुपम कश्यप के निर्देश पर एडीएम लॉ एंड ऑर्डर पंकज शर्मा और नायब तहसीलदार चंद वर्मा विकासनगर अस्पताल पहुंचे। घटना की सूचना मिलते ही उपायुक्त अनुपम कश्यप ने एडीएम पंकज शर्मा की अध्यक्षता में टीम को अस्पताल भेजा। प्रशासन ने उपचाराधीन सभी घायलों को फौरी राहत जारी कर दी है। मामूली चोटों पर प्रति घायल पांच हजार रुपए, रेफर किए गए घायलों को दस हजार रुपये तथा मृतकों के परिजनों को पच्चीस-पच्चीस हजार रुपये की सहायता प्रदान की गई है। उपायुक्त ने बताया कि दुर्घटना उत्तराखंड राज्य में हुई, लेकिन वहां के उपायुक्त, स्थानीय प्रशासन और अन्य एजेंसियों ने त्वरित कार्रवाई करते हुए रेस्क्यू ऑपरेशन में अहम सहयोग दिया। सिरमौर जिला प्रशासन के साथ एसडीएम पांवटा साहिब, शिलाई, कुपवी, चौपाल, चकराता, कलसी तथा स्थानीय पुलिस और उत्तराखंड पुलिस ने राहत कार्यों में समन्वय से काम किया। स्थानीय लोगों ने भी घायलों को सुरक्षित निकालने में अग्रणी भूमिका निभाई। सभी घायलों का उपचार अस्पताल में जारी है और उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की गई है, जबकि हादसे में जान गंवाने वाले यात्रियों के प्रति गहरी संवेदनाएं व्यक्त की गई हैं।

## भांडुप जल शोधन संयंत्र में शिमला नगर निगम का अध्ययन दौरा

# मुंबई में आधुनिक जल प्रबंधन से लेंगे सीख

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** मुंबई में शिमला नगर निगम के जनप्रतिनिधियों ने जल प्रबंधन की आधुनिक व्यवस्था को बेहद करीब से देखा। उप महापौर उमा कौशल के नेतृत्व में शिमला नगर निगम के 28 पार्षदों का प्रतिनिधिमंडल मुंबई स्थित भांडुप जल शोधन संयंत्र पहुँचा। इस दौरे का उद्देश्य महानगर में अपनाई जा रही उन्नत जल शोधन तकनीकों को समझना और शिमला जैसे पहाड़ी शहर में उनके संभावित उपयोग पर अनुभव हासिल करना रहा। प्रतिनिधिमंडल का स्वागत संयंत्र प्रबंधन द्वारा किया गया और पूरे दौरे के दौरान तकनीकी जानकारियां साझा की गईं।

भांडुप जल शोधन संयंत्र, जिसे सयूज द्वारा संचालित किया जा रहा है, वर्ष 2014 में स्थापित हुआ था और इसकी क्षमता 900 मिलियन लीटर प्रतिदिन है। यह संयंत्र मुंबई नगर निगम के प्रमुख जल शोधन केंद्रों में शामिल है और करीब छह लाख से अधिक लोगों को सुरक्षित पेयजल उपलब्ध कराता है। दौरे के दौरान पार्षदों को कच्चे पानी के शोधन से लेकर वितरण तक की पूरी प्रक्रिया समझाई गई, जिसमें आधुनिक मशीनरी, स्वचालित निगरानी प्रणाली और गुणवत्ता नियंत्रण के उपाय शामिल रहे।

प्रतिनिधिमंडल ने संयंत्र के सुचारु संचालन, तकनीकी दक्षता और पर्यावरण के प्रति संतुलित दृष्टिकोण की सराहना की। उप महापौर उमा कौशल ने कहा कि इस तरह के अध्ययन दौरों से शिमला नगर निगम को अपनी जल आपूर्ति व्यवस्था को और अधिक मजबूत व टिकाऊ बनाने में मदद मिलेगी। शिमला जैसे पहाड़ी शहर में जल संसाधनों का संरक्षण और शुद्ध पेयजल की निरंतर आपूर्ति एक बड़ी चुनौती है, और मुंबई के इस अनुभव से भविष्य की योजनाओं को नई दिशा मिल सकती है।



मुंबई के भांडुप जल शोधन संयंत्र का निरीक्षण करते शिमला नगर निगम के पार्षद व अधिकारी। अनंत ज्ञान

## शिमला में संजौली-ढली बाइपास सड़क धंसी टनल निर्माण और लापरवाही ने बढ़ाई दहशत

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** शिमला के संजौली-ढली बाइपास पर भारी बर्फबारी और बारिश के बीच सड़क धंसने और गहरी दरारें आने से हड़कंप मच गया है। बीते दिनों अचानक हुए इस भू-धंसाव के कारण सड़क पर एक बड़ा गड्ढा हो गया, जिसमें एक ड्रिलिंग मशीन भी फंस गई थी। स्थानीय लोगों के बीच दहशत का माहौल है क्योंकि यह धंसाव ठीक उसी क्षेत्र के ऊपर हुआ है। जिला प्रशासन ने ऐहतियात के तौर पर इस मार्ग को वाहनों की आवाजाही के लिए पूरी तरह बंद कर दिया है, जिससे संजौली बाजार में भीषण ट्रैफिक जाम की स्थिति बन गई है।

स्थानीय निवासियों का आरोप है कि इस दुर्घटना के पीछे प्रशासनिक लापरवाही एक बड़ा कारण है। प्रशासन ने 9 जनवरी को ही इस असुरक्षित पैच पर भारी वाहनों की आवाजाही पर रोक लगा दी थी, लेकिन इसके बावजूद ट्रक, ट्राले और बसें लगातार इस मार्ग का उपयोग कर रहे थे। भारी वाहनों के अनियंत्रित दबाव और टनल निर्माण के कारण कमजोर हुई जमीन ने बारिश और बर्फबारी के बीच दम तोड़ दिया। हालांकि, लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों का दावा है कि दरारें केवल सतही हैं और नालियों के प्लास्टर तक ही सीमित हैं, लेकिन टनल के ऊपर बसे रिहायशी इलाकों में रहने वाले लोग असुरक्षित महसूस कर रहे हैं।

### भू-गर्भीय रिपोर्ट के बाद होगा आगामी समाधान

**इस** गंभीर स्थिति को देखते हुए उपायुक्त अनुपम कश्यप ने एक उच्च स्तरीय बैठक बुलाई, जिसमें पुलिस, लोक निर्माण विभाग, नगर निगम और एनएचएआई के अधिकारी शामिल रहे। इसमें क्षेत्र की जियोथर्मल रिपोर्ट प्रशासन को सौंप दी गई है, जिसमें निर्माण कार्य से होने वाले नुकसान का उल्लेख है। वहीं, एनएचएआई ने चलौंठी के पास टनल नंबर पांच के ऊपर दरार प्रभावित भवनों के अधिग्रहण की प्रक्रिया शुरू कर दी है। फिलहाल, बाईपास बंद होने के कारण सारा ट्रैफिक संजौली बाजार की ओर डायवर्ट किया गया है, जिससे ऊपरी शिमला और मशोबरा की ओर जाने वाले यात्रियों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

# बौद्धिक शिक्षा के महत्व पर दिया जोर

## सर्वपल्ली राधाकृष्णन संस्थान में भारत बौद्धिक परीक्षा का आयोजन



सर्वपल्ली राधाकृष्णन संस्थान में भारत बौद्धिक परीक्षा का किया आयोजन। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**आत्मा सिंह, रामपुर बुशहर।** सर्वपल्ली राधाकृष्णन संस्थान रामपुर में भारतीय उच्च शिक्षण संस्थान के तत्वावधान में भारत बौद्धिक परीक्षा का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया।

इस परीक्षा का मुख्य उद्देश्य छात्रों में भारतीय संस्कृति, वैदिक ज्ञान, नैतिक मूल्य और आध्यात्मिक चेतना का विकास करना था। बड़ी संख्या में छात्रों ने उत्साह के साथ भाग लिया, जबकि परीक्षा शांतिपूर्ण और सुव्यवस्थित तरीके से संपन्न हुई।

संस्थान के पदाधिकारी और शिक्षकों ने छात्रों का मार्गदर्शन किया तथा बौद्धिक शिक्षा के महत्व पर जोर दिया। प्रधानाचार्या डॉ. सीमा भारद्वाज ने कहा यह परीक्षा छात्रों की मानसिक क्षमता, तर्कशक्ति और समस्या-समाधान कौशल का सटीक आकलन करती है। परिणामों से छात्र अपनी रुचि और करियर चुन सकते हैं, साथ ही प्रतिभाशाली छात्रों को विशेष प्रशिक्षण और अवसर मिलेंगे।

भारतीय उच्च शिक्षण संस्थान के प्रतिनिधियों ने बताया कि ऐसी परीक्षाएं नई पीढ़ी को भारतीय सभ्यता, संस्कारों और परंपराओं से जोड़ती हैं। उन्होंने संस्थान प्रबंधन, शिक्षकों और छात्रों का आभार जताया तथा भविष्य में ऐसे और कार्यक्रम आयोजित करने का आश्वासन दिया।

## बाबा इलेवन चीखर ने जीता क्रिकेट टूर्नामेंट, मिला 81 हजार रुपए का इनाम

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** सिरमौर के धरोली में आयोजित प्रथम भूतेश्वर महाराज क्रिकेट प्रतियोगिता के रोमांचक फाइनल में बाबा इलेवन चीखर ने खिताबी जीत दर्ज की। पहले बल्लेबाजी करते हुए पीरन ट्राई की टीम ने निर्धारित 8 ओवरों में 5 विकेट खोकर 64 रन बनाए, जिसमें सुधीर के 17 और तनु के 12 रनों का मुख्य योगदान रहा।

जवाब में बाबा इलेवन चीखर ने शानदार बल्लेबाजी का प्रदर्शन किया और अरुण के नाबाद 26 रनों की बदौलत मात्र 2 विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया। इस जीत के साथ चीखर की टीम ने 81 हजार रुपये का नकद पुरस्कार अपने नाम किया। प्रतियोगिता के समापन पर मुख्य अतिथि निहाल रापटा रीजनल मैनेजर, कामधेनु पेंट्स ने विजेता टीम को सम्मानित किया।

अपने संबोधन में उन्होंने युवाओं को नशे और मोबाइल की लत से दूर रहकर खेलों से जुड़ने का संदेश दिया। उन्होंने आयोजकों से आगामी वर्ष में महिलाओं के लिए रस्साकशी प्रतियोगिता आयोजित करने का आग्रह किया और घोषणा की कि वह अपनी ओर से विजेता महिला टीम को 31 हजार और उपविजेता को 21 हजार रुपये प्रदान करेंगे।

# सामाजिक एकता, शिक्षा और युवाओं के उज्ज्वल भविष्य को लेकर की चर्चा



रामपुर में ब्राह्मण सभा की बैठक में मौजूद सदस्य। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**रामपुर बुशहर।** रामपुर में बुधवार को ब्राह्मण सभा द्वारा एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में सामाजिक एकता, शिक्षा और युवाओं के उज्ज्वल भविष्य पर गहन चर्चा हुई।

सभा के पदाधिकारियों ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि समाज की प्रगति के लिए सभी वर्गों में आपसी भाईचारा और समरसता अनिवार्य है। उन्होंने जाति, वर्ग एवं क्षेत्रीय भेदभाव को समाप्त कर एकजुट होकर राष्ट्र निर्माण में योगदान देने का आह्वान किया। कार्यक्रम के दौरान विश्वविद्यालय अनुदान आयोग की हालिया नीतियों पर तीखा प्रहार किया गया।

वक्ताओं ने आरोप लगाया कि ये नीतियां छात्रों व शिक्षण संस्थानों के हितों के विरुद्ध हैं, जिससे शिक्षा की गुणवत्ता गिर रही है और समान अवसर प्रभावित हो रहे हैं। ब्राह्मण सभा ने मांग की है कि यूजीसी की इन नीतियों पर तत्काल पुनर्विचार करे तथा छात्र हितैषी निर्णय ले।

- रामपुर में ब्राह्मण सभा की बैठक में यूजीसी नीतियों का किया विरोध

## घुमारवीं अगेंस्ट चिट्टा अभियान को मिली मजबूती

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** नशे के खिलाफ चल रहे घुमारवीं अगेंस्ट चिट्टा अभियान को और प्रभावी बनाने के लिए संस्कार सोसायटी घुमारवीं ने 25 जनवरी को घर-घर जागरूकता अभियान के लिए संचालन समिति का गठन किया। यह समिति संड्यार, कोटलू ब्राह्मणा, कपाहड़ा, पलासला, करलोटी व पपलाह पंचायतों में अभियान संचालित करेंगी। संदेश शर्मा को संयोजक बनाया गया है। संस्थापक महेंद्र धर्माणी ने कहा कि गांव-गांव समितियों से चिट्टा विरोधी अभियान को नई मजबूती मिलेगी।

## हटवाड़-ब्रामली सड़क 27 फरवरी तक बंद

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** डीसी बिलासपुर राहुल कुमार ने मोटर वाहन अधिनियम, 1988 की धारा 115 के अंतर्गत आदेश जारी करते हुए बताया कि घुमारवीं उपमंडल के हटवाड़-ब्रामली सड़क मार्ग आवश्यक मरम्मत कार्य के चलते सभी प्रकार के यातायात के लिए आगामी 27 फरवरी तक बंद रहेगा। इस सड़क मार्ग पर अन्य कोई वैकल्पिक मार्ग न होने के चलते इस सडक मार्ग पर केवल एंबुलेंस, स्कूल बसों, वीआईपी वाहनों तथा अन्य आपातकालीन सेवा वाहनों की आवाजाही की अनुमति रहेगी।

## सरकारी योजनाओं व स्वास्थ्य संबंधी जानकारी दी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के तत्वावधान में जिला कल्याण अधिकारी कार्यालय, बिलासपुर द्वारा ग्राम देवली (घागस) में 'अंतर-पीढ़ी संवाद एवं सुरक्षित वृद्धावस्था' पर एकदिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता उपमंडलाधिकारी (नागरिक) प्रियंका वर्मा ने की। वरिष्ठ नागरिकों को आयु-संबंधी चुनौतियों, सरकारी योजनाओं, कानूनी अधिकार, साइबर सुरक्षा, वित्तीय साक्षरता और नशा मुक्ति पर मार्गदर्शन दिया गया। निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया गया।

## कैंसर रोग के बारे में विस्तृत जानकारी दी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, जिला बिलासपुर के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. शशि दत्त शर्मा के मार्गदर्शन में जगतखाना में विश्व कैंसर दिवस का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता एजीएम संतोष शर्मा ने की। जिला स्वास्थ्य शिक्षक गोपाल कौशल तथा स्वास्थ्य शिक्षक राम अवतार ने कैंसर रोग के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की।

## तीन साल में विकास को तरसता रहा बिलासपुर जिला, मुख्यमंत्री के दौरे से जगी नई उम्मीद

अनंत ज्ञान

**अरुण डोगरा रीतू, बिलासपुर।** पिछले तीन वर्षों में वर्तमान प्रदेश सरकार के कार्यकाल के दौरान बिलासपुर जिला किसी बड़ी और ठोस विकासात्मक सौगात से वंचित रहा है।

भाखड़ा विस्थापित जिला होने के बावजूद यहां की पुरानी और ज्वलंत समस्याएं जस की तस बनी हुई हैं। ऐसे में मुख्यमंत्री के आज प्रस्तावित बिलासपुर दौरे को लेकर जिलेभर में राजनीतिक और प्रशासनिक हलचल तेज हो गई है। आम जनता से लेकर राजनीतिक गलियारों तक की निगाहें इस बात पर टिकी हैं कि मुख्यमंत्री इस बार बिलासपुर के लिए क्या नई घोषणाएं करके जाते हैं। मुख्यमंत्री का दौरा झंडूता और घुमारवीं विधानसभा क्षेत्रों में प्रस्तावित है। झंडूता विधानसभा क्षेत्र में मुख्यमंत्री करोड़ों रुपए की विकास परियोजनाओं के शिलान्यास और लोकार्पण करेंगे तथा एक जनसभा को संबोधित करेंगे। वहीं, घुमारवीं में वे पिछले पांच दिनों से चल रही राज्य/राष्ट्रीय स्तर की हैंडबॉल प्रतियोगिता के समापन समारोह में बतौर मुख्यातिथि शिरकत करेंगे। इस प्रतियोगिता में देशभर से आए खिलाड़ी अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन कर रहे हैं और मुख्यमंत्री फाइनल व सेमीफाइनल मुकाबलों की विजेता व उपविजेता टीमों को पुरस्कार वितरित करेंगे।

यह प्रतियोगिता प्रदेश के तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी द्वारा शुरू की गई थी। इसके समापन पर मुख्यमंत्री की मौजूदगी को विशेष महत्व दिया जा रहा है। माना जा रहा है कि इस मंच से मुख्यमंत्री बिलासपुर जिला को लेकर कुछ अहम घोषणाएं कर सकते हैं। हालांकि, बीते तीन वर्षों में बिलासपुर को अपेक्षित विकास कार्य न मिल पाने के पीछे प्रदेश की कमजोर आर्थिक स्थिति, केंद्र सरकार द्वारा बजट में की गई कटौती और आपदा के दौरान हुए भारी नुकसान की समुचित भरपाई न होना प्रमुख कारण माने जा रहे हैं। राज्य सरकार को सीमित संसाधनों के बीच ही प्रदेश की अर्थव्यवस्था को संभालना पड़ रहा है, जिससे कई योजनाएं अपेक्षित गति नहीं पकड़ सकीं।

## निर्बाध बिजली आपूर्ति को 200 करोड़ की योजनाएं: धर्माणी

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** घुमारवीं में बिजली व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए लगभग 200 करोड़ रुपए की विभिन्न परियोजनाओं पर कार्य किया जा रहा है। तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी ने ग्राम पंचायत बम्म के कोटलु (बनी-पंडता) में 13 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाले बम्म 33/11 केवी बिजली सब स्टेशन के भूमि पूजन के अवसर पर दी। क्षेत्र में 24/7 निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए 33/11 केवी के पांच नए सब स्टेशन स्थापित किए जा रहे हैं, जिससे लो-वोल्टेज, ओवरलोडिंग व बार-बार बिजली गुल होने जैसी समस्याओं का स्थायी समाधान होगा। घुमारवीं क्षेत्र के करयालग में जिले का पहला 132 केवी सब स्टेशन लगभग 70 करोड़ रुपए की लागत से स्थापित किया जाएगा। इसके अलावा घुमारवीं शहर में 33 केवी का नया सब स्टेशन लगभग 13 करोड़ रुपए की लागत से बनेगा, जबकि बडोली देवी (17 करोड़), वकेन-जेजवीं (11 करोड़) और झबोला सब स्टेशन के आधुनिकीकरण पर 2.50 करोड़ रुपए व्यय किए जाएंगे।

## परीक्षा केंद्रों के आसपास 7 फरवरी को लगाए प्रतिबंध

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** जवाहर नवोदय विद्यालय बिलासपुर में सत्र 2026-27 के लिए कक्षा 9वीं व 11वीं की रिक्त सीटों के लिए प्रवेश परीक्षा 7 फरवरी को उपमंडल सदर बिलासपुर में आयोजित की जाएगी। यह परीक्षा राजकीय छात्र वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बिलासपुर व पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय कोठीपुरा में होगी। परीक्षा को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए एसडीएम सदर प्रियंका ने भारतीय न्याय सुरक्षा संहिता की धारा 163 के तहत आदेश जारी किए हैं। आदेशानुसार 7 फरवरी को सुबह 8 से शाम 4 बजे तक परीक्षा केंद्रों के आसपास रैलियों, जुलूसों, धरना-प्रदर्शन, लाउडस्पीकर उपयोग और निर्माण कार्य पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। हथियार लेकर चलना भी सख्त वर्जित रहेगा।

## तीसरी सांस्कृतिक संध्या में एसआईवीटी की छात्राओं ने बिखेरे जलवे

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** घुमारवीं में 69वीं राष्ट्रीय स्कूल गेम्स के तहत पीएम श्री राजकीय छात्र वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला में सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। शिवम इंस्टीच्यूट फॉर वोकेशनल ट्रेनिंग सेंटर (एसआईवीटी) की छात्राओं ने हिमाचली, पंजाबी, गुजराती की लोक संस्कृति नृत्य प्रस्तुत कर देश की एकता का संदेश दिया। मंत्री राजेश धर्माणी ने छात्राओं को सम्मानित किया।


### नीलामी सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि इस वर्ष होला मेला मैडी-2026 दिनांक 24.02.2026 से दिनांक 06. 03.2026 तक मनाया जा रहा है। इस बर्ष भारी व हल्के वाहनों की पार्किंग, तहबाजारी व अस्थाई बस अड्डा नैहरी में अडडा फीस एकत्रित करने हेतु खुली नीलामी द्वारा ठेके पर दिए जाएंगे। इच्छुक ठेकेदार नीचे दिए गए विवरण अनुसार बोली/नीलामी प्रक्रिया में भाग ले सकते हैं।

| क्रं. सं. | विवरण | पार्किंग की दरें | खुली बोली की तिथि | बोली समय | धरोहर राशी |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | भारी वाहन पार्किंग शुल्क | ट्रक -500/- रू. दिन रात के लिए<br>बस -500/- रू. उपरोक्त<br>मैटाडोर - 300/- रू. उपरोक्त<br>ट्रैक्टर ट्राली 300/- रू. उपरोक्त<br>24 घंटे के अतिरिक्त ठहराव के प्रतिदिन की दर से 100/- रू. अलग से देना होगा। | 11.02.2026 | 11:00 बजे | 3.00 लाख रू. |
| 2. | हल्के वाहन पार्किंग शुल्क | कार/जीप/टैम्पो ट्रैवलर 300/- रू. दिन रात के लिए<br>स्कूटर मोटर साईकल 100/- रू. उपरोक्त<br>थ्री व्हीलर 100/- रू. उपरोक्त<br>24 घंटे के अतिरिक्त ठहराव के प्रतिदिन की दर से कार/जीप/टैम्पो ट्रैवलर के लिए 100/- रू. तथा स्कूटर, मोटर साईकल व थ्री व्हीलर के लिए 50/-रू. अलग से देना होगा।<br>कार/जीप/टैम्पो ट्रैवलर के 2 घण्टे से कम समय के ठहराव के लिए 100/- रू. तथा स्कूटर, मोटर साईकल व थ्री व्हीलर के 2 घण्टे से कम समय के ठहराव के लिए 50/- रू. शुल्क होगा। | 11.02.2026 | पहली बोली समाप्त होने पर | 4.00 लाख रू. |
| 3. | तह बाजारी | बड़ी दुकान 800/- रू. पूरा मेला अवधि के लिए<br>छोटी दुकान 400/- रू. उपरोक्त<br>प्रति टैंट 200/- रू. उपरोक्त<br>पूरा मेला अवधि के तक | 11.02.2026 | दूसरी बोली समाप्त होने पर | 1,00,000/-रु. |
| 4. | अस्थाई बस अडडा समाधी वाला स्थल | बस 300/- रू. प्रति चक्कर | 11.02.2026 | तीसरी बोली समाप्त होने पर | 50,000/- रू. |

**नोटः-** 1. बिना धरोहर राशी से किसी भी ठेकेदार को बोली / नीलामी में भाग लेने की अनुमति नहीं होगी। 2. मेला निविदा कमेटी को बिना कोई कारण बताए बोली/ नीलामी स्वीकृत या रद्द करने का अधिकार होगा। 3. धरोहर राशी बैंक ड्राफ्ट/नकद राशी के रूप में ही मान्य होगी।

#### निविदा सूचना

| क्रं. सं. | विवरण | निविदाएं प्राप्त करने की तिथि | निविदाएं खोलने की तिथि | धरोहर राशि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | मेला क्षेत्र में 100 यूनिट अस्थाई शौचालयों के निमार्ण व रखरखाव की निविदा। | 12.02.2026 समय सुबह 10:30 बजे | 12.02.2026 समय सुबह 11:00 बजे | 50000/-रू. |
| 2. | मेला के दौरान लगने वाले टैंट, शौलदारी, शामियाने, कुर्सियां आदि की निविदाएं। | 12.02.2026 समय सुबह 10:30 बजे | 12.02.2026 समय सुबह 11:15 बजे | 50000/-रू. |
| 3. | मेला के दौरान अस्थाई विद्युत व्यवस्था की निविदाएं | 12.02.2026 समय सुबह 10:30 बजे | 12.02.2026 समय सुबह 11:30 बजे | 50000/-रू. |
| 4. | मेला क्षेत्र में ट्रैक्टर वाटर टैंकरों द्वारा पेयजल आपूर्ति की निविदाएं। | 12.02.2026 समय सुबह 10:30 बजे | 12.02.2026 समय सुबह 11:45 बजे | 20000/-रू. |
| 5. | मेला क्षेत्र में टैक्सियां उपलब्ध करवाने की निविदाएं। केवल दर प्रतिदिन स्वीकृत की जाएगी। | 12.02.2026 समय सुबह 10:30 बजे | 12.02.2026 समय दोपहर 12:00 बजे | 30000/-रू. |
| 6. | ट्रैक्टर ट्राली पांच मजदूरों सहित की निविदा | 12.02.2026 समय सुबह 10:30 बजे | 12.02.2026 दोपहर 12:15 बजे | 20000/-रू. |
| 7. | मेला क्षेत्र में कूड़ा उठाने हेतु ट्रैक्टर (चालक सहित) उपलब्ध करवाने की निविदा। | 12.02.2026 समय सुबह 10:30 बजे | 12.02.2026 दोपहर 12:30 बजे | 20000/-रू. |
| 8. | मेला क्षेत्र में क्रेन( आपरेटर सहित) उपलब्ध करवाने की निविदा। | 12.02.2026 समय सुबह 10:30 बजे | 12.02.2026 दोपहर 12:45 बजे | 30000/-रू. |

**नोटः-** 1. समस्त निविदाएं सील बंद लिफाफे में निर्धारित तिथि व समय पर अधोहस्ताक्षरी के कक्ष में प्रस्तुत करनी होंगी। 2. निविदा सम्बन्धी समस्त विवरण अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय पर किसी भी कार्य दिवस पर सुबह 10:00 बजे से शाम 5:00 बजे तक प्राप्त कर सकते हैं। निविदाएं दिनांक 12.02.2026 को सुबह 11:00 बजे से कम बार खोली जाएंगी। 3. मेला निविदा कमेटी को बिना किसी कारण बताए निविदाएं स्वीकृत या रद्द करने का अधिकार सुरक्षित रहेगा। 4. किसी भी प्रकार के कानूनी विवाद की सुनवाई उपमण्डल अम्ब के अन्तर्गत किसी संस्थान / माननीय न्यायालय में होगी। 5. किसी भी प्रकार की जानकारी के लिए अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय दूरभाष संख्या 01976-261203 पर संपर्क किया जा सकता है।

**अध्यक्ष मेला आयोजन समिति एवं**
**उपमण्डल अधिकारी (ना), अम्ब जिला ऊना (हि.प्र.)।**


# पंचायतीराज संस्थाओं के कार्यकाल के बाद नई व्यवस्था से सुचारु रहेंगे सभी कार्य : विनय कुमार

अनंत ज्ञान



**अरुण डोगरा रीतू, बिलासपुर।** पंचायतीराज संस्थाओं का कार्यकाल 31 जनवरी को समाप्त हो जाने के बाद सरकार द्वारा लागू की गई नई प्रशासनिक व्यवस्था के अंतर्गत पंचायत स्तर के सभी विकासात्मक व प्रशासनिक कार्य पूरी तरह सुचारु रूप से संचालित किए जा रहे हैं।

यह जानकारी खंड विकास अधिकारी विनय कुमार शर्मा ने अनंत ज्ञान समाचार पत्र के संवाददाता से बातचीत में दी। खंड विकास अधिकारी ने बताया कि पंचायत प्रतिनिधियों का कार्यकाल समाप्त होने के उपरांत पंचायतों से जुड़े कार्यों के संचालन के लिए राज्य सरकार द्वारा वैकल्पिक प्रशासनिक व्यवस्था लागू की गई है, ताकि आम जनता को किसी भी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। इस व्यवस्था के तहत ग्राम पंचायत स्तर के कार्य पंचायत सचिव व विकास अधिकारी के माध्यम से किए जा रहे हैं। वहीं, पंचायत समिति स्तर पर निरीक्षक व सीबीपीओ तथा जिला परिषद स्तर पर अतिरिक्त उपायुक्त के अधीन सभी प्रशासनिक एवं विकासात्मक कार्य संपन्न किए जा रहे हैं। विनय कुमार शर्मा ने स्पष्ट किया कि पूर्व में पंचायत प्रतिनिधियों के माध्यम से जिन कार्यों का निष्पादन किया जाता था, वे सभी कार्य अब सरकार द्वारा नियुक्त अधिकारियों के माध्यम से उसी प्रभावी ढंग से किए जा रहे हैं। चाहे जन्म, मृत्यु, निवास अथवा आय प्रमाण पत्र जारी करने का विषय हो या फिर विकास कार्यों की स्वीकृति एवं निगरानी—किसी भी कार्य में कोई व्यवधान नहीं आया है। उन्होंने बताया कि वर्तमान में ग्राम पंचायतों से जारी होने वाले सभी प्रकार के प्रमाण पत्र खंड विकास कार्यालय के माध्यम से निर्गत किए जा रहे हैं। इसके साथ ही पंचायत क्षेत्रों में चल रहे निर्माण व विकास कार्य भी पूर्व की भांति जारी हैं व भविष्य में भी आवश्यक विकास योजनाएं निर्बाध रूप से लागू की जाती रहेंगी।

### बिलासपुर की पंचायतों की मतदाता सूचियां प्रकाशित

**जिला** बिलासपुर की कुल 175 ग्राम पंचायतों में से 173 ग्राम पंचायतों की निर्वाचन नामावली का अंतिम प्रकाशन कर दिया गया है। इनमें पंचायत समिति सदर, घुमारवीं, झंडुता, श्री नयना देवी जी तथा जिला परिषद बिलासपुर के सभी निर्वाचन क्षेत्र शामिल हैं। इन 173 ग्राम पंचायतों में कुल 3,13,888 मतदाता पंजीकृत हैं, जिनमें 1,57,692 पुरुष तथा 1,56,196 महिला मतदाता शामिल हैं। जिले में पंचायतीराज संस्थाओं की मतदाता सूचियों का अंतिम प्रकाशन पूर्ण कर लिया गया है। इसके अंतर्गत जिले में कुल 1129 ग्राम पंचायत वार्ड, 97 पंचायत समिति वार्ड तथा 14 जिला परिषद वार्ड निर्धारित किए गए हैं। यह प्रक्रिया आगामी पंचायतीराज चुनावों की दृष्टि से एक महत्वपूर्ण प्रशासनिक उपलब्धि मानी जा रही है।

## शिक्षा व्यवस्था से संबंधित समस्याओं पर की चर्चा

**अनंत ज्ञान, बिलासपुर।** जिला प्राइवेट स्कूल मैनेजमेंट एसोसिएशन की एक महत्वपूर्ण बैठक हिमाचल प्रदेश लोक निर्माण विभाग के विश्राम गृह, घुमारवीं में आयोजित की गई। बैठक में जिले भर के निजी विद्यालयों के एसोसिएशन सदस्यों एवं स्कूल चेयरपर्सन ने सक्रिय रूप से भाग लिया। बैठक के दौरान निजी विद्यालयों को आ रही विभिन्न प्रकार की समस्याओं एवं कठिनाइयों पर विस्तार से चर्चा की गई। इनमें स्कूल प्रबंधन से जुड़े मुद्दे, विद्यार्थियों से संबंधित समस्याएं तथा शिक्षा बोर्ड से जुड़े विषय प्रमुख रूप से शामिल रहे। सभी बिंदुओं पर गंभीर व सार्थक विचार-विमर्श किया गया और उनके समाधान के लिए सुझाव प्रस्तुत किए गए। बैठक में जिला बिलासपुर प्राइवेट स्कूल मैनेजमेंट एसोसिएशन के अध्यक्ष सुनील ठाकुर, सचिव ठाकुर दास शर्मा, उपाध्यक्ष रणजीत ठाकुर व दिनेश ठाकुर, कोषाध्यक्ष नरेश ठाकुर, चीफ पैट्रन बाबूलाल धर्माणी सहित अन्य पदाधिकारी व सदस्य उपस्थित रहे। जिला पदाधिकारियों व सदस्यों ने हिमाचल प्रदेश सरकार के मंत्री राजेश धर्माणी से भेंट की।


**व अदालत सहायक समाहर्ता प्रथम श्रेणी शाहपुर जिला कांगड़ा हि.प्र. ।**

मुकदमा इन्द्राज सेहत नाम
पेशी- 24.02.2026
रवि दत पुत्र रोशन लाल पुत्र कालू वासी महाल मौजा बसनूर तहसील शाहपुर जिला कांगड़ा हि.प्र.।

**बनाम**
**आम जनता**

विषय- दरुस्ती नाम हि.प्र.रा. अधिनियम 1954 की जेर धारा 37 के तहत महाल पोहाडा व बसनूर खास में नाम दरुस्ती वारे।

उपरोक्त मुकदमा वारे प्रार्थी ने इस न्यायालय में प्रार्थना पत्र गुजारा है जिसमें लिखा है उनका सही नाम रवि दत पुत्र रोशन लाल निवासी महाल व मौजा बसनूर तहसील शाहपुर जिला कांगड़ा है। जबकि महाल पोहाडा व बसनूर में उनका नाम रवि कुमार दर्ज है जो कि गलत इन्द्राज हुआ है। प्रार्थी उक्त नाम को दरुस्त करके रवि दत पुत्र रोशन लाल महाल पोहाडा व बसनूर में दर्ज करवाना चाहता है।

अत उक्त प्रार्थना पत्र के संदर्भ में उपरोक्त नाम की दरुस्ती वारे किसी को कोई एतराज हो तो वह असालतन या वकालतन इस अदालत में दिनांक 24.02.2026 को दोपहर बाद 2 बजे हाजिर आ सकता है। हाजिर न आने की स्थिती में एकतरफा कार्यवाही अम्ल में लाई जाकर आगामी आदेश पारित कर दिए जाएंगे और बाद में कोई भी उजर या एतराज जेरे समायत न होगा।

आज दिनांक को मेरी मोहर व हस्ताक्षर सहित जारी हुआ।

**सहायक समाहर्ता प्रथम श्रेणी**
**शाहपुर जिला कांगड़ा हि.प्र.**

ज्ञान प्राप्ति का एक ही मार्ग है जिसका नाम है, एकाग्रता। शिक्षा का सार है, मन को एकाग्र करना, तथ्यों का संग्रह करना नहीं।

-श्री मां

## संपादकीय

## जीवन बड़ा अनमोल

हिमाचल प्रदेश की सड़कों पर यात्रा करना किसी चुनौती से कम नहीं है। राज्य की भौगोलिक संरचना, घुमावदार और ऊंचाई वाली सड़कें, तीखे मोड़ और संकीर्ण मार्ग यात्रियों और वाहन चालकों दोनों के लिए जोखिमपूर्ण साबित होते हैं। ऐसे में सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन करना केवल कानूनी आवश्यकता नहीं, बल्कि जीवन और मृत्यु के बीच का अंतर तय करने वाला कदम है। वर्ष 2026 में सोलन, शिमला और सिरमौर जिलों में हुए गंभीर सड़क हादसों ने एक बार फिर हिमाचल सरकार की चिंता बढ़ा दी है।

सड़क दुर्घटनाओं के कारण विभिन्न प्रकार के होते हैं। कुछ हादसे मानवीय भूलों के कारण होते हैं, जैसे तेज गति, ओवरटेकिंग, नशे में वाहन चलाना या सावधानी न बरतना। वहीं, कुछ दुर्घटनाओं की जड़ तकनीकी खराबी या वाहन की अनदेखी रखरखाव में होती है, परंतु हाल ही में देखा गया है कि हाई बीम लाइट का दुरुपयोग भी एक गंभीर कारण बन गया है। हाई बीम लाइट, जिसे लंबे समय तक वाहन की दूरी बढ़ाने के लिए विकसित किया गया था, यदि गलत समय या स्थान पर उपयोग की जाए तो सामने से आने वाले चालक की दृष्टि बाधित हो जाती है। पहाड़ी क्षेत्रों में यह खतरा और बढ़ जाता है, जहां सड़कें संकीर्ण और घुमावदार होती हैं।

हिमाचल प्रदेश में हाई बीम लाइट के गलत उपयोग के कई जानलेवा मामले सामने आए हैं। चालक अचानक तेज रोशनी में प्रभावित होकर वाहन को नियंत्रण में नहीं रख पाता और कई बार यह दुर्घटनाओं में बदल जाता है। उदाहरण के तौर पर, कई हादसों में वाहन खाई में गिर गया, जिससे न केवल चालक बल्कि वाहन में बैठे अन्य लोगों की जान भी जोखिम में पड़ी। इस स्थिति में स्पष्ट है कि केवल नियम बनाने से सुरक्षा सुनिश्चित नहीं होती, बल्कि नियमों का पालन और जागरूकता भी उतनी ही महत्वपूर्ण है।

सुक्खू सरकार ने हाई बीम लाइट के दुरुपयोग पर सख्ती करने का निर्णय लिया है। अब यदि कोई चालक हाई बीम लाइट का गलत इस्तेमाल करता है, तो मोटर व्हीकल एक्ट के तहत उसे 1,000 से 5,000 रुपए तक का जुर्माना लगाया जा सकता है। गंभीर या बार-बार उल्लंघन करने वाले चालक का लाइसेंस भी निलंबित किया जा सकता है। दिल्ली और चंडीगढ़ की तर्ज पर यह कदम हिमाचल प्रदेश में खतरनाक ड्राइविंग के खिलाफ एक मजबूत संदेश है। यह स्पष्ट संकेत है कि सरकार लोगों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है।

यह भी सच है कि नियम और सख्ती केवल तभी प्रभावी होंगे जब नागरिक भी जिम्मेदारी का भाव दिखाएं। केवल चालान और जुर्माने से लोगों की लापरवाही नहीं रुकेगी, इसके लिए जागरूकता और सामाजिक अनुशासन की भी आवश्यकता है। चालक को यह समझना होगा कि हाई बीम लाइट का सही इस्तेमाल केवल कानून का पालन नहीं, बल्कि अपने और दूसरों के जीवन की रक्षा करना भी है।

हिमाचल की सड़कें न केवल यात्रा के लिए चुनौतीपूर्ण हैं, बल्कि पर्यटकों के लिए भी जोखिमपूर्ण साबित होती हैं। राज्य में पर्यटन उद्योग बढ़ रहा है और सड़कों पर वाहन बढ़ रहे हैं। ऐसे में सड़क सुरक्षा नियमों का पालन न केवल स्थानीय लोगों, बल्कि पर्यटकों की सुरक्षा के लिए भी अनिवार्य है। राज्य सरकार की ओर से उठाया गया कदम- हाई बीम लाइट के दुरुपयोग को गंभीर अपराध मानना- एक स्वागत योग्य पहल है, लेकिन यह तभी सफल होगा जब लोग नियमों को अपनी जिम्मेदारी समझें।

सड़क दुर्घटनाओं के सामाजिक और आर्थिक परिणाम भी गंभीर हैं। हर हादसा परिवारों के लिए दुख और आर्थिक बोझ लेकर आता है। बच्चों की शिक्षा, परिवार की आजीविका और सामाजिक संरचना पर इसका प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। इसलिए यह आवश्यक है कि हम सड़क सुरक्षा को केवल सरकार की जिम्मेदारी न मानें, बल्कि एक नागरिक के रूप में इसे अपना कर्तव्य बनाएं।

तकनीकी उपायों के साथ-साथ सरकार ने सड़क सुरक्षा के लिए कई अन्य उपाय भी अपनाए हैं। चेतावनी संकेत, घुमावदार मार्गों पर उचित साइनबोर्ड, सड़क के किनारे सुरक्षा रेलिंग और सीमित गति का पालन सभी आवश्यक कदम हैं। इन उपायों के बावजूद यदि वाहन चालक लापरवाह रहे तो हादसों की संख्या कम नहीं होगी। इसीलिए अब नियमों का पालन केवल औपचारिकता न बने, बल्कि यह हमारे जीवन की रक्षा का माध्यम बने।

हिमाचल में हाई बीम लाइट के दुरुपयोग पर सख्ती केवल कानूनी कदम नहीं है, बल्कि यह हमारे सामाजिक जिम्मेदारी और नैतिकता की भी परीक्षा है। हमें समझना होगा कि सड़क सुरक्षा का जिम्मा केवल सरकार का नहीं, बल्कि हर चालक, यात्री और नागरिक का है। यदि हम जागरूक नहीं होंगे, तो हादसों की शृंखला लगातार बनी रहेगी। ■

अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

## आज की प्रमुख हस्ती

### प्रसिद्ध फिल्म अभिनेता

**अभिषेक** बच्चन हिंदी फिल्मों के प्रसिद्ध अभिनेता और निर्माता हैं। वे सदी के महानायक अमिताभ बच्चन और जया बच्चन के पुत्र हैं। उनकी बहन श्वेता निखिल नंदा से विवाहित हैं। अभिषेक ने अपनी प्रारंभिक शिक्षा बॉम्बे स्कॉटिश स्कूल और दिल्ली के मॉडर्न स्कूल से की और अमेरिका में व्यापार की पढ़ाई शुरू की, लेकिन फिल्म अभिनेता बनने के लिए बीच में छोड़ दी।



अभिषेक बच्चन
जन्म : 5 फरवरी, 1976

अभिषेक ने फिल्मी करियर की शुरुआत 2000 में 'रिफ्यूजी' से की, लेकिन प्रारंभिक फिल्में खास सफलता नहीं पाईं। धीरे-धीरे उन्होंने अपनी अलग पहचान बनाई। 2003 के बाद उनकी फिल्में 'मैं प्रेम की दीवानी हूं', 'युवा', और 'धूम' ने उन्हें सफलता दिलाई। 2005 में 'बंटी और बबली', 'सरकार', 'दस' और 'ब्लफमास्टर' से उनका करियर और मजबूत हुआ। उन्होंने 'कभी अलविदा न कहना' और 'पा' जैसी फिल्मों में भी उत्कृष्ट अभिनय किया।

2007 में अभिषेक ने ऐश्वर्या राय से विवाह किया और उनकी बेटी आराध्या 2011 में जन्मी। उन्होंने फिल्मों के साथ-साथ टीवी शो 'नेशनल बिंगो नाईट' की मेजबानी भी की। सामाजिक कार्यों में भी वे सक्रिय रहे; मणिरत्नम के स्टेज शो और 'अनफॉरगेटेबल वर्ल्ड टूर' में हिस्सा लिया।

अभिषेक ने गायक के रूप में भी अपने अभिनय की प्रतिभा दिखाई, जैसे 'ब्लफ मास्टर' और 'धूम' में पार्श्वगीत। उन्होंने कई पुरस्कार जीते, जिनमें 'युवा', 'सरकार', और 'कभी अलविदा न कहना' के लिए फिल्मफेयर सर्वश्रेष्ठ सह अभिनेता पुरस्कार और 'पा' के लिए राष्ट्रीय पुरस्कार शामिल हैं। ■



कविता

## रख खुद पर विश्वास!

अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

पारुल सोंधी, प्रवक्ता, रसायन विज्ञान
हिम अकादमी, हमीरपुर

**कर** भरोसा आत्मबल पर, रख यकीन अपने हर प्रयास पर।
होगा वही जो है तेरे लिए खास, जिसकी रब से करता है तू आस।
रख खुद पर विश्वास, रख खुद पर विश्वास॥
न लड़खड़ा राह-ए-मंजिल पर, चल निरंतर अपने ही पथ पर।
कर सामना हर ख्वाब का आज, होगा वही जो है तेरे लिए खास।
रख खुद पर विश्वास, रख खुद पर विश्वास॥
मुश्किलें आएंगी हौसले आजमाने, कुछ लोग मिलेंगे तुझे गिराने।
पर न रुकना, न झुकना, और कभी खुद को न टूटने देना।
होगा वही जो है तेरे लिए खास, जिसकी रब से करता है तू आस।
रख खुद पर विश्वास, रख खुद पर विश्वास॥

**पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री editoranantgyaan@gmail.com पर या व्हाट्सऐप नंबर 8894521702 व 8091450407 पर भेज सकते हैं।**

# ट्रेड डील : अमेरिका फर्स्ट के आगे भारत का सरेंडर



डॉ. अशोक कुमार चौबे
पूर्व कृषि वैज्ञानिक, पालमपुर

अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

अमेरिका के आगे 'विश्व गुरु' इस तरह झुक जाएगा, शायद किसी भारतीय ने सोचा नहीं था। जो नहीं सोचा गया था, वही डर 2 फरवरी 2026 को सच बनकर देश के सामने खड़ा हो गया। यह झुकना किसी सैन्य हार का परिणाम नहीं था, बल्कि अपनी छवि बचाने, अपने मित्रों को बचाने और सत्ता को सुरक्षित रखने का परिणाम था। इतिहास गवाह है कि भारत ने इससे कहीं कठिन दौर देखे हैं, लेकिन कभी इस तरह आत्मसमर्पण नहीं किया। अटल बिहारी वाजपेयी ने परमाणु परीक्षण करके दुनिया की आंखों में आंखें डालकर बात की थी। प्रतिबंध लगे, दबाव पड़ा, लेकिन भारत नहीं झुका। 1971 के युद्ध में भी भारत नहीं झुका। उस समय रूस जैसा ईमानदार और मजबूत मित्र साथ खड़ा था। आज वही रूस हमसे दूर किया जा रहा है, और हम चुप हैं। सवाल यह है-क्यों? भारत हमेशा अमेरिका से अपनी शर्तों पर व्यापार करता आया है। अटल और मनमोहन सिंह के कार्यकाल में भारत पर अमेरिकी टैरिफ तीन प्रतिशत से अधिक नहीं था, लेकिन बीते चार महीनों से भारत पर 50 प्रतिशत तक का टैरिफ थोपा गया। सरकार मौन रही। कहा गया कि विकल्प तलाशे जा रहे हैं। यूरोपीय यूनियन से समझौता लगभग तय हो चुका था, जो कुछ महीनों में लागू हो सकता था, लेकिन इसी बीच अमेरिकी अदालत का वारंट, एपस्टिन फाइल और अडानी का दबाव-इन सबने भारत को झुकने पर मजबूर कर दिया।

आखिरकार तीन प्रतिशत की जगह 18 प्रतिशत टैरिफ पर भारत ने समझौता कर लिया। मंगलवार को समझौता हुआ और बुधवार को देश जागा तो गोदी मीडिया जश्न में डूबी हुई थी। बताया गया कि ट्रंप भारत के आगे झुक गए, सेंसेक्स उछल गया, व्यापारियों के लिए सुनहरा अवसर आ गया, लेकिन यह नहीं बताया कि इस समझौते में देश का किसान बेच दिया गया। इस समझौते की सबसे बड़ी कीमत कृषि और किसान ने चुकाई है। भारत और अमेरिका के बीच 500 बिलियन डॉलर के व्यापार की घोषणा हुई, जो भारत के कुल बजट के बराबर है। इसका अर्थ है कि भारत का बाजार अमेरिकी कृषि उत्पादों से भर जाएगा। बाजार खुश होंगे, व्यापारी नाचेंगे, लेकिन किसान, जो पहले से कर्ज में डूबा है और गहरे संकट में जाएगा।

अमेरिका ने अपने हर कृषि उत्पाद पर भारत से जीरो टैरिफ लगवा लिया है। बिना किसी शुल्क के अमेरिकी गेहूं, मक्का, सोयाबीन, डेयरी उत्पाद भारत में आएंगे। अमेरिका अपने किसानों को भारी सब्सिडी देता है, इसलिए उनका उत्पाद भारतीय किसानों की तुलना में कहीं सस्ता होगा।



परिणाम साफ है-भारतीय किसान बाजार से बाहर हो जाएगा। आजादी के बाद से भारत ने कभी भी अमेरिकी कृषि उत्पादों के लिए अपने दरवाजे पूरी तरह नहीं खोले। हर प्रधानमंत्री ने व्यापार समझौते किए, प्रतिबंध झेले, लेकिन कृषि को बचाकर रखा। यह पहली बार है जब भारत ने अपने किसानों को बलि का बकरा बना दिया।

अपमानजनक यह है कि इस समझौते की घोषणा भारत नहीं, अमेरिका कर रहा है। ट्रंप बताते हैं कि 50 प्रतिशत टैरिफ घटाकर 18 प्रतिशत किया गया। ट्रंप बताते हैं कि भारत अब रूस से तेल नहीं खरीदेगा, लेकिन भारत का नेतृत्व मौन है। फिर अमेरिकी कृषि सचिव बयान देते हैं कि भारत का बाजार अमेरिकी किसानों के लिए खोल दिया गया है, जो वर्षों से उनकी मांग थी। यह समझौता अमेरिकी किसानों के लिए 'गेम चेंजर' बताया गया। देश की मीडिया बस यह नाच गा रही है कि टैरिफ कम हुआ। कोई यह नहीं पूछ रहा कि इसकी कीमत किसने चुकाई। अगर कोई रो रहा है, तो वह है देश का छोटा और मझोला किसान, लेकिन उसके आंसू गोदी मीडिया को दिखाई नहीं देते। सच को हर तरफ से ढका जा रहा है।

देश की जनता को हिंदू-मुसलमान, जाति-संघर्ष, सनातन और पहचान की लड़ाइयों में उलझाकर ध्यान भटकाया जा रहा है। इसी बीच चुपचाप, डरकर अमेरिका से समझौता कर लिया गया। लगता है ट्रंप ने कोई ऐसी नस दबा रखी है, जिससे हर बड़ी घोषणा वही कर रहे हैं-चाहे ऑपरेश सिंदूर के बाद युद्धविराम हो या व्यापार नीति। यह 16वीं सदी की गुलामी नहीं है, यह 21वीं सदी की व्यापार और तकनीक के जरिए की गई गुलामी है। बाजार दो, टैरिफ कम लो। बाजार दो, वर्क वीजा लो। ऊर्जा स्वायत्तता छोड़ो, रणनीतिक दबाव मानो।

अब सवाल यह है कि इस समझौते में किसानों और दुग्ध उत्पादकों के हित कितने सुरक्षित हैं? समझौते का स्वरूप और शर्तें क्या हैं? अगर समझौता हुआ है, तो वह हर हाल में भारतीय किसानों और भारत के दीर्घकालिक हितों के अनुकूल होना चाहिए।

अमेरिका से रिश्ते रखना जरूरी है, लेकिन बाकी देशों के साथ व्यापारिक विकल्प खुले रखना उससे भी ज्यादा जरूरी है। यह समझौता आर्थिक राष्ट्रवाद और रणनीतिक मजबूरी के बीच लिया गया एक जोखिम भरा फैसला है। इससे निर्यातकों को फायदा हो सकता है, अमेरिका के किसानों को फायदा होगा, लेकिन भारतीय किसान इसकी कीमत चुकाएगा।

भविष्य के गर्भ में कई सवाल छिपे हैं-क्या अडानी का मुकदमा खत्म होगा? ट्रंप का अगला दबाव क्या होगा? तब भारत फिर किस हद तक झुकेगा? इन सवालों के जवाब समय देगा, लेकिन आज देश के किसानों और नागरिकों को तय करना होगा-क्या वे चुप रहेंगे या इस समझौते पर सवाल उठाएंगे। क्योंकि अगर आज नहीं पूछा गया, तो कल जवाब देने के लिए कुछ बचेगा भी या नहीं, यह भी तय नहीं

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# यूजीसी नियम 2026 पर रोक : समानता बनाम विभाजन की बहस



योगिंद्र पाल वालिया
डडौर (नेरचौक) जिला मंडी
मो. 94591-35322

अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

विश्वविद्यालयों और उच्च शिक्षण संस्थानों में वर्षों से लागू यूजीसी नियम 2012 के स्थान पर जैसे ही संशोधित यूजीसी नियम 2026 लागू किए गए, देशभर में विरोध के स्वर उठने लगे। विभिन्न राज्यों में छात्रों और शिक्षकों द्वारा प्रदर्शन किए गए और आधा दर्जन से अधिक याचिकाएं उच्चतम न्यायालय तक पहुंचीं।

प्रारंभिक सुनवाई के बाद माननीय न्यायाधीशों ने नियम 2026 पर रोक लगाते हुए फिलहाल पुराने नियम 2012 को लागू रखने का आदेश दिया और सरकार व यूजीसी से याचिकाओं में उठाई गई आपत्तियों पर जवाब मांगा। अगली सुनवाई की तारीख 19 मार्च तय की गई है।

सुनवाई के दौरान न्यायालय की टिप्पणी बेहद गंभीर और चिंताजनक रही। माननीय न्यायाधीशों ने नियम 2026 को अस्पष्ट और विभाजनकारी बताते हुए कहा कि देश 77 वर्षों में भी जाति-विहीन समाज बनाने में असफल रहा है। यह टिप्पणी केवल कानूनी नहीं, बल्कि सामाजिक चेतावनी भी है। न्यायालय के इस निर्णय से विरोध की गति कुछ हद तक थमी है, जो स्वागतयोग्य है, क्योंकि किसी भी लोकतांत्रिक समाज में समानता और सुरक्षा प्रत्येक छात्र का मौलिक अधिकार है।

यूजीसी के नए नियमों पर सबसे बड़ी आपत्ति यह है कि उन्होंने समानता के स्थान पर असमानता के बीज बो दिए हैं। पुराने नियम 2012 में झूठी और दुर्भावनापूर्ण शिकायतों के विरुद्ध कार्रवाई का स्पष्ट प्रावधान था, जिसे नए नियम 2026 से हटा दिया गया है। यही इसका सबसे कमजोर और विवादास्पद पक्ष माना जा रहा है। किसी भी व्यवस्था में यदि शिकायत करने का अधिकार हो, तो झूठी शिकायतों से सुरक्षा भी उतनी ही आवश्यक होती है। इसके अतिरिक्त, पुराने नियम में ओबीसी वर्ग शामिल नहीं था, जबकि नए




नियम में इसे जोड़ा गया है। साथ ही इक्विटी कमेटी की संरचना में महिला, दिव्यांग, एससी, एसटी और ओबीसी वर्ग के सदस्यों को अनिवार्य किया गया है। इन तीन प्रावधानों के कारण सामान्य या गैर-आरक्षित वर्ग के छात्रों में असंतोष और रोष उत्पन्न हुआ, जो धरना-प्रदर्शनों में स्पष्ट रूप से दिखाई दिया।

संविधान की मूल भावना समानता की है, न कि वर्गीकरण की। नया नियम इस भावना के विपरीत असमानता को बढ़ावा देता प्रतीत होता है। सबसे बड़ा प्रश्न यह है कि यदि किसी गैर-आरक्षित वर्ग के छात्र के साथ शोषण या दुर्व्यवहार होता है, तो वह किस मंच पर अपनी शिकायत दर्ज कराएगा? नए नियमों में इसके लिए कोई स्पष्ट व्यवस्था नहीं दिखाई देती।

यदि शिक्षण संस्थानों में ऐसे नियम लागू किए जाते हैं जो छात्रों के बीच भेद पैदा करें, तो समानता के अधिकार पर प्रश्न उठना स्वाभाविक है। दहेज उत्पीड़न और अनुसूचित जाति-जनजाति अत्याचार जैसे कानूनों के दुरुपयोग के उदाहरण पहले से मौजूद हैं। इसी तरह यूजीसी के नए नियमों के दुरुपयोग की आशंका भी नजर आती है। भारतीय संविधान सभी नागरिकों के लिए कानून की समानता की बात करता है। फिर छात्रों को वर्गों में बांटकर अलग-अलग सुरक्षा देने की नीति क्यों अपनाई जा रही है? इससे शिक्षण संस्थानों में पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं के बीच खाई और गहरी होगी, जो किसी भी सूरत में देश के भविष्य के लिए शुभ संकेत नहीं है।

यूजीसी के नए नियमों के साथ आरक्षण नीति पर बहस तेज हो गई है। समानता का अधिकार किसी एक वर्ग का नहीं, बल्कि सभी का है। एक वर्ग को संरक्षण देकर दूसरे को हाशिये पर डालना युवाओं की भावनाओं से खिलवाड़ है। शैक्षणिक संस्थानों में पहले से शिकायत निवारण तंत्र मौजूद हैं। नई जटिल व्यवस्थाएं शिक्षा को कमजोर करती हैं। बहरहाल, विकसित भारत का लक्ष्य युवाओं को बांटकर नहीं, समान अवसर देकर ही हासिल किया जा सकता है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# डिजिटल चिंता, डिटॉक्स और इंटरनेट मीडिया उपयोग की आयु सीमा



डॉ. नीतिका शर्मा
लेखिका हि.प्र. केंद्रीय विवि की शोधार्थी रही हैं, भोरंज, हमीरपुर

अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

पूरे विश्व में इंटरनेट मीडिया और सोशल मीडिया के बढ़ते प्रभाव को लेकर गंभीर बहस शुरू हो चुकी है। यह बहस अब केवल अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता या तकनीकी विकास तक सीमित नहीं रही, बल्कि युवाओं के मानसिक स्वास्थ्य, सामाजिक व्यवहार और भविष्य की दिशा से सीधे जुड़ गई है।

भारत के आर्थिक सर्वेक्षण में इंटरनेट मीडिया के उपयोग के लिए आयु सीमा निर्धारित करने का सुझाव इसी चिंता का स्पष्ट संकेत है। आज 'डिजिटल एंग्जायटी', 'डिजिटल डिटॉक्स' और 'स्क्रीन टाइम' जैसे शब्द आम बोलचाल का हिस्सा बन चुके हैं। विशेष रूप से युवा वर्ग में अत्यधिक घबराहट, बेचैनी, आत्म-संदेह और भविष्य को लेकर असुरक्षा की भावना तेजी से बढ़ रही है। इसके उदाहरण हमें परिवार, स्कूल, कॉलेज और कार्यस्थलों पर आसानी से देखने को मिल जाते हैं। दुनिया के कई देश इस खतरे को पहचान चुके हैं। ऑस्ट्रेलिया में सोशल मीडिया पर प्रतिबंध के बाद फ्रांस भी इस दिशा में ठोस कदम उठाने की तैयारी कर रहा है। इन वैश्विक प्रयासों के बीच भारत में भी यह प्रश्न जोर पकड़ रहा है कि क्या 16 वर्ष से कम आयु के बच्चों को सोशल मीडिया के उपयोग से दूर रखा जाना चाहिए। भारत का आर्थिक सर्वेक्षण इंटरनेट मीडिया के 'नियंत्रित उपयोग' और आयु सीमा तय करने की सिफारिश करता है। यह महत्वपूर्ण है, क्योंकि भारत आज वैश्विक टेक कंपनियों के लिए सबसे बड़ा डेटा बाजार बन चुका है।

ऐसे में युवाओं के डिजिटल स्वास्थ्य और राष्ट्रीय सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए सख्त नीतिगत कदम उठाना अपरिहार्य होता जा रहा है। हाल ही में तेलुगु देशम पार्टी के एक सांसद ने संसद में प्राइवेट मेंबर बिल पेश किया है, जिसमें 16 वर्ष से कम आयु के




बच्चों के लिए सोशल मीडिया पर पूर्ण प्रतिबंध की मांग की गई है। यह प्रस्ताव केवल राजनीतिक नहीं, बल्कि सामाजिक चेतावनी भी है। आज जिस उम्र में बच्चों को पढ़ाई, कौशल विकास और रचनात्मक सोच में समय लगाना चाहिए, उसी उम्र में वे दिन के पांच-छह घंटे रील देखने और लाइक गिनने में व्यस्त हैं। यह प्रवृत्ति न केवल देश के भविष्य के लिए, बल्कि स्वयं युवाओं के मानसिक विकास के लिए भी खतरनाक है। यह सर्वविदित है कि किशोरावस्था में मस्तिष्क पूरी तरह परिपक्व नहीं होता। इस अवस्था में बच्चे आसानी से प्रभावित होते हैं। जब मोबाइल और सोशल मीडिया उनकी दिनचर्या का केंद्र बन जाते हैं, तो वे धीरे-धीरे इसके आदी हो जाते हैं। यह लत आत्मविश्वास, एकाग्रता और सामाजिक संबंधों को कमजोर करती है।

भारत में डिजिटल पर्सनल डेटा प्रोटेक्शन नियम-2025 के तहत 18 वर्ष से कम आयु के बच्चों के लिए सोशल मीडिया अकाउंट खोलने पर माता-पिता की सहमति अनिवार्य की गई है, लेकिन व्यवहार में यह व्यवस्था उतनी प्रभावी नहीं दिखती। अधिकांश बच्चे माता-पिता के अकाउंट या गलत जानकारी के जरिए सोशल मीडिया तक पहुंच बना लेते हैं। यहीं से असली सवाल उठता है-क्या केवल कानून और आयु सीमा तय कर देने से डिजिटल तनाव की समस्या खत्म हो जाएगी? शायद नहीं। इसके साथ-साथ डिजिटल डिटॉक्स को जीवनशैली का हिस्सा बनाना भी जरूरी है।

डिजिटल डिटॉक्स का अर्थ है स्क्रीन टाइम को सीमित करना और ऑफलाइन जीवन को महत्व देना। शुरुआत में यह कठिन हो सकता है, लेकिन अत्यधिक स्क्रीन टाइम तनाव, चिंता और असंतोष को बढ़ाता है। इसलिए युवाओं को अपनी दिनचर्या में ऑफलाइन समय शामिल करना होगा।

बेडरूम और भोजन के समय मोबाइल से दूरी, सोशल मीडिया के लिए समय सीमा और गैर-जरूरी नोटिफिकेशन बंद करना छोटे लेकिन असरदार कदम हैं। स्क्रॉलिंग की जगह पढ़ना, व्यायाम और प्रकृति से जुड़ाव जरूरी है। सवाल सोशल मीडिया का नहीं, उसके संतुलित उपयोग का है, वरना तकनीक भविष्य को नियंत्रित करेगी।

**( ये लेखिका के निजी विचार हैं )**

# एपस्टीन का काला जाल : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम पर वैश्विक साजिश



डॉ. सत्यवान सौरभ
स्वतंत्र टिप्पणीकार

अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

अमेरिकी न्याय विभाग द्वारा सार्वजनिक की जा रही एपस्टीन फाइल्स केवल एक आपराधिक कांड का खुलासा नहीं हैं, बल्कि वे आधुनिक लोकतंत्रों की पारदर्शिता, जवाबदेही और सत्ता-संरचना पर गहरे प्रश्न खड़े करती हैं। जेफरी एपस्टीन-एक ऐसा नाम जो वित्तीय वैभव, राजनीतिक पहुंच और अंतरराष्ट्रीय यौन शोषण नेटवर्क का प्रतीक बन चुका है-की मृत्यु के छह वर्ष बाद उसके दस्तावेज सामने आ रहे हैं। इन फाइल्स का महत्व इसलिए भी बढ़ जाता है, क्योंकि वे दिखाती हैं कि किस प्रकार सत्ता, पूंजी और गोपनीय नेटवर्क लोकतांत्रिक संस्थाओं को भीतर से प्रभावित करते हैं।

नवंबर 2025 में अमेरिकी कांग्रेस द्वारा पारित एपस्टीन फाइल्स पारदर्शिता अधिनियम के तहत जनवरी 2026 तक 33 लाख से अधिक पृष्ठ सार्वजनिक किए जा चुके हैं। इनमें ई-मेल संवाद, उड़ान लॉग, संपर्क सूचियां, वित्तीय लेन-देन और जांच एजेंसियों की आंतरिक रिपोर्टें शामिल हैं। इन दस्तावेजों में केवल अमेरिका ही नहीं, बल्कि कई देशों के राजनीतिक, कारोबारी और कूटनीतिक हलकों के संदर्भ सामने आए हैं। भारत का नाम भी इन्हीं संदर्भों में उभरकर आया है, जिसने इस बहस को और अधिक संवेदनशील बना दिया है। एपस्टीन का नेटवर्क कोई साधारण आपराधिक गतिविधि नहीं था। न्यूयॉर्क से फ्लोरिडा और कैरिबियन द्वीपों तक फैले इस जाल में दुनिया के कई प्रभावशाली लोगों के शामिल होने के आरोप रहे हैं।

2019 में अमेरिकी जेल में उसकी रहस्यमय मौत के बाद वर्षों तक फाइल्स सील रहीं। पीड़ितों के दबाव, मीडिया की लगातार पड़ताल और न्यायिक हस्तक्षेप के बाद सरकार को इन्हें सार्वजनिक करना पड़ा। जुलाई 2025 में जारी पहले बैच में गिस्लेन मैक्सवेल के मुकदमे से जुड़े कई नाम सामने आए। ट्रंप, क्लिंटन और ब्रिटिश शाही परिवार से जुड़े संदर्भ पहले ही चर्चा में थे, लेकिन नए दस्तावेजों ने इस मुद्दे को वैश्विक




स्तर पर फैला दिया। भारत से जुड़े संदर्भों ने स्वाभाविक रूप से राजनीतिक हलकों में हलचल पैदा की है। फाइल्स में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का अप्रत्यक्ष उल्लेख, उद्योगपति अनिल अंबानी से जुड़े कुछ ई-मेल और पूर्व राजनयिक हर्ष पुरी के नाम सामने आने का दावा किया गया है।

2017 के कुछ ई-मेल संवाद यह संकेत देते हैं कि अमेरिकी राजनयिक नियुक्तियों और अंतरराष्ट्रीय बैठकों में एपस्टीन से परामर्श लिया गया। एक ई-मेल में भारत-इसाइल कूटनीतिक संवाद के दौरान अमेरिकी नेतृत्व को प्रभावित करने की भूमिका का दावा भी किया गया है। भारत सरकार ने इन दावों को पूरी तरह निराधार बताया है। किसी भी लोकतांत्रिक व्यवस्था में ऐसे आरोपों का खंडन स्वाभाविक है, लेकिन असली प्रश्न यह है कि यदि आरोप झूठे हैं, तो स्वतंत्र और पारदर्शी जांच से परहेज क्यों? लोकतंत्र में सरकार की विश्वसनीयता केवल बयान से नहीं, बल्कि जांच और जवाबदेही से स्थापित होती है। यह विवाद केवल भारत तक सीमित नहीं है। अमेरिका में एपस्टीन फाइल्स के प्रकाशन में देरी और आंशिक गोपनीयता पर सवाल उठे, जिससे स्पष्ट है कि सबसे पुराना लोकतंत्र भी पारदर्शिता और सत्ता के संघर्ष से मुक्त नहीं है। भारत में यह बहस और गहरी है, जहां कॉरपोरेट प्रभाव, अपारदर्शी निर्णय और प्रॉक्सी नेतृत्व की आलोचना पहले से मौजूद है। समाधान स्पष्ट हैं-स्वतंत्र जांच, संवैधानिक पदाधिकारियों के विदेशी संपर्कों का सार्वजनिक प्रकटीकरण, राजनीतिक फंडिंग में पारदर्शिता और सूचना अधिकार को सशक्त बनाना। लोकतंत्र की असली परीक्षा सत्ता से सवाल पूछने में है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

**अनंत ज्ञान**

प्रकाशक, मुद्रक एवं मुख्य संपादक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी।

आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN/25/A0284
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

# विश्वकर्मा मंदिर के पास गंदगी की भरमार

## खुले नालों से गिरते पानी से वायु प्रदूषण का खतरा, महाशिवरात्रि से पहले एमसी की तैयारियों पर सवाल

अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान मुद्दा

**भीम बसेडू राजपूत, महादेव।** मेलों-उत्सवों को लेकर अच्छे-खासे प्रबंधों की बड़ी-बड़ी बातें करने का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। मंडी की ऐतिहासिक नगरी जिसे छोटी काशी की संज्ञा दी गई है, इसके यहां एक बड़े शहरी क्षेत्र स्थित विभिन्न दैवी शक्तियों के मंदिर संबंधित विभाग की बेरुखी के चलते गंदगी से अटे होने के कारण वायु प्रदूषण की मार झेल रहा है।


छोटी काशी मंडी के विश्वकर्मा मंदिर के समीप गंदगी की भरमार। अनंत ज्ञान

महाशिवरात्रि का पर्व निकट आता जा रहा है जिसे 500वें वर्ष में प्रवेश होना बताया तो जरूर जा रहा है और भी पहले की भांति बड़ी बड़ी बातें की जा रही हैं, मगर इसके लिए स्वच्छता को लेकर कितने इंतजाम हो रहे हैं यह सब जगजाहिर है। मुख्य तौर पर महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर पूर्व मंडी रियासत काल के राज माधोराय की जलेब - शोभायात्रा ऐतिहासिक स्थली दमदमा महल आदि से लेकर पड्डल मैदान तक ऊपर-ऊपर ही यह मान लेना कि यहां सब ठीक तो आसपास भी ठीक यह साफ-सफाई का दावा करना सब कुछ ठीक नहीं कर देता, क्योंकि गहनता से देखा जाए तो वास्तविकता कुछ और ही बयान करती है। बता दें कि मंडी शहर के पुराने पुल के साथ के विश्वकर्मा मंदिर के पास गंदगी बहती रहती है, जिसे खुली बड़ी पाइप के जरिए नीचे किसी भारी भरकम पानी के दबाव भरे झरने की तरह गिरते भी देखा जा सकता है जो सीधे-सीधे नगर निगम की नाक तले भी वायु प्रदूषण है। जबकि एक बड़े आबाद क्षेत्र में गंदा पानी निकासी के लिए ढकी हालत में या अत्याधुनिक तरीके से मल शोधन संयंत्र की तर्ज पर ट्रीट करके इस पुराने एवं घीसे पीटे तरीके को बाय -बाय कहना जरुरी ही नहीं बल्कि समय की भी मांग कहा जा रहा है, इससे इस प्रदूषण भरे दौर में हवा में घुल रहे जहर से काफी हद तक राहत मिलेगी। स्वच्छ वातावरण बनाने से केवल धार्मिक आस्था के पवित्र स्थलों की ही कायापलट नहीं होगी बल्कि पर्यटकों की नजर ए इनायत का इंतजार कर रहे प्राकृतिक सुंदर स्थल-सैरगाहों को भी बल मिलेगा जो बरबस ही आकर्षण का केंद्र भी बनेंगे। अंतरराष्ट्रीय पर्व कहलाने वाले मंडी की शिवरात्रि के लिए इस विश्वस्तरीय नाम की सार्थकता के लिए नगर निगम मंडी एवं महाशिवरात्रि मेला समिति के सामने बुद्धीजीवी लोगों की यह मांग पुरानी हो चली है कि वह अपने नाम के अनुरूप पूरे निगम क्षेत्र में पर्व के स्तर के मुताबिक इससे संबद्ध - चकाचक कार्य करे ताकि शिवरात्रि मेले में वे तमाम तरह की सुख सुविधाएं हक से मिले जिससे आने जाने वाले लोगों की खुशी का कोई ठिकाना न रहे।

लोगों ने नगर निगम एवं डीसी मंडी से पुरजोर मांग की है कि मंडी शिवरात्रि में समुचित स्वच्छता बनाए रखने के लिए जहां स्वच्छता आदि प्रहरियों की बड़ी संख्या में तैनाती हो वहीं तमाम नगर निगम क्षेत्र में अत्याधुनिक तरीके अपनाकर कोने-कोने को साफ करवाने के लिए कारगर कदम उठाए जाएं।

# तीर्थन घाटी में दुर्लभ मादा बारहसिंगा की मौत, अवैध शिकार की आशंका

अनंत ज्ञान

**नूतन ठाकुर, बालीचौकी।** मंडी जिला की सीमा से सटे बालीचौकी और बंजार क्षेत्र के मध्य स्थित तीर्थन घाटी में एक दुर्लभ मादा बारहसिंगा के अवैध शिकार की कोशिश और उसके बाद हुई मौत ने वन्यजीव प्रेमियों और स्थानीय प्रशासन को झकझोर कर रख दिया है।

घटना मंगलवार देर शाम की है जब बालीचौकी के चलोगी क्षेत्र में ग्रामीणों ने इस बेजुबान जीव को बदहवास हालत में इधर-उधर भागते देखा। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार मादा बारहसिंगा शिकारियों के डर से इस कदर भयभीत थी कि उसने अपनी जान बचाने के अंतिम प्रयास में उफनती तीर्थन नदी में छलांग लगा दी। स्थानीय लोगों की सजगता के चलते तुरंत वन विभाग बंजार और पशुपालन विभाग को सूचित किया गया।

मानवता का परिचय देते हुए मंगलौर पंचायत में तैनात पशुपालन कर्मचारी भूपेंद्र शर्मा ने अपनी जान की परवाह न करते हुए बर्फीले पानी वाली नदी में छलांग लगाई और ग्रामीणों की मदद से और वन कर्मियों के सहयोग से घायल जीव को सुरक्षित बाहर निकाला। हालांकि, रेस्क्यू के बाद जब उसे उपचार के लिए ले जाया गया, तो उसकी हालत नाजुक बनी रही और मंगलवार देर रात उसने दम तोड़ दिया। वन मंडल बंजार के डीएफओ मनोज कुमार ने स्पष्ट किया है कि वन्यजीव के शरीर पर चोटों के गहरे निशान पाए गए हैं और पोस्टमार्टम की प्रक्रिया के बाद ही यह साफ हो पाएगा कि मौत का असली कारण क्या था।

### नन्हे शावक का नहीं मिला कोई सुराग

**यह** मादा बारहसिंगा पिछले करीब दो महीनों से थाची क्षेत्र के आसपास देखी जा रही थी और उसने लगभग दस किलोमीटर का सफर तय कर इस क्षेत्र में अपना ठिकाना बनाया था। दुखद पहलू यह भी है कि इस मादा के साथ उसके नन्हे शावक (हिरन) भी मौजूद थे, जिनका अभी तक कोई सुराग नहीं मिल पाया है, जिससे वन्यजीव विभाग की चिंता और अधिक बढ़ गई है। सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे वीडियो और स्थानीय स्तर पर मिल रही अपुष्ट जानकारियों के अनुसार, बारहसिंगा के शरीर पर चोट लगने के निशान होने की बात कही जा रही है, जो सीधे तौर पर अवैध शिकार की ओर इशारा करते हैं।



### वन विभाग की गश्त प्रणाली पर उठे सवाल

**इस** दुर्लभ प्रजाति के वन्यजीव की मौत ने कुल्लू और मंडी जिलों के सीमावर्ती क्षेत्रों में सक्रिय शिकारियों के नेटवर्क और वन विभाग की गश्त प्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। फिलहाल, पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार किया जा रहा है।

## न्यूज ब्रीफ

### 6 बैटरियां चोरी, दो आरोपियों पर केस दर्ज

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** मंडी-कुल्लू नेशनल हाईवे पर स्थित थलौट बाजार में एक ही रात के दौरान खड़े वाहनों से बैटरियां चोरी होने का मामला सामने आया है। इस संबंध में पुलिस थाना औट ने कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों के खिलाफ चोरी का एफआईआर दर्ज कर आगामी जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में शिकायतकर्ता गोविन्द राम ठाकुर पुत्र जिन्दू राम निवासी गांव थलौट जिला मंडी ने बताया कि थलौट बाजार स्थित उसके यार्ड में खड़े वाहनों को निशाना बनाया गया। अज्ञात चोरों ने यार्ड में खड़े दो डंपर, एक हाइड्रा और एक रोड रोलर से कुल 6 बैटरियां चोरी कर लीं। चोरी हुई बैटरियों की कुल कीमत करीब 63 हजार आंकी गई है। मामले की सूचना मिलते ही पुलिस थाना औट ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज किया। जांच के दौरान सामने आए साक्ष्यों के आधार पर दो आरोपियों की पहचान कर उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है।

### खुद्दर में दुकान से 362 ग्राम चरस बरामद

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत जोगिंद्रनगर पुलिस ने मंगलवार देर शाम खुद्दर क्षेत्र में दुकान से 362 ग्राम चरस बरामद की है। पुलिस थाना जोगिंद्रनगर में आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। आरोपी की पहचान मुनीश कुमार (42) पुत्र साईं दास, निवासी गांव खुद्दर डाकघर बस्सी तहसील जोगिंद्रनगर के रूप में हुई है। थाना प्रभारी सकीनी कपूर ने बताया कि मंगलवार देर शाम पुलिस टीम ने भभौरी जनरल स्टोर खुद्दर की तलाशी ली। इस दौरान दुकान से 362 ग्राम चरस बरामद की गई, जिसे कब्जे में लेकर आरोपी को हिरासत में लिया गया। उन्होंने दोहराया कि नशे के कारोबार में संलिप्त लोगों के खिलाफ पुलिस की सख्त कार्रवाई आगे भी निरंतर जारी रहेगी।

### शीघ्र जोगिंद्रनगर का दौरा करेंगे विक्रमादित्य

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** जिला मंडी कांग्रेस कमेटी के पूर्व उपाध्यक्ष गुरु शरण परमार ने लोक निर्माण एवं शहरी विकास मंत्री विक्रमादित्य सिंह से मुलाकात कर जोगिंद्रनगर विधानसभा क्षेत्र के मौजूदा राजनीतिक परिदृश्य और विकास कार्यों की जानकारी दी। इस दौरान परमार ने मंत्री से जोगिंद्रनगर विधानसभा क्षेत्र का शीघ्र दौरा करने का आग्रह किया। मुलाकात के दौरान लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने आग्रह को स्वीकार करते हुए जल्द ही जोगिंद्रनगर आने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि अपने दौरे के दौरान वह लोक निर्माण और शहरी विकास विभाग से जुड़े चल रहे विकास कार्यों का स्थल पर जाकर निरीक्षण करेंगे तथा संबंधित अधिकारियों से प्रगति रिपोर्ट भी प्राप्त करेंगे। मंत्री ने विशेष रूप से कून का तर में निर्माणाधीन पुल के कार्यों का निरीक्षण करने की बात कही और जोगिंद्रनगर क्षेत्र में संचालित अन्य परियोजनाओं की भी समीक्षा करने का भरोसा दिलाया।

### टटानका की गीता राव बनीं नर्सिंग अधिकारी

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** जोगिंद्रनगर क्षेत्र के गांव टटानका की गीता राव ने नर्सिंग के क्षेत्र में उल्लेखनीय सफलता हासिल कर क्षेत्र को गौरवान्वित किया है। राष्ट्रीय स्तर की नर्सिंग भर्ती परीक्षा में सफलता प्राप्त करने के बाद गीता को तेलंगाना राज्य की हैदराबाद स्थित कर्मचारी राज्य बीमा निगम अस्पताल में नर्सिंग अधिकारी के पद पर नियुक्ति मिली है। गीता राव ने बारहवीं कक्षा तक की शिक्षा राजकीय कन्या स्कूल जोगिंद्रनगर से प्राप्त की। इसके उपरांत उन्होंने श्री लाल बहादुर शास्त्री चिकित्सा महाविद्यालय, नेरचौक से नर्सिंग की पढ़ाई पूरी की। कड़ी मेहनत और निरंतर प्रयासों के बल पर मिली इस सफलता पर परिवारजनों, रिश्तेदारों और क्षेत्रवासियों ने खुशी व्यक्त की है तथा गीता के उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

### बीपीएल सूची के चौथे चरण के लिए नियम तय

**अनंत ज्ञान, कविता, पधर।** हिमाचल प्रदेश सरकार ने गरीबी रेखा से नीचे (बीपीएल) परिवारों की सूची तैयार करने के चौथे चरण के लिए नए नियम तय किए हैं। यह जानकारी एसडीएम पधर सुरजीत सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि अब ऐसे परिवारों को बीपीएल सूची में शामिल किया जा सकेगा जिनकी आमदनी में 40 प्रतिशत से ज्यादा कमी आई हो, जिनके घर के सभी वयस्क सदस्यों को पिछले साल मनरेगा में 80 दिन से कम काम मिला हो, या जिन परिवारों में कमाने वाला व्यक्ति किसी गंभीर बीमारी या दुर्घटना के कारण काम करने में असमर्थ हो गया हो। एसडीएम ने बताया कि पहले तीन चरणों में तैयार की गई बीपीएल सूचियों में कोई बदलाव नहीं किया जाएगा। चौथे चरण के लिए नए आवेदन 17 फरवरी तक लिए जाएंगे। पूरी प्रक्रिया पूरी होने के बाद पंचायतवार बीपीएल सूची 25 फरवरी तक जारी की जाएगी। उन्होंने लोगों से अपील की है कि पात्र परिवार समय रहते आवेदन करें।

# खाई में गिरी पिकअप, चालक की मौत

## मंडी के दुर्गम क्षेत्र निहरी के शलोग जंगल में पेश आया हादसा

अनंत ज्ञान

**सुंदरनगर।** जिला मंडी के दुर्गम क्षेत्र निहरी के शलोग जंगल में मंगलवार देर रात एक सड़क हादसे में चालक की दर्दनाक मौत हो गई है। मामले में पिकअप वाहन अनियंत्रित होकर लगभग 250 मीटर गहरी खाई में जा गिरा, जिससे वाहन चालक बुरी घायल हो गया। घायल अवस्था में उसे अस्पताल ले जाया गया, लेकिन उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई।



मृतक की पहचान हीरा सिंह (46) पुत्र कुशाल चंद निवासी गांव शलोग डाकघर कुटाहची उप-तहसील पांगणा जिला मंडी के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि हीरा सिंह देर रात अपने घर की ओर जा रहा था। घर से करीब एक किलोमीटर पहले शलोग जंगल के पास अचानक वाहन से नियंत्रण हट गया और पिकअप गहरी खाई में गिर गई। हादसे की आवाज सुनकर आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे और तुरंत राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया। स्थानीय लोगों ने जोखिम उठाते हुए खाई में उतरकर घायल चालक को बाहर निकाला और तत्काल अस्पताल पहुंचाया। लेकिन गंभीर चोटों के कारण अस्पताल पहुंचते ही चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस भी मौके पर पहुंची और आवश्यक कानूनी कार्रवाई शुरू की गई। मृतक का शव मेडिकल कॉलेज नेरचौक लाया गया, जहां पोस्टमार्टम की प्रक्रिया पूरी की गई। पोस्टमार्टम के बाद शव को परिजनों के हवाले कर दिया गया। पुलिस के अनुसार प्रारंभिक जांच में हादसे का कारण वाहन का अनियंत्रित होना बताया जा रहा है, हालांकि सभी पहलुओं की गहन जांच की जा रही है। इस हादसे से मृतक के परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। हीरा सिंह अपने पीछे पत्नी और दो बेटों को छोड़ गया है। इस हादसे के कारण पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई है।

ग्रामीणों ने प्रशासन से पीड़ित परिवार को हर संभव सहायता उपलब्ध कराने की मांग की है। एसपी मंडी साक्षी वर्मा ने बताया कि पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवा कर परिजनों को सौंप दिया है और मामले में एफआईआर दर्ज कर लिया गया है। उन्होंने कहा कि दुर्घटना के वास्तविक कारणों का पता जांच पूरी होने के बाद ही चल सकेगा।

# स्थानीय कलाकारों का शोषण किया जाए बंद

**अनंत ज्ञान, महादेव।** धनोटू गांव के समीप राम हनुमान मंदिर में स्थानीय कलाकारों ने अपनी पीड़ा जाहिर करते हुए सीएम व डीसी से शिवरात्रि सांस्कृतिक संध्या में मौका न मिलने पर अपनी पीड़ा जाहिर की है। इस मीटिंग में शैला संगीत कला केंद्र सुंदरनगर एवं शारदा संगीत कला केंद्र बीबीएमबी कॉलोनी प्रशिक्षुओं व सुंदरनगर के स्थानीय लोक कलाकारों ने मांग रखी की हर वर्ष की भांति ऑडिशन के नाम पर कलाकारों के साथ भेदभाव किया जाता है। शास्त्रीय संगीत के क्षेत्र में जो लोग वर्षों से कार्य कर रहे हैं उनकी अनदेखी भी एक चिंता का विषय है। स्वामी राणा ने बताया कि प्रशासन हर बार स्थानीय कलाकारों को कम मौका देता है तथा बाहरी कलाकारों को अधिक प्रोत्साहन दिया जाता है। स्थानीय कलाकार ही सांस्कृतिक विरासत की रीढ की हड्डी है, अगर उनकी कला को इस प्रकार दबाया जाएगा यह हमारे स्थानीय संस्कृति के साथ बहुत बड़ा कुठाराघात होगा। अत: सरकार व प्रशासन से हमारी अपील है कि स्थानीय कलाकारों को मौका दिया जाए। उन्होंने कहा कि उन्हें समृद्ध लोक संस्कृति को लेकर पूरा-पूरा सम्मान दिया जाए तथा भाई-भतीजावाद से उपर उठकर जो योग्य कलाकार हैं। इस मौके पर भजन गायक कान्ह सिंह गुलेरिया, महेशे कुमार,राजेंद्र कुमार, स्वामी राणा,अनु भारद्वाज, नरेंद्र पहाड़िया, राज ठाकुर, टेकचंद, हरीश कुमार, कृष्ण,मनोज,अनु, विशाल गौतम नीलम तथा संजय कुमार उपस्थित रहे।

# गोड-घुलाणू-बस्तला-मतेहड़ी लिंक रोड बदहाल, हादसों का खतरा बढ़ा

अनंत ज्ञान

**सरकाघाट।** सरकाघाट-घुमारवीं हाईवे पर नबाही से गोड, घुलाणू, बस्तला व मतेहड़ी को जोड़ने वाली लिंक सड़क की हालत अत्यंत दयनीय हो चुकी है। सड़क जगह-जगह से उखड़ गई है तथा बड़े-बड़े गड्ढे बन चुके हैं, जिससे वाहन चालकों व पैदल यात्रियों को भारी परेशानी झेलनी पड़ रही है। स्थानीय लोगों ने विभाग को शिकायत देने के साथ 1100 नंबर पर भी सूचना दी, लेकिन अब तक केवल मिट्टी डालकर खानापूर्ति की गई है, जिससे समस्या और गंभीर हो गई है। इस मार्ग से प्रतिदिन बड़ी संख्या में निजी वाहन व स्कूल बसें गुजरती हैं, जिनमें छोटे बच्चे भी सफर करते हैं। सड़क की जर्जर हालत किसी बड़े हादसे को न्योता दे रही है।



करीब 900 मीटर लंबे इस मार्ग पर धूल-मिट्टी उड़ने से राहगीरों को भी भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि सड़क का स्तर नीचे धंस गया है और बारिश के समय हालात और भयावह हो जाते हैं। कश्मीर सिंह, करम चंद, राज कुमार गुलैरिया, बलवंत सिंह, पूरन चंद, दामोदर दास, तुलसी राम, शशि कुमार व जीवन सिंह सहित ग्रामीणों ने विभाग व क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों से शीघ्र पुख्ता मरम्मत की मांग की है। उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि जल्द स्थायी समाधान नहीं हुआ तो वे आंदोलन करने को मजबूर होंगे।

# रजवाड़ी स्कूल के छात्रों को मिला आधुनिक पुष्प उत्पादन प्रशिक्षण


प्रशिक्षण के दौरान रजवाड़ी स्कूल के विद्यार्थी। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**बग्गी।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला रजवाड़ी के कृषि विषय के विद्यार्थियों ने औहर स्थित मीना-सुनील चंदेल के पॉलीहाउस फॉर्म में तीन दिवसीय ऑन जॉब ट्रेनिंग के दौरान आधुनिक पुष्प एवं सब्जी उत्पादन का व्यावहारिक प्रशिक्षण प्राप्त किया।

इस दौरान विद्यार्थियों ने पौधरोपण, देखभाल, पिंचिंग, मल्चिंग, कटाई एवं पैकिंग जैसी तकनीकों को सीखा। प्रगतिशील किसान सुनील चंदेल ने विद्यार्थियों को कृषि क्षेत्र में स्वरोजगार अपनाने के लिए प्रेरित किया। व्यावसायिक कृषि शिक्षक विवेक कुमार ने बताया कि यह प्रशिक्षण समग्र शिक्षा के अंतर्गत कौशल विकास के उद्देश्य से कराया गया।

अधुनिक पुष्प उत्पादने प्रशिक्षण के अंतिम दिन विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए। इस अवसर पर भाषा शिक्षिका कश्मीरा एवं कंप्यूटर शिक्षिका अनुराधा भी उपस्थित रहीं।

# हृदयघात से जेबीटी अध्यापक का निधन शिक्षा जगत में शोक

**अनंत ज्ञान, पधर।** प्रारंभिक शिक्षा विभाग ने एक समर्पित और जुझारू शिक्षक को खो दिया है। मंडी जिला के शिक्षा खंड गोपालपुर-2 की राजकीय प्राथमिक पाठशाला धनालग में कार्यरत जेबीटी अध्यापक अमर सिंह का हृदय गति रुकने से आकस्मिक निधन हो गया। वे एक सरल स्वभाव, कर्मठ और विद्यार्थियों के प्रिय अध्यापक थे। अपने पीछे वे पत्नी, 17 वर्षीय पुत्र और वृद्ध माता को छोड़ गए हैं।

अमर सिंह ने वर्ष 2006-08 बैच में जेबीटी का प्रशिक्षण प्राप्त किया था और अपने 17 वर्षों के सेवाकाल में हजारों नौनिहालों के भविष्य को संवारने में अहम भूमिका निभाई। अध्यापन के साथ-साथ वे एक सक्रिय कर्मचारी नेता भी रहे तथा हिमाचल प्रदेश न्यू पेंशन स्कीम एसोसिएशन के माध्यम से पुरानी पेंशन बहाली आंदोलन में महत्वपूर्ण योगदान दिया। वे पूर्व में प्राथमिक शिक्षक संघ गोपालपुर-2 में महालेखाकार भी रहे। राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ मंडी सहित विभिन्न शिक्षक संगठनों के पदाधिकारियों ने उनके निधन पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए शोक संतप्त परिवार के प्रति संवेदना प्रकट की है।

# गांव-गांव पहुंचा सीटू का 'मनरेगा बचाओ' अभियान

## 12 फरवरी की देशव्यापी हड़ताल को लेकर सरकाघाट में लामबंदी

अनंत ज्ञान

**सरकाघाट।** धर्मपुर विधानसभा क्षेत्र में मनरेगा बचाओ अभियान के तहत सीटू के जिला प्रधान एवं पूर्व जिला पार्षद भूपेन्द्र सिंह के नेतृत्व में गांव-गांव जागरूकता अभियान तेज कर दिया गया है। इस अभियान का उद्देश्य मनरेगा मजदूरों को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करना और 12 फरवरी को होने वाली देशव्यापी हड़ताल व विरोध प्रदर्शन में अधिक से अधिक भागीदारी सुनिश्चित करना है।

इस क्रम में ग्राम पंचायत पिपली भराड़ी, सजाओपीपलू, जोढन, सधोट, रोसो, चोलथरा, सरौन, गरयोह और कोट सहित कई पंचायतों में वार्ड स्तर की बैठकें आयोजित की जा चुकी हैं। आगामी एक सप्ताह में शेष पंचायतों में भी बैठकों का आयोजन किया जाएगा। इन बैठकों में हिमाचल किसान सभा के खंड अध्यक्ष रणताज़ राणा, करतार सिंह चौहान, मिलाप चंदेल, सूबेदार मोहनलाल, प्रकाश वर्मा, बाला राम, रामचंद सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।


बैठक के दौरान विरोध जताते कार्यकर्ता। अनंत ज्ञान

भूपेन्द्र सिंह ने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार शुरू से ही मनरेगा कानून को कमजोर करने की मंशा रखती है। बजट में आवश्यक राशि का केवल 50 प्रतिशत ही प्रावधान किया गया, जिससे मजदूरों को 100 दिनों के बजाय केवल 50-60 दिन का ही काम मिल पा रहा है। ऑनलाइन हाजिरी, जियो-टैगिंग और कार्यों पर शर्तें लगाकर रोजगार को सीमित किया गया है। अब नए कानून के तहत फसल बुवाई-कटाई के मौसम में काम पर रोक लगाकर मजदूरों के अधिकारों पर और हमला किया गया है।

उन्होंने बताया कि केंद्र सरकार ने मनरेगा में अपने 90 प्रतिशत योगदान को घटाकर 60 प्रतिशत कर दिया है, जिससे राज्य सरकारों पर अतिरिक्त बोझ डाला गया है। इससे ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के अवसर और कम होंगे। इसका सबसे अधिक नुकसान महिलाओं को होगा, क्योंकि मनरेगा में उनकी भागीदारी सर्वाधिक है। साथ ही पंचायतों से कार्य चयन का अधिकार छीनना पंचायती राज व्यवस्था पर सीधा हमला है।

भूपेन्द्र सिंह ने स्मार्ट बिजली मीटर लगाने और बिजली बोर्ड को निजी कंपनियों को सौंपने के फैसले का भी कड़ा विरोध किया। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि राज्य सरकार ने मीटर बदलने की प्रक्रिया तुरंत नहीं रोकी, तो आने वाले पंचायत चुनावों में सत्ताधारी कांग्रेस को इसका राजनीतिक खामियाजा भुगतना पड़ेगा।

# भारत स्काउट्स एंड गाइड्स केवल एक संस्था नहीं है, बल्कि संस्कार व सेवा की अविरल धारा: रोहित

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, मंडी।** भारत स्काउट एंड गाइड की राज्य परिषद की बैठक शिक्षा मंत्री एवं उपाध्यक्ष रोहित ठाकुर की अध्यक्षता में रिवालसर स्थित राज्य प्रशिक्षण केंद्र में आयोजित की गई। बैठक में हाल ही हुई कार्यकारी समिति की बैठकों की पुष्टि की गई और वर्ष 2026-27 के लिए वार्षिक कार्य योजना को अनुमोदित किया गया।



शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर को सम्मानित करते हुए। अनंत ज्ञान

रोहित ठाकुर ने कहा कि भारत स्काउट्स एंड गाइड्स केवल एक संस्था नहीं है, बल्कि संस्कार और सेवा की अविरल धारा है। यह संस्था हिमाचल प्रदेश में बच्चों के सर्वांगीण विकास, मानसिक एवं शारीरिक स्वास्थ्य, बौद्धिक और सामाजिक कौशल के साथ-साथ आध्यात्मिक विकास में मदद कर रही है, जिससे वे स्थानीय, राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उत्तरदायी नागरिक बन रहे हैं।

उन्होंने रिवालसर स्थित राज्य प्रशिक्षण केंद्र को 'स्टेट ऑफ द आर्ट' संस्थान बताते हुए कहा कि केंद्र के नवीनीकरण और निर्माण कार्यों पर 2.5 करोड़ रुपये से अधिक खर्च किए गए हैं। बैठक में सौर ऊर्जा सुविधा, स्काउट शॉप और अन्य नवाचारों पर भी चर्चा हुई। प्रदेश के डॉ. अमरजीत शर्मा ने उपस्थित लोगों का स्वागत किया और बताया कि वर्तमान में लगभग 45 हजार बच्चे स्काउटिंग गतिविधियों से जुड़े हैं, जिसे बढ़ाकर एक लाख तक पहुंचाने का प्रयास किया जाएगा। बैठक में प्रशिक्षण केंद्र में आयोजित होने वाले 43 शिविरों, अवसंरचना अनुमोदन, और अप्रैल 2019 से मार्च 2025 तक की वार्षिक लेखापरीक्षा रिपोर्टों की पुष्टि भी की गई।

रोहित ठाकुर ने 'ग्रांट-इन-एड' में उचित वृद्धि पर विचार का आश्वासन दिया, ताकि संस्था की गतिविधियां निरंतर चलती रहें। इसके अलावा उन्होंने स्थानीय जनप्रतिनिधियों और कार्यकर्ताओं से भेंट की और समस्याओं के निवारण के लिए आवश्यक कदम उठाने का वचन दिया। इस अवसर पर पूर्व मंत्री प्रकाश चौधरी, कांग्रेस जिलाध्यक्ष चंपा ठाकुर और अन्य गणमान्य उपस्थित थे। बैठक में भारत स्काउट्स एंड गाइड्स की विविध गतिविधियों की वीडियो प्रस्तुति भी दी गई, जिससे सभी को संस्था की उपलब्धियों और भविष्य की योजनाओं का विस्तृत परिचय मिला।

**कार्यक्रम** शिक्षा मंत्री ने की पांच दिवसीय राष्ट्र स्तरीय एडवोकेसी कार्यशाला के समापन समारोह की अध्यक्षता

# नशा मुक्ति अभियान में स्काउट्स-गाइड्स निभाएं मुख्य भूमिका

अनंत ज्ञान

**अनिल शर्मा, मंडी।** शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने रिवालसर स्थित भारत स्काउट्स एवं गाइड्स के राज्य प्रशिक्षण केंद्र में आयोजित पांच दिवसीय राष्ट्र स्तरीय एडवोकेसी कार्यशाला के समापन समारोह की अध्यक्षता की। उन्होंने सभी स्काउट्स एंड गाइड्स का आह्वान किया कि वे नशे के विरुद्ध प्रदेश सरकार की लड़ाई में अग्रणी नायक की भूमिका निभाएं।


कार्यशाला के समापन समारोह में शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर व अन्य। अनंत ज्ञान

शिक्षा मंत्री ने कहा कि हिमाचल प्रदेश को देव भूमि और वीर भूमि के रूप में जाना जाता है। प्रदेश को नशे जैसी कुरीतियों से मुक्त करने में युवा पीढ़ी अपनी सार्थक भूमिका निभा सकती है। उन्होंने खुशी जताते हुए कहा कि भारत स्काउट एंड गाइड के सहयोग से 'निश्चय' कार्यक्रम के तहत नशीले पदार्थों के विरुद्ध व्यापक एवं प्रभावी अभियान चलाया जा रहा है। स्कूल व कॉलेज स्तर पर इसके तहत एंटी ड्रग स्क्वैड गठित किए गए हैं। उन्होंने कहा कि कोविड काल में भी सामुदायिक सहयोग में स्काउट्स एवं गाइड्स की भूमिका सराहनीय रही है।

रोहित ठाकुर ने कहा कि युवा पीढ़ी देश व प्रदेश की बहुमूल्य संपदा है और इनके सर्वांगीण विकास के लिए प्रदेश सरकार ठोस कदम उठा रही है। उन्होंने संतोष जताया कि आज हिमाचल 99.30 साक्षरता दर के साथ देशभर में गोवा के साथ सर्वोपरि स्थान पर पहुंचा है। प्रदेश सरकार अपने बजट का लगभग 17 प्रतिशत शिक्षा क्षेत्र में व्यय कर रही है। उन्होंने कहा कि संयुक्त राष्ट्र द्वारा निर्धारित 17 सतत् विकास लक्ष्य केवल वैश्विक घोषणाए नहीं हैं, बल्कि ये मानवता के प्रति हमारी सामूहिक जिम्मेदारी का प्रतिबिम्ब हैं। यदि हम गहराई से देखें, तो पाएंगे कि इन लक्ष्यों की आत्मा और स्काउटिंग के मूल सिद्धांत, सेवा, अनुशासन, नेतृत्व, आत्मनिर्भरता और करुणा-आपस में पूर्णत: सामंजस्य रखते हैं।

रोहित ठाकुर ने कहा कि यह केवल पांच दिनों की कार्यशाला नहीं, बल्कि एक सतत् यात्रा की शुरुआत है, जिसका लक्ष्य एक समावेशी, न्यायपूर्ण और सतत् भविष्य का निर्माण है। उन्होंने आह्वान किया कि सभी मिलकर यह संकल्प लें कि सतत् विकास के लक्ष्यों को केवल समझेंगे ही नहीं, बल्कि उन्हें अपने जीवन और कार्यों में उतारकर समाज और राष्ट्र को एक नई दिशा प्रदान करेंगे। इस अवसर पर उन्होंने सिंगापुर शैक्षणिक भ्रमण के अनुभवों पर आधारित अशोक ठाकुर द्वारा लिखित 'बेमिसाल शिक्षा से बना बेमिसाल देश' पुस्तक का विमोचन भी किया। साथ ही शिविर के सफल आयोजन में सहयोग के लिए प्रतिभागियों को सम्मानित भी किया।

भारत स्काउट एंड गाइड के राज्य मुख्य आयुक्त सह निदेशक उच्च शिक्षा डॉ. अमरजीत शर्मा ने सभी का स्वागत किया और स्काउटिंग गतिविधियों पर प्रकाश डाला। सहायक निदेशक (युवा कार्यक्रम) अलेनेंदर शर्मा ने इस शिविर की महत्ता और इस दौरान आयोजित गतिविधियों की जानकारी प्रदान की। उन्होंने बताया कि इस शिविर में हरियाणा, उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश, जम्मू-कश्मीर तथा रेलवे से आए प्रतिभागियों ने भाग लिया। राज्य सचिव डॉ. राजकुमार ने धन्यवाद प्रस्ताव प्रस्तुत किया।

इस अवसर पर पूर्व मंत्री प्रकाश चौधरी, कांग्रेस जिलाध्यक्ष चंपा ठाकुर, चयन राही, उपमंडलाधिकारी (ना.) स्मृतिका नेगी सहित विभिन्न विभागों के उच्चाधिकारी व अन्य गणमान्य उपस्थित थे।

## न्यूज ब्रीफ

### 190 पंचायतों की मतदाता सूचियों का प्रारूप प्रकाशित

**अनंत ज्ञान, ऊना।** जिला पंचायत अधिकारी ऊना, श्रवण कुमार ने जानकारी दी कि राज्य निर्वाचन आयोग, हिमाचल प्रदेश ने ग्राम पंचायत चुनावों के लिए मतदाता सूचियों के पुनरीक्षण की प्रक्रिया निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण कर ली हैं। ऊना जिला की 190 ग्राम पंचायतों की निर्वाचक नियमावलियों का प्रकाशन भी 3 फरवरी को कर दिया गया है, जबकि ऊना जिले की 37 ग्राम पंचायतों के निर्वाचन क्षेत्रों में विभाजन/पुर्नगठन/सृजन को लेकर भेजे गए प्रस्ताव की सूचना अभी पंचायतीराज विभाग से अपेक्षित है। इनमें हरोली विकासखंड के तहत ग्राम पंचायत बीटन, नंगल खुर्द, ललड़ी, ईसपुर, बाथू, पोलियांबीत व दुलैहड़ शामिल है। विकास खंड अंब की ग्राम पंचायत कटोहड़ कलां, कलरूही, हंबोली, नेहरी नौरंगा, चौआर, भटेड़, दियाड़ा व बेहड़ जस्वां सम्मिलित है। विकास खंड बंगाणा के तहत ग्राम पंचायत धुंधला, मोमन्यार, थानाकलां, जोल, धनेत, रायपुर, टीहरा, डीहर, चौकीखास अझैर मंदली शामिल है। विकासखंड गगरेट के तहत ग्राम पंचायत दियाली, अंबोटा व भंजाल लोअर तथा विकास खंड ऊना के तहत ग्राम पंचायत जनकौर, नंगल सलांगड़ी, वनगढ़ तथा बहडाला शामिल है। इसके अतिरिक्त ग्राम पंचायत पंडोगा के विभाजन, ग्राम पंचायत धुंधला व धतोल के पुनर्गठन व ग्राम पंचायत हटली केसरू के गांव रिटसतरूखा को नगर पंचायत बंगाणा में सम्मिलित किया गया है इसलिए वर्तमान में ऊना जिला की कुल 41 ग्राम पंचायतों को छोड़कर शेष 190 ग्राम पंचायतों की मतदाता सूचियों का प्रारूप प्रकाशित कर दिया गया है।

### डिजिटल बैंकिंग सेवाओं के प्रति जागरूक किया

**अनंत ज्ञान, मुबारिकपुर।** हिमाचल प्रदेश ग्रामीण बैंक द्वारा जन सुरक्षा अभियान के अंतर्गत ग्राम मुबारकपुर में एक विशेष शिवर का आयोजन किया गया। इसमें सामाजिक सुरक्षा योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा पीएमवाई, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, अटल पेंशन योजना से जोड़ने के लिए नामांकन किया गया। इस शिविर में बचत बैंक खाता खोलना, डिजिटल बैंकिंग सेवाओं के प्रति जागरूक किया गया। साथ ही स्वास्थ्य टीम द्वारा फ्री चेकअप कैंप फ्री दवाइयां उपलब्ध करवाई गईं। इस अवसर पर रिजनल मैनेजर ऋषि सूद सहित बैंक के अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

### मैड़ी व चिंतपूर्णी मेले पर विशेष ट्रेन चलाने की मांग

**अनंत ज्ञान, ऊना।** युवा भाजपा नेता व रेलवे एक्टिविस्ट अरुण कौशल ने अंबाला मंडल के अधिकारियों के समक्ष जिला ऊना के उपमंडल अंब में आयोजित होने वाले मैड़ी और माता चिंतपूर्णी मेले के दौरान अंबाला छावनी से अंब अंदौरा तक विशेष ट्रेन चलाने व 14053/14054 हिमाचल एक्सप्रेस के जनरल डिब्बों की संख्या बढ़ाने की मांग उठाई है। कौशल ने कहा कि दोनों मेलों के अवसर पर पंजाब व हरियाणा सहित अन्य राज्यों से लाखों की संख्या में श्रद्धालु दर्शन करने पहुंचते हैं, ऐसे में उनकी सुविधा के लिए रेलवे को उचित कदम उठाने चाहिए, ताकि यात्रियों को राहत मिल सके। आगे उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में अंब-अंदौरा स्टेशन पर सभी रेलगाड़ियों का दो मिनट का ठहराव है। उन्होंने अपनी मांग में लिखा है कि पर्व के दौरान सभी रेलगाड़ियों को अंब-अंदौरा स्टेशन पर पांच मिनट तक रुकने का निर्देश दिया जाए, ताकि यात्री आसानी से ट्रेनों में चढ़ सकें।

### केंद्रीय विद्यालय स्कूल की राहें हुई आसान

**अनंत ज्ञान, गगरेट।** विधानसभा क्षेत्र गगरेट के गोकल नगर (भंजाल अप्पर) में प्रस्तावित केंद्रीय विद्यालय की स्थापना की प्रक्रिया तेज हो गई है। करीब 48 कनाल भूमि को केंद्रीय विद्यालय के नाम हस्तांतरित करने की प्रक्रिया राजस्व विभाग ने शुरू कर दी है। उपायुक्त से हरी झंडी मिलने के बाद जल्द ही ज्वाइंट इंस्पेक्शन कर केस उच्च अधिकारियों को भेजा जाएगा। सभी औपचारिकताएं पूरी होने पर अप्रैल से केंद्रीय विद्यालय की कक्षाएं राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय भंजाल में शुरू हो सकती हैं। प्रशासन ने इसके लिए भवन, बिजली और पानी की व्यवस्था पहले ही कर दी है। इससे क्षेत्रवासियों की लंबे समय से चली आ रही मांग पूरी होने की उम्मीद बढ़ गई है।

### ई-केवाईसी न कराने पर पेंशन होगी स्थायी रूप से बंद

**अनंत ज्ञान, ऊना।** प्रदेश में सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के लाभार्थियों के लिए ई-केवाईसी सत्यापन अनिवार्य कर दिया गया है। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग द्वारा ऑनलाइन माध्यम और मोबाइल ऐप के जरिए यह प्रक्रिया सरल बनाई गई है। जिला कल्याण अधिकारी ऊना, आवास पंडित ने बताया कि जिन्होंने अभी तक ई-केवाईसी सत्यापन नहीं कराया, उनकी पेंशन अस्थायी रूप से रोक दी गई है। उन्होंने सभी लाभार्थियों से 15 फरवरी 2026 तक सत्यापन कराने का अनुरोध किया। समय पर सत्यापन न कराने पर पेंशन स्थायी रूप से बंद की जा सकती

# सीएम ने अंब में 16.26 करोड़ के प्रोजेक्टों के किए लोकार्पण

अनंत ज्ञान

**अंब/ऊना।** प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने बुधवार को ऊना जिले के अंब उपमंडल में 16.26 करोड़ रुपए की लागत से पूर्ण की गई विभिन्न विकास परियोजनाओं का लोकार्पण कर उन्हें जनता को समर्पित किया।

इन परियोजनाओं से क्षेत्र की सड़क एवं पुल अधोसंरचना सुदृढ़ हुई है, जिससे आवागमन सुगम होगा और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को गति मिलेगी। मुख्यमंत्री ने अंब में 9.50 करोड़ रुपए की लागत से निर्मित 6.50 किलोमीटर लंबी अंब-गगरेट-अठवां से हरिजन बस्ती सड़क एवं पुल परियोजना का लोकार्पण किया। इस परियोजना के पूर्ण होने से श्री चिंतपूर्णी तथा गगरेट विधानसभा क्षेत्रों को बेहतर सड़क संपर्क सुविधा प्राप्त हुई है। इसके अतिरिक्त उन्होंने टकारला में 6.57 करोड़ रुपए की लागत से स्तरोन्नत टकारला-बड़ूही वाया नई आबादी सड़क का लोकार्पण किया। लगभग 5 किलोमीटर लंबे इस मार्ग के उन्नयन से क्षेत्र की 11 हजार से अधिक आबादी को सीधा लाभ मिलेगा और स्थानीय स्तर पर व्यापार, शिक्षा तथा स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंच और सशक्त होगी। मुख्यमंत्री ने टकारला से ही लगभग 20 लाख रुपए की लागत से निर्मित सामर्थ्य ज्ञानदीप पुस्तकालय एवं व्यायामशाला, मैड़ी खास का पट्टिका अनावरण कर उद्घाटन किया। इससे पहले मुख्यमंत्री ने अंब स्थित लोक निर्माण विभाग के विश्राम गृह में जनसमस्याएं सुनते हुए अधिकांश समस्याओं का मौके पर ही समाधान किया। स्थानीय विधायक सुदर्शन सिंह बबलू ने क्षेत्र में विकास परियोजनाओं के लोकार्पण के लिए मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इन कार्यों से क्षेत्रवासियों को प्रत्यक्ष लाभ मिलेगा।



अंब में विकास योजनाओं को लोकार्पित करते सीएम। अनंत ज्ञान

### सांसद केंद्र में हिमाचल की बात रखने में नाकाम: सीमा शर्मा

**अनंत ज्ञान, ऊना।** केंद्र सरकार द्वारा पेश बजट में हिमाचल प्रदेश की अनदेखी को लेकर ऊना ब्लॉक महिला कांग्रेस अध्यक्ष सीमा शर्मा ने सांसदों पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि लोकसभा और राज्यसभा में कुल सात सांसद होने के बावजूद कोई भी सांसद प्रदेश के हितों की आवाज केंद्र में उठाने में विफल रहा। इसी कारण बजट में हिमाचल को कुछ नहीं मिला और आरजीडी के तहत मिलने वाले 40 हजार करोड़ रुपये भी गायब हो गए। सीमा शर्मा ने आरोप लगाया कि प्राकृतिक आपदाओं के बावजूद केंद्र ने प्रदेश को कोई आर्थिक मदद नहीं दी, जबकि प्रधानमंत्री द्वारा घोषित 1500 करोड़ रुपये भी आज तक नहीं मिले। उन्होंने कहा कि भाजपा नेता केवल बजट की तारीफों में लगे हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री से हिमाचल के लिए विशेष पैकेज जारी करने की मांग की।


'चिट्टा को न, जीवन को हां' के संदेश के साथ डीएवी पब्लिक स्कूल अंबोटा के विद्यार्थियों ने नशामुक्त हिमाचल का दृढ़ संकल्प लिया। नशे, विशेषकर चिट्टा जैसी घातक प्रवृत्ति के बढ़ते प्रभाव व उसके सामाजिक दुष्परिणामों के प्रति लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से विद्यालय की ओर से नशामुक्त हिमाचल अभियान के तहत नशा मुक्ति जागरूकता रैली निकाली गई। अनंत ज्ञान

### नशा शारीरिक स्वास्थ्य को करता है खोखला

**अनंत ज्ञान, गगरेट।** डीडीएम कॉलेज ऑफ फार्मेसी, अपर बनेहड़ा में स्वास्थ्य विभाग द्वारा नशे के खिलाफ जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को नशे के दुष्परिणामों से अवगत कराना और स्वस्थ जीवन शैली अपनाने के लिए प्रेरित करना था। खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. पंकज पराशर ने कहा कि नशा व्यक्ति के शारीरिक व मानसिक स्वास्थ्य को कमजोर करता है और परिवार व समाज पर नकारात्मक प्रभाव डालता है। उन्होंने युवाओं से नशे से दूर रहने और शिक्षा, खेल व रचनात्मक गतिविधियों में ऊर्जा लगाने का आह्वान किया। विद्यार्थियों ने नशे के खिलाफ संकल्प लिया। कार्यक्रम में डॉ. हरप्रीत कौर, हेल्थ एजुकेटर रजनीश जस्सल, प्रिंसिपल विकास व चेयरमैन नरेंद्र शर्मा भी उपस्थित रहे।

## उपमुख्यमंत्री व लोक निर्माण मंत्री ने श्री राधाकृष्ण मंदिर के वार्षिक महासम्मेलन में लिया भाग

# राधाकृष्ण मंदिर समिति की शोभायात्रा में उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब

अनंत ज्ञान

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, ऊना।** उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री और लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने बुधवार को ऊना जिले के कोटला कलां स्थित श्री राधाकृष्ण मंदिर समिति द्वारा आयोजित वार्षिक धार्मिक महासम्मेलन में भाग लिया। इस अवसर पर उन्होंने मंदिर में विधिवत पूजा-अर्चना कर माथा टेका तथा राष्ट्रीय संत बाबा बाल जी महाराज से आशीर्वाद प्राप्त किया। उपमुख्यमंत्री एवं लोक निर्माण मंत्री ने श्रद्धा-भाव के साथ भगवान श्री राधा-कृष्ण की पावन पालकी उठाई और भव्य शोभायात्रा में सम्मिलित होकर परिक्रमा पूर्ण की। कुटलैहड़ के विधायक विवेक शर्मा भी इस अवसर पर साथ रहे। शोभायात्रा के लिए सुसज्जित विशेष वाहन में उपमुख्यमंत्री, लोक निर्माण मंत्री तथा विधायक विवेक शर्मा राष्ट्रीय संत बाबा बाल जी महाराज के साथ विराजमान रहे। राष्ट्रीय संत बाबा बाल जी महाराज की अगुवाई में श्री राधाकृष्ण मंदिर, कोटला कलां द्वारा निकाली गई शोभायात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु भक्ति-भाव से शामिल हुए। राधाकृष्ण मंदिर, कोटला कलां में प्रतिवर्ष 1 से 12 फरवरी तक दिव्य धार्मिक समागम का आयोजन किया जाता है। समागम में राज्य अनुसूचित जाति आयोग के अध्यक्ष कुलदीप कुमार, आयोग के सदस्य विजय आदि उपस्थित रहे।


श्री राधाकृष्ण मंदिर, कोटला कलां द्वारा निकाली गई शोभायात्रा में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़ अनंत ज्ञान

### परंपरा और प्रगति को साथ लेकर चलना सरकार की प्रतिबद्धता : विक्रमादित्य

**लोक** निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि ऐसे धार्मिक आयोजन सांस्कृतिक चेतना को सुदृढ़ करने के साथ-साथ समाज में आपसी सद्भाव और सामाजिक समरसता को भी मजबूत करते हैं। उन्होंने कहा कि देवभूमि हिमाचल की समृद्ध सांस्कृतिक और आध्यात्मिक विरासत को संरक्षित रखना सरकार की निरंतर प्राथमिकता है। उन्होंने राष्ट्रीय संत बाबा बाल जी महाराज के प्रति श्रद्धाभरे भाव प्रकट करते हुए कहा कि ऐसे महासंतों से समाज को जीवन दिशा मिलती है और उनके सान्निध्य से सामाजिक सौहार्द और आध्यात्मिक ऊर्जा का संचार होता है। परंपरा और प्रगति को साथ लेकर चलना ही सरकार की मूल प्रतिबद्धता है।

### विकास व विरासत दोनों को समान रूप से आगे बढ़ाने को कटिबद्ध : अग्निहोत्री

**इस** अवसर पर उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने सभी श्रद्धालुओं को उत्सव की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि देवभूमि हिमाचल प्रदेश की संस्कृति, आस्था और धार्मिक परंपराएं हमारी पहचान की आधारशिला हैं। इन परंपराओं का संरक्षण एवं संवर्धन राज्य सरकार की प्राथमिकताओं में शामिल है। उन्होंने कहा कि सरकार का संकल्प है कि विकास व विरासत, दोनों को समान रूप से आगे बढ़ाया जाए। ऊना जिले की अपनी विशिष्ट ऐतिहासिक, धार्मिक एवं सांस्कृतिक पहचान है। यहां स्थित सुप्रसिद्ध धार्मिक स्थल लाखों श्रद्धालुओं की आस्था के केंद्र हैं, जिनके सुदृढ़ीकरण और सुविधा विस्तार के लिए सरकार पूर्णतः प्रतिबद्ध है।

### कुठेड़ा खैरला में पशुशाला में लगी आग, दो बकरियों की मौत, भैंस व गाय झुलसी

**अनंत ज्ञान, अंब।** अंब उपमंडल से सटे गांव कुठेड़ा खैरला के वार्ड नंबर-दो में उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब एक पशुशाला में अचानक आग लग गई। इस दर्दनाक हादसे में पशुधन को भारी नुकसान पहुंचा है। आग की चपेट में आने से दो बकरियों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक भैंस गंभीर रूप से झुलस गई और एक गाय आंशिक रूप से झुलसने से घायल हो गई। यह घटना सुल्तान अली पुत्र नूरदीन, निवासी महाल कुठेड़ा की पशुशाला में घटित हुई। आग कैसे लगी, इसका कारण फिलहाल स्पष्ट नहीं हो पाया है। आग लगते ही आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया, लेकिन तब तक पशुओं को नुकसान हो चुका था। सूचना मिलते ही विधायक सुदर्शन सिंह बबलू मौके पर पहुंचे और प्रभावित परिवार से मुलाकात कर उन्हें ढांढस बंधाया। विधायक ने प्रशासनिक अधिकारियों को नुकसान का आकलन कर पीड़ित परिवार को नियमानुसार अधिक से अधिक सहायता प्रदान करने के निर्देश दिए। तहसीलदार अंब नरेश पटियाल ने बताया कि प्रशासन की ओर से पीड़ित परिवार को फौरी राहत के रूप में 5 हजार रुपए की सहायता प्रदान की गई है। साथ ही पशुपालन विभाग को भी तत्काल सूचित किया गया। सूचना मिलते ही पशुपालन विभाग के डॉक्टर मौके पर पहुंचे और झुलसे हुए पशुओं का उपचार शुरू किया।




# प्रदेश की पहली डीएमआई सर्टिफाइड फिजियोथैरेपिस्ट बनी डॉ. रेखा ठाकुर

अनंत ज्ञान



**कुल्लू।** दिव्यांगजनों के क्षेत्र में बेहतरीन कार्य कर रही कुल्लू की सांफिया संस्था की वरिष्ठ फिजियोथैरेपिस्ट डॉ. रेखा ठाकुर ने हिमाचल प्रदेश की पहली डीएमआई सर्टिफाइड फिजियोथैरेपिस्ट की उपलब्धि अपने नाम की है।

उनकी इस उपलब्धि पर सम्फिया फाउंडेशन में खुशी की लहर दौड़ पड़ी है। फाउंडेशन के पदाधिकारियों का कहना है कि लिए यह अत्यंत गर्व और हर्ष का विषय है कि हमारे संस्थान की वरिष्ठ फिजियोथैरेपिस्ट डॉ. रेखा ठाकुर ने मुंबई से डीएमआई लेवल-बी (डायनेमिक मूवमेंट इंटरवेंशन - लेवल बी) सर्टिफिकेशन सफलतापूर्वक प्राप्त किया है और वे हिमाचल प्रदेश की पहली डीएमआई सर्टिफाइड फिजियोथैरेपिस्ट बन गई हैं। यह उपलब्धि न केवल उनके व्यक्तिगत करियर का एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है, बल्कि प्रदेश में बाल पुनर्वास सेवाओं के क्षेत्र में भी एक ऐतिहासिक कदम है। यह विशेष प्रशिक्षण अंतरराष्ट्रीय विशेषज्ञ डॉ. जेक क्रेइंडलर के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ, जिसमें डॉ. रेखा ठाकुर ने बच्चों के साथ प्रत्यक्ष रूप से कार्य करते हुए गहन व व्यावहारिक अनुभव प्राप्त किया। इस प्रशिक्षण के माध्यम से उन्होंने डीएमआई तकनीकों की उन्नत क्लीनिकल समझ विकसित की, जिससे अब वे मोटर डेले और न्यूरोलॉजिकल चुनौतियों से जूझ रहे बच्चों को और अधिक प्रभावी, वैज्ञानिक एवं परिणामोन्मुख उपचार प्रदान कर सकेंगी। डीएमआई (डायनेमिक मूवमेंट इंटरवेंशन) एक आधुनिक और प्रमाण-आधारित थेरेपी पद्धति है, जो बच्चों में शारीरिक संतुलन, सही पोश्चर, बेहतर अलाइनमेंट, मांसपेशियों की मजबूती, कार्यात्मक मूवमेंट के साथ-साथ संतुलन और प्रतिक्रिया (रिस्पॉन्स) सुधारने पर केंद्रित है। यह पद्धति बच्चों को आत्मनिर्भर बनने और दैनिक गतिविधियों में अधिक सक्षम होने की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है।

# सैंज बाजार की मुख्य सड़क रामभरोसे

## सड़क की बदहाली से परेशान होकर व्यापार मंडल ने खटखटाया एनएचपीसी का दरवाजा

अनंत ज्ञान

**सैंज।** लोक निर्माण विभाग की लापरवाही के चलते सैंज बाजार की मुख्य सड़क इन दिनों लावारिस हालत में पड़ी है। जगह-जगह गड्डे, उखड़ी डामर व कीचड़ से हालात ऐसे बन चुके हैं कि राहगीरों, स्कूली बच्चों, मरीजों व व्यापारियों को रोज जान जोखिम में डालकर सफर करना पड़ रहा है। कई बार शिकायतों के बावजूद विभाग की ओर से न तो स्थायी मरम्मत हुई और न ही कोई ठोस कदम उठाया गया।

अनंत ज्ञान मुद्दा

सड़क की बदहाली से परेशान होकर व्यापार मंडल सैंज ने अब एनएचपीसी का दरवाजा खटखटाया है। व्यापार मंडल के अध्यक्ष झाबे राम ठाकुर की अगुवाई में पदाधिकारियों ने एनएचपीसी के अधिकारियों से मुलाकात कर सैंज बाजार की गंभीर समस्या से अवगत करवाया व तत्काल मदद की मांग उठाई। उन्होंने बताया कि सड़क की हालत इतनी खराब हो चुकी थी कि बाजार तक माल पहुंचाना और पैदल चलना भी मुश्किल हो गया है, जिससे कारोबार जहां प्रभावित हो रहा है। वहीं, सैंज घाटी की लगभग 30 हजार जनता बेहद परेशान है। व्यापार मंडल ने आरोप लगाया कि लोनिवि ने 13 जनवरी को अस्थायी तौर पर सड़क बहाल कर राम भरोसे छोड़ी है। बारिश के बाद हालात इतने बिगड़े की लोगों का इस सड़क पर पैदल चलना भी मुश्किल हो गया है।



सैंज बाजार की मुख्य सड़क की खस्ताहालत। अनंत ज्ञान

### एनएचपीसी ने संभाला सड़क की मरम्मत का जिम्मा

**लंबे** समय से बदहाल हालत में पड़ी सड़क से परेशान लोगों के लिए बुधवार को राहत की खबर आई है, जब एनएचपीसी ने सामाजिक सरोकार निभाते हुए आगे बढ़कर सड़क की मरम्मत का जिम्मा संभाला। बुधवार से मशीनरी सैंज बाजार की खस्ताहाल सड़क की मरम्मत में जुट गई है और गड्डों से छलनी सड़क को दुरुस्त करने का कार्य तेजी से शुरू हुआ है। लोगों का कहना है कि सड़क की हालत इतनी खराब हो चुकी थी कि आए दिन वाहन हर रोज दलदल में फंस रहे थे और स्कूली बच्चों, मरीजों तथा व्यापारियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। कई बार शिकायतों के बावजूद समाधान न होने पर जनता में रोष भी बढ़ता जा रहा था, ऐसे में एनएचपीसी ने पहल करते हुए सड़क सुधार कार्य शुरू कर क्षेत्रवासियों को बड़ी राहत दी है। लोक निर्माण विभाग द्वारा जेसीबी मशीनों से सड़क को समतल किया जा रहा है। पूर्व पंचायत प्रतिनिधियों व आम नागरिकों ने एनएचपीसी के इस कदम की सराहना करते हुए कहा कि यह सिर्फ सड़क नहीं, बल्कि आम लोगों की जिंदगी को आसान बनाने की दिशा में बड़ा कदम है। उन्होंने उम्मीद जताई कि भविष्य में भी इसी तरह जनहित के कार्यों में एनएचपीसी का सहयोग मिलता रहेगा।

# साउथ इंडियन अभिनेता बी राजू का मनाली में ऑपरेशन

अनंत ज्ञान



**मनाली।** दक्षिण भारतीय फिल्मों में खलनायक बी राजू का मनाली में ऑपरेशन हुआ है।

वह मनाली में घूमने आए थे। आंख के मोतिया बिंद होने के कारण विनायक नेत्रधाम में उनका ऑपरेशन हुआ। डॉ. विनायक ने उनका ऑपरेशन किया अब वह स्वस्थ हैं। दक्षिण भारतीय फिल्मों में खलनायक की भूमिका निभाने वाले बी राजू इन दिनों अपनी पत्नी के साथ मनाली की सैर पर आए है। वह कुछ दिनों से मनाली में ठहरे हैं। यहां की ठंडी वादियां उन्हें भा गई हैं। ठंडी वादियों में उन्होंने अपनी आंख का इलाज करवाना मुनासिब समझा है। इसी के मद्देनजर मंगलवार को विनायक नेत्रधाम पहुंचे। डॉ. विनायक ने उनके मोतियाबिंद का सफलतापूर्वक ऑपरेशन किया। कुछ देर ओवजर्वेशन में रखने के बाद उन्हें छुट्टी दी गई। डॉ. विनायक ने बताया कि अब वह स्वस्थ हैं। उन्होंने युवा अभिनेता बी राजू की सफलतापूर्वक कैटरैक्ट (मोतियाबिंद) सर्जरी की। सर्जरी पूरी तरह सफल रही व आंखों की रोशनी में संतोषजनक सुधार हुआ है। उधर, बी राजू ने बताया कि मनाली बेहद खूबसूरत शहर है और यहां की आबोहवा भी बहुत अच्छी है। उन्होंने बताया कि वह दक्षिण के फिल्म निर्माताओं को मनाली में शूटिंग करने का आह्वान जरूर करेंगे।

## न्यूज ब्रीफ

### कर्मियों ने पेश की ईमानदारी की मिसाल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग।** जल शक्ति विभाग के कर्मचारी बलदेव कुमार, पैरा फीटर एवं नीतीश कुमार पैरा पंप आपरेटर ने बुधवार को केलांग बाजार की मुख्य सड़क पर मिले 50,000 रुपए की नकद राशि को ईमानदारी का परिचय देते हुए तत्काल उप-मंडलाधिकारी केलांग को सौंप दिया। उन्होंने बताया कि यह राशि उन्हें केलांग बाजार में कार्य करते समय मुख्य सड़क पर पड़ी मिली थी। कुछ ही समय बाद हिमाचल प्रदेश राज्य सिविल सप्लाई कॉरपोरेशन के कार्यालय केलांग में कार्यरत डाटा एंट्री ऑपरेटर पूनम देवी, जोकि कार्यालय में प्राप्त नकद राशि को बैंक में जमा करवाने जा रही थीं, घबराई हुई अवस्था में एसडीएम कार्यालय केलांग पहुंचीं और सूचित किया कि उनके 50,000 रुपए गुम हो गए हैं। आवश्यक जांच-पड़ताल एवं पूर्ण संतुष्टि के उपरांत उपायुक्त लाहौल एवं स्पीति किरण भड़ाना की उपस्थिति में उक्त राशि पूनम देवी को सुरक्षित रूप से लौटा दी गई। डीसी किरण भड़ाना ने जल शक्ति विभाग के कर्मचारियों बलदेव कुमार व नीतीश कुमार की सराहनीय ईमानदारी व कर्तव्यनिष्ठा की भूरी-भूरी प्रशंसा की तथा उन्हें पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया।

### आबकारी विभाग ने अवैध शराब की जब्त

**अनंत ज्ञान, भुंतर।** जिला आबकारी अधिकारी कुल्लू मनोज डोगरा ने जानकारी दी कि आबकारी विभाग द्वारा हिमाचल प्रदेश आबकारी अधिनियम, 2011 के प्रावधानों के अंतर्गत भुंतर क्षेत्र में जियापुल के समीप एक वाहन को संदेह के आधार पर रोका गया। तलाशी लेने पर वाहन से टुबर्ग बियर की 2 पेटियां, रॉयल स्टैग अंग्रेजी शराब की 2 पेटियां बरामद की गईं। इसके अतिरिक्त, दूसरे मामले में निरमंड क्षेत्र के ब्रो स्थित एक ढाबे से देसी शराब ऊना नं. 1 की 2 बोतलें एवं 350 लीटर की एक लूज बोतल, रॉयल स्टैग अंग्रेजी शराब की 400 लीटर की एक लूज बोतल बरामद की गई। उपरोक्त सारी अवैध शराब को मौके पर ही जब्त करते हुए संबंधित व्यक्तियों के विरुद्ध हिमाचल प्रदेश आबकारी अधिनियम, 2011 की धारा 39 के अंतर्गत मामले दर्ज किए गए हैं। जिला आबकारी विभाग द्वारा अवैध शराब की बिक्री, भंडारण एवं परिवहन के विरुद्ध निरंतर अभियान चलाया जा रहा है तथा भविष्य में भी ऐसी कार्रवाई जारी रहेगी। उन्होंने जनता से अपील की है कि अवैध गतिविधियों की सूचना विभाग को प्रदान कर सहयोग करें।

### मेडिकल कॉलेज का सपना होगा साकार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** जिला कुल्लू में मेडिकल कॉलेज स्थापित करने का सपना अब साकार होने जा रहा है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) कुल्लू डॉ. रंजीत ठाकुर ने बताया कि मेडिकल कॉलेज के लिए खोखन के समीप 140 बीघा भूमि का चयन कर लिया गया है। डॉ. रंजीत ठाकुर देव सदन में लला मेमे फाउंडेशन द्वारा आयोजित रक्तदान शिविर के अवसर पर बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि मेडिकल कॉलेज की स्थापना से जिला कुल्लू सहित आसपास के क्षेत्रों के लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध होंगी। उन्होंने बताया कि कुल्लू अस्पताल में शीघ्र ही कैथ लैब का शुभारंभ होने जा रहा है, जिससे हृदय रोगों से संबंधित सभी प्रकार के उपचार यहीं संभव हो सकेंगे। अब हृदय रोगियों को इलाज के लिए शिमला या चंडीगढ़ नहीं जाना पड़ेगा। इसके अतिरिक्त उन्होंने जानकारी दी कि तेगुबेहड़ अस्पताल में क्रिटिकल केयर सेंटर की स्थापना की जा रही है, जहां आपातकालीन सेवाओं सहित सभी आवश्यक उपचार उपलब्ध होंगे। इस केंद्र में सात विशेषज्ञ चिकित्सक और नौ तकनीशियन तैनात रहेंगे।

### साइबर सुरक्षा, सेवा गुणवत्ता पर दिया मार्गदर्शन

**अनंत ज्ञान, बंजार।** कुल्लू के बंजार स्थित मां अंबिका आईटीआई में हिमाचल उपभोक्ता संरक्षण परिषद ने भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण के सहयोग से उपभोक्ता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। परिषद उपाध्यक्ष रणजीत सिंह ने सेवा गुणवत्ता, साइबर सुरक्षा और नशामुक्त समाज पर जोर दिया। उन्होंने माई सैल व माई स्पीड ऐप से सेवा की गुणवत्ता जांचने और साइबर अपराध से बचने के उपाय बताए। बच्चों और युवाओं को नशे से दूर रहने का संदेश दिया गया। जीत राम शर्मा ने उपभोक्ता अधिकार और बाट-माप नियम समझाए। सुरेंद्र शर्मा ने जागरूक उपभोक्ता की भूमिका पर जोर दिया। कार्यक्रम में जियो, एयरटेल और बीएसएनएल के प्रतिनिधि उपस्थित रहे और प्रतिभागियों को अपनी शिकायतें व सुझाव सीधे कंपनियों के सामने रखने का अवसर मिला।

# राज्य पुरस्कार से सम्मानित होगा संकट का सच्चा साथी

अनंत ज्ञान

**सैंज।** कुल्लू सैंज घाटी से सबंध रखने वाले प्रकृति, प्रेमी समाजसेवी सुभाष ठाकुर को शिमला में राज्य पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा।

सुभाष बचपन से ही समाजसेवा में लगे रहते हैं। 2021 में जब ग्राम पंचायत तलाड़ा में निवर्तमान उपप्रधान की शपथ ली तो उसके बाद लगातार समग्र विकास में करवा रहे जहां पंचायत को कोई अड़चने आई तो आंदोलन करने से भी गुरेज नहीं किया। कुल्लू की शांत वादियों मे जब कुदरत ने बंजार सैंज में रौद्र रूप दिखाया तो सैंज घाटी मे ग्राम पंचायत तलाड़ा भी चपेट मे आई। जब पंचायत में 270 परिवार प्रभावित हुए 130 घर क्षतिग्रस्त हुए भय का वातावरण बन गया। सड़कें टूट गई बिजली गुल हुई पानी बंद हो गया था। पैदल चलने वाले रास्ते भी अधिकतर टूट गए भय के वातावरण में भी उपप्रधान सुभाष ठाकुर जनता के संकट में खड़े नजर आए सार्वजनिक रूप से समाजिक संस्थायों से आह्वान कर अधिकतर संस्थायों को अपनी पंचायत मे राहत सामग्री विस्तृत रात दिन लगे रहे। प्रशासन तक भी जोरदार तरिके से पंचायत की समस्या रखी। जरूरत पड़ने पर आंदोलन करने मे भी गुरेज नहीं किया। हर मोर्चे पर लड़ा सुभाष ठाकुर जिला कुल्लू प्रतिनिधि के रूप मे दिखे सुभाष जो अपनी पंचायत के हर हद कर सघर्ष करते दिखे।

पंचायत के साथ-साथ पूरी सैंज घाटी की जनता के संकट लिए भी आवज रखते आए। समाज को स्तंभ बन कर खड़े दिखे सुभाष ठाकुर हमेशा समाज सेवा परिकल से प्रेम करने बाले सुभाष ठाकुर का मानना है जब हम संकट मे किसी का साथ करे वहीं, इंसानित धर्म है। हमें प्रकृति, जन्मभूमि, एवं संकट मे पड़े मनुष्य का साथ बढ़ चढ़ कर देना चाहिए सुभाष ने कहा मुझे भगवान कृष्ण भक्त सुदामा जी से एक प्रेरणा मिलती है।

# आत्मनिर्भरता की राह पर बढ़ती कुल्लू की महिलाएं

अनंत ज्ञान



**कुल्लू।** हिमाचल प्रदेश का कुल्लू जिला अपनी प्राकृतिक सुंदरता के साथ-साथ अब महिला सशक्तिकरण और ग्रामीण आत्मनिर्भरता की एक सशक्त पहचान बनता जा रहा है।

भुंतर विकास खंड के गड़सा क्लस्टर अंतर्गत कार्यरत शिवशक्ति स्वयं सहायता समूह इस परिवर्तन की जीवंत मिसाल बनकर उभरा है, जहां सामूहिक प्रयास, पारंपरिक ज्ञान और सरकारी सहयोग ने ग्रामीण महिलाओं को आत्मनिर्भरता की नई राह दिखाई है। भलान-एक पंचायत की 13 महिला सदस्यों से गठित यह समूह आज न केवल अपने परिवारों की आजीविका का मजबूत आधार बना है, बल्कि कुल्लू की पारंपरिक खान-पान एवं हस्तशिल्प संस्कृत को देश-विदेश से आने वाले पर्यटकों तक पहुंचाने का माध्यम भी बन रहा है। शिवशक्ति स्वयं सहायता समूह ने स्थानीय संसाधनों और पीढ़ियों से चले आ रहे पारंपरिक ज्ञान को स्वरोजगार से जोड़ा है। समूह की महिलाएं स्थानीय व प्राकृतिक सामग्री से पारंपरिक अचार, चटनियां, अन्य खाद्य उत्पादों के साथ-साथ कुल्लवी पट्टू और शाल का निर्माण कर रही हैं।

इन उत्पादों में प्रयुक्त सामग्री औषधीय गुणों से भरपूर है, जिससे ये स्वाद के साथ-साथ स्वास्थ्य की दृष्टि से भी लाभकारी हैं। यह पहल महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के साथ-साथ सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण में भी सहायक सिद्ध हो रही है। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन एवं हिमाचल सरकार के सहयोग से समूह को लगभग 8 लाख रुपए की आधुनिक फूड वैन उपलब्ध करवाई गई है। यह फूड वैन समूह की महिलाओं के लिए स्वरोजगार का एक प्रभावी साधन बनकर सामने आई है। इसके माध्यम से अब कुल्लू के प्रमुख पर्यटन स्थलों पर शुद्ध, स्थानीय व पारंपरिक भोजन किफायती दरों पर उपलब्ध कराया जा रहा है। पर्यटकों के साथ-साथ विद्यार्थियों के लिए भी कम दरों पर खाद्य सामग्री उपलब्ध कराकर समूह ने सामाजिक सरोकारों के प्रति अपनी संवेदनशीलता का परिचय दिया है। इसके अतिरिक्त कसोल क्लस्टर को भी ऐसी फूड वैन उपलब्ध करवाई गई है, जबकि आगामी समय में भुंतर क्लस्टर को एक तथा नग्गर क्लस्टर में तीन फूड वैन उपलब्ध करवाने की योजना है। समूह की महिलाओं का कहना है कि मुख्यमंत्री सुक्खू के नेतृत्व में मिले इस सहयोग से उन्हें स्थायी आजीविका का साधन प्राप्त हुआ है। इससे न केवल उनकी आर्थिक स्थिति मजबूत हुई है, बल्कि परिवार और समाज में उनका सम्मान तथाआत्मविश्वास भी बढ़ा है। महिलाओं ने इस सहयोग के लिए राज्य सरकार और मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया है। देश के प्रमुख पर्यटन स्थलों में शामिल कुल्लू में हर वर्ष बड़ी संख्या में देश-विदेश के पर्यटक पहुंचते हैं। शिवशक्ति स्वयं सहायता समूह की इस पहल से पर्यटक अब कुल्लू के पारंपरिक, शुद्ध और किफायती स्वाद से सीधे परिचित हो रहे हैं। यह प्रयास स्थानीय संस्कृति और परंपरा को राष्ट्रीय एवं वैश्विक पहचान दिलाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। हिमाचल प्रदेश सरकार द्वारा समर्थित एवं 'सबका साथ, सबका विकास' सीएलएफ मशोबरा के स्वामित्व में विकसित 'हिमइरा'ग्रामीण महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक सशक्त मंच बनकर उभरा है। इसके अंतर्गत तैयार किए गए प्राकृतिक उत्पाद और पारंपरिक शिल्पकला गुणवत्ता, प्रामाणिकता और स्थानीय संस्कृति की पहचान को मजबूती प्रदान कर रहे हैं।

# कैंसर के बारे में जानकारी दी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** वर्ल्ड कैंसर डे के उपलक्ष्य में बुधवार को मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर रंजीत ठाकुर के दिशा निर्देश के अनुसार सेवा भारती संस्थान सरवरी कुल्लू में जिला स्तरीय वर्ल्ड कैंसर डे मनाया गया। जिला जनसूचना एवं संप्रेषण अधिकारी निर्मल महंत ने बताया कि सेवा भारती संस्थान सरवरी में प्रतिभागियों ने इस कार्यक्रम में हिस्सा लिया। इसमें स्वास्थ्य विभाग के कर्मियों द्वारा यहां उपस्थित लोगों को कैंसर के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। वहीं, कार्यक्रम के दौरान अनेकों तरह के प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इसमें मुख्य रूप से डेक्लेमेशन, पोस्टर मेकिंग कॉम्पिटिशन, स्लोगन राइटिंग कॉम्पिटिशन, रोल प्ले आयोजित किया गया। इस प्रतियोगिता में उत्कृष्ट भागीदारी निभाने वाले प्रतिभागियों को स्वास्थ्य विभाग के कर्मियों के द्वारा पुरस्कार भी आवंटित किए गए।

# इंद्रा के बुलंद हौसलों के आगे स्तन कैंसर ने टेके घुटने

अनंत ज्ञान

**कमलेश वर्मा, कुल्लू।** यह जीवन हमें दोबारा नहीं मिलेगा इसलिए इसे खुलकर जियो और अपने हर सपने को पूरा करो, क्योंकि जीवन बहुत अनमोल है क्या पता कब जिंदगी की शाम हो जाए और हमारे सपने अधूरे ही रह जाएं।

यह कहना है स्तन कैंसर की जंग जीतने वाली कुल्लू जिला के मनाली की इंद्रा इकबाल शर्मा का। इंद्रा ने अपने बुलंद हौसलों के चलते स्तन कैंसर को भी मात दी है और जिंदगी के हर उतार चढ़ाव में जीवन को पटरी से नहीं उतरने दिया। इसके चलते आज वह सभी महिलाओं के लिए प्रेरणास्त्रोत बनी हुई है। इंद्रा के अनुसार जब पहली बार कैंसर के बारे में पता चला था तो मैं एक मिनट के लिए परेशान हो गई लेकिन दूसरे ही पल मैंने खुद को संभाला और मन में सोचा कि यदि मैं एक कैंसर की मरीज हूं तो मैं क्या कर सकती हूं, लेकिन उसी पल एकदम से मन में नेगेटिव

## परेशान थी पर परिवार को नहीं होने दिया महसूस



**कैंसर** के टैस्ट के लिए मैं अकेली ही दिल्ली गई थी और पता लगते ही घर वापिस आई और वहां आकर परिवार को इस बारे में बताया, सभी परेशान हुए लेकिन मैंने उन्हें किसी भी तरह से महसूस नहीं होने दिया और हंसते हुए कहा कि कोई बात नहीं सब ठीक हो जाएगा। इसके तुरंत बाद मेरी सर्जरी हुई और अब इतने समय से मैं ठीक हूं और बीच-बीच में थैरेपी के लिए जाती हूं।

## ◆जिंदगी में हर उतार-चढ़ाव में पटरी से नहीं उतरने दिया बहुमूल्य जीवन

थॉट यह आया कि मेरी बेटी तो नहीं है लेकिन बाद में मेरी पोती को कहीं उसे भी यह दिक्कत न झेलनी पड़े। मैं तो अपनी जिंदगी जी चुकी हूं लेकिन कहीं मेरी पोती को भी मेरी बजह से भविष्य में इसी बीमारी का सामना न करना पड़े, लेकिन डॉक्टर ने मेरा हौसला बढ़ाते हुए कहा कि ऐसा नहीं है फिलहाल आप इस समय अपने उपचार पर ध्यान दें और आप जल्दी ही ठीक हो जाएंगी, डॉक्टर की यह बात सुनकर दिल को कुछ सुकून मिला।

## जिंदगी के नाम पैगाम

**अपने** लिए तो सब जीते हैं कभी दूसरों की खुशी की बजह बनकर देखों कितनी खुशी मिलती है। महिलाएं और युवतियां अपने स्वास्थ्य के प्रति हमेशा सचेत रहें, शरीर से संबंधित किसी भी बीमारी को नजरअंदाज न करें और गलत कभी करें और न ही सहें, क्योंकि यह जिंदगी दोबारा नहीं मिलेगी, इसलिए कुछ ऐसा करके जाओ कि दुनिया याद रखे।

## देह भी कर चुकी हैं दान

**समाज** सेविका एवं पूर्व मनाली नगर परिषद की पार्षद रही इंद्रा शर्मा ने अपना शरीर चंडीगढ़ पीजीआई अस्पताल को दान दे दिया है। आंखे अनाथ आश्रम की नेत्रहीन कन्याओं को देने की इच्छा जाहिर की है। बकौल इंद्रा शरीर को मिट्टी में मिलाने से बेहतर है मरने के बाद भी यह किसी के काम आ सके।

## कैंसर के प्रति कर रही जागरूक

**महिलाओं** के लिए प्रेरणास्त्रोत बनी हुई हैं। किसी भी महिला को इस तरह की बीमारी कहीं भी गांव में जाकर महिलाओं को खासकर 35 साल से ऊपर की महिलाओं को साल में एक बार मैमोग्राफी करवाने और साथ ही स्वयं अपने स्तनों की जांच करने बारे भी जागरूक करती हूं। इसके अलावा मासिक धर्म के दौरान साफ-सफाई रखने के लिए भी प्रेरित करती हूं, ताकि महिलाएं स्तन कैंसर से बच सकें।

# अंतिम प्रकाशन की मतदाता सूचियां निरीक्षण के लिए उपलब्ध

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत) एवं उपायुक्त, तोरुल रवीश ने बताया कि राज्य निर्वाचन आयोग, हिमाचल प्रदेश के निर्देशानुसार मतदाता सूची के प्रारूप प्रकाशन कार्यक्रम के तहत दिनांक 1.10.2025 को अर्हता तिथि मानते हुए जिला कुल्लू की समस्त ग्राम पंचायतों की मतदाता सूचियों का प्रारूप प्रकाशन किया गया था। इस संबंध में प्राप्त दावों व आपत्तियों के निस्तारण के उपरांत निर्वाचन नामावली का अंतिम प्रकाशन किया गया है। पंचायतीराज (निर्वाचन) नियम, 1994 के नियम 21(1) के अंतर्गत विकासखंड निरमंड की ग्राम पंचायत कोट एवं कोटी को छोड़कर, जिला कुल्लू की शेष सभी ग्राम पंचायतों की मतदाता सूचियां प्रारूप-15 में दिनांक 30 जनवरी को प्रकाशित कर दी गई हैं। मतदाता सूचियों से संबंधित भाग की प्रतियां आम जनता के निरीक्षण के लिए उनके कार्यालय, संबंधित ग्राम पंचायतों/पंचायत समितियों/जिला परिषद कुल्लू के कार्यालयों में कार्यालय समय के दौरान निशुल्क उपलब्ध रहेंगी।

# सामाजिक सुरक्षा पेंशन लाभार्थी 15 से पूर्व ई-केवाईसी सत्यापन कराएं

अनंत ज्ञान

**कुल्लू।** जिला कल्याण अधिकारी गिरधारी लाल शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि हिमाचल प्रदेश सरकार, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग द्वारा निर्णय लिया गया था कि प्रदेश में सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाओं के लाभार्थियों का ऑनलाइन माध्यम से ई-केवाईसी सत्यापन सुनिश्चित करने लिए एक मोबाइल ऐप तैयार किया जाए, ताकि सभी पात्र पेंशनरों को सामाजिक सुरक्षा पेंशन सुचारू रूप से उनके बैंक/डाकघर के बचत खातों में वितरित की जा सके।

विभाग द्वारा सभी सामाजिक सुरक्षा पेंशन लाभार्थियों का सत्यापन (ई-केवाईसी) युद्ध स्तर पर जिला कल्याण अधिकारी व तहसील कल्याण अधिकारी माध्यम से आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के सहयोग से जुलाई 2025 में आरम्भ किया गया था। इस अभियान के अंतर्गत सभी लाभार्थियों का ई-केवाईसी सत्यापन पूरा करने की अंतिम तिथि 31 जनवरी 2026 निर्धारित की गयी थी। जिन पेंशन धारकों ने निर्धारित अवधि में अपना ई-केवाईसी सत्यापन नहीं करवाया है, उनकी पेंशन विभाग द्वारा अस्थायी तौर पर रोक दी गई है। उन्होंने सभी सामाजिक सुरक्षा पेंशन लाभार्थियों से अपील की है कि जिन्होंने अपनी ई-केवाईसी सत्यापन अभी तक नहीं करवाया है वे अपने नजदीकी आंगनबाड़ी केन्द्र अथवा सम्बंधित तहसील कल्याण अधिकारी कार्यालय में जाकर 15 फरवरी 2026 से पूर्व सभी आवश्यक दस्तावेजों सहित अपना (ई-केवाईसी) सत्यापन करवाना सुनिश्चित करें। इस अंतिम अवसर के उपरान्त, पेंशन लाभार्थी द्वारा अपनी ई-केवाईसी सत्यापन नहीं करने की स्थिति में यह समझा जाएगा कि पेंशनर अनुपलब्ध है अथवा सामाजिक सुरक्षा पेंशन प्राप्त करने हेतु पात्र नहीं है, तथा उन पेंशनरों की पेंशन स्थायी रूप से बंद कर दी जायेगी। इसके अतिरिक्त, यदि किसी असहाय पेंशनभोगी का आधार कार्ड किसी कारण से नहीं बना है या उसे अपडेट करने की आवश्यकता है, तो वह आधार कार्ड अपडेट करवाने के लिए संबंधित तहसील कल्याण अधिकारी से संपर्क कर सकता है।

**मोर्चा** हिमाचल के बागवानों ने नौणी यूनिवर्सिटी से मांगी 'ऑर्गेनिक गाइडलाइन'

# जापानी फल 'पर्सिमन' की शुद्धता पर मंडराया केमिकल खतरा

अनंत ज्ञान

**मोहन कपूर, पतलीकूहल।** हिमाचल प्रदेश के बागवानी क्षेत्र में एक नई क्रांति के रूप में उभर रहे जापानी फल (पर्सिमन) को रसायनों की पहुंच से दूर रखने के लिए प्रदेश के बागवानों ने एक निर्णायक मोर्चा खोल दिया है।

जुजुराना फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी ने इस फल की 'रेसिड्यू-फ्री' (अवशेष मुक्त) छवि को बचाने के लिए डॉ. यशवंत सिंह परमार औद्यानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय, नौणी के कुलपति को पत्र लिखकर पर्सिमन के लिए विशेष ऑर्गेनिक स्टैंडर्ड ऑपरेटिंग प्रोसीजर तैयार करने की आधिकारिक मांग की है। जुजुराना एफपीसी के निदेशक मोहिंदर उपाध्याय ने इस पहल पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वर्तमान में हिमाचल में पर्सिमन की खेती बिना किसी फफूंदनाशक या कीटनाशक के की जा रही है। स्पष्ट स्प्रे शेड्यूल न होने के कारण यह फसल अभी तक पूरी तरह प्राकृतिक है। लेकिन, बाजार में इस फल की बढ़ती मांग



व ऊंचे दामों को देखते हुए अब बागवानों में रसायनों के इस्तेमाल की प्रवृत्ति बढ़ रही है। एफपीसी को डर है कि यदि समय रहते वैज्ञानिक गाइडलाइन जारी नहीं हुई, तो बागवान पारंपरिक फसलों की नकल करते हुए इस पर भी जहरीले छिड़काव शुरू कर देंगे, जिससे इसकी वैश्विक साख खत्म हो जाएगी।

## प्रमुख मांगें

- **पर्सिमन** के लिए विशेष ऑर्गेनिक एसओपी का निर्माण।
- **रसायनों** के बजाय नीम पेस्ट और प्राकृतिक कीट नियंत्रण को प्राथमिकता।
- **सीजन** 2026 से पहले आधिकारिक स्प्रे शेड्यूल, परामर्श।

अनंत ज्ञान स्पैशल

## सीजन 2026 के लिए 'सेफ फार्मिंग' का रोडमैप

**बागवानों** ने मांग की है कि विश्वविद्यालय आगामी सीजन 2026 शुरू होने से पहले एक स्पष्ट परामर्श जारी करे, जिसमें केवल प्राकृतिक और जैविक खेती के तरीकों को ही शामिल किया जाए। उन्होंने विशेष रूप से नीम आधारित स्टिकी पेस्ट जैसे सुरक्षित विकल्पों को वैज्ञानिक रूप से अनुशंसित करने का आग्रह किया है। इस संबंध में पत्र की प्रतियां बागवानी निदेशक, अनुसंधान निदेशक व आरएचएस बजौरा को भी भेजी गई हैं। बागवानों का मानना है कि यदि इस स्तर पर हस्तक्षेप किया गया, तो पर्सिमन हिमाचल की पहली ऐसी फसल बन सकती है, जो अंतरराष्ट्रीय बाजार में 'केमिकल-फ्री' प्रीमियम ब्रांड के रूप में अपनी धाक जमाएगी।

## कुल्लू की घाटियों में सेब की जगह ले रहा जापानी फल

**जिला** कुल्लू में इन दिनों जापानी फल के प्रति बागवानों का आकर्षण चरम पर है, खासकर उझी घाटी, लगघाटी, खराहल और अपर वैली में नए पौधों की प्लांटेशन के लिए बागवान सबसे अधिक पर्सिमन को ही प्राथमिकता दे रहे हैं। बाड़ी के बुजुर्ग बागवान भिखम राम ठाकुर का कहना है कि जलवायु परिवर्तन के कारण अब सेब केवल ऊंचाई वाले क्षेत्रों में ही उच्च गुणवत्ता का तैयार हो पा रहा है, जिसके चलते निचले और मध्यम ऊंचाई वाले क्षेत्रों के बागवान तेजी से जापानी फल की ओर रुख कर रहे हैं। वर्तमान में इन घाटियों में बड़े स्तर पर इसकी नई प्लांटेशन की जा रही है। बागवानों को उम्मीद है कि यदि विश्वविद्यालय नीम आधारित स्टिकी पेस्ट जैसे जैविक उपायों को आधिकारिक तौर पर अनुशंसित करता है, तो पर्सिमन हिमाचल की पहली पूर्णतः रसायन-मुक्त प्रीमियम फसल बनकर उभरेगी।

# थासीबराह गांव में रास्ता बंद ट्रांसफार्मर गिरने का खतरा



डीसी कुल्लू के समक्ष समस्या रखते हुए ग्रामीण। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**कुल्लू।** जिला मुख्यालय कुल्लू से सटे थासीबराह गांव में रास्ता बंद होने से ग्रामीणों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। भूस्खलन के चलते गांव में स्थापित बिजली का ट्रांसफार्मर भी गिरने की कगार पर पहुंच गया है। इससे ग्रामीणों में भय का माहौल बना हुआ है। इस गंभीर समस्या को लेकर थासीबराह गांव के ग्रामीण डीसी कुल्लू से मिले और अपनी व्यथा उनके समक्ष रखी। ग्रामीणों की शिकायत पर संज्ञान लेते हुए डीसी कुल्लू ने तहसीलदार कुल्लू और खंड विकास अधिकारी को तुरंत मौके पर जाकर स्थिति का जायजा लेने के निर्देश जारी किए हैं। महिला मंडल की सचिव नीलम ने बताया कि गांव में एक निजी भूमि मालिक द्वारा अपनी जमीन की अवैज्ञानिक तरीके से खुदाई की गई है। खुदाई के बाद न तो डंगा लगाया गया और न ही कोई सुरक्षा प्रबंध किए गए। इस कारण लगातार भूस्खलन हो रहा है। इससे गांव का मुख्य रास्ता पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया है और आवागमन बंद हो गया है। रास्ता बंद होने से स्कूली बच्चों, बुजुर्गों और आम ग्रामीणों को आने-जाने में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि जल्द से जल्द समस्या का स्थायी समाधान किया जाए और संभावित खतरे को टाला जाए।

# जिला सोलन में एचआईवी संक्रमण के मामले बढ़ना चिंता का सबब

## नशे की लत, भ्रांतियां और जागरूकता की कमी मुख्य कारण

अनंत ज्ञान

**आर मोहन चौहान, सोलन।** जिला सोलन में एचआईवी संक्रमण का साइलेंट विस्फोट चिंता का विषय बन गया है। जिले में पिछले एक वर्ष में 105 नए एचआईवी मरीजों की पहचान हुई है, जिसमें बच्चे भी शामिल हैं। स्वास्थ्य विभाग की रिपोर्ट के अनुसार, नशे की लत, भ्रांतियां और जागरूकता की कमी मुख्य कारण हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि यह 'साइलेंट विस्फोट' अब अनियंत्रित रूप ले रहा है। सोलन जिला अस्पताल और एनसीओजी केंद्रों से प्राप्त आंकड़ों के मुताबिक, 2025 में कुल 105 नए मामले दर्ज किए गए। इनमें 70 प्रतिशत युवा और 15 प्रतिशत बच्चे हैं। बच्चों में संक्रमण का प्रसार मुख्य रूप से माता-पिता के इंजेक्शन साझा करने या असुरक्षित यौन संबंधों से हो रहा है। जिला स्वास्थ्य विभाग की रिपोर्ट में यह चौंकाने वाला खुलासा हुआ है। अप्रैल से दिसंबर के बीच 72 लोग एचआईवी से पॉजिटिव हुए हैं। वहीं, जनवरी 2024 से मार्च 2025 के बीच 105 मामले आए थे। इसमें औद्योगिक क्षेत्र बद्दी, बरोटीवाला और नालागढ़ समेत परवाणू में उद्योगों में आने वाले कुछ प्रवासी भी पॉजिटिव आ रहे हैं। हालांकि, विभाग का दावा है कि लगातार इसके लिए जागरूकता कैंप लगाए जा रहे हैं।

दूसरी ओर कम उम्र के बच्चों में एचआईवी के लक्षण आने से महकमे की चिंता बढ़ गई है। चिकित्सकों का मानना है कि कई बच्चे कम उम्र में ही नशे की गिरफ्त में आ रहे हैं। इस दौरान वे सिरिंज से कई प्रकार के नशे कर रहे हैं। इस दौरान एक ही सिरिंज के बार-बार हो रहे उपयोग के साथ अलग-अलग लोगों द्वारा उपयोग से समस्या आ रही है। नशेड़ियों में सुई शेयरिंग सबसे बड़ा खतरा साबित हो रही है।

एनजीओ और आशा कार्यकर्ता टेस्टिंग कैंप लगा रहे हैं, फिर भी स्टिग्मा बाधा बन रहा है। विशेषज्ञ चेतावनी दे रहे हैं कि यदि तत्काल कदम न उठाए गए तो सोलन हिमाचल का एचआईवी हॉटस्पॉट बन सकता है। सरकार ने फ्री जांच, दवाएं और काउंसलिंग की सुविधा बढ़ाई है। जिलावासियों से अपील है कि संदेहास्पद लक्षण दिखें तो तुरंत टेस्ट करवाएं। नशा मुक्ति केंद्रों का सहारा लें और सुरक्षित व्यवहार अपनाएं। जागरूकता ही एकमात्र हथियार है।



### क्या कहना है सीएमओ का

**जिले** के कसौली, अर्की और नालागढ़ जैसे क्षेत्रों में मामले तेजी से बढ़े हैं। स्वास्थ्य विभाग सोलन के सीएमओ डॉ. अजय पाठक ने बताया, 'नशे की लत और एचआईवी के बारे में भ्रांत धारणाएं जैसे 'यह केवल असुरक्षित शारीरिक सम्बन्ध से फैलता है' लोगों को जांच से दूर रख रही हैं। वास्तव में, संक्रमित खून, सुई और मां से बच्चे तक फैलाव संभव है।' जागरूकता अभियान चलाए जा रहे हैं, लेकिन ग्रामीण इलाकों में पहुंच सीमित है।

# बागवानी हिमाचल की अर्थव्यवस्था का प्रमुख आधार : संजय अवस्थी

## गांव दाती ब्राहमणा में शिवा परियोजना के तहत पौधरोपण अभियान का किया शुभारंभ

अनंत ज्ञान

**अर्की/सोलन।** अर्की के विधायक संजय अवस्थी ने कहा कि बागवानी हिमाचल की अर्थव्यवस्था का प्रमुख आधार है और प्रदेश सरकार इस क्षेत्र में आधुनिक तकनीक का प्रयोग कर इसके माध्यम से आर्थिकी को अधिक सशक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। संजय अवस्थी आज अर्की विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत दावटी के गांव दाती ब्राह्मणा में एचपी शिवा परियोजना के तहत आलुबुखारा पौधारोपण अभियान का शुभारंभ करने के उपरांत जनसमूह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि वर्तमान में प्रदेश में 2.37 लाख हेक्टेयर भूमि पर बागवानी की जा रही है। राज्य में फलों का वार्षिक उत्पादन लगभग 6.48 लाख मीट्रिक टन है। उन्होंने कहा कि बागवानी क्षेत्र का राज्य की वार्षिक आय में लगभग 05 हजार करोड़ रुपए का योगदान है। प्रदेश सरकार सेब के साथ-साथ अन्य फलों के उत्पादन को बढ़ाने के लिए गंभीर प्रयास कर रही है।



पौधरोपण का शुभारंभ करते विधायक संजय अवस्थी। अनंत ज्ञान

संजय अवस्थी ने कहा कि कुनिहार विकास खंड में शिवा परियोजना के तहत प्रथम चरण में 07 कलस्टर बनाए गए हैं। इनमें दाती, चुनाड, सेर देलग, गियाना, पजीना, जैलंग व दसेरन शामिल हैं। उन्होंने कहा कि इन 07 कलस्टरों में प्लम की सांता रोजा, ब्लैक एम्बर, रेड ब्यूट प्रजाति के 5991 पौधे रोपित किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि दाती कलस्टर में 10 हैक्टेयर भूमि पर ब्लैक एम्बर व रेड ब्यूट प्रजाति के लगभग 06 हजार पौधे रोपित किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि शिवा परियोजना के तहत नालागढ़ विकास खंड में बेलीखोल, बतीयाख, डोली, सौर और पल्ली में 05 कलस्टर विकसित किए जा रहे हैं। ब्रायली से बुडमोस्टोटी से दाती शिवनगर संपर्क मार्ग के निर्माण कार्य के लिए 09 लाख रुपए की विस्तृत परियोजना रिपोर्ट तैयार हो चुकी है।

विधायक ने दाती गांव की कुल देवी मंदिर के समीप सुरक्षा दीवार के लिए 02 लाख रुपए तथा दाती में सामुदायिक भवन की मुरम्मत व रखरखाव के लिए 1.50 लाख रुपए देने की घोषणा की।

## न्यूज ब्रीफ

### अंतरराष्ट्रीय हिंदी ओलंपियाड में गुरु नानक मिशन पब्लिक स्कूल के छात्रों का डंका

**अनंत ज्ञान, नाहन।** अंतरराष्ट्रीय हिंदी ओलंपियाड में गुरु नानक मिशन पब्लिक स्कूल के छात्रों ने श्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए कक्षा 9वीं की छात्रा महरीन तथा कक्षा 10वीं की छात्रा सिमरनजीत कौर ने स्वर्ण पदक प्राप्त किया। कक्षा नौवीं की छात्रा प्राप्ति ने रजत पदक अपने नाम किया है। हिंदी भाषा को वैश्विक स्तर पर बढ़ावा देने के लिए हिंदी ओलंपियाड फाउंडेशन द्वारा अंतरराष्ट्रीय हिंदी ओलंपियाड का आयोजन किया गया। यह आयोजन न केवल भारत में बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी आयोजित था। इस ओलंपियाड में दुनिया के 30 से अधिक देशों के स्कूलों ने अपनी सहभागिता दर्ज की है। 8,000 से भी अधिक विद्यालयों ने इस प्रतियोगिता में हिस्सा लिया। यह एकमात्र ऐसा हिंदी ओलंपियाड है जिसे विदेश मंत्रालय, रक्षा मंत्रालय और केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा आधिकारिक अनुमोदन प्राप्त है। इस विशाल स्तर पर छात्रों द्वारा स्वर्ण पदक तथा रजत पदक जीत पाना एक सामान्य बात नहीं है। विद्यालय के डायरेक्टर गुरजीत सिंह सैनी तथा प्रधानाचार्य गुरविंदर कौर चावला ने इस अवसर पर विद्यार्थियों को हार्दिक बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### सामाजिक सुरक्षा पेंशनर 15 तक करा लें ई-केवाईसी

**अनंत ज्ञान, नाहन।** जिला कल्याण अधिकारी गावा सिंह नेगी ने जिला सिरमौर के उन सभी सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाओं के लाभार्थियों से अपील करते हुए कहा है कि जिन पात्र लाभार्थियों ने अपनी ई-केवाईसी सत्यापन अभी तक नहीं करवाया है वे अपने नजदीकी आगंनबाड़ी केंद्र अथवा संबंधित तहसील कल्याण अधिकारी कार्यालय में जाकर 15 फरवरी, 2026 से पूर्व सभी आवश्यक दस्तावेजों सहित अपना ई-केवाईसी सत्यापन करवाना सुनिश्चित करें। इस अभियान के अंतर्गत सभी लाभार्थियों का ई-केवाईसी सत्यापन पूरा करने की अंतिम तिथि 31 जनवरी, 2026 निर्धारित की गई थी। जिन पेंशनधारकों ने निर्धारित अवधि में अपना ई-केवाईसी सत्यापन नहीं करवाया है, उनकी पेंशन विभाग द्वारा अस्थायी तौर पर रोक दी गई है। उन्होंने बताया कि ई-केवाईसी सत्यापन के इस अंतिम अवसर के उपरान्त, पेंशन लाभार्थी द्वारा अपनी ई-केवाईसी सत्यापित नहीं करने की स्थिति में यह समझा जाएगा कि पेंशनर अनुपलब्ध है अथवा सामाजिक सुरक्षा पेंशन प्राप्त करने हेतु पात्र नहीं है।

### मरम्मत के चलते चिड़ावाली सड़क 7 तक बंद

**अनंत ज्ञान, नाहन।** उपायुक्त सिरमौर प्रियंका वर्मा ने यह आदेश जारी करते हुए बताया कि नगर परिषद नाहन के वार्ड नं.-12, मोहल्ला चिड़ावाली में जल निकासी और मरम्मत कार्य के चलते वार्ड नं.-12, मोहल्ला चिड़ावाली सड़क मार्ग 3 फरवरी से 7 फरवरी, 2026 तक एंबुलेंस तथा आपातकालीन वाहनों को छोड़कर सभी वाहनों की आवाजाही के लिए बंद रहेगा। इन आदेशों की अवहेलना करने पर कानून के तहत कार्रवाई की जाएगी।

### मनलोग-बड़ोग वार्ड नंबर-2 को दाड़लाघाट पंचायत में विलय करने का विरोध

**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट।** ग्राम पंचायत हनुमान बड़ोग के गांव मनलोग-बड़ोग वार्ड नंबर-2 के ग्रामीणों ने अपने वार्ड को दाड़लाघाट पंचायत में समायोजित किए जाने के प्रस्ताव का कड़ा विरोध जताया है। इस संबंध में ग्रामीणों ने बुधवार को खंड विकास कार्यालय कुनिहार में विकास खंड अधिकारी तन्मय सिंह कंवर को ज्ञापन सौंपा। ग्रामीणों का कहना है कि सरकार द्वारा पंचायतों के पुनर्गठन से संबंधित सूचना जारी होने के बाद उन्हें यह ज्ञात हुआ कि मनलोग-बड़ोग वार्ड को दाड़लाघाट पंचायत में शामिल किया जा रहा है, जिससे ग्रामीणों में भारी नाराजगी है। ग्रामीणों के अनुसार उनके गांव से दाड़लाघाट की दूरी करीब छह किलोमीटर है, जो विशेषकर महिलाओं और बुजुर्गों के लिए पंचायत संबंधी कार्यों के लिए काफी असुविधाजनक होगी।

### 'मेरा युवा भारत' कार्यक्रम पर पझौता में शिविर

**अनंत ज्ञान, राजगढ़।** राजगढ़ ब्लॉक के पझौता घाटी की संस्था यूथ मीडिया क्लब धामला पझौता द्वारा 'मेरा युवा भारत' नाहन के सौजन्य से 'युवा मंडल विकास अभियान' के तहत एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में मेरा युवा भारत नाहन से सुरेंद्र शर्मा ने युवाओं को जागरूक किया। इस अभियान में नवयुवक मंडल कालाबाग, सनौरा, पड़िया और रोहड़ी के सदस्यों ने भाग लिया। सुरेंद्र शर्मा ने बताया कि इस अभियान का उद्देश्य पुराने नवयुवक मंडलों को पुनः सक्रिय करना है। इसके अंतर्गत नवयुवक मंडलों को मॉय युवा भारत पोर्टल पर ऑनलाइन पंजीकृत किया जाएगा, जिसके लिए यह विशेष अभियान चलाया जा रहा है। यूथ मीडिया क्लब धामला पझौता के अध्यक्ष संदीप कश्यप ने कहा कि यह कार्यक्रम पूरे राजगढ़ क्षेत्र के नवयुवक मंडलों को नई संजीवनी प्रदान करेगा।

### भलाड़ भलोना की क्रिकेट प्रतियोगिता शुरू

**अनंत ज्ञान, राजगढ़।** सिरमौर के हरिपुरधार महल क्षेत्र की ग्राम पंचायत भलाड़ भलोना की वार्षिक क्रिकेट प्रतियोगिता आज शुरू हो गई। शिवपुर क्रिकेट क्लब मलाड द्वारा आयोजित इस वार्षिक प्रतियोगिता का उद्घाटन सिरमौर जिला भाजपा महामंत्री रणवीर ठाकुर ने किया। इस अवसर पर रणवीर ठाकुर ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में इस तरह की खेल प्रतियोगिताएं प्रतिभाशाली युवाओं को अपनी प्रतिभा निखारने और क्रीड़ा के क्षेत्र में नए आयाम स्थापित करने का अवसर प्रदान करती है। इस अवसर पर जिला भाजपा महासचिव रणवीर ठाकुर के साथ सिरमौर जिला भाजपा प्रवक्ता मेलाराम शर्मा और प्रताप रावत, सतपाल तोमर बलबीर तोमर और संतराम शर्मा भी उपस्थित थे। आज की इस क्रिकेट प्रतियोगिता के पहला मैच क्यारी गुण्डाह और डिमाईना टीमों के बीच खेला गया, जिसमें डिमाईना टीम क्यारी गुण्डाह की टीम 6 विकेट से हार कर प्रतियोगिता से बाहर हो गई।

### लीगल एडॉप्शन की जानकारी

**अनंत ज्ञान, सराहां।** जिला बाल संरक्षण ईकाई सिरमौर के द्वारा सुपरवाइजर सर्कल कार्यालय लाना पालर तहसील संगडाह सिरमौर में आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं एवं आशा वर्कर्स के लिए लीगल एडॉप्शन से सम्बन्धित कार्यशाला आयोजित की गई। इसमें आईसीडीएस सुपरवाइजर सहित सभी लाना पालर सर्कल की सभी कार्यकर्ताओं को सुरक्षित लीगल एडॉप्शन की संपूर्ण जानकारी दी गई। जैसे आवेदक को आवेदन करने के लिए किन- किन दस्तावेजों की आवश्यकता रहेगी और बेवसाइट पर कैसे आवेदक ने अपना पंजीकरण करना हैं। एडॉप्शन से संबंधित सभी प्रकार की जानकारी ट्रैनिंग प्रोग्राम संरक्षण अधिकारी गैर संस्थागत संतोष कुमारी के द्वारा दी गई व एडॉप्शन से संबंधित सामग्री भी इस प्रोग्राम में आई सभी आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं, आशा वर्कर्स एवं ग्रामीण महिलाओं को वितरित की गई।

# नप परवाणू, कंडाघाट व अर्की के सभी वार्डों की निर्वाचक नामावली अंतिम रूप से प्रकाशित

अनंत ज्ञान

**सोलन।** नगर परिषद परवाणू के वार्ड संख्या 01 से 09 तक की निर्वाचक नामावली तैयार कर दी गई है। यह जानकारी आज यहां निर्वाचक पंजीकरण अधिकारी नगर परिषद परवाणू महेंद्र प्रताप सिंह ने दी। उन्होंने कहा कि यह निर्वाचक नामावली हिमाचल प्रदेश नगर पालिका निर्वाचन नियम, 2015 के अनुसार तैयार की गई है। उन्होंने कहा कि निर्वाचक नामावली की एक प्रति अंतिम रूप से प्रकाशित कर दी गई है।

**नगर पंचायत अर्की की अधिसूचना:** नगर पंचायत अर्की के वार्ड संख्या 01 से 07 तक की निर्वाचक नामावली तैयार कर दी गई है। यह जानकारी आज यहां निर्वाचक पंजीकरण अधिकारी अर्की निशांत तोमर ने दी। उन्होंने कहा कि यह निर्वाचक नामावली हिमाचल प्रदेश नगर पालिका निर्वाचन नियम, 2015 के अनुसार तैयार की गई है। **कंडाघाट की अधिसूचना:** नगर पंचायत कंडाघाट के वार्ड संख्या 01 से 07 तक की निर्वाचक नामावली तैयार कर दी गई है। यह जानकारी आज यहां निर्वाचक पंजीकरण अधिकारी नगर पंचायत कंडाघाट गोपाल चंद शर्मा ने दी। उन्होंने कहा कि यह निर्वाचक नामावली हिमाचल प्रदेश नगर पालिका निर्वाचन नियम, 2015 के अनुसार तैयार की गई है। उन्होंने कहा कि निर्वाचक नामावली की एक प्रति अंतिम रूप से प्रकाशित कर दी गई है।

### नगर निगम सोलन के सभी वार्डों की निर्वाचक नामावली अंतिम रूप से प्रकाशित

**सोलन।** नगर निगम सोलन की वार्ड संख्या 01 से 17 तक की निर्वाचक नामावली तैयार कर दी गई है। यह जानकारी आज यहां निर्वाचक पंजीकरण अधिकारी नगर निगम सोलन डॉ. पूनम बंसल ने दी। उन्होंने कहा कि यह निर्वाचक नामावली हिमाचल प्रदेश नगर निगम निर्वाचन नियम, 2012 के अनुसार तैयार की गई है।

### जिला सिरमौर में निर्वाचक नामावली के अंतिम प्रकाशन की सूचना

**नाहन।** उपायुक्त सिरमौर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी (पं.) प्रियंका वर्मा ने यह अधिसूचित किया है कि जिला सिरमौर के विकास खंड संगडाह की नवगठित ग्राम पंचायत संगडाह ग्रामीण के अलावा जिला के सभी विकास खंडों की 259 पंचायतों में से 258 ग्राम पंचायतों, पंचायत समितियों तथा जिला परिषद सिरमौर के संबंधित निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावली के प्रारूप पुनरीक्षण प्राधिकारी/अपीलीय प्राधिकारी द्वारा आदेशित परिवर्धन और शुद्धिकरण को प्रारूप नामावली में समाविष्ट किया है। शुद्ध की गई निर्वाचक नामावली की एक प्रति संशोधनों की सूची अंतिम रूप में प्रकाशित कर दी गई है।

## दून के पूर्व विधायक परमजीत सिंह पम्मी ने बजट को बताया 'विकासोन्मुखी'

**अनंत ज्ञान, बद्दी/नालागढ़।** दून विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक परमजीत सिंह पम्मी ने सरकार द्वारा पेश किए गए वार्षिक बजट का स्वागत करते हुए इसे हिमाचल की आर्थिकी को सुदृढ़ करने वाला और आम जनमानस के हितों की रक्षा करने वाला बताया है। उन्होंने कहा कि यह बजट न केवल विकास की नई राह खोलेगा, बल्कि युवाओं, किसानों और औद्योगिक क्षेत्रों के लिए भी मील का पत्थर साबित होगा। बजट में उद्योगों के लिए बुनियादी ढांचे और नई नीतियों पर दिया गया जोर बद्दी-बरोटीवाला-नालागढ़ क्षेत्र में रोजगार के नए अवसर पैदा करेगा। परमजीत सिंह पम्मी ने बताया कि बजट में युवाओं के कौशल विकास और स्टार्टअप को बढ़ावा देने के लिए आवंटित राशि सराहनीय है।

# महिला स्टार्टअप्स व कारीगरों के लिए शी मार्ट्स की शुरुआत केंद्र का अहम फैसला

## देश के हर जिले में बनेगा महिला हॉस्टलः रीना कश्यप

अनंत ज्ञान

**संजय राजन, सराहां।** केंद्र सरकार द्वारा पेश किए गए बजट में महिला स्टार्टअप्स और महिला कारीगरों के लिए शी मार्ट्स की शुरुआत की गई है। पढ़ाई के साथ-साथ जो महिलाएं अपना छोटा-मोटा काम करती हैं या स्टार्टअप चलाती हैं, उनके लिए भी बजट में एक अहम घोषणा हुई है।

पच्छाद विधानसभा क्षेत्र से विधायक रीना कश्यप ने बताया कि केंद्र सरकार ने 'शी मार्ट्स' शुरू करने का फैसला किया है। ये ऐसे बाजार या प्लेटफॉर्म होंगे, जहां सिर्फ महिला उद्यमी, स्वयं सहायता समूह और महिला कारीगर अपना सामान बेच सकेंगी। अक्सर महिलाओं को अपना बनाया हुआ सामान बेचने के लिए बिचौलियों के चक्कर काटने पड़ते थे और उन्हें सही दाम भी नहीं मिलता था। विधायक रीना कश्यप ने केंद्र सरकार द्वारा प्रस्तुत बजट को ऐतिहासिक बताया।

इस बार बजट में हिमाचल को 13,949 करोड़ रुपए मिले है, जो पिछले बजट से 2,500 करोड़ रुपए अधिक है, इसके अलावा हिमाचल प्रदेश के रेल बजट में 2,911 करोड़ रुपए बजट में दिए गए है। सड़क, रेल विस्तारण, पर्यटन, कृषि एवं बागवानों पर भी विशेष ध्यान दिया गया है। रीना कश्यप ने कहा कि अक्सर लड़कियां घर से दूर कॉलेज मिल जाने पर भी रहने की जगह न होने से पढ़ाई छोड़ देती हैं। अब हर जिले में महिला हॉस्टल बनने से यह समस्या दूर होगी।

# उद्घोषित आरोपी सोलन के डमरोग से गिरफ्तार

अनंत ज्ञान

**सोलन।** पुलिस थाना सदर सोलन की एक टीम ने भगोड़े आरोपी संतोष कुमार उर्फ रिंकू पुत्र भीम सिंह निवासी गांव लावनधार, डाकखाना मंझोली, तहसील कुपवी जिला शिमला उम्र 27 वर्ष हॉल रिहाईश गांव डमरोग तहसील व जिला सोलन गिरफ्तार किया। उल्लेखनीय है दिनांक 20-08-2019 को पुलिस थाना सदर सोलन की पुलिस टीम द्वारा उक्त आरोपी को 18.82 ग्राम चिट्टा/हेरोइन के साथ गिरफ्तार किया गया था। जिस पर पुलिस थाना सदर सोलन में अभियोग संख्या 172/2019 दिनांक 20-08-2019 धारा 21 के तहत पंजीकृत किया गया था। इस अभियोग के अन्वेषण के दौरान आरोपी के विरुद्ध आरोपपत्र तैयार करके न्यायालय में प्रेषित किया गया था। आरोपी न्यायालय से जमानत मुचलका पर रिहा था। उक्त मामले के ट्रायल/विचारण के दौरान आरोपी संतोष कुमार उर्फ रिंकू को न्यायालय द्वारा बार-बार पेश होने के आदेश दिए जा रहे थे, परंतु इसके बावजूद वह न्यायालय में उपस्थित नहीं हो रहा था। परिणामस्वरूप न्यायालय द्वारा उसे दिनांक 03-03-2025 को भगोड़ा अपराधी घोषित किया गया था। गुप्त सूचना एवं सतत् निगरानी के आधार पर अंतः उसे दिनांक 03-02-2026 को गिरफ्तार कर लिया गया। उक्त भगोड़े आरोपी को न्यायालय में पेश किया जा रहा है।



# नाबार्ड द्वारा सिरमौर जिला में वर्ष 2026-27 के लिए 4336.74 करोड़ की ऋण क्षमता निर्धारित

अनंत ज्ञान

**नाहन।** सिरमौर जिला की आर्थिक प्रगति, रोजगार सृजन तथा आधारभूत ढांचे को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड) ने वर्ष 2026-27 के लिए 4336.74 करोड़ रुपए की ऋण क्षमता निर्धारित की है। उपायुक्त प्रियंका वर्मा ने उपायुक्त कार्यालय में नाबार्ड की ओर से तैयार की गई जिला ऋण योजना का विमोचन किया गया। उपायुक्त ने कहा कि यह ऋण योजना कृषि, पशुपालन, मत्स्य पालन, सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम (MSME) आवास, शिक्षा, सामाजिक संरचना तथा नवीकरणीय ऊर्जा जैसे प्राथमिकता वाले क्षेत्रों में ऋण प्रवाह को दिशा प्रदान करेगी। उन्होंने बताया कि इस ऋण योजना के अंतर्गत कृषि एवं संबंधित गतिविधियों के लिए 1100.45 करोड रुपए तथा सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम क्षेत्र के लिए 2974.08 करोड़ व अन्य प्राथमिक क्षेत्रों के लिए 262.21 करोड़ रुपए की ऋण क्षमता निर्धारित की गई है। कृषि क्षेत्र में फसल उत्पादन, रखरखाव एवं विपणन हेतु 703.29 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है। इसके अतिरिक्त जल संसाधन विकास के लिए 25.93 करोड़, कृषि यंत्रीकरण हेतु 32.47 करोड़, बागवानी, पौधारोपण एवं सेरीकल्चर के लिए 41.33 करोड़ तथा बंजर एवं भूमि विकास के लिए 1.49 करोड़ रुपए की ऋण क्षमता तय की गई है।

इस अवसर पर जिला विकास प्रबंधक, नाबार्ड विक्रमजीत सिंह ने कहा कि इस ऋण योजना के प्रभावी क्रियान्वयन से ग्रामीण क्षेत्रों में आजीविका के नए साधन विकसित होंगे, किसानों की आय में वृद्धि होगी।

## आजादी के 75 साल बाद भी नाहन पंचायत के कई गांव मूल सुविधाओं से वंचित : अनिल जोशी

अनंत ज्ञान

**नाहन।** आजादी के 75 साल बीत जाने के बाद भी नाहन पंचायत के कई गांव आज तक सड़क सुविधा से वंचित हैं। सड़क निर्माण को लेकर टेंडर प्रक्रिया पूरी होने के बावजूद काम शुरू नहीं हो पाया है। इससे नाराज ग्रामीण अब लोक निर्माण विभाग के अधीक्षण अभियंता से मिलने पहुंचे और जल्द काम शुरू करने की मांग की। नाहन पंचायत के ग्रामीण अनिल जोशी ने बताया कि करीब 8 किलोमीटर लंबी सड़क का कार्य वर्षों से अधर में लटका हुआ है। हैरानी की बात यह है कि सड़क का टेंडर हो चुका है, लेकिन इसके बावजूद अब तक काम शुरू नहीं हो पाया। इस सड़क के बन जाने से क्षेत्र के 12 गांवों के करीब 5000 लोगों को सीधा फायदा मिलेगा। कई बार मरीजों को चारपाई पर उठाकर अस्पताल तक पहुंचना पड़ता है। लोगों ने बताया कि क्षेत्र के लोगों की दशकों पुरानी यह मांग है और वर्तमान में केवल नाहन से जाबल का बाग तक एक सड़क है।

# केंद्रीय बजट हिमाचल विरोधी : 'आप'

अनंत ज्ञान

**राजगढ़।** आम आदमी पार्टी हिमाचल प्रदेश ने केंद्र की मोदी सरकार द्वारा पेश किए गए बजट 2026-27 और अमेरिका के साथ प्रस्तावित नए व्यापार समझौते को लेकर तीखी प्रतिक्रिया दी है। पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता पंकज सोहल ने इसे हिमाचल विरोधी बताते हुए कहा कि इस बजट से प्रदेश के किसानों और बागवानों के हितों की अनदेखी की गई है। पंकज सोहल ने कहा कि प्राकृतिक आपदाओं से जूझ रहे हिमाचल प्रदेश के लिए बजट में न तो कोई विशेष आर्थिक पैकेज दिया गया और न ही आपदा राहत के लिए अलग से कोई ठोस प्रावधान किया गया।

उन्होंने आरोप लगाया कि 16वें वित्त आयोग में राजस्व घाटा अनुदान (आरडीजी) में कटौती कर केंद्र सरकार ने राज्य की आर्थिक स्थिति को और कमजोर कर दिया है। उन्होंने कहा कि इस समझौते के तहत अमेरिकी सेब और अन्य कृषि उत्पादों पर आयात शुल्क घटाने की योजना हिमाचल की लगभग 5,000 करोड़ रुपए की सेब अर्थव्यवस्था के लिए गंभीर खतरा बन सकती है। इससे स्थानीय बागवानों को उनकी उपज का उचित मूल्य नहीं मिल पाएगा। उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार विदेशी दबाव में आकर भारतीय बाजारों को विदेशी कृषि उत्पादों के लिए खोल रही है, जिससे प्रदेश के बागवान कर्ज के बोझ तले दब सकते हैं। पंकज सोहल ने इस कदम को 'वोकल फॉर लोकल' के नारे के विपरीत बताते हुए इसे केवल चुनावी जुमला करार दिया। आम आदमी पार्टी ने बजट में प्रदेश की बुनियादी जरूरतों की अनदेखी का भी आरोप लगाया।।

## कंडाघाट के सीरिनगर में शिव महापुराण आज से शुरू

**कंडाघाट।** उपमंडल मुख्यालय कंडाघाट के समीप सीरिनगर के प्राचीन सिद्ध पीठ प्रांगण में 19वां शिवरात्रि शिवपुराण ज्ञान यज्ञ बुधवार 5 फरवरी से शुरू हो रहा हैं। यह बारह दिवसीय धार्मिक कार्यक्रम 16 फरवरी तक चलेगा। यह जानकारी मंदिर कमेटी के पदाधिकारी चैन सिंह विनोद ठाकुर, रमेश ठाकुर देविंद्र ठाकुर सहित कई सदस्यों ने दी हैं। पुराण कथावाचक आचार्य साहिल शर्मा शिव महापुराण ज्ञान यज्ञ कथामृत रसास्वादन और पुराण मर्म की व्याख्या करेंगे।

## आंगनवाड़ी के नन्हे मुन्ने बच्चों को बांटे गए 100 ऊनी स्वेटर

**अनंत ज्ञान, सराहां।** बाल विकास परियोजना अधिकारी, पच्छाद के अधीन आंगनवाड़ी केंद्रों के बच्चों को सर्दियों से बचाव के लिए 'नई सोच समूह' स्थित पच्छाद खंड ने सर्दियों से बचाव के लिए 100 ऊनी स्वेटर की खेप दीपक चौहान, बाल विकास परियोजना अधिकारी को प्रदान की। दीपक चौहान ने बताया कि पच्छाद खंड के अधीन आंगनवाड़ी केंद्रों में वर्दी लागू की गई है, जिसके लिए पूर्व में भी कार्यालय कर्मियों के सहयोग से 100 स्वेटर क्रय कर बच्चों में वितरित किए गए, इसी कड़ी में पच्छाद खंड में 'नई सोच समूह' कार्यकारिणी संजय अत्री निवासी कथाड जोकि पेशे से अध्यापक हैं एवं समूह के समन्वयक भी हैं, ने उनके कार्यालय में आकर स्वेच्छा से आंगनवाड़ी केंद्रों के नन्हे बच्चों को 100 स्वेटर प्रदान किए।

**परंपरा** खेतीबाड़ी सहित मुसीबत में एक-दूसरे का साथ देना सहकारिता का एक जीवंत उदाहरण

# गिरिपार के राजगढ़ क्षेत्र में बदलते परिवेश में भी 'बुआरा' प्रथा कायम

अनंत ज्ञान

**बीआर चौहान, राजगढ़।** बदलते परिवेश के बावजूद भी गिरिपार के राजगढ़ क्षेत्र में बुआरा प्रथा की परंपरा आज भी कायम है। बुआरा का तात्पर्य ग्रामीण क्षेत्रों में खेतीबाड़ी के कार्यों सहित मुसीबत में एक दूसरे की मदद करना हैं।

बारिश होने के उपरांत इन दिनों किसान अपने खेत में गोबर ढोने सहित अन्य खेती के कार्यों में जुटे हुए हैं और खेतों में गोबर ढोने के लिए गांव के युवा अपना सहयोग अर्थात बुआरा कर रहे हैं, जोकि सहकारिता का एक जीवंत उदाहरण माना जाता है। बुआरा अर्थात प्रथा से ही हिमाचल प्रदेश के ऊना जिला के गांव पंजावर से सहकारिता आंदोलन की नींव रखी गई थी, जिसका अनुसरण देश के सभी राज्यों द्वारा किया गया है ।



बुआरा में आए ग्रामीण गोबर ढोते हुए अनंत ज्ञान

### गांवों में एक-दूसरे की मदद की सकारात्मक भावना

**गौर** रहे कि अतीत से ही ग्रामीण क्षेत्रों में एक-दूसरे की मदद करने की सकारात्मक भावना होती थी। गांव में धार्मिक व समाजिक कार्यों में तो लोग बढ़-चढ़कर अहम भूमिका निभाते ही हैं, बल्कि व्यक्तिगत तौर पर यदि कोई व्यक्ति खेतीबाड़ी के कार्य में पिछड़ जाए तो गांव के सभी लोक मिलकर सहायता करते हैं। वरिष्ठ नागरिक एवं साहित्यकार शेरजंग चौहान, रणजीत सिंह तोमर, लेखराम कश्यप सहित अनेक लोगों ने बताया कि भौतिकवाद और आधुनिकता की दौड़ में बुआरा प्रथा का प्रचलन काफी कम होने लगा है, इसके बावजूद भी बुआरा प्रथा ग्रामीण क्षेत्रों में आज भी कायम है। इनका कहना है कि गांव में खेत में गोबर ढोने, घास काटने, मक्की की गुड़ाई करने इत्यादि कार्यों के लिए बुआरा किया जाता है, जिसमें हर घर से एक व्यक्ति अनिवार्य रूप से भाग लेते हैं।

### मनोरंजन का प्राकृतिक साधन बुआरा प्रथा

**गांव** के सामूहिक कार्य में लोगों द्वारा दिए गए सहयोग को हैल्ला कहते हैं। उन्होंने कहा कि बुआरा अथवा हैल्ला के दौरान लोग आपस में पहाड़ी भाषा में हास्य व व्यंग्य का खूब दौर चलता है, जोकि अतीत में मनोरंजन का एक प्राकृतिक साधन हुआ करता था अर्थात काम करते हुए हंसी मजाक के महौल खुशनुमा बन जाता है। दूसरी ओर जिस घर में बुआरा किया जाता है वहां पर रात्रि को पहाड़ी व्यंजन बनाए जाते है और सभी बुआरा में आए लोग व बच्चे एक साथ बैठकर भोजन ग्रहण करते हैं। समाजिक सारोकार से जुड़ी इस प्रथा में लोगों में आपसी प्यार, सद्भावना और पारस्परिक सहयोग की भावना उत्पन्न होती है, जिससे राष्ट्र की एकता और अखंडता को बल मिलता है।

## न्यूज ब्रीफ

### विदेश मंत्रालय में नौकरी के नाम पर दस लाख की ठगी

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** विदेश मंत्रालय में सरकारी नौकरी लगवाने के नाम पर एक युवक से दस लाख रुपए की ठगी करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने इस संबंध में पीडित युवक की शिकायत पर नामजद आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार लाखनमाजरा निवासी जितेंद्र ने बताया कि वह बिजली का मिस्त्री है और उसकी बुआ का पोता मनदीप जो फौज से रिटायर होकर देहरादूर स्थित एक कंपनी में नौकरी करता था और उसकी मुलाकात वहां विजय पॉल से हुई थी। विजय ने जितेंद्र को बताया कि उसकी दिल्ली में विदेश मंत्रालय में जान पहचान है और वह दस लाख रुपए में कार स्टॉफ ड्राइवर की सरकारी नौकरी लगवा सकता है। जितेन्द्र युवक की बातों में आ गया और उसे दस लाख रुपए दे दिए। पीडित ने आरोप लगाया कि विजय ने फर्जी ज्वाईन लेंटर भी दिया और विशाल, मेधा, महेंद्र व मोहित बार बार उसके चक्कर भी कटवाते रहे। जितेंद्र ने अपने साथ हुई ठगी का जब पता चला तो उसने आरोपियों से जब अपने पैसे वापिस मांगे, लेकिन अब आरोपी पैसे वापिस नहीं कर रहे और जान से मारने की धमकी भी दे रहे है। पुलिस ने इस संबंध में नामजद आरोपियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस मामले की गहनता से जांच पड़ताल कर रही है।

### नंगल-कीरतपुर साहिब फोरलेन को मिली मंजूरी

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** पंजाब के शिक्षा मंत्री और आनंदपुर साहिब से विधायक हरजोत सिंह बैंस ने नंगल-कीरतपुर साहिब सड़क के फोरलेन खंड के लिए अंतिम अधिसूचना जारी होने की घोषणा की। इसके साथ ही वर्षो से लंबित इस बहुप्रतीक्षित परियोजना के जल्द शुरू होने का रास्ता साफ हो गया है। मंत्री ने इसे क्षेत्र की लंबे समय से चली आ रही जन-आकांक्षा और अपनी व्यक्तिगत प्रतिबद्धता बताया। हरजोत सिंह बैंस ने कहा कि यह परियोजना न केवल सड़क सुरक्षा में सुधार लाएगी, बल्कि क्षेत्र की कनेक्टिविटी और आर्थिक गतिविधियों को भी नई गति देगी। उन्होंने बताया कि आगामी दो महीनों के भीतर भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया पूरी कर ली जाएगी, जिसके बाद टेंडरिंग और जमीनी स्तर पर निर्माण कार्य शुरू कर दिया जाएगा। एक वीडियो संदेश में कैबिनेट मंत्री ने बताया कि इस परियोजना की आधारशिला जुलाई 2022 में विस्तृत सर्वे के साथ रखी गई थी। उन्होंने नंगल-गंगूवाल खंड की स्थिति का विशेष उल्लेख करते हुए कहा कि यह मार्ग वर्षों से दुर्घटनाओं के लिए कुख्यात रहा है और यहां कई लोगों की जान जा चुकी है।

### पटियाला में युवक ने जहर पी की खुदकुशी

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** पटियाला के थाना पातड़ां इलाके में एक युवक व युवती ने धार्मिक स्थान पर जाकर लव मैरिज कर ली। इसके बाद परिवार के हामी का इंतजार करने लगे, लेकिन लड़की के परिवार वाले नहीं माने। यहां तक कि लड़की की शादी अन्य जगह पर तय कर दी तो युवक ने खुलासा कर दिया। लव मैरिज के खुलासे के बाद रिश्ता टूट गया लेकिन लवमैरिज को मानने के लिए लड़की वाले तैयार नहीं हुए। आहत हुए 28 साल के नवनीत सिंह ने जहर पीकर खुदकुशी र ली। जिस वजह से पुलिस ने नवनीत सिंह के होश में रहते हुए दिए गए बयान पर मेहर सिंह, किरपाल सिंह, मुख्तायर सिंह, बलविंदर सिंह निवासी गांव जयूनपुरा, पातड़ां के खिलाफ केस दर्ज किया है।

### महिला को नशीला कपड़ा सुंघाकर लूटा

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** पानीपत रोडवेज बस स्टैंड पर एक युवक व युवती ने मिलकर एक महिला को नशीला कपड़ा सूंघा कर कान से सोने की बालियां लेकर फरार हो गए। होश आने पर महिला ने मामले की शिकायत पुलिस को दी। पुलिस को दी शिकायत में सोनीपत निवासी सीता ने बताया कि वह मंगलवार को दोपहर बाद सोनीपत से अपनी बेटी से मिलने पानीपत आई थी। बस अड्डे के गेट के पास एक युवक उनके पास आया और करनाल की बस के बारे में पूछने लगा। इसी दौरान वहां एक लड़की भी आ गई। दोनों ने मिलकर सीता को अपनी बातों में उलझा लिया और बस स्टैंड के गेट से बाहर ले गए। पीड़िता के अनुसार, गेट के बाहर पहुंचते ही लड़का-लड़की ने उन्हें एक रुमाल सुंघा दिया। रुमाल सुंघते ही सीता को नशा होने लगा और वह बेसुध होने लगी। इसी का फायदा उठाकर दोनों आरोपियों ने उसके कानों से सोने की बाली उतार कर रफू चक्कर हो गए। होश में आने के बाद पीड़िता ने तुरंत थाना सेक्टर-29 में शिकायत दर्ज करवाई।

विदेश मंत्री जयशंकर ने अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रूबियो और ट्रेजरी सेक्रेटरी के साथ कीं बैठकें

# भारत-अमेरिका आर्थिक साझेदारी पर हुई चर्चा

**एजेंसी, वॉशिंगटन**

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रूबियो और ट्रेजरी सेक्रेटरी स्कॉट बेसेंट के साथ अलग-अलग बैठकें कीं।

इसमें भारत-अमेरिका रणनीतिक व आर्थिक साझेदारी पर व्यापक चर्चा हुई। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने मार्को रूबियो से मुलाकात के बाद सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर लिखा, आज दोपहर अमेरिकी सीनेटर रूबियो से मिलकर बहुत खुशी हुई। हमारी द्विपक्षीय सहयोग एजेंडा व क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर विस्तार से बातचीत हुई। भारत-अमेरिका रणनीतिक साझेदारी के जिन पहलुओं पर चर्चा हुई, उनमें व्यापार, ऊर्जा, परमाणु, रक्षा, महत्वपूर्ण खनिज और टेक्नोलॉजी शामिल थे। अपने साझा हितों को आगे बढ़ाने के लिए विभिन्न मैकेनिज्म की जल्द मीटिंग्स पर सहमति बनी।



विदेश विभाग के एक बयान के अनुसार, दोनों नेताओं ने महत्वपूर्ण खनिजों की खोज, खनन व प्रसंस्करण पर द्विपक्षीय सहयोग को औपचारिक रूप देने पर चर्चा की।

यह एक ऐसा क्षेत्र है, जो भारत-अमेरिका आर्थिक और रणनीतिक संबंधों का एक केंद्रीय स्तंभ बनकर उभरा है। यह बैठक राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से दुनिया के दो सबसे बड़े लोकतंत्रों के बीच बाधाओं को कम करने और बाजार पहुंच का विस्तार करने के उद्देश्य से एक व्यापार समझौते की घोषणा के एक दिन बाद हुई। बयान में कहा गया है कि सेक्रेटरी रूबियो और मंत्री जयशंकर ने समझौते का स्वागत किया। उन्होंने नए आर्थिक अवसरों को खोलने और साझा ऊर्जा सुरक्षा लक्ष्यों को आगे बढ़ाने के लिए दोनों लोकतंत्रों के एक साथ काम करने के महत्व पर जोर दिया। चर्चा में साझेदारी के क्षेत्रीय व बहुपक्षीय आयामों पर भी ध्यान केंद्रित किया गया। रूबियो और जयशंकर ने सुरक्षा संवाद के माध्यम से द्विपक्षीय और बहुपक्षीय सहयोग का विस्तार करने की अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि करते हुए अपनी बैठक समाप्त की। उन्होंने स्वीकार किया कि एक समृद्ध हिंद-प्रशांत क्षेत्र साझा हितों को आगे बढ़ाने के लिए महत्वपूर्ण है। इससे पहले, एस जयशंकर ने वाशिंगटन में अमेरिकी ट्रेजरी सेक्रेटरी स्कॉट बेसेंट से भी मुलाकात की। उन्होंने एक अन्य पोस्ट में स्कॉट बेसेंट के साथ मुलाकात की तस्वीर शेयर की। विदेश मंत्री ने 'एक्स' पोस्ट में लिखा, 'वाशिंगटन में अमेरिकी ट्रेजरी सेक्रेटरी स्कॉट बेसेंट से मिलकर खुशी हुई। भारत-अमेरिका आर्थिक साझेदारी और रणनीतिक सहयोग को आगे बढ़ाने पर उपयोगी चर्चा हुई। (अनंत ज्ञान)

## प्रधानमंत्री मोदी ने शेयर किया संस्कृत सुभाषित, हंसी को बताया सबसे अच्छी दवा

**एजेंसी, नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को प्राचीन ज्ञान पर आधारित एक प्रेरणादायक संदेश देशवासियों के साथ शेयर किया। इसमें उन्होंने हंसी को सबसे अच्छी दवा बताया और इसके महत्व का जिक्र किया।

प्रधानमंत्री मोदी ने बुधवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर सुभाषित शेयर करते हुए लिखा, 'औषधेष्वपि सर्वेषु हास्यं श्रेष्ठं वदन्ति ह। स्वाधीनं सुलभं चैवारोग्यानन्दविवर्धनम्।। 'इस सुभाषित का संदेश है, 'कहा गया है कि सभी औषधियों में निश्चय ही हंसना श्रेष्ठ औषधि है, क्योंकि यह आसानी से बिना मूल्य के उपलब्ध हो जाती है व स्वास्थ्य और आनंद की वृद्धि करती है। अतः मुस्कुराते रहें।' 53 सेकेंड के वीडियो में इस संस्कृत सुभाषित का हिंदी और अंग्रेजी में अर्थ बताया गया है। प्रधानमंत्री मोदी ने दिसंबर 2025 से भारतीय परंपरा के कालजयी ज्ञान को आधुनिक नीति और जन-संवाद से जोड़ने के लिए समय-समय पर संस्कृत सुभाषित (प्रेरणादायक श्लोक) शेयर करना शुरू किया है। वे अक्सर अपने भाषणों, 'मन की बात' और सोशल मीडिया पोस्ट के माध्यम से संस्कृत सुभाषित शेयर करते हैं। संस्कृत सुभाषितों को सार्वजनिक रूप से प्रस्तुत करके



प्रधानमंत्री मोदी समकालीन शासन को भारत की सभ्यतागत ज्ञान से सचेत रूप से जोड़ रहे हैं और प्राचीन श्लोकों का उपयोग विकास, स्थिरता, लैंगिक न्याय, नैतिक नेतृत्व और राष्ट्रीय उत्तरदायित्व जैसी आधुनिक प्राथमिकताओं को समझाने के लिए कर रहे हैं। पीएम मोदी ने 8 दिसंबर को भारत के सांस्कृतिक और आध्यात्मिक जीवन में संस्कृत की स्थायी प्रासंगिकता को रेखांकित किया। दूरदर्शन के सुप्रभातम कार्यक्रम में इसके दैनिक प्रसारण का उल्लेख किया। (अनंत ज्ञान)

## काठमांडू से इस्तांबुल जा रहे विमान के इंजन में लगी आग, कोलकाता डायवर्ट

**एजेंसी, काठमांडू।** काठमांडू के त्रिभुवन अंतरराष्ट्रीय विमानस्थल से तुर्की के इस्तांबुल के लिए उड़ान भरने वाले तुर्किश एयरलाइंस के विमान के दाहिने इंजन में आग लगने की घटना सामने आई है। इसके बाद फ्लाइट को भारत के कोलकाता की ओर डायवर्ट कर दिया गया। विमानस्थल के महाप्रबंधक टेकनाथ सिटौला के अनुसार तुर्किश एयरलाइंस के विमान ने त्रिभुवन अंतरराष्ट्रीय विमानस्थल से बुधवार दोपहर 1:28 बजे उड़ान भरी, लेकिन उड़ान के चार मिनट के भीतर ही तुर्किश विमान के कप्तान ने दाहिने इंजन में आग लगने की सूचना दी। इसके बाद चालक दल ने विमान को पश्चिम दिशा में मोड़ते हुए दाहिना इंजन बंद कर 10 से 12 मिनट तक होल्ड किया। उनके अनुसार तुर्किश एयरलाइंस का यह ए330-303 श्रृंखला का वाइड बॉडी विमान था, जिसमें कुल 225 यात्री सवार थे। दाहिने इंजन में आग लगने की सूचना मिलते ही त्रिभुवन अंतरराष्ट्रीय विमानस्थल को एहतियातन 15 मिनट के लिए पूरी तरह बंद कर दिया गया था। महाप्रबंधक सिटौला ने कहा कि इसके बाद दमकल, एंबुलेंस सहित सभी आवश्यक सुरक्षा व्यवस्थाएं तैयार कर विमानस्थल को बंद कर दिया गया। इस बीच तुर्किश एयरलाइंस के चालक दल ने विमान को भारत के कोलकाता की ओर डायवर्ट करने की जानकारी दी। सिटौला के अनुसार आग लगते ही दाहिने इंजन को बंद करने के बाद आग पर काबू पा लिया गया था। इसके बाद केवल बाएं इंजन के सहारे तुर्किश एयरलाइंस का विमान कोलकाता की ओर डायवर्ट किया गया। फिलहाल तुर्किश एयरलाइंस का वह विमान कोलकाता में सुरक्षित रूप से उतर चुका है। हमारा विमानस्थल भी अब सामान्य स्थिति में संचालित हो रहा है। (अनंत ज्ञान)

# तीन लाख के करीब पहुंची चांदी

**एजेंसी, नई दिल्ली**

पिछले दिनों भारी गिरावट के बाद सोने-चांदी की कीमतों में जबरदस्त उछाल आया और दोनों धातुएं रिकॉर्ड स्तर के बेहद करीब पहुंच गई।

राजधानी नई दिल्ली के सर्राफा बाजार में चांदी की कीमत उछलकर करीब 3 लाख प्रति किलोग्राम के करीब पहुंच गई, जबकि सोना 1.65 लाख प्रति 10 ग्राम के स्तर तक चढ़ गया। ऑल इंडिया सर्राफा एसोसिएशन के मुताबिक चांदी 14,300 रुपए यानी 5% से ज्यादा महंगी होकर 2,98,300 प्रति किलोग्राम (सभी टैक्स सहित) पर बंद हुई। इससे पहले यह 2,84,000 प्रति किलो पर थी। यानी सिर्फ एक दिन में बड़ा धमाका देखने को मिला। ट्रेडर्स के मुताबिक अंतरराष्ट्रीय बाजार से मिल रहे मजबूत संकेत, कमजोर अमेरिकी डॉलर और सुरक्षित निवेश की मांग ने कीमती धातुओं को ऊपर धकेला है। लेमन मार्केट डेस्क के रिसर्च एनालिस्ट





◆ **सोना 1.65 लाख प्रति 10 ग्राम के स्तर तक चढ़ा**

गौरव गर्ग ने कहा कि हाल की तेज गिरावट के बाद निवेशकों की वापसी से सोना-चांदी में जोरदार रिकवरी आई है। एचडीएफसी सिक्योरिटी के कमोडिटी एनालिस्ट सौमिल गांधी का कहना है कि अमेरिका-ईरान तनाव बढ़ने से निवेशक सुरक्षित विकल्पों की ओर भाग रहे हैं। भू-राजनीतिक अनिश्चितता बढ़ते ही सोना-चांदी की मांग तेज हो जाती है।

एक्सपर्ट्स का मानना है कि तेजी का यह दौर संकेत दे रहा है कि आगे भी उतार-चढ़ाव तेज रह सकता है और आम खरीदार के लिए ज्वेलरी खरीदना और महंगा पड़ सकता है। (अनंत ज्ञान)

## सेंसेक्स 79 अंक बढ़कर 83,818 पर बंद

**एजेंसी मुंबई।** शेयर बाजार में 4 फरवरी को बढ़त रही। सेंसेक्स 79 अंक बढ़कर 83,818 पर बंद हुआ। निफ्टी में भी 48 अंक की बढ़त रही, ये 25,776 के स्तर पर बंद हुआ। ऑटो, एनर्जी और एफएमसीजी शेयर्स में बढ़त रही।

◆ **निफ्टी भी 48 अंक चढ़ा, ऑटो व एनर्जी शेयरों में रही खरीदारी**

वहीं आईटी और बैंकिंग शेयर्स में गिरावट रही। सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 22 में बढ़त रही। निफ्टी 50 शेयरों में से 38 चढ़कर बंद हुए। वहीं, कल सेंसेक्स में 2500 अंकों की तेजी रही। निफ्टी भी 639 अंक चढ़कर बंद हुआ। ट्रंप ने भारत पर टैरिफ को 50 फीसदी से घटाकर 18% कर दिया है, जिस वजह से बाजार चढ़ा। विदेशी निवेशकों ने 3 फरवरी को 5,426 करोड़ के शेयर खरीदे। वहीं, घरेलू संस्थागत निवेशकों ने 345 करोड़ की खरीदारी की थी। दिसंबर 2025 में विदेशी निवेशको ने कुल 34,350 करोड़ के शेयर्स बेचे थे। इस दौरान बाजार को संभाल रहे घरेलू संस्थागत निवेशकों ने 79,620 करोड़ के शेयर खरीदे थे। जापान का निक्केई इंडेक्स 0.78% गिरकर 54,293 पर और दक्षिण कोरिया का कोस्पी इंडेक्स 1.57% ऊपर 5,371 पर बंद हुआ। हॉन्गकॉन्ग का हैंगसेंग 0.05% चढ़कर 26,847 पर और चीन का शंघाई कंपोजिट 0.85% ऊपर 4,102 पर बंद हुआ। (अनंत ज्ञान)

## राहुल गांधी ने सिख समाज के शौर्य, बलिदान और राष्ट्रभक्ति पर आघात किया है: बड़ौली

**अनंत ज्ञान**

**चंडीगढ़।** राहुल गांधी द्वारा केंद्रीय मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू को 'गद्दार' कहने पर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के कार्यकर्ताओं में आक्रोश है। बुधवार को प्रदेश में जगह-जगह भाजपा कार्यकर्ताओं ने विरोध प्रदर्शन किए, राहुल गांधी का पुतला फूंका और जमकर नारेबाजी की। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहन लाल बड़ौली ने राहुल गांधी पर तीखा हमला करते हुए कहा कि उन्होंने सिख समाज के शौर्य, बलिदान और राष्ट्रभक्ति पर सीधा आघात किया है।

प्रदेश के पंचकूला, फतेहाबाद, कैथल, महेंद्रगढ़, रेवाड़ी, झज्जर सहित कई स्थानों पर विरोध प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने राहुल गांधी को अहंकारी बताया। पंचकूला में नारेबाजी करते हुए कार्यकर्ताओं ने राहुल गांधी की सोच को सिख विरोधी बताया, वहीं रेवाड़ी में भाजपा कार्यकर्ताओं ने राहुल गांधी का पुतला फूंका। जिला अध्यक्ष वंदना पोपली ने कहा कि राहुल गांधी नेता प्रतिपक्ष बनने के लायक ही नहीं है। राहुल गांधी विदेशों में जाकर भारत का अपमान करते हैं। भारतीय सेना का मजाक उड़ाते हैं। वंदना पोपली ने राहुल गांधी से तुरंत सिख समाज से माफी मांगते हुए इस्तीफा देने की मांग की। राहुल गांधी की टिप्पणी पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहन लाल बड़ौली ने कहा कि कांग्रेस की सिख समुदाय के प्रति नकारात्मक और घृणित सोच अब किसी से छिपी नहीं है। 1984 के सिख नरसंहार में 'गांधी परिवार' की भूमिका से मिले जख्म सिख समाज के मन में आज भी हरे हैं। बड़ौली ने कहा कि यह अत्यंत दु:खद और शर्मनाक है कि उसी कांग्रेस का युवराज राहुल गांधी आज लोकतंत्र के मंदिर संसद जैसे गरिमामय स्थल से सिख समुदाय से आने वाले सांसद सरदार रवनीत सिंह बिट्टू के लिए 'गद्दार' जैसे शब्दों का प्रयोग करता है। यह केवल एक असंवेदनशील बयान ही नहीं, बल्कि सिख समाज के शौर्य, बलिदान और राष्ट्रभक्ति पर सीधा आघात है। श्री बड़ौली ने कहा कि इस घोर आपत्तिजनक और निंदनीय कृत्य के लिए राहुल गांधी और पूरी कांग्रेस को न केवल सिख समाज से, बल्कि पूरे देश से बिना किसी शर्त सार्वजनिक रूप से माफी मांगनी चाहिए।

## इस सत्र से शुरू हो सकती हैं केवी भंजाल की कक्षाएं

**अनंत ज्ञान**

**गोंदपुर बनेहड़ा।** भंजाल में केंद्रीय विद्यालय खोलने को लेकर केंद्रीय विद्यालय की टीम व क्षेत्र के तहसीलदार ने दौरा किया।

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला भंजाल में केंद्रीय विद्यालय की अस्थायी तौर पर कक्षाएं शुरू होनी हैं। पाठशाला परिसर का निरीक्षण करने के लिए केंद्रीय विद्यालय की टीम, जिसमें उपायुक्त वरुण मित्तल, प्रिंसिपल बंगाणा गिरीश कुमार, तहसीलदार कुलताज सिंह, कानूनगो सतपाल सिंह, विकासखंड गगरेट से जूनियर इंजीनियर दिनेश कुमार ने दौरा किया। इस मौके पर स्थानीय पाठशाला के कार्यकारी प्रिंसिपल राजन शर्मा, अधीक्षक दिनेश कुमार, मुकेश कुमार, विनोद ठाकुर, पंचायत के पूर्व उपप्रधान राजेश ठाकुर एवं अन्य उपस्थित रहे। भंजाल के गोकुल नगर में प्रस्तावित केंद्रीय विद्यालय खोलने को लेकर बुधवार की निरीक्षण करने के बाद केंद्रीय विद्यालय की टीम ने बताया कि जब तक केंद्रीय विद्यालय का अपना भवन नहीं बन जाता, तब तक कक्षाएं राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला भंजाल परिसर में शुरू की जाएंगी। टीम ने निरक्षण के दौरान भंजाल स्कूल में अस्थायी तौर पर बन रहे शौचालय, बाउंड्री वॉल एवं अन्य कामों का निरीक्षण किया। टीम ने



बताया की शौचालय और बाउंड्री वाल का काम तेजी से चल रहा है। उनकी पूर्ण कोशिश रहेगी कि आगामी सत्र से केंद्रीय विद्यालय की कक्षाएं भंजाल पाठशाला के प्रांगण में शुरू हो सकें।

केवी के उपायुक्त वरुण मित्तल ने बताया कि अगर सभी औपचारिकताएं पूरी हो जाती हैं, तो अगले सत्र से केंद्रीय विद्यालय की पांचवी तक की कक्षाएं शुरू हो जाएगी। उधर, विधायक राकेश कालिया ने भी संबंधित विभाग को केंद्रीय विद्यालय संबंधी सभी औपचारिकताओं को पूरा करने के निर्देश दिए हैं। विधायक का कहना है कि केंद्रीय विद्यालय के खुलने से सैनिक परिवारों के बच्चों एवं अन्य सभी को सुविधा मिलेगी। उधर, डीसी ऊना जतिन लाल का कहना है कि केंद्रीय विद्यालय जल्दी से खुल सके इस बारे में सभी औपचारिकताएं पूरा करने के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने बताया की विभाग की पूर्ण कोशिश है कि इस सत्र से केंद्रीय विद्यालय की कक्षाएं शुरू हो जाएं। उधर, भंजाल स्कूल के कार्यकारी प्रिंसिपल राजन शर्मा ने बताया कि काफी वर्ष पूर्व हमारी भंजाल पाठशाला में अस्थायी तौर पर कक्षाएं लगाने के लिए एनओसी जारी कर दी गई थी।

केंद्रीय विद्यालय के लिए शौचालय लगभग तैयार हैं और बाउंड्री वॉल भी केंद्रीय विद्यालय के द्वारा लगाई जा चुकी है, ताकि दोनों संस्थाओं का संचालन बढ़िया ढंग से हो सके। उधर, खंड विकास अधिकारी गगरेट सुरिंदर कुमार का कहना है कि शौचालय का कार्य तेजी से चल रहा है और यह जल्दी पूरा हो जाएगा।

## ब्रेन व स्पाइन सर्जरी में प्रगति, जल्द निदान और सुरक्षित उपचार विकल्प

**अनंत ज्ञान**



**लुधियाना।** जाने-माने न्यूरोसर्जन और स्पाइन विशेषज्ञ डॉ. अश्विनी कुमार चौधरी और डॉ. शिवेंद्र सोबती ने लुधियाना में ब्रेन व स्पाइन से जुड़ी बीमारियों के बढ़ते मामलों तथा आधुनिक चिकित्सा तकनीकों से हो रहे उपचार में बदलावों पर चर्चा की।

इस विशेषज्ञ संवाद में लक्षणों की शुरुआती पहचान, नए उपचार विकल्पों व पारंपरिक ओपन सर्जरी से मिनिमली इनवेसिव (कम चीरा) तकनीकों की ओर हो रहे बदलाव पर विशेष ध्यान दिया गया। मेडिकल सेशन की शुरुआत करते हुए, विशेषज्ञों ने ब्रेन व स्पाइन से जुड़ी स्थितियों के शुरुआती चेतावनी संकेतों, जैसे लगातार पीठ दर्द, कमजोरी, सुन्नपन, असंतुलन, लगातार सिरदर्द, और बोलने या देखने में बदलाव, को पहचानने के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि ऐसे लक्षण दिखने पर तुरंत डॉक्टर से परामर्श लेना अत्यंत आवश्यक है। विशेषज्ञों ने कहा कि आज मरीजों के लिए कंजर्वेटिव ट्रीटमेंट, मिनिमली इनवेसिव स्पाइन सर्जरी और आधुनिक ब्रेन सर्जरी तकनीकें उपलब्ध है। हर मरीज का इलाज उसकी स्थिति, उम्र व बीमारी की गंभीरता के अनुसार तय किया जाता है। स्पाइन सर्जरी के क्षेत्र में हुए विकास पर बोलते हुए डॉक्टरों ने कहा कि अब खुली सर्जरी की बजाय कम चीरे वाली तकनीकों को प्राथमिकता दी जा रही है। इससे कम रक्तस्राव, कम दर्द, जल्दी रिकवरी व कम अस्पताल में रहने की आवश्यकता होती है। साथ ही एडवांस इमेजिंग और नेविगेशन तकनीक से सर्जरी अधिक सुरक्षित और सटीक हो गई है। ब्रेन सर्जरी में हुई प्रगति पर विशेषज्ञों ने बताया कि नेविगेशन-गाइडेड और एंडोस्कोपिक तकनीकों से सर्जन महत्वपूर्ण मस्तिष्क हिस्सों को नुकसान पहुंचाए बिना अधिक सटीक ऑपरेशन कर पा रहे है, जिससे मरीजों की रिकवरी तेजी से होती है और परिणाम बेहतर होते है। कार्यक्रम के अंत में मीडिया से बातचीत के दौरान डॉक्टरों ने कहा कि मरीजों को सही जानकारी और विशेषज्ञ सलाह लेना बेहद जरूरी है।

## गश्त, निगरानी व तवरित प्रतिक्रिया पर होगा पुलिस का फोकस

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** हरियाणा पुलिस महानिदेशक अजय सिंघल ने प्रदेश में कानून-व्यवस्था के मद्देनजर सभी अधिकारियों को गश्त, निगरानी और त्वरित प्रतिक्रिया तंत्र को मजबूत करने के निर्देश दिए हैं। पुलिस महानिदेशक ने सभी जिलों, रेंज व पुलिस आयुक्तालयों को उच्च सतर्कता बनाए रखने तथा अपनी कानून-व्यवस्था संबंधी तैयारियों का आंकलन करने के निर्देश जारी किए गए हैं। यह सुनिश्चित करने के लिए कि निर्देशों का पालन केवल औपचारिक न रहे, 6 वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को विभिन्न जिलों, रेंजों और पुलिस आयुक्तालयों में कानून-व्यवस्था तैयारियों की समीक्षा का जिम्मा सौंपा गया है। पुलिस महानिदेशक द्वारा अधिकारियों को यह स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि गश्त व्यवस्था व सीलिंग प्लान केवल कागजों तक सीमित न रहें। रात्रि गश्त, नाकाबंदी व संवेदनशील क्षेत्रों की निगरानी के लिए राजपत्रित अधिकारियों को प्रत्यक्ष रूप से उत्तरदायी बनाया गया है, ताकि जवाबदेही सुनिश्चित हो व किसी भी चूक की तुरंत पहचान की जा सके।

**पत्रकार वार्ता** 'विकास भी, विश्वास भी' के सिद्धांत पर आधारित है मोदी सरकार का बजट

# बजट आत्मनिर्भर व संवेदनशील भारत की तस्वीर: सैनी

**अनंत ज्ञान**

**चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में चल रही 3.0 केंद्र सरकार द्वारा हाल ही में पेश किया गया दूसरा बजट केवल एक वित्तीय दस्तावेज नहीं है, बल्कि यह उस भारत की तस्वीर पेश करता है, जो आत्मनिर्भर है, प्रतिस्पर्धी है और सामाजिक रूप से संवेदनशील भी है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में यह बजट 'विकास भी, विश्वास भी' के सिद्धांत पर आधारित है और हरियाणा जैसे अग्रणी राज्य के लिए इसमें अपार अवसर निहित हैं। मुख्यमंत्री बुधवार को हरियाणा निवास पर पत्रकार वार्ता को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने इस दौरान केंद्रीय बजट 2026-27 की भावना, दिशा और उसके महत्वपूर्ण पहलुओं पर अपनी बात रखते हुए केंद्र सरकार के बजट का हरियाणा पर पड़ने वाले प्रत्यक्ष प्रभावों को भी बताया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि यह बजट उस भारत की सोच को दर्शाता है, जहां विकास का मतलब केवल बड़े शहर नहीं, बल्कि गांव, किसान, महिला, युवा और श्रमिक भी हैं। जहां, अर्थव्यवस्था मजबूत हो, लेकिन समाज का अंतिम व्यक्ति भी सुरक्षित और सम्मानित महसूस करे। उन्होंने कहा कि इस बजट में विकसित भारत के स्तंभ गरीब, युवा, महिला व किसान को केंद्र में रखा गया है और यही प्रधानमंत्री के कुशल नेतृत्व में हमारी विकास नीति का भी मूल मंत्र है।

इस बजट का मूल उद्देश्य है, संदेह के स्थान पर एक्शन, दिखावे के स्थान पर सुधार व लोक-लुभावन घोषणाओं के स्थान पर जनहित को प्राथमिकता। सरकार ने इस बजट में लगभग 7 प्रतिशत की उच्च आर्थिक विकास दर को लक्ष्य बनाते हुए राजकोषीय अनुशासन व सामाजिक न्याय, दोनों के बीच संतुलन साधा है।

### 12 लाख 20 हजार करोड़ तक बढ़ाया पूंजीगत व्यय



**सीएम** ने कहा कि पेश किए गए बजट में देश की अर्थव्यवस्था को गति देने के लिए सार्वजनिक पूंजीगत व्यय को लगभग 12 लाख 20 हजार करोड़ रुपए तक बढ़ाया गया है। यह निवेश सड़कों, रेल, शहरी अवसंरचना, औद्योगिक कॉरिडोर व लॉजिस्टिक्स को मजबूत करेगा। इसका सीधा लाभ हरियाणा को मिलेगा, क्योंकि हमारा राज्य दिल्ली-एनसीआर, औद्योगिक गलियारों और राष्ट्रीय राजमार्गों का केंद्र है। इस निवेश से न केवल विकास कार्य तेज़ होंगे, बल्कि लाखों युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर भी पैदा होंगे।

### युवाओं के लिए बनाई विशेष योजना

**बजट** में युवाओं के लिए क्या है? इस पर बड़ी चर्चा हो रही है। केंद्र सरकार हमारे युवाओं को देश की सबसे बड़ी पूंजी मानती है। युवा कौशल विकास व शिक्षा क्षेत्र के लिए 1 लाख 39 हजार करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है। देश के 1 लाख 50 हजार से अधिक युवाओं को नई उम्र की स्किल्स का प्रशिक्षण भी प्रदान किया जाएगा इसलिए, केंद्रीय बजट में कौशल विकास, रोजगार व भविष्य की तकनीकों के लिए 15 हजार करोड़ रुपए से अधिक का प्रावधान किया गया है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, रोबोटिक्स, बायोटेक व साइबर सिक्योरिटी जैसी तकनीकों के लिए 10 हजार करोड़ रुपए का विशेष फंड रखा गया है। इसका सीधा लाभ गुरुग्राम, फरीदाबाद, पंचकूला और रोहतक जैसे शैक्षणिक व तकनीकी केंद्रों को मिलेगा।

## हरियाणा खेल उपकरण प्रावधान योजना हुई शुरू

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** ग्रामीण क्षेत्रों एवं नगर निकायों के युवाओं को खेलों के प्रति आकर्षित करने तथा उन्हें नशा जैसी बुरी आदतों से दूर रखने के उद्देश्य से सरकार द्वारा हरियाणा खेल उपकरण प्रावधान योजना 2025-26 प्रारंभ की गई है। इस योजना के तहत ग्राम पंचायतों एवं नगर निकायों को वॉलीबाल खेल के लिए अधिकतम छह गेंदें एवं नेट (जहां पोल स्थापित हों) फुटबॉल खेल के लिए अधिकतम छह गेंदें एवं नेट (जहां पोल स्थापित हों) बास्केटबॉल खेल के लिए अधिकतम छह गेंदें (जहां पोल स्थापित हों), हैंडबॉल खेल के लिए अधिकतम छह गेंदें एवं नेट (जहां पोल स्थापित हों), बॉक्सिंग खेल के लिए अधिकतम छह पंचिंग बैग एवं 12 जोड़ी बॉक्सिंग ग्लब्स, कुश्ती के लिए रेसलिंग मैट (आकार एक मीटर लंबाई तथा क्रिकेट खेल के लिए एक किट जिसमें दो बैट, दो सेट विकेट (स्टंप सहित), छह गेंदें, दो जोड़ी बैटिंग पैड व ग्लब्स तथा एक जोड़ी विकेट कीपिंग पैड व ग्लब्स शामिल होंगे।

## युवाओं की भागीदारी से बदलेंगे राजनीति के मायने: अरविंद

**अनंत ज्ञान**

**चंडीगढ़।** हरियाणा के सहकारिता, कारागार, निर्वाचन, विरासत व पर्यटन मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बीते 11 सालों में राजनीति के मायने बदलते हुए एक करोड़ युवाओं को राजनीति में लाने का विचार दिया है, ताकि युवा देश को सशक्त बनाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएं।

उन्होंने कहा कि एबीवीपी द्वारा पंजाब यूनिवर्सिटी चंडीगढ से स्क्रीन टाइम टू स्पोर्ट्स टाइम की मुहिम चंडीगढ ही नहीं, बल्कि हरियाणा और पंजाब में युवाओं में बदलाव लाने का माध्यम बनेगी।बुधवार को पंजाब यूनिवर्सिटी, चंडीगढ में एबीवीपी द्वारा आयोजित पीयू ओलंपिक्स खेलों का शुभारंभ करते हुए अरविंद शर्मा ने युवाओं से संवाद करते हुए कहा कि भारत में खेलों को जो नई दिशा और पहचान मिली है, उसके पीछे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का दूरदर्शी नेतृत्व है, क्योंकि उन्होंने खेलों को केवल मनोरंजन नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण का माध्यम माना है। कैबिनेट मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा ने एबीवीपी के



स्क्रीन टाइम टू स्पोर्ट्स टाइम मुहिम की सराहना करते हुए कहा कि सशक्त युवा, सशक्त राष्ट्र की भावना के साथ एबीवीपी के दशकों के प्रयास, मेहनत, करोडों युवाओं के सपनों के प्रहरी के तौर जिम्मेदारी भरे प्रयास किसी से छुपे नहीं है। एबीवीपी महज संगठन नहीं है। एबीवीपी युवा आंदोलन है। एक सप्ताह तक चलने वाले पीयू ओलंपिक्स महज खेलों का उत्सव नहीं है, बल्कि यह युवा भारत के चरित्र, अनुशासन और नेतृत्व क्षमता का उत्सव है। पर्यटन मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा ने कहा कि खेल मैदान वह स्थान है, जहां शरीर मजबूत होता है, मन संतुलित रहता है और व्यक्तित्व निखरता है। स्क्रीन हमें दुनिया दिखाती है, लेकिन खेल मैदान हमें खुद को पहचानने का अवसर देता है। आज के समय की मांग यह है कि हमारे युवा मोबाइल की स्क्रीन से नजर हटाकर खेल के मैदान की मिट्टी को महसूस करें। वर्ष 2014 से अब तक भाजपा सरकार ने 16 हजार 418 खिलाड़ियों को 683 करोड़ रूपए नकद पुरस्कार के तौर पर दिए जा चुके हैं। वहीं, 231 खिलाड़ियों को उनकी शिक्षा के अनुरूप सरकारी नौकरी दी गई है। इस अवसर पर एबीवीपी के राष्ट्रीय सह संगठन मंत्री देवदत्त जोशी, छात्र कल्याण डीन डॉ. अमित चौहान, एबीवीपी राष्ट्रीय मंत्री आदित्य तकियार, एबीवीपी पंजाब प्रदेशाध्यक्ष डॉ. प्रशांत गौतम, क्षेत्रीय संगठन मंत्री गौरव अत्री, प्रदेश मंत्री जसकरण भुल्लर, प्रदेश संगठन मंत्री शमशेर सिंह चौहान, पंजाब विश्वविद्यालय छात्रसंघ अध्यक्ष गौरववीर सोहल, खेलो भारत संयोजक अर्पिता मलिक आदि उपस्थित रहे।

## क्रिकेटर हरमनप्रीत कौर ने माता चिंतपूर्णी मंदिर में टेका माथा



**अनंत ज्ञान, चिंतपूर्णी।** महिला क्रिकेट टीम की कैप्टन हरमनप्रीत कौर ने माता श्री चिंतपूर्णी के दरबार में हाजिरी भरी। इस मौके पर चिंतपूर्णी मंदिर के पुजारी राजेश कालिया ने विधिवत रूप से वैदिक मंत्रों का उच्चारण कर पूजा-अर्चना करवाई। हरमनप्रीत ने अपने इस चिंतपूर्णी के दौरे को गुप्त रखा, परंतु फिर भी कुछ प्रशंसकों द्वारा उन्हें पहचान लिया गया। इसके बाद कुछ फैंस ने उनके साथ फोटो खींचे। वहीं, पत्रकारों से बातचीत करते हुए उन्होंने कहा कि उनके जीवन में कभी भी न भूलने वाला पल वह है जब वर्ल्ड कप की ट्रॉफी उनके हाथ में आई थी। इसके अलावा उन्होंने युवा लड़कियों को संदेश देते हुए कहा कि मेहनत ही सफलता का रास्ता है और कोई रास्ता नहीं है।

## स्पोर्ट्स विंडो

### दूसरी आइजोल अंतरराष्ट्रीय हाफ मैराथन 14 फरवरी को

**एजेंसी, आइजोल।** दूसरी आइजोल अंतरराष्ट्रीय हाफ मैराथन (एआईएचएम) 14 फरवरी को आयोजित की जाएगी। मिजोरम के खेल मंत्री लालनघिंगलोवा हमार ने यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि इस वर्ष हाफ मैराथन में देशभर के प्रमुख खिलाड़ी भाग लेंगे। इस दौड़ की शुरुआत राजीव गांधी स्टेडियम से होगी और इसका समापन भी वहीं पर होगा। पहली आइजोल अंतरराष्ट्रीय हाफ मैराथन का आयोजन पिछले साल अप्रैल में किया गया था जिसमें देशभर से 1,500 प्रतिभागियों ने भाग लिया था। हमार ने कहा, ''आइजोल के पास सैरांग तक रेलवे नेटवर्क के विस्तार के बाद हम देश भर से एथलीटों और दर्शकों की रिकॉर्ड तोड़ भागीदारी की उम्मीद कर रहे हैं।'' उन्होंने कहा कि इस प्रतियोगिता में कुछ विदेशी पेशेवर एथलीटों के भी भाग लेने की संभावना है। इस हाफ मैराथन की पुरस्कार राशि 15 लाख रुपए से अधिक है। (अनंत ज्ञान)

### पीएसएल में खेलेंगे विश्व कप टीम से बाहर किए गए स्टीव स्मिथ

**एजेंसी, मेलबर्न।** शानदार फॉर्म के बावजूद ऑस्ट्रेलिया की टी20 विश्व कप टीम से बाहर किए गए अनुभवी बल्लेबाज स्टीव स्मिथ ने राष्ट्रीय टीम में वापसी के लिए पाकिस्तान सुपर लीग (पीएसएल) में खेलने का फैसला किया है और इसके लिए उन्होंने नई फ्रेंचाइजी सियालकोट स्टैलियन्ज के साथ करार किया है। एशेज में शानदार प्रदर्शन करने और सिडनी सिक्सर्स के साथ बिग बैश लीग (बीबीएल) में बेहतरीन सत्र के बावजूद स्मिथ को टी20 विश्व कप के लिए नजरअंदाज कर दिया गया, जो सात फरवरी से भारत और श्रीलंका में आयोजित किया जाएगा। स्मिथ 2028 में लॉस एंजिल्स में होने वाले ओलंपिक खेलों में भाग लेना चाहते हैं जहां क्रिकेट की टी20 प्रारूप में वापसी होगी। इसलिए यह 36 वर्षीय खिलाड़ी टी20 प्रारूप की राष्ट्रीय टीम में वापसी करने के लिए बेताब है। क्रिकेट डॉट कॉम एयू की एक रिपोर्ट के अनुसार स्मिथ पहले खिलाड़ी हैं जिनके साथ सियालकोट स्टैलियन्ज ने अनुबंध किया है। (अनंत ज्ञान)

### एम्मा लैम्ब का दिलकश अंदाज

**एम्मा** लैम्ब इंग्लैंड की ऑलराउंडर हैं, वह लंकाशायर वुमेन और बर्मिंघम फीनिक्स के लिए खेलती हैं। सितंबर 2021 में एम्मा ने इंग्लैंड महिला टीम के लिए अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण किया।



## रोहित शर्मा और विराट कोहली को जारी रखना चाहिए खेलना

# टी20 विश्व कप में खतरनाक साबित होगी टीम इंडिया: धोनी

**एजेंसी, नई दिल्ली**

भारत के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी ने सीनियर बल्लेबाज रोहित शर्मा और विराट कोहली का जोरदार समर्थन करते हुए कहा है कि उन्हें यह बताने का अधिकार किसी को नहीं है कि वे कब तक क्रिकेट खेल सकते हैं। धोनी का मानना है कि किसी खिलाड़ी के चयन का पैमाना उम्र नहीं, बल्कि फिटनेस और लगातार अच्छा प्रदर्शन होना चाहिए।




खेल प्रसारक जतिन सप्रू के साथ बातचीत में धोनी ने कहा कि जब उन्होंने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण किया था, तब उनकी उम्र 24 साल थी और किसी ने उनसे यह सवाल नहीं किया कि वे कब तक खेलेंगे। उन्होंने कहा कि अगर कोई खिलाड़ी 10 या 20 साल तक देश के लिए खेल चुका है, तो उसे उसकी उम्र के आधार पर आंकना सही नहीं है।

धोनी ने कहा कि अनुभव किसी भी टीम के लिए बेहद जरूरी होता है और यह आसानी से नहीं मिलता। उनके अनुसार 20-25 मैच खेलने से कोई खिलाड़ी अनुभवी नहीं बनता। असली अनुभव तब आता है जब खिलाड़ी लंबे समय तक दबाव की परिस्थितियों में खेलता है और मानसिक रूप से खुद को संभालना सीखता है।

धोनी ने कहा कि अनुभवी और युवा खिलाड़ियों का सही संतुलन टीम की सफलता की कुंजी होता है। उन्होंने स्पष्ट किया कि अगर कोई खिलाड़ी फिट है और अच्छा प्रदर्शन कर रहा है, तो उसे टीम में बने रहने का पूरा अधिकार है। टी20 विश्व कप को लेकर धोनी ने भारतीय टीम को खतरनाक बताया। उन्होंने कहा कि मौजूदा टीम में इस प्रारूप का व्यापक अनुभव है और खिलाड़ी दबाव में अच्छा प्रदर्शन करने में सक्षम हैं। धोनी के मुताबिक घरेलू परिस्थितियों में भारत को अतिरिक्त फायदा मिलेगा।

हालांकि, पूर्व कप्तान ने ओस को एक बड़ी चुनौती बताया। उन्होंने कहा कि ओस के कारण टॉस का महत्व बढ़ जाता है और मैच का रुख बदल सकता है। धोनी ने उम्मीद जताई कि खिलाड़ी चोटों से बचे रहें और उन्हें जो भी भूमिका सौंपी जाए, उसे पूरी ईमानदारी से निभाएं। 2007 में भारत को पहला टी20 विश्व कप जिताने वाले धोनी का मानना है कि अगर टीम में स्पष्टता, फिटनेस और समान चयन नीति बनी रहती है, तो भारत खिताब जीतने की प्रबल दावेदार साबित हो सकता है। (अनंत ज्ञान)

### आंकड़ों के मामले में कच्चा हूं इसलिए कमेंट्री नहीं करता: धोनी

**भारत** के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी ने कमेंट्री करने की संभावना को लगभग खारिज कर दिया है। उनका कहना है कि वह आंकड़ों के मामले में सहज नहीं हैं और इसी वजह से इस भूमिका में खुद को फिट नहीं मानते। यूट्यूब पर स्पोर्ट्स ब्रॉडकास्टर जतिन सप्रू से बातचीत में 44 वर्षीय धोनी ने कहा कि कमेंट्री करना बेहद मुश्किल काम है। उन्होंने बताया कि खेल का आंखों देखा हाल सुनाने और खिलाड़ियों की आलोचना करने के बीच का फर्क बहुत नाजुक होता है और कई बार यह अहसास भी नहीं होता कि बात गलत दिशा में जा सकती है। धोनी के मुताबिक कमेंट्री सिर्फ बोलने का नहीं, बल्कि बात को शालीनता से पेश करने की कला है, ताकि किसी खिलाड़ी या टीम को ठेस न पहुंचे। हार के कारणों को भी सही ढंग से सामने रखना जरूरी होता है। उन्होंने स्वीकार किया कि आंकड़ों को याद रखना उनकी ताकत नहीं है, यहां तक कि उन्हें अपने ही रिकॉर्ड भी ठीक से याद नहीं रहते। धोनी ने कहा कि कई लोग ऐसे हैं जिन्हें हर दौर के खिलाड़ियों के आंकड़े याद रहते हैं, लेकिन वह उन लोगों में शामिल नहीं हैं। तीन आईसीसी ट्रॉफी जिताने वाले पूर्व कप्तान ने यह भी कहा कि वह बोलने से ज्यादा सुनने वाले इंसान हैं और सलाह के लिए उन्हीं लोगों से बात करते हैं जिनके साथ वह सहज महसूस करते हैं। धोनी ने मजाकिया लहजे में यह भी माना कि फोन पर बातचीत करना उन्हें आज भी असहज करता है और वह आमने-सामने संवाद को ज्यादा पसंद करते हैं।

# आरसीबी-दिल्ली कैपिटल्स का आज फाइनल में होगा आमना-सामना

## दूसरे खिताब पर नजर आरसीबी की, हार का मिथक तोड़ना चाहेगी दिल्ली




**एजेंसी, वडोदरा**

महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) का फाइनल गुरुवार को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और दिल्ली कैपिटल्स के बीच खेला जाएगा, जहां आरसीबी दूसरे खिताब की तलाश में उतरेगी जबकि तीन बार की उपविजेता दिल्ली कैपिटल्स खिताबी हार के मिथक को तोड़ने की कोशिश करेगी। स्मृति मंधाना की अगुवाई वाली आरसीबी ने इस सत्र में हर विभाग में संतुलित प्रदर्शन किया है और लगातार पांच जीत के साथ अभियान की शुरुआत कर इतिहास रचा। टीम ने कठिन परिस्थितियों में वापसी करने की क्षमता भी दिखाई है, जिससे वह फाइनल में आत्मविश्वास से भरी होगी। ग्रेस हैरिस, गौतमी नाइक और ऋचा घोष जैसी बल्लेबाजों ने अहम मौकों पर मैच जिताऊ पारियां खेली हैं, जबकि नादिन डी क्लर्क और सायली सतघरे ने गेंदबाजी में निर्णायक योगदान दिया है। स्पिन विभाग में श्रेयांका पाटिल टीम की बड़ी ताकत रही हैं। वहीं जेमिमा रोड्रिग्स की कप्तानी में दिल्ली कैपिटल्स इस बार खिताब जीतने के इरादे से उतरेगी। गेंदबाजी में चिनले हेनरी और नंदनी शर्मा ने नई गेंद से प्रभावित किया है, जबकि बल्लेबाजी में लौरा वोलवार्ट, लिज़ेल ली और शैफाली वर्मा की फॉर्म टीम के लिए राहत की बात है। दोनों टीमों की मौजूदा लय को देखते हुए फाइनल में कड़ा और रोमांचक मुकाबला देखने को मिल सकता है। मैच शाम 7:30 बजे शुरू होगा। (अनंत ज्ञान)

# हितेश-प्रीति की अगुवाई में भारतीय मुक्केबाजों की शानदार शुरुआत

**एजेंसी, लानुसिया (स्पेन)**



हितेश गुलिया (70 किग्रा) और प्रीति (54 किग्रा) की शानदार जीत की बदौलत भारत ने बॉक्सम एलीट इंटरनेशनल 2026 मुक्केबाजी टूर्नामेंट में अपने अभियान की जोरदार शुरुआत की। इस टूर्नामेंट में 21 देशों के 214 मुक्केबाज भाग ले रहे हैं।

हितेश ने 70 किग्रा भार वर्ग के एलीट पुरुष वर्ग में अपना दबदबा कायम रखते हुए नीदरलैंड के फिन बोस को 5-0 के अंतर से हराया। इससे पहले प्रीति ने महिलाओं के एलीट 54 किग्रा में कजाकिस्तान की अलियास्कर सिम्बैट पर 5-0 से शानदार जीत दर्ज की थी। भारत की अन्य महिला खिलाड़ियों में प्राची (57 किग्रा), प्रिया (60 किग्रा) और काजल (65 किग्रा) ने भी बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए अगले दौर में जगह बनाई।

प्राची और प्रिया ने क्रमशः स्पेन की वनेसा मोरेल रामिरेज और कनाडा की एलेशिया मानसुएटो पर 5-0 की एक समान जीत दर्ज की, जबकि काजल ने कजाकिस्तान के असीम तनातार को 4-1 से हराया। पुरुषों के वर्ग में भारत के सचिन (60 किग्रा) ने स्पेन के ब्रैंडन एलेजांद्रो को 5-0 से जबकि मोहम्मद हुसामुद्दीन (60 किग्रा) ने डेनमार्क के मटियास मेहमत बुयुक्देमिर को 4-1 से हराया। अभिनाश जमवाल (65 किग्रा) ने डेनमार्क के कालिद उस्मान पर 5-0 की शानदार जीत के साथ प्रभावित किया। दीपक (70 किग्रा) ने बेल्जियम के हॉर्नेल आयतेवी को 4-1 से हराया। आकाश (75 किग्रा) और अंकुश (80 किग्रा) ने भी 4-1 से जीत हासिल करके अगले दौर में प्रवेश किया। (अनंत ज्ञान)

# ईशा ने भारत को दिलाए दो स्वर्ण, सम्राट राणा को कांस्य

**एजेंसी, नई दिल्ली**

### एशियाई चैंपियनशिप



ओलंपियन ईशा सिंह ने एशियाई निशानेबाजी चैंपियनशिप के पहले दिन महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल में भारत को दो स्वर्ण पदक दिलाए। व्यक्तिगत स्पर्धा में ईशा ने फाइनल में शानदार वापसी करते हुए 239.8 अंक बनाए और चीनी ताइपे की निशानेबाजों चेंग येन चिंग (रजत, 235.4) और यू ऐ वेन (कांस्य, 217.7) को पीछे छोड़ा। भारत की हमवतन निशानेबाज सुरुचि सिंह ने चौथा स्थान हासिल किया।

टीम स्पर्धा में ईशा, सुरुचि (576) और मनु भाकर (575) की जोड़ी ने कुल 1726 अंक बनाकर वियतनाम (1713) और चीनी ताइपे (1711) को पछाड़ा और भारत को स्वर्ण पदक दिलाया। क्वालीफाइंग राउंड में ईशा और मनु का स्कोर 575 रहा, जबकि सुरुचि ने 576 अंक बनाकर फाइनल में दूसरी जगह बनाई। पुरुषों की 10 मीटर एयर पिस्टल में विश्व चैंपियन सम्राट राणा को फाइनल में 220.3 अंक के साथ कांस्य से संतोष करना पड़ा। उज्बेकिस्तान के व्लादिमीर स्वेचनिकोव (242.0) और कजाकिस्तान के वैलेरी रखिमजान (241.0) ने क्रमशः स्वर्ण और रजत जीते। आठ निशानेबाजों के फाइनल में भारत के श्रवण कुमार चौथे और वरुण तोमर भी शामिल थे। टीम स्पर्धा में भारत ने 1732 अंक बनाकर स्वर्ण हासिल किया, जबकि उज्बेकिस्तान भी 1732 अंक लेकर दूसरे स्थान पर रहा।

ईशा सिंह ने पिछले साल चीन में आईएसएसएफ विश्व कप में भी स्वर्ण जीता था और 2024 में जकार्ता में 19 वर्ष की आयु में महाद्वीपीय खिताब अपने नाम किया था। इस बार भारत ने 118 निशानेबाजों का सबसे बड़ा दल उतारा है, जो प्रतियोगिता में सबसे बड़ी उपस्थिति साबित हुआ। इस शानदार शुरुआत के साथ भारत ने महिलाओं और पुरुषों दोनों वर्गों में अपनी ताकत का परिचय दिया है और आगामी मुकाबलों में पदक की उम्मीद बढ़ा दी है।

# देविका सिहाग ने थाईलैंड मास्टर्स में सिंधू को दिया सफलता का श्रेय

**एजेंसी, नई दिल्ली**



थाईलैंड मास्टर्स सुपर 300 की विजेता देविका सिहाग ने अपनी इस शानदार सफलता का श्रेय दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू के साथ कई महीनों तक किए गए अभ्यास और मशहूर कोच इरवानस्याह आदि प्रतामा के मार्गदर्शन को दिया है।

हरियाणा की 20 वर्षीय देविका, साइना नेहवाल और पीवी सिंधू के बाद सुपर 300 महिला एकल खिताब जीतने वाली तीसरी भारतीय शटलर बन गई हैं। देविका ने कहा कि सिंधू के साथ अभ्यास करना उनके लिए बेहद फायदेमंद रहा। उन्होंने बताया कि सिंधू का अनुशासन और मेहनत उन्हें लगातार बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरित करता है।

देविका ने इंडोनेशियाई कोच इरवानस्याह की भूमिका को भी अहम बताया, जिनके पास जोनाथन क्रिस्टी और एंथोनी सिनिसुका गिंटिंग जैसे शीर्ष खिलाड़ियों के साथ काम करने का अनुभव है। उनके अनुसार, इरवानस्याह बड़े टूर्नामेंटों के अनुभव साझा करते हैं और मानसिक व शारीरिक मजबूती पर खास जोर देते हैं। उन्होंने बताया कि वह ताई त्जु यिंग और पीवी सिंधू के खेल से लंबे समय से प्रेरित रही हैं। साथ ही देविका ने कहा कि मौजूदा दौर में एन से यंग, अकाने यामागुची और वांग झी जैसे खिलाड़ी शीर्ष स्तर पर शानदार प्रदर्शन कर रही हैं, जिनकी गति और लंबी रैलियों का मुकाबला करने के लिए जबरदस्त फिटनेस जरूरी है। देविका ने इस साल दुनिया की शीर्ष 30 खिलाड़ियों में जगह बनाने का लक्ष्य रखा है और कहा कि मौजूदा शुरुआत से वह काफी उत्साहित हैं। (अनंत ज्ञान)

### बैडमिंटन एशिया टीम चैंपियनशिप

## भारतीय महिला टीम ने म्यांमार को 5-0 से हराया

**एजेंसी, किंगदाओ (चीन)**

मौजूदा चैंपियन भारतीय महिला टीम ने बुधवार को यहां ग्रुप वाई के अपने पहले मुकाबले में म्यांमार को 5-0 से हराकर बैडमिंटन एशिया टीम चैंपियनशिप में अपने अभियान की शानदार शुरुआत की।

तन्वी शर्मा ने सबसे पहले कोर्ट में उतरकर थेट हटर थुजार को केवल 32 मिनट में 21-13 21-16 से हराया। इसके बाद रक्षिता श्री संतोष रामराज ने दूसरे एकल में ऐंट चिट फू को 21-12 21-6 से हराकर भारत को 2-0 से बढ़त दिला दी।

मालविका बंसोड ने तीसरे एकल मुकाबले में लिन लिन हेट को 21-19 21-12 से हराकर भारत की जीत सुनिश्चित की। भारत ने इसके बाद युगल मुकाबलों में भी दबदबा बरकरार रखा और दोनों मैच सीधे गेम में जीते। प्रिया कोंजेंगबम और श्रुति मिश्रा की जोड़ी ने सु लैट और थेट हटर थुजार को 21-15 21-16 से हराया। इसके बाद त्रीसा जॉली और गायत्री गोपीचंद को हेट और फू की जोड़ी को 21-8 21-6 से हराने में कोई खास मशक्कत नहीं करनी पड़ी। भारत गुरुवार को अपने दूसरे ग्रुप मैच में पिछली बार के उपविजेता थाईलैंड से भिड़ेगा। (अनंत ज्ञान)

# रणजी क्वार्टर फाइनल से पहले मुंबई के खिलाड़ियों के साथ तेंदुलकर ने साझा किए विचार

**एजेंसी, मुंबई**



महान क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर ने कर्नाटक के खिलाफ रणजी ट्रॉफी क्वार्टर फाइनल से पहले बुधवार को मुंबई के खिलाड़ियों के साथ दबाव संभालने और जीत हासिल करने वाली मानसिकता बनाए रखने पर अपने विचार साझा किए। बयालिस बार की विजेता मुंबई 2025-26 सत्र के क्वार्टर फाइनल में छह से 10 फरवरी तक यहां एमसीए-बीकेसी मैदान पर आठ बार की चैंपियन कर्नाटक से भिड़ेगी। मुंबई के पूर्व कप्तान तेंदुलकर ने यहां हुई बातचीत के दौरान खिलाड़ियों और कोचिंग स्टाफ दोनों के सवालों के जवाब दिए।

मुंबई के कप्तान शारदुल ठाकुर ने एक बयान में कहा, ''हमारे लिए सौभाग्य की बात थी कि आज (बुधवार) ड्रेसिंग रूम में सचिन सर मौजूद थे। यह सिर्फ एक प्रेरणादायक बातचीत नहीं थी बल्कि यह एक तरह से सवाल जवाब का सत्र था।'' उन्होंने कहा, ''सभी खिलाड़ियों और संबंधित कोच ने उनसे कई तरह के सवाल पूछे। ये सवाल तैयारी, जीतने की मानसिकता और मुश्किल हालात में दबाव संभालने के बारे में थे।'' ठाकुर ने कहा, ''सचिन सर का मार्गदर्शन हमेशा मुंबई टीम के लिए महत्वपूर्ण साबित हुआ है। सभी लड़के खुश हैं कि उन्हें खेल के सबसे बेहतरीन खिलाड़ी से ज्ञान की कुछ बातें सुनने को मिलीं।'' चोट से उबरने के बाद ठाकुर की इस नॉकआउट मुकाबले के लिए भारत के सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल के साथ टीम में वापसी हुई है। (अनंत ज्ञान)

# डेविस कप: बेंगलुरु की ऊंचाई में खिलाड़ियों को चुनौती

**एजेंसी, बेंगलुरु**

भारत और नीदरलैंड जब इस सप्ताहांत बेंगलुरु में डेविस कप मुकाबले के लिए कोर्ट पर उतरेंगे तो वे सिर्फ एक-दूसरे से मुकाबला नहीं करेंगे बल्कि टेनिस की सबसे मुश्किल परिस्थितियों में से एक 'ऊंचाई' का भी सामना करेंगे।

समुद्र तल से 900 मीटर (2,950 फीट) की ऊंचाई पर बेंगलुरु भारत का सबसे ऊंचाई पर स्थित टेनिस आयोजन स्थल है जो पुणे (550 मीटर) से काफी अधिक ऊंचाई पर स्थित है। हालांकि यह क्विटो (2850 मीटर) या ला पाज (3500 मीटर) जैसे स्थलों जितना मुश्किल नहीं है लेकिन इतनी ऊंचाई पर भी हवा गेंद, शरीर और खिलाड़ियों के अंक बनाने के तरीके पर काफी असर डाल सकती है। डेविस कप जैसी टीम प्रतियोगिताओं में गलती की गुंजाइश काफी कम होती है और ऐसे में परिस्थितियों से सामंजस्य बैठाना काफी महत्वपूर्ण होगा।

**◆भारत और नीदरलैंड को कोर्ट पर सिर्फ एक-दूसरे से नहीं, 900 मीटर की ऊंचाई से भी सामंजस्य बैठाना होगा**

ज्यादा ऊंचाई पर हवा का सीधा असर गेंद की स्पीड पर होता है- शॉट तेजी से जाते हैं और गेंद अधिक उछलती है। समुद्र तल के स्तर पर जो रैली नियंत्रण में लगती है, वह बेंगलुरु में अचानक लंबी जा सकती है। खिलाड़ियों को सबसे पहले जो बदलाव करना होता है वह है रैकेट की तारों में। अधिक ऊंचाई पर गेंद तेज जाती है इसलिए खिलाड़ियों को आमतौर पर अपने रैकेट के तारों को सामान्य से अधिक कड़ा रखना पड़ता है।

ढीली तारें 'ट्रैंपोलिन' प्रभाव को बढ़ा देती हैं जिससे नियंत्रण कम हो जाता है और गेंद को अधिक जोर से मारने का जोखिम बढ़ जाता है। अधिक ऊंचाई पर खिलाड़ियों के लिए कुछ शॉट खेलना मुश्किल हो जाता है जबकि कई शॉट खेलना आसान हो जाता है। ऐसी परिस्थितियों को दमदार सर्विस करने वाले या फिर बेसलाइन पर ठोस रिटर्न करने वाले खिलाड़ियों को फायदा होता है। गेंद के अलावा शरीर पर भी ऊंचाई का असर होता है। हवा में ऑक्सीजन कम होने से खिलाड़ी उम्मीद से अधिक जल्दी थक सकते हैं, विशेषकर लंबी रैलियों या लंबे मुकाबलों के दौरान। ऐसी स्थिति में अंकों और गेम के बीच की उबरने की प्रक्रिया अधिक मुश्किल हो जाती है।(अनंत ज्ञान)

**क्रिकेट** | स्टार्क के संन्यास और कमिंस-हेजलवुड की चोट ने बढ़ाई चिंता, स्पिन के भरोसे आगे बढ़ने की चुनौती

# चोटों की मार से जूझते ऑस्ट्रेलिया की टी20 विश्व कप में कड़ी परीक्षा

**एजेंसी, बेंगलुरु**




टी20 विश्व कप में खिताब के प्रबल दावेदारों में शामिल ऑस्ट्रेलिया को दमदार प्रदर्शन के लिए चोटों से जुड़ी बड़ी चिंताओं से पार पाना होगा। टीम के कई प्रमुख खिलाड़ी चोट और संन्यास के कारण टूर्नामेंट में हिस्सा नहीं ले पाएंगे, जिससे उसका संतुलन प्रभावित हो सकता है।

2024 के टी20 विश्व कप के बाद ऑस्ट्रेलिया का टी20 अंतरराष्ट्रीय रिकॉर्ड शानदार रहा है। टीम ने 21 में से 17 मुकाबले जीते हैं। हालांकि, पाकिस्तान के हालिया दौरे में उसे हकीकत का सामना करना पड़ा, जहां घरेलू परिस्थितियों में पाकिस्तान ने 2021 के चैंपियन को 3-0 से करारी शिकस्त दी। अब ऑस्ट्रेलिया का कुल रिकॉर्ड 24 मैचों में 17 जीत और सात हार का है।

अनुभवी तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क के टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने से टीम को बड़ा झटका लगा है। वहीं, कप्तान पैट कमिंस पीठ की चोट से पूरी तरह उबर नहीं पाए और टूर्नामेंट से बाहर हो गए। इसके अलावा जोश हेज़लवुड भी एड़ी की चोट के कारण शुरुआती मैचों में उपलब्ध नहीं रहेंगे।

नाथन एलिस, बेन ड्वार्शियस और जेवियर बार्टलेट जैसे गेंदबाज विकल्प के तौर पर मौजूद हैं, लेकिन अनुभव और विविधता के मामले में वे स्टार्क, कमिंस और हेजलवुड की बराबरी नहीं कर पाते।

स्पिन विभाग में लेग स्पिनर एडम जम्पा के साथ ग्लेन मैक्सवेल, मैट कुहनेमैन और कूपर कॉनोली की मौजूदगी ऑस्ट्रेलिया को मजबूती देती है, लेकिन यह देखना बाकी है कि क्या ये गेंदबाज पूरे आक्रमण का भार संभाल पाएंगे।

इसके उलट बल्लेबाजी विभाग कहीं अधिक संतुलित नजर आता है। ट्रैविस हेड की अगुवाई में मिचेल मार्श, मैक्सवेल, टिम डेविड, कैमरन ग्रीन, जोश इंग्लिस और मार्कस स्टोइनिस जैसे खिलाड़ी मौजूद हैं। आईपीएल के अनुभव के कारण ये बल्लेबाज उपमहाद्वीप की परिस्थितियों से अच्छी तरह परिचित हैं।

हालांकि, इस मजबूत बल्लेबाजी क्रम को स्पिन गेंदबाजी के खिलाफ प्रभावी प्रदर्शन करना होगा, खासकर पल्लीकल में। हाल ही में यहां खेले गए श्रीलंका और इंग्लैंड के बीच टी20 सीरीज में स्पिनरों और मध्यम गति के गेंदबाजों का दबदबा देखने को मिला था।

ऑस्ट्रेलिया को ग्रुप-बी में श्रीलंका, आयरलैंड, जिम्बाब्वे और ओमान के साथ रखा गया है। ग्रुप के सभी मुकाबले कोलंबो और पल्लीकल में खेले जाएंगे। मजबूत स्पिन आक्रमण वाली श्रीलंका के खिलाफ मैच ऑस्ट्रेलिया के लिए खासा चुनौतीपूर्ण हो सकता है। सुपर आठ में जगह बनाने के लिए उसे हर विभाग में अतिरिक्त मेहनत करनी होगी। (अनंत ज्ञान)